हं
सि
नी

# परिचय

जिंदगी कई बार ऐसे अजीब मोड़ लेती है कि सच झूठ और झूठ सच लगने लगता है.. बड़े से बड़ा आस्तिक नास्तिक और बड़े से बड़ा नास्तिक आस्तिक होने को मजबूर हो जाता है.. सिर्फ़ यही क्यू, कुछ ऐसे हादसे भी जिंदगी में घट जाते है कि आख़िर तक हमें समझ नही आता कि वो सब कैसे हुआ, क्यू हुआ. सच कोई नही जान पाता.. कि आख़िर वो सब किसी प्रेतात्मा का किया धरा है, या भगवान का चमत्कार है या फिर किसी 'अपने' की साज़िश... हम सिर्फ़ कल्पना ही करते रहते हैं और आख़िर तक सोचते रहते हैं कि ऐसा हमारे साथ ही क्यू हुआ? किसी और के साथ क्यू नही.. हालात तब और बिगड़ जाते हैं जब हम वो हादसे किसी के साथ बाँट भी नही पाते.. क्यूंकी लोग विश्वास नही करेंगे.. और हमें अकेला ही निकलना पड़ता है, अपनी अंजान मंज़िल की तरफ.. मन में उठ रहे उत्सुकता के अज्ञात भंवर के पटाक्षेप की खातिर....

कुछ ऐसा ही प्रतिक के साथ कहानी में हुआ.. हमेशा अपनी मस्ती में ही मस्त रहने वाला एक करोड़पति बाप का बेटा अचानक अपने आपको गहरी असमनजस में घिरा महसूस करता है जब कोई अंजान सुंदरी उसके सपनों में आकर उसको प्यार की दुहाई देकर अपने पास बुलाती है.. और जब ये सिलसिला हर रोज़ का बन जाता है तो अपनी बिगड़ती मनोदशा की वजह से मजबूर होकर निकलना ही पड़ता है.. उसकी तलाश में.. उसके बताए आधे अधूरे रास्ते पर.. लड़की उसको आख़िरकार मिलती भी है, पर तब तक उसको अहसास हो चुका होता है कि 'वो' लड़की कोई और है.. और फिर से मजबूरन उसकी तलाश शुरू होती है, एक अनदेखी अंजानी लड़की के लिए.. जो ना जाने कैसी है...

इस अंजानी डगर पर चला प्रतिक जाने कितनी ही बार हताश होकर उसके सपने में आने वाली लड़की से सवाल करता है," मैं विश्वास क्यू करूँ?" .. तो उसकी चाहत में तड़प रही लड़की का हमेशा एक ही जवाब होता है:

"मुर्दे कभी झूठ नही बोलते "

# १

नीचे महफ़िल जम चुकी थी.. कुछ देर धीरज का इंतजार करने के बाद संकेत ने वहीं प्रोग्राम जमा लिया.. गिलासों को खड़खड़ाते अब करीब आधा घंटा हो चुका था.. शराब के नशे में प्रतिक वो सब कुछ बोलने लगा था जिसको बताने में अब तक वो हिचक रहा था...

"ओह तेरी.. फिर क्या हुआ?" संकेत जिज्ञासु होकर आगे झुक गया...

"छोड़ो यार.. क्यू टाइम खोटा कर रहे हो.. आइ डोंटबिलीव इन ऑल दीज़ फूलिश थिंग्स.. एक सपने को लेकर इतना सीरीयस और इमोशनल होने की ज़रूरत नही है.. " सौरभ सूपरस्टिशस किस्म की बातों में विश्वास नही कर पा रहा था...

"पूरी बात तो सुन ले डमरू... प्रतिक ने सौरभ को डांटा और कहानी सुनाने लगा....

"कौन डमरू.. मैं.. हा हा हा...!" सौरभ ज़ोर ज़ोर से हँसने लगा...," डमरू.. हा हा हा!"

"तुझे नही सुननी ना.. चल.. जाकर सामने बैठ.. और अपना मुँह बंद रख.. मैं मानता हूँ.. और मुझे सुननी हैं..." संकेत आकर सामने वाले सोफे पर सौरभ और प्रतिक के बीच में फँस गया.. सौरभ उठा और बड़बड़ाता हुआ सामने चला गया," डमरू.. हा हा हा!"

बातें अभी चल ही रही थी की मुस्कुराते हुए धीरज ने कमरे में प्रवेश किया..," अच्छा.. अकेले अकेले..!"

सौरभ उसके आते ही खड़ा हो गया," साले डमरू! अकेले अकेले तू फोड़ के आया है या हम.. ? बात करता है...

"भाई तू मेरे को डमरू कैसे बोल रहा है.. वो तो प्रतिक बोरंभा है..." धीरज ने उसके पास बैठते हुए कहा...

"क्यूंकी मेरे अंदर प्रतिक का भूत घुस आया है.. हे हे हा हा हो हो!" सौरभ ने भूतों वाली बात का मज़ाक बना लिया....

"चुप कर ओये जलील इंसान.. ऐसी बातों को मज़ाक में नही लेते.. किसी के साथ भी कुछ भी हो सकता है..." संकेत ने प्यार से उसको दुतकारा...

"किस के साथ क्या हो गया भाई? मुझे भी तो बता दो.." धीरज ने अपना गिलास उठाया और सबके साथ चियर्स किया...

"वो बात बाद में शुरू से शुरू करेंगे.. अब सबको सीरीयस होकर सुननी हैं.. पहले तू बता.. दी भी या नही.. मुझे तो उसकी चीख सुनकर ऐसा लगा जैसे तू अपना हाथ में पकड़े उसके पिछे दौड़ रहा है.. और वो बचने के लिए चिल्लाती हुई कमरे में इधर उधर भाग रही है...हा हा हा.. साली ने नखरे बहुत किए थे पहले दिन... मैं ऐसी नही हूँ.. मैं वैसी नही हूँ.. पर डालने के बाद पता लगा वो तो पकई पकाई है..." संकेत ने अपना अनुभव सुनाया....

धीरज ने छाती चौड़ी करके अपने कॉलर उपर कर लिए," देती कैसे नही... !"

"अरे... सच में.. चल आ गले लग जा.. बधाई हो बधाई.." संकेत आकर उसके गले लग गया..," हां.. यार.. बात तो तू सही कह रहा है.. रुबीना की खुश्बू आ रही है तेरे में से.... पर वो चिल्लाई क्यू यार.. साली एक नंबर. की नौटंकी है.. तुझे भी यही कह रही थी क्या कि पहली बार मरवा रही हूँ.." संकेत ने वापस प्रतिक के पास बैठते हुए कहा...

" नही यार.. वो तो शमीना की चीख थी... उसकी पहली बार फटी है ना आज!" धीरज ने अपनी बात भी पूरी नही की थी कि संकेत ने गिलास रखा और उछल कर खड़ा हो गया..," तूने शमीना की मार ली????"

"हां.. कुछ ग़लत हो गया क्या?" धीरज ने मरा सा मुँह बनाकर कहा...

"ग़लत क्या यार..? ये तो कमाल हो गया.. साली को तीन बार बुला चुका हूँ.. रुबीना के हाथों.. पर वो तो हाथ ही नही लगाने देती थी यार.. तूने किया कैसे.. अब तो ज़ोर की पार्टी होनी चाहिए यार.. ज़ोर की.. तूने मेरा काम आसान कर दिया...!" संकेत जोश में पूरा पैग एक साथ पी गया...

"वो कैसे? " धीरज की समझ में नही आई बात....

"क्या बताऊं यार.. तुझे तो पता होगा.. वो और रुबीना दोनो सग़ी बेहन हैं..!"

संकेत को धीरज ने बीच में ही टोक दिया," क्या? सग़ी बेहन हैं.. ?"

"हां.. चल छोड़ यार.. लंबी कहानी है.. उसके बारे में बाद में बात करेंगे... पहले प्रतिक भाई की सुनते हैं.. चल भाई प्रतिक.. अब सब इकट्ठे हो गये हैं.. शुरू से शुरू करके आख़िर तक सुना दे.. पहले बोल रहा हूँ सौरभ.. बीच में नही बोलेगा.. देख ले नही तो...!" संकेत सौरभ को चेतावनी सी देते हुए बोला..

"नही बोलूँगा यार... चलो सूनाओ!" कहकर सौरभ भी प्रतिक की और देखने लगा....

# २

## प्रतिक ने कहानी सुननी शुरू कर दी.....

अरे, ये क्या था?" प्रतिक अचानक ही आसपास की घनी झाड़ियों से अपनी और उछल कर आए गिलहरी नुमा जानवर को देखकर उछल कर तीव्रता से एक और हट गया.. जानवर की उछाल में जिस प्रकार की तीव्रता थी, उससे यही प्रतीत हुआ की उसने उन पर हमला करने का प्रयास किया था...," तूने इसके दाँत देखे?"

करीब १० - १० फीट की लंबी छलांग लगाता हुआ वो उस उबड़ खाबड़ रास्ते के दूसरी तरफ की झाड़ियों में खो गया..

दोनो २ पल वहीं खड़े होकर उस अजीबोगरीब गिलहरी को आँखों से औझल होते देखते रहे.. और फिर से अपनी अंजान मंज़िल की और बढ़ चले..

"अफ.. कहाँ ले आया यार...? कितना सन्नाटा है यहाँ? यहाँ पर तो आदमी की जात भी नज़र नही आती... कितना अजीब सा लग रहा है यहाँ सब कुछ... तुझे लगता है यहाँ तुझे तेरी तनवी मिल जाएगी..? ... देख मुझे तो लगता है किसी ने तेरा उल्लू बनाया है.. क्यू बेवजह अपनी रात बर्बाद कर रहा है... और मेरी भी.. चल वापस चल!" विपिन ने बोलते हुए सावधानी बरतने के इरादे से रिवॉल्वर निकाल कर अपने हाथ में ले ली..

"ऐसी बात नही है यार.. वो यहीं रहती है.. आसपास, देखना! कोशिश करेंगे तो वो हमें ज़रूर मिलेगी.. वो अगर नही मिली तो मैं पागल हो जाऊंगा यार!" प्रतिक ने आगे चलते चलते ही बात कही...

विपिन आगे आगे बहुत चौकन्ना होकर चल रहा था.. चौकन्ना होना लाजिमी भी था.. जहाँ इस समय वो थे, उस जगह के आसपास कोई शहर या गाँव नही था.. हर तरफ सन्नाटे की भयावह सी चादर पसरी हुई थी... आवाज़ें अगर आ रही थी तो मेंढकों के टर्रने की, और रह रह कर झाड़ियों के झुरपुट में कुछ रेंगते होने की...दूर दूर तक कृत्रिम रोशनी का नामोनिशान तक नही था.. बस आधे चाँद और टिमटिमाते हुए तारों की हल्की फुल्की रोशनी ही थी जो उनको रास्ता दिखा रही थी.. रास्ता भी ऐसा जो ना होने के ही बराबर था.. कहीं उँचा, कहीं नीचा.. बीच बीच में गहरे गहरे गड्ढे.. इतने गहरे की ध्यान से ना चला जाए

तो अचानक पूरा आदमी ही उनमें गायब हो जाए.. दोनो और करीब चार - चार फीट ऊँची झाड़ियाँ थी...

"अब रास्ता साफ होता तो गाड़ी ही ले आते.. तुझे क्या लगता है..? यहाँ पर कोई इंसान रहता होगा.. और वो भी लड़की.. सच बताना, खुद तुझे डर नही लग रहा, यहाँ का माहौल देख कर..." विपिन ने चलते चलते प्रतिक से सवाल किया...

"डर लग रहा है तभी तो तुम्हे लेकर आया हूँ भाई.. नही तो मैं अकेले ही ना चला आता.." प्रतिक ने जवाब दिया..और अचानक ही उछल पड़ा," विपिन देख.. आगे पक्की सड़क दिखाई दे रही है.. मैं ना कहता था.. हम ज़रूर कामयाब होंगे... आगे ज़रूर कोई बस्ती मिलेगी... देख लेना!"

"अबे बस्ती के बच्चे.. उससे कोई ढंग का रास्ता भी तो पूछ सकता था तू.. आख़िर वो लोग भी तो शहर जाते होंगे..?" विपिन को भी आगे का रास्ता पिछले रास्ते के मुक़ाबले बेहतर देख कर कुछ उम्मीद बँधी....

"यार, क्या करूँ, जब यही एक रास्ता बताया उसने...!" प्रतिक ने तेज़ी से चलना शुरू कर चुके विपिन के कदमों से कदम मिलाते हुए कहा....

"अजीब प्रेमिका है तेरी.. एक तो रात में मिलने की ज़िद करी और उपर से रास्ता ऐसा बताया.. चल देख.. लगता है हम पहुँचने ही वाले हैं.. उधर लाइट दिखाई दे रही है.." विपिन ने अपनी बाई तरफ हाथ उठा कर इशारा करते हुए कहा...

दोनो बाई तरफ मुड़े ही थे की अचानक ठिठक गये..," यहाँ तो पानी है..यार!" प्रतिक ने अपने कदम वापस खींचते हुए कहा..

"हम्मम.. कोई तालाब लगता है..चल.. आगे से रास्ता होगा... !" विपिन ने प्रतिक से कहा और दोनो फिर से सीधे रास्ते पर चल पड़े..

कुछ आगे जाकर उनको एक पगडंडी सी बाई और जाती दिखाई दी.. दोनो ने आँखों ही आँखों में उस रास्ते पर सहमति जताई और उस और बढ़ चले...

"ओह तेरी मा की आँख.. यहाँ तो कीचड़ है..! चल वापस चल.. ये रास्ता नही है.." मन ही मन विपिन उस लड़की को कोस रहा था जिसके प्यार में पागल प्रतिक अपने साथ साथ उसकी भी दुर्गति कर रहा था...

"यार, आधे रास्ते तो आ ही चुके हैं... आगे चलकर तालाब में धो लेंगे पैर.. अब वो लाइट भी नज़दीक ही दिखाई दे रही है..." प्रतिक ने मायूसी से विपिन को देखते हुए कहा..

"चल साले.. अगर फिर भी लड़की नही मिली तो देख लेना... ऐसी बकवास जगह मैने आज तक नही देखी" बड़बड़ाता हुआ विपिन फिर से प्रतिक के आगे आगे चलने लगा...

"देखी क्यू नही है? तू तो मास्टर है ऐसे ठिकानो का... आधी जिंदगी तो तूने जंगलों में गुज़ार दी.. मुझ पर अहसान करने के लिए बोल रहा है क्या?" प्रतिक ने उस पर मजाकिया व्यंग्य किया...

"हां.. गुज़ारी है.. मगर ऐसे थोड़े ही.. पूरे बंदोबस्त के साथ चलना पड़ता है.. तू तो मुझे ऐसे ले आया जैसे हम उनके जमाई हैं और हमारे इंतज़ार में वो किसी एअरपोर्ट पर पलकें बिछाए बैठे होंगे.. राम जाने किस घड़ी कौन जानवर बाहर निकल आए? वो तो अच्छा हुआ में कम से कम अपनी रिवॉल्वर साथ रखता हूँ.. कोई भरोसा है ऐसी बीहड़ सुनसान जगह का.." विपिन ने संभाल संभाल कर पैर रखते हुए बोला... दोनो की पेंट कीचड़ के छिंटो से घुटनो तक सन गयी थी..

उसके बाद ज़्यादा देर उनको चलना नही पड़ा.. कुछ दूर और चलने पर वो एक साफ सुथरे रास्ते पर पहुँच गये.. रास्ता पुराने जमाने की छोटी छोटी ईंटों से बना हुआ था.. वो जगह कोई चौराहा लग रही थी.... पानी का 'वो' तालाब यहाँ तक भी फैला हुआ था.. " चल, अपने पैर साफ करके आगे चलते हैं.. अब वो घर भी ज़्यादा दूर नही लगता..." प्रतिक ने गहरी साँस लेते हुए कहा..

दोनो ने वहाँ पानी में अपने पैर धोए और फिर से आगे बढ़ गये...

"यार, यहाँ गलियाँ और दीवारें तो इतनी दिखाई दे रही हैं.. पर घर कहाँ हैं.. ? क्या इस गाँव में वो एक ही घर है जहाँ लाइट जल रही है...?" विपिन ने हैरानी से प्रतिक की और देखा...

"मैने पूछा नही यार.. क्या पता एक ही हो.. चल.. तू चरंभा रह!" प्रतिक ने खिसियाई हुई बिल्ली की तरह से बेतुका सा तर्क दिया और अपने प्यार को पाने की उम्मीद में आगे बढ़ता रहा.. विपिन के साथ साथ..

बड़े ही विस्मयकारी अनुभव का सामना दोनो को करना पड़ रहा था.. काफ़ी देर तक चलने के बाद भी वो 'रोशनी' उनसे अभी भी उतना ही दूर लग रही थी.. उन्होने गलियाँ भी बदली, पर हर बार कुछ दूर चलते ही फिर से वो रोशनी ठीक उनके सामने आ जाती.. और फिर से उनको उसी रास्ते पर चलते रहने का अहसास होता...

"धात तेरे की... देख.. प्रतिक.. मुझे तो सब कुछ गड़बड़ लग रहा है.. भला ऐसी जगह पर भी आजकल कोई घर बनाता है.. 'वो' लड़की सच में यहाँ होगी ना...?" विपिन थक हार कर खड़ा हो गया...

"है ना भाई.. तू मेरा.. अरे.. देख बच्चा!" प्रतिक एक दम उछल पड़ा..

प्रतिक की बात सुनते ही विपिन का दिल उसकी बल्लियों पर आ गया..," छोटा सा बच्चा.. रात के ११ बजे.. घर से बाहर, वो भी ऐसी सुनसान जगह पर? आख़िर तू मुझे बात क्लियर क्यू नही कर रहा.. कौन है वो लड़की.. यहाँ आख़िर करते क्या होंगे उसके घर वाले..!" विपिन का दिमाग़ चकराने लगा था.. जिस तरह सी परिस्थितियाँ वहाँ उत्पन्न हो रही थी.. ऐसा होना लाजिमी ही था...

प्रतिक ने बिना कुछ बोले विपिन का हाथ पकड़ा और उस 'बच्चे' की और लपका..

दीवार के साथ खड़ा वो बच्चा झुक कर कुछ कर रहा था.. जैसे ही वो दोनो उसके करीब पहुँचे.. वो पलट कर मुस्कुराया...

बड़ा ही मासूम सा बच्चा था.. करीब ८ साल की ही उमर होगी.. दोनो उसकी शकल देखते ही हैरान रह गये.. उसके मुँह पर ऐसा लगता था जैसे किसी चोट का घाव बना हुआ हो.. ताज़ा घाव.. उसके होंटो के पास से खून रिस रहा था.. उसकी आँखों में गहरी चमक थी.. और चेहरे पर अजीब सा मैलापन...

दोनो उससे कुछ दूरी पर ठिठक गये.. बच्चा उनकी और लगातार, बिना पलकें झपकाए देख रहा था.. उसकी आँखों में ना तो आश्चर्य का भाव था.. ना ही किसी तरह के भय का.. पर आँखों की तेज चमक में भी अजीब से सूनेपन ने उनको चौंका दिया...

विपिन ने उससे फासला बनाए हुए ही सवाल किया," यहाँ क्या कर रहे हो, बेटा.. इतनी रात को...?"

"अपने पैरों का कीचड़ साफ कर रहा हूँ अंकल.." बड़ी ही मासूमियत से बच्चे ने जवाब दिया.. उसकी आवाज़ और बात करने के ढंग से उनको कहीं से भी ये अहसास नही हुआ की उसकी उमर चार साल से उपर होगी.. हालाँकि कद काठी से पहले उन्होने उसके ७-८ साल का होने का अनुमान लगाया था...

"यहाँ कोई तनवी रहती है.. ? बता सकते हो उसका घर कौनसा है?" प्रतिक का दिल बैठने लगा था.. यहाँ तो सब कुछ अजीब ही हो रहा था.. उसने जल्दी से वहाँ से टलने में ही भलाई समझी...

लड़के ने उंगली उठा कर रोशनी की और इशारा कर दिया..," वहाँ! हम सब वहीं रहते हैं.. उस हवेली में!"

"मतलब... मतलब तुम.. तुम्हारी कुछ लगती है क्या वो?" प्रतिक को रह रह कर झटके से लग रहे थे....

"पर उस 'हवेली' का रास्ता किधर से है.. हम तो ढूँढते ढूँढते थक गये.. और तुम घर क्यू नही गये अभी तक.. यहाँ क्या कर रहे हो..?" विपिन ने बच्चे से सवाल किया..

"मैं खो गया हूँ अंकल.. मुझे भी रास्ता नही मिल रहा.. इतने दीनो से ढूँढ रहा हूँ.." लड़के ने उतनी ही मासूमियत से जवाब दिया..

"क..क..क.. कितने दीनो से..?" लड़के के हर जवाब के साथ दोनो के दिल की गति बढ़ती जा रही थी..

" ७४ साल से....?"

"भाग विपिन.. भाग.. हम यहां फँस गये हे.... भाग नही तो.. समझ ले मारे गये.." प्रतिक ने विपिन का हाथ पकड़ कर अपनी और खींचा.. भागने के लिए.. पर जाने क्यू विपिन वहाँ से हिल नही पाया...शायद उत्सुकतावश," क्यू मज़ाक कर रहे हो यार? क्यू झूठ बोल रहे हो..?"

इस बार लड़के के चेहरे पर शिकन और सदियों पुरानी तड़प उभर आई," मैं मज़ाक क्यू करूँगा अंकल? मरे हुए लोग झूठ नही बोलते!"

प्रतिक की वहीं खड़े खड़े घिघी बाँध गयी.. जिस तरह की अजीबोगरीब परिस्थितियाँ वहाँ उत्पन्न हो रही थी, जिस तरह से वो बच्चा उन्हे मिला और जो कुछ उसने बोला.. दोनो के कलेजे बाहर निकल आने पर उतारू हो गये.. प्रतिक को अहसास हो रहा था की उसने यूँ पागलपन में यहाँ आकर कितनी बड़ी भूल की है.. वो खड़े पैर वहाँ से भागना चाहता था, पर विपिन को वहाँ छोड़कर कैसे भागे.. वो बस विपिन के इशारा करने का इंतज़ार कर रहा था, जिसने घबराहट में अपनी रिवॉल्वर उस बच्चे पर तान दी," गेट आऊट फ्रॉम हियर?"

"क्या अंकल?" नन्हे से बच्चे के चेहरे से नादानी और मासूमियत छू छू कर टपक रही थी..

"दफ़ा हो जाओ यहाँ से! भाग जाओ..."

" पर मुझे एक बार घर छोड़ आओ ना.. मुझे घर नही मिल रहा है..!" बच्चे ने विनम्रता से प्रार्थना की...

सिर्फ़ उस लड़के की वो प्यारी सी आवाज़ ही थी जो अब तक उन्हे पैरों पर खड़े रहने लायक साहस दे रही थी.. पर आगे बढ़ने की तो बात सोचना भी अब दुश्वार था.. विपिन ने प्रतिक की आँखों में देखा और वो उल्टे पाँव हो लिए.. कुछ दूर तक यूँही सावधानी पूर्वक पिछे देखते देखते जब वो उस बच्चे की आँखों से औझल हो गये तब जाकर प्रतिक की आवाज़ निकली," रास्ता याद है ना भाई...?"

"सीधा चरंभा रह.. अब अपनी बकबक बंद रख थोड़ी देर" विपिन ने गुस्से से उसको झिड़क दिया..

उसके बाद तो उन्होने कीचड़ वाले रास्ते से होते हुए सड़क पर जाकर ही दम लिया.. तब तक तो शायद साँस भी गिन गिन कर ले रहे थे... दोनो तेज़ी से एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए आगे बढ़ने लगे.. अब मेंढकों का टर्राना उनको किसी भूत नगरी में चल रहे रहस्यमयी संगीत से कम नही लग रहा था.. झाड़ियों में ज़रा सी भी सरसराहट होते ही दोनो की साँसे जम जाती थी.. राम का नाम जपते जपते आख़िरकार वो अपनी गाड़ी तक पहुँच ही गये... पर जहाँ पैदल जाने में उनको एक घंटे से भी ज़्यादा का समय लगा था.. वापस आने में आधा घंटा भी नही लगा...

"साले, कहाँ मौत के मुँह में ले गया था तू मुझे..?" विपिन ने गाड़ी स्टार्ट करके बे-इंतहा पसीने से सना अपना चेहरा पोछा..

"सॉरी भाई.. मुझे नही पता था कि...." प्रतिक भी अब ढंग से साँसे ले पा रहा था..

"अबे सॉरी के बच्चे.. ये बता आख़िर तनवी है कौन? क्या लफड़ा है तेरा उससे.. और उसने तुझे यहाँ क्यू बुलाया था..." विपिन ने बनावटी गुस्से से कहा.. उसको इस बात का सुखद अहसास था कि वो सकुशल वापस लौट आए.. 'वहाँ से'

गाड़ी ने जैसे ही रफ़्तार पकड़ी.. उसको अहसास हो गया की कुछ ना कुछ गड़बड़ ज़रूर है," गाड़ी पंक्चर हो गयी है.. शायद.. अब क्या करें?" कहकर विपिन ने गाड़ी की रफ़्तार धीमी करते हुए उसको साइड में रोक दिया...

प्रतिक सहमी हुई नज़रों से विपिन को देखने लगा," सॉरी यार.. मेरी वजह से..."

विपिन उसकी बात पर ध्यान दिए बिना गाड़ी से उतरा और टायर चेक किए.. चारों टायर ज़मीन में धंसे हुए से थे.. सबकी हवा गायब थी.. विपिन वापस गाड़ी में आया और अपना सिर पकड़ कर बैठ गया...," अब क्या करें.. एक में पंक्चर होता तो.."

"अगला गाँव कितनी दूर है भाई.." प्रतिक खुद की नासमझी से विपिन को भी परेशानी में डाल देने के कारण शर्मिंदा था..

"होगा कोई ५-७ किलोमीटर और.. क्यू?" विपिन अब सामान्य हो चुका था.. जो होना था वह तो हो ही चुका था.. गनीमत थी जो हो सकता था, वह नही हुआ..

"वहाँ तक ले चलो किसी तरह.. शायद वहाँ कोई पंक्चर लगाने वाला मिल जाए.."

और कोई चारा भी नही था.. विपिन ने गाड़ी धीरे धीरे लुढ़कानी शुरू की...

गाँव आते ही उन्होने पहले ही घर के सामने गाड़ी रोक दी.. ये घर गाँव से बाहर था.. कुछ अलग हटकर," यहाँ पूछते हैं.. गाँव में कोई पंक्चर लगाने वाला हो तो..."

दोनो गाड़ी से उतरे और दरवाजे के सामने जाकर उस पर थपकी लगाई..

"कौन?" घर के अंदर से आई निहायत ही मीठी आवाज़ ने उनके कानो में मिशरी सी घोल दी... आवाज़ किसी नवयौवना की लगती थी..

"जी.. हम बाहर से आए हैं.. थोड़ी मदद चाहिए..!" विपिन ने प्रतिक के बोलने से पहले ही जवाब दे दिया...

"बापू! वो आ गये.." अंदर से लड़की की वही सुरीली आवाज़ बाहर तक आ रही थी..

यहाँ तो रह रह कर झटके लग रहे थे.. विपिन ने प्रतिक की और देखा और धीरे से बोला," ये तो इस तरह से कह रही है जैसे ये हमारा इंतजार ही कर रहे थे.." कहकर दोनो सावधान हो गये....

'छर्र्र्र्र्र्र्ररर..' दरवाजा पुराना था.. इसी आवाज़ के साथ खुला.. एक बार को तो इस आवाज़ ने भी उनको डरा दिया था.. कहते हैं ना 'दूध का जला छाछ को भी फूँक फूँक कर पीता है...

करीब ६० साल के अधेड़ आदमी ने दरवाजा खोला.. उसकी आवाज़ में भी उतनी ही मधुरता थी.. उपर से नीचे तक दोनो को देखा और बोला," पुराने टीले से आए हो ना...?"

"जी.. क्या मतलब? पुराना टीला? हम कुछ समझे नही..." दोनो की हालत देखने लायक थी.. प्रतिक मन ही मन सोच रहा था.. ये रात किसी तरह से गुजर जाए..

"तुम्हारे पैरों में ये चिपचिपा सा कीचड़ लगा है ना.. इसीलिए पूछा.. ये वहीं का कीचड़ है!" बुड्ढे ने बिना किसी शंका के उनसे कहा..

दोनो ने जैसे ही नीचे झुक कर देखा..," हां पर..?"

"तुमने खूनी तालाब के पास से गुज़रे होगे बेटा... आ जाओ.. अंदर आ जाओ!" बूढ़ा कहकर पिछे घूमने लगा...

"ज ज.. जी.. नही.. धन्यवाद.. वो.. हमें बस.. यही पूछना था कि.. यहाँ पंक्चर कोई लगाता हो तो.. हमारी गाड़ी.." प्रतिक के लिए पल पल काटना मुश्किल हो रहा था...

"हे हे हे हे.. आ जाओ.. अंदर आ जाओ..!" बुड्ढे ने बड़े प्यार से प्रतिक की बाँह पकड़ी और हौले से अंदर खींच लिया... प्रतिक में जैसे प्रतिरोध करने की ताक़त बची ही ना हो.. कठपुतली की तरह वो अंदर उसके साथ घुस गया...

अब विपिन के पास भी कोई चारा नही बचा.. प्रतिक को यूँ छोड़कर भागता कैसे? नही तो हालत अब तक उसकी भी पतली हो चुकी थी.... वो भी पिछे पिछे हो लिया....

"आओ बैठो! यहाँ आ जाओ..अर्रे भाई शर्मा क्यू रहे हो? आओ बैठो ना!" बुड्ढे ने उनको कमरे में ले जाते हुए पूरी शराफ़त के साथ उन पर हक़ जताते हुए बात कही.. पर शराफ़त और मासूमियत के पिछे छिपी भयावहता को उन्होने घंटा भर पहले ही महसूस किया था.. इसीलिए दोनो के मन में उथलपुथल जारी थी.. दोनो ने एक दूसरे की आँखों में देखा और पूरी सतर्कता बरतते हुए दीवार के साथ बिछे पलंग पर जा बैठे.. उनकी कमर के पिछे सिर्फ़ एक सपाट दीवार थी.. वो वहाँ इसीलिए बैठे ताकि कमरे में होने वाली हर गतिविधि पर नज़र रख सकें...

" गीता बेटा.. ज़रा कुछ पानी वानी ले आओ.. इतनी देर क्यू लगा रही हो..?" बुड्ढे ने उन दोनो के सामने बैठते हुए बाहर मुँह करके आवाज़ लगाई...

"लाई बापू..!" बाहर से वही सुरीली आवाज़ दोनो के कानो में पड़ी...

"तो.. वहाँ क्या करने गये थे तुम लोग? शहरी मालूम होते हो..!" बुड्ढे ने बड़ी ही आत्मीयता से दोनो से पूछा..

"ज्जई.. हम रास्ता भटक गये थे..!" विपिन ने बात को गोलमोल करते हुए जवाब दिया.. ये कहना उनको कतई मुनासिब नही लगा की वो किसी लड़की की तलाश में वहाँ अपनी ऐसी तैसी करने गये थे...

"हम्मम.. तुम दो ही गये थे या कोई वहीं रह गया...?" बुड्ढे ने सहजता से बात कही...

"जी.. क्या मतलब?.. हम दो ही थे बस..!" इस बार भी विपिन ने ही जवाब दिया.. प्रतिक तो चुपचाप ही उनकी बातें सुन रहा था.. वो इसी उधेड़बुन में था की यहाँ से निकलेंगे कब...

"शुक्र है.. दोनो ठीक ठाक वापस आ गये..!" बुड्ढे ने गहरी लंबी साँस लेते हुए बीड़ी सुलगा ली," पीते हो क्या?" कहकर बुड्ढे ने बीडीयों का बंड्ल उनकी और बढ़ाया..

"जी नही.. शुक्रिया...!" विपिन ने विनम्रता से मना कर दिया..

तभी प्रतिक पलंग से लगभग उछल कर खड़ा हो गया," नी...?"

विपिन ने चौंकते हुए पहले प्रतिक की और देखा और फिर उसकी नज़रों का अनुसरण करते हुए निगाहें दरवाजे पर जमा दी..

"क्या हुआ बेटा? तुम खड़े क्यू हो गये...?" बुड्ढे ने भी प्रतिक से बात कहकर दरवाजे की और देखा," ये मेरी बेटी है.. गीता.. आ जाओ बेटी.. "

प्रतिक की साँसें उसके हलक में ही अटकी हुई थी अभी तक.. दरवाजे से अंदर आने वाली लड़की तनवी ही तो थी.. वही तनवी जिसके लिए प्रतिक पागल हुआ जा रहा था.. सुंदरता की अद्भुत मिसाल थी वो.. सिर से लेकर पाँव तक.. छरहरा लंबा बदन, हल्की सी लंबाई लिए हुए लगभग गोलाकार गोरे चेहरे पर अद्भुत कशिश लिए हुए लंबी कजरारी आँखें.. हल्का गुलाबीपन लिए हुए रसीले होंठ, सुराईदार लंबी गर्दन.. और..

खैर यूँ कहें की सौंदर्या रस उसके बदन में सिर्फ़ दिख ही नही रहा था.. मानो टपक रहा हो.. उसकी मासूमियत से, उसके शर्मीले पन से, उसके यौवन से.. उसकी हर अदा से..

बिना एक बार भी पलकें उठाए उसने उनके सामने टेबल पर पानी रखा और वापस चलने लगी..

"बेटी.. खाना बना देना.. जाने कब से भूखे होंगे बेचारे..!"

"जी बापू.. मैने सब्जी रख दी है.." नज़रें झुकाए हुए ही उसने मुड़कर अपने लरजते होंटो से बात कही और बाहर निकल गयी..

"जी नही.. हमें भूख नही है.. हम अब बस निकलेंगे.. आप बस किसी टायर पंक्चर वाले का घर बता दें" विपिन ने खड़ा होते हुए कहा.. दरअसल प्रतिक को इस तरह चौंकते देख विपिन के मन में अनेक सवाल खड़े हो गये थे.. और वह जल्द से जल्द बाहर निकल कर सब क्लियर करना चाहता था...

"नही भाई.. ऐसे कैसे जाने दूँगा तुम्हे? ये भी कोई जाने का टाइम है.. और इस गाँव में कोई पंक्चर लगाने वाला भी नही है.. अभी आराम से खाना खाकर सो जाओ.. सुबह देख लेना.." बुड्ढे ने विपिन का हाथ पकड़ कर उसको वापस चारपाई पर बैठा दिया...

विपिन ने प्रतिक की और देखा.. उसकी आँखों की चमक बता रही थी की उसको अपनी मंज़िल मिल गयी है..

" ठीक है अंकल जी.. जब आप इतना दबाव डाल रहे हैं तो यही सही.. आपका बड़ा अहसान होगा.." प्रतिक को मानो मुँह माँगा मिल गया...

"इसमें अहसान की क्या बात है बेटा..! आदमी ही आदमी के काम आता है.. और फिर मेहमान तो भगवान होता है अपने देश में.. किसी बात की चिंता मत करो.. इसे अपना ही घर समझो!" बुड्ढे ने बड़ी आत्मीयता से मुस्कुराते हुए कहा...

बुड्ढे की बातों ने दोनो को तसल्ली सी दी.. कम से कम यहाँ अब तक कुछ वैसा नही हुआ था, जिससे उन्हे यहाँ भी कुछ अजीबोगरीब होने का डर रहे..

"अंकल जी.. ये खूनी तालाब का क्या चक्कर है?" विपिन ने हिचकिचाते हुए बात चला ही दी...

विपिन के ज़िक्र करते ही बुड्ढे की आँखें अतीत का कुछ याद सा करने के अंदाज में सिकुड सी गयी," उसके बारे में हम गाँव के लोग किसी को बताते नही बेटा.. बस इतना ख़याल रखना की दोबारा कभी उस तरफ भूल कर भी मत जाना.. और ना ही किसी से इसका जिकर करना.. तुम सही सलामत वापस आ गये, इसके लिए भगवान का धन्यवाद करो..!"

" हम किसी से नही कहेंगे.. पर बताने में हर्ज़ क्या है? कुछ तो बताइए..!" विपिन और प्रतिक दोनो उत्सुकता से कुछ बताने का मूड बना रहे बुड्ढे की और देख रहे थे...

"हम्म.. किसी से भूल कर भी जिकर मत करना.. हमारे बड़े कहते थे कि पुराने टीले की 'आत्मायें' बाहर के लोगों से नफ़रत करती हैं.. एक बार कोई अंग्रेज तुम्हारी ही तरह भटक कर वहाँ चला गया था.. सुबह उसकी लाश तालाब के किनारे पर मिली थी.. इतने बड़े बड़े कीड़े चल रहे थे उसकी आधी खाई हुई लाश में.." बुड्ढे ने कीड़ों का आकार बताने के लिए अपनी उंगली को लंबा कर दिया.. लाश का सिर तो बिल्कुल ही गायब था.. उसके पेट को चीर सा दिया गया था.. और दिल छाती से बाहर लटक रहा था.. बस फिर क्या था.. उसकी मौत का कारण जानने के लिए अँग्रेज़ों ने वहाँ डेरा डाल लिया... बहुत कोशिश की पर किसी को कुछ हासिल ना हुआ.. पर उसके बाद मौत बहुत हुई.. पर सारी बाहर के लोगों की.. इसीलिए अब हम किसी को कुछ नही बताते.. पढ़े लिखे लोग इन बातों में विश्वास नही करते ना.. फिर कोई वहाँ का राज जानने जाएगा और खामखा मारा जाएगा.. क्या फायदा..?" कहकर बूढ़ा अपने चेहरे पर पीड़ा के भाव लिए चुप हो गया..

"हम ऐसी ग़लती नही करेंगे अंकल जी.. किसी से कुछ कहेंगे भी नही.. बताइए ना.. और.. ऐसा क्या है वहाँ? और वो खूनी तालाब..?" विपिन की उत्सुकता बढ़ती ही जा रही थी...

"तुम अब मानोगे नही पूछे बिना.. दरअसल वो तालाब बहुत पुराना है.. हज़ारों साल पुराना.. उसका पानी कभी नही सूखता.. पर जो वहाँ से तुम्हारी तरह बचकर वापस आ जाते हैं.. वो बताते हैं कि रात को तालाब का पानी लाल हो जाता है.. खून के जैसा.. इसीलिए हम उसको खूनी तालाब कहते हैं... आत्मा के प्रकोप से बचने के लिए गाँव वाले वहाँ खड़े पीपल के पेड़ की पूजा करते हैं.. देखने वाले बताते हैं की रात भर पेड़ पर रोशनी रहती है.. पर रात में आज तक कोई उसके पास पहुँच नही पाया.. या जो पहुँचा होगा.. मर गया होगा.. सुना है वहाँ एक छोटे बच्चे की आत्मा भी भटकती रहती है.."

"हाँ.." प्रतिक बच्चे के बारे में बोलने ही वाला था की विपिन ने उसका हाथ दबा दिया और उसने अपनी बात पलट दी," हां.. आत्मा होती हैं.. मैने भी सुना है!"

"सुना क्या है बेटा.. गाँव वालों ने तो उस बच्चे को देखा भी है.. बताते हैं की वो बच्चा वहाँ जाने वाले लोगों को उसके घर छोड़ आने को कहता है.. पीपल के पेड़ पर....

" पर वो आत्मायें आख़िर हैं कौन? और बाहर वाले लोगों से ही नफ़रत क्यू करती हैं वो?" बुड्ढे के हर खुलासे के साथ विपिन की उत्सुकता बढ़ती जा रही थी.. सब कुछ जान लेने के लिए.. हालाँकि वो आत्मा के चक्कर को नही मानता था.. पर आज रात का अनुभव उसको उनके बारे में और सुनने को विवश कर रहा था...

"अब सच्चाई तो भगवान ही जानता है बेटा.. हमारे पास तो सुनी सुनाई बाते हैं.. कहते हैं कि उस पीपल के पेड़ की जगह पहले किसी राजा का महल हुआ करता था.. तीन रानियाँ थी उसकी.. तीनो एक से एक सुंदर.. फिर किसी मुघल सम्राट ने उस राजा को हरा कर रानियों के सामने ही उस पर हाथी चलवा कर मरवा दिया और उस महल को अपना हरम बना लिया.. तीनो रानियों समेत महल की सभी औरतों को अपना बंदी बनाकर रखा... जो कुछ 'वो' उन रानियों और औरतों के साथ करता था वो बताने लायक है नही.. तुम मेरे बेटों के जैसे हो.. पर हां.. हर सुबह एक अर्थी उठती थी महल से.. ये सिलसिला तब तक जारी रहा जब तक की महल में एक भी औरत बची... कहते हैं की ये आत्मायें उसी राजा और उन्ही रानियों की हैं..."

"हुश्श्श....!" विपिन ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा...

तभी गीता खाना ले आई और उसको टेबल पर सजाने लगी.. प्रतिक लगातार उसकी आँखों की और देख रहा था.. इस ताक में की गीता उसकी और देखे और वो उसकी आँखों में अपने लिए 'अपनापन' ढूँढ सके.. पर बदक़िस्मती से ऐसा हुआ नही.. गीता ने नज़रें उपर ही नही उठाई और खाना लगाकर बोली," आपके लिए भी ले आऊ बापू?" आवाज़ में इतनी मिठास थी की प्रतिक उसके मुँह से अपना नाम सुनने को तरस गया.. अगर बापू ना होता तो वो कब का उसको टोक चुका होता...

"नही बेटी.. थोड़ी देर पहले ही तो खाया था.. तुम जाओ.. जाकर सो जाओ.. मैं आता हूँ थोड़ी देर में..."

"अच्छा बापू.. मैं कुण्डी नही लगाउन्गी.. आप आकर बंद कर लेना.." गीता ने अपने पिता की और देखते हुए कहा और फिर वापस मूड गयी...

"आपके घर में और कौन कौन हैं अंकल जी?" प्रतिक का इंटेरेस्ट सिर्फ़ तनवी के बारे में जानने को ही था..

"बस हम दो जान ही हैं बेटा.. बीवी इसको जनम देते ही गुजर गयी थी.. सो और कोई औलाद नही है.. कुछ दिन बाद तो मैं अकेला ही रह जाऊंगा.." बुड्ढे ने जवाब दिया..

"वो क्यू?" खाना खाते हुए ही प्रतिक ने उसकी और देखा...

" शादी नही करूँगा क्या बेटा.. लड़की तो पराया धन होती है.."

रोटी का टुकड़ा प्रतिक के हलक में ही अटक गया," कब.. कब कर रहे हैं शादी..?"

"अभी तो ये मन ही नही रही.. कहती है पढ़ाई पूरी करने के बाद सोचूँगी... नादान और भोली है पर जिद्दी भी बहुत है.. जो सोच लिया वो सोच लिया.. फिर किसी की नही सुनती ये.."

"श्श.. " प्रतिक की जान में जान आई.. पहले उसको लगा था कि कहीं शादी पक्की ना हो गयी हो इसकी..

खाना खाने के बाद बुड्ढे ने बर्तन उठाए और उनको सुबह मिलने को कहकर चला गया..

उसके जाते ही प्रतिक ने आँखें मटकाते हुए विपिन की और देखा," क्यू..? कैसी लगी..?"

"यही है वो?" विपिन को शक तो था.. पर ताज्जुब उससे कहीं ज़्यादा...

"हम्मम.." प्रतिक खुशी से फूला नही समा रहा था.. अजीब सी खुमारी में उसने तकिये को अपनी छाती के नीचे दबाया और पेट के बल लेट गया..

"पर इसका नाम तो गीता है.. तू तो तनवी कह रहा था..?" विपिन ने दूसरे पलंग पर लेटते हुए दूसरा सवाल किया...

"नाम में क्या रखा है यार.. बस.. इतना जान ले, जिसके लिए मैं आया था.. मुझे मिल गया है.. मैं तेरे इस अहसान का बदला कभी नही चुका पाऊंगा.. मैं ना कहता था.. मेरी तनवी मुझे ज़रूर मिलेगी.." प्रतिक पर प्यार का भूत सवार था..

"अबे साले.. इसने तेरे को देखा तक नही और तू ऐसे उछल रहा है.. कहीं तुझे भूल ना गयी हो... कितने टाइम पहले मिली थी..?" विपिन उठकर बैठ गया..

"वो सब मैं तेरे को बाद में बताऊंगा.. पर तू ये तो बता की लगी कैसी तुझे..?"

"बहुत प्यारी है.. सच बोलूं तो.. इसके जैसी कोई लड़की मैने आज तक नही देखी.. अगर ये तनवी ना होती तो मैं इसके बारे में अपने लिए सोच रहा था.. और अब भी क्या पता.. ये गीता ही हो.. तेरी तनवी की हमशकल.. तेरी तनवी तो तुझे वहीं मिलेगी.. पुराने टीले पर... हे हे हे" विपिन ने शरारती मुस्कान अपने चेहरे पर लाते हुए कहा...

" ऐसी बात मत कर यार.. मुझे अच्छा नही लगता.." प्रतिक ने मुँह बनाकर कहा..

"मज़ाक कर रहा हूँ बे.. पर एक बात मेरी समझ में नही आई...!" विपिन ने को जैसे कुछ अचानक याद आ गया हो..

"वो क्या?" प्रतिक भी उठकर बैठ गया..

"इसने तेरे को वहाँ क्यू बुलाया..? और बुलाया भी तो वहाँ मिलना चाहिए था.. अब किसको पता था कि हमारी गाड़ी में पंक्चर हो जाएगा और हम वापस आकर इसी घर का दरवाजा खटखटाएंगे.. अगर हम सीधे निकल जाते तो शायद ही कभी दोबारा आते.. यहाँ पर.." विपिन की बात में दम था...

"हां यार.. वो तो है.. जब बात करेगी तो ज़रूर पूछूंगा ये बात..." प्रतिक ने जवाब दिया...

" पर अब तो बता दे ये तुझे कहाँ मिली? कैसे मिली.. और कैसे पटी?" विपिन जानने के लिए उत्सुक था...

"एक बार बात हो जाने दे.. फिर सब कुछ बताऊंगा.. हमारा मिलना अंकल जी की भूतो वाली कहानी से कम दिलचस्प नही है.. मुझे खुद विश्वास नही था कि मैं इससे मिल पाऊंगा..."

"अभी बता दे ना.. अभी क्या दिक्कत है..?" विपिन ने इस बार ज़ोर देकर कहा था..

"ना.. अभी नही.. बहुत दिलचस्प बात है.. पर अभी कुछ नही कह सकता.. पहले इससे बात कर लूँ...!" प्रतिक ने कहा और वापस लेट गया," चल अब सो जाते हैं.. सुबह जल्दी उठना है.."

"ठीक है बेटा.. लोग मतलब निकल जाने के बाद किस कदर रंग बदलते हैं.. ये मैं देख रहा हूँ.. चल अच्छा है.. मैं इंतजार करूँगा, तेरी इससे बात होने की.. गुड नाइट!"

"गुड नाइट भाई गुड नाइट!" प्रतिक ने कहा और सिर के नीचे से तकिया निकाल कर सीने पर रख लिया.. दोनो हाथों में दबोच कर.....

# ३

## रात करीब २ बजकर १७ मिनिट......

प्रतिक दरवाजे पर पैरों की आहट सुनकर चौंक गया.. उसकी उम्मीद को पूरी तरह पंख लगे भी ना थे की कमरे में रोशनी छा गयी.. हल्की सी नाराज़गी जताती हुई तनवी उसकी आँखों में आँखें डाले उसको घूर रही थी.. हौले हौले चलती हुई वो उसके पैरों के पास आकर उसके पलंग पर बैठ गयी..

"ये कौन है?" तनवी ने झुकते हुए धीरे से विपिन की और इशारा करते हुए पूछा..

"मेरा दोस्त है.. मेरे भाई जैसा है.. क्यू?" प्रतिक ने भी उसी के अंदाज में जवाब दिया..

"इसको क्यू लेकर आए..? मैने अकेले आने को बोला था ना..?" नाराज़गी अब भी तनवी की नाक पर बैठी थी..

"कमाल करती हो? ऐसी ख़तरनाक जगह पर अकेले.. जान लेने का इरादा था क्या?" प्रतिक ने लेटे लेटे ही जवाब दिया...

"जान तो मैं तुम्हारी लूँगी ही.. एक बार समय आने दो" कहकर तनवी कातिल अदा से मुस्कुराने लगी.. उसकी इसी अदा का तो प्रतिक दीवाना था," चलो ठीक है.. तुम्हारी ये बात मान लेती हूँ.. इसको लेकर आ जाओ.. पर इसको दूर ही खड़ा कर देना.. मुझे तुमसे ज़रूरी बातें करनी हैं.. जाने कब से तुम्हारे लिए तड़प रही हूँ.. तुम्हे तो अहसास भी नही होगा, मेरी मोहब्बत का.."

"तुम्हारी यही बात मेरी समझ में नही आ रही.. कहती हो मुझसे प्यार करती हो.. पर आज तक कभी छूने की इजाज़त नही दी.. मैं भी तुम्हारे लिए पागल हो चला हूँ.. प्लीज़ एक बार.. एक बार मुझे तुम्हे छू कर महसूस कर लेने दो.. कितनी प्यारी हो तुम.. तुम्हारे लिए मैं यहाँ तक भी आ गया.. एक बार मेरे आगोश में आ जाओ ना.. प्लीज़!" प्रतिक उसके शरीर से उत्सर्जित हो रही यौवन को अपने अंदर तक महसूस करने को तड़प उठा...

"मैं भी तो उतनी ही तड़प रही हूँ चंद्रभान! तुम्हे क्या पता, मेरा एक एक पल कैसे बीतता है.. उस पल के लिए जब मैं और तुम 'हम' होंगे.. ये फ़ासले कितना तड़पते हैं, मुझसे ज़्यादा कौन समझेगा.. बस इंतज़ार करो... " तनवी की आँखों से उसके लिए बे-इंतहा ज़ज्बात झलक रहे थे...

"कितनी बार बताऊं कि मैं प्रतिक हूँ.. अगर तुम किसी चंद्रभान के धोखे में मेरे पिछे पड़ी हो तो माफी चाहता हूँ.. पर फिर भी यही कहूँगा कि अब मैं तुम्हारे बिना रह नही पाऊंगा.. तुम्हारे प्यार में जाने.... तुमने मुझे पागल सा कर दिया है.."

"दुनिया के लिए तुम चाहे कुछ भी हो.. पर मेरे लिए तो मेरे चंद्रभान ही हो.. मुझे तुम्हारा यही नाम अच्छा लगता है.. मैं तो यही कहूँगी.." आँखों में गहरी प्यास और मादक अहसास लिए तनवी उसकी और टकटकी लगाकर देखती रही...

"तुम मुझे पूरी तरह पागल बना कर ही छोड़ोगी.. मुझ प्रतिक को तुम चंद्रभान कहती हो और अपना नाम तनवी बता रही हो जबकि तुम्हारे पिताजी तुम्हे गीता कहते हैं.. मैं क्या समझू और क्या नही.." प्रतिक नाम के चक्कर से अभी तक भी निकल नही पाया था..

"वहाँ आओगे तो सब समझ आ जाएगा.. अब यहाँ मैं तुम्हे क्या बताऊं?" तनवी ने बेबस नज़रों से उसको देखते हुए कहा..

"अजीब लड़की हो.. यहाँ मेरे सामने बैठी हो.. उस वक़्त नज़र उठा कर भी तुमने नही देखा.. और अब ये छोटी सी बात बताने के लिए मुझे वहाँ बुला रही हो.. इतनी ख़तरनाक और डरावनी जगह मैने आज तक नही देखी.. पता है.. ?" प्रतिक के चेहरे पर उस अजीबोगरीब जगह की डरावनी यादों की टीस छा गयी..

"क्या? तुम वहाँ गये थे? पर मैने तुम्हे १२ बजे के बाद आने को कहा था ना.. रुके क्यू नही वहाँ पर..." तनवी अधीर होते हुए बोली...

" कैसे रुकते..हम वहाँ गये तो हमें वहाँ एक बच्चा मिला.. इतना खौफनाक मंज़र था कि मेरी तो जान ही निकल गयी होती.. और तुम्हे पता भी है.. वहाँ भूत रहते हैं.. तुम्हारे पिताजी ने ही बताया था.." प्रतिक ने स्पष्ट किया...

"असमय गुजर चुके लोगों को भूत कहकर उनका मज़ाक ना बनाओ चंद्रभान.. तुम्हे हम... उनकी पीडाओं का अहसास नही है.. हर पल किस वेदना और दर्द की भट्टी में तपते रहना पड़ता है.. ये तुम्हे क्या मालूम.. तुम तो आज़ाद हो.. कहीं भी आ जा सकते हो.. पर वो हर तरह से एक दायरे में बँधे हैं.. हरपल उसी दर्दनाक मंज़र को आँखों में लिए तड़पते रहते हैं.. जिस घड़ी जिंदगी ने बड़ी क्रूरता से उनके सिर से अपना हाथ हटा लिया.. वो हर पल इसी इंतज़ार में रहते हैं कि कब कोई रहनुमा आएगा और उनको वहाँ से, उस जहन्नुम से मुक्ति दिलाएगा.. आ जाओ ना चंद्रभान.. सिर्फ़ एक बार आ जाओ.. मैं हर पल तुम्हारा इंतजार करती हूँ.. एक बार वहाँ आ जाओ मेरी जान.. मुझे जहन्नुम से निकल कर जन्नत में ले चलो.." तनवी बोलते बोलते भावुक होकर गिड़गिड़ाने सी लगी..

"ऐसे क्यू कर रही हो.. मुझसे तुम्हारी ये बेचैनी देखी नही जाती.. पर ऐसा क्या है जो यहाँ नही बता सकती.. वहीं जाना क्यू ज़रूरी है तनवी..?"

"वहाँ जाना ज़रूरी नही है चंद्रभान.. पर मुझे डर है.. मैने यहाँ बता दिया तो तुम वहाँ शायद कभी नही आओगे.." मायूस तनवी की आँखों से आँसू छलक उठे..

"इसका मतलब तुम्हे मेरे प्यार पर भरोसा नही है.. इसका मतलब कुछ ऐसा ज़रूर है जो तुम मुझसे छिपा रही हो.. जब तुम मुझ पर विश्वास नही करती तो मैं तुम पर क्यू करूँ..?" प्रतिक बात जानने को लालायित लग रहा था..

"तुम्हारे अंदर के चंद्रभान पर मुझे पूरा विश्वास है.. पर बाहर के प्रतिक पर नही.. वक़्त जाने कितनी करवटें बदरंभा है.. इस दरमियाँ जाने तुम कितनी बार बदले होगे.. मैं इसीलिए डर रही हूँ.." तनवी अपना हाथ बढ़कर उसके चेहरे को छूने को हुई पर कुछ याद आते ही तुरंत वापस खीच लिया...

"देखो तनवी या गीता, तुम जो भी हो.. तुमने अपने प्यार में तो मुझे पागल कर ही दिया है.. अब असलियत में पागल होना नही चाहता.. पहेलियाँ मत बुझाओ.. पर इतना जान लो कि जब तक तुम मुझे सब कुछ सच सच नही बताती, मैं वहाँ वापस नही जाऊंगा.. हरगिज़ नही.." प्रतिक ने दो टुक जवाब दिया..

"ऐसा क्यू कह रहे हो चंद्रभान.. क्या मैं यूँही तड़पति रहूंगी..? तुम मेरी बात समझते क्यू नही हो.. आ जाओ ना प्लीज़..." तनवी की हालत दयनीय हो चली थी..

"मैं तो सब समझ रहा हूँ.. अगर समझता नही तो यहाँ तक आता ही क्यू.. अच्छा चलो.. मैं वादा करता हूँ कि अगर तुम अभी सब कुछ बता दोगे तो तुम जहाँ कहोगी, वहाँ आने के लिए तैयार हूँ.."

कुछ देर सोचते रहने के बाद तनवी बोली," ये प्रतिक का वादा है या फिर चंद्रभान का.."

प्रतिक झल्ला उठा..," क्या है यार.. चंद्रभान.. प्रतिक.. दोनो का वादा रहा.. चंद्रभान का भी.. और प्रतिक का भी.. अब तो बता दो..."

"सोच लो.. चंद्रभान के वादे सूली पर जाकर भी नही टूटते.." तनवी को कुछ उम्मीद सी बँधी..

"हम्मम.. सोच लिया... वादा रहा.. चंद्रभान का!" प्रतिक ने कहते हुए अपना हाथ बढ़ाया पर तनवी की तरफ से कोई प्रतिक्रिया ना मिली....

तनवी ने लंबी साँस छोड़ते हुए छत की और देखा.. और अचानक ही बोलना शुरू कर दिया..," वो बच्चा.. जिसकी तुम बात कर रहे हो.. मेरा छोटा भाई है..

"क्या ?" प्रतिक तनवी की इस बात को पचा नही पाया और नींद में ही अंदर तक काँप गया.. हड़बड़ा कर लगभग चीखते हुए वह उठ बैठा.. चीख के साथ ही विपिन एक पल में ही उठ कर पलंग से खड़ा हो गया..," क्या हुआ?"

"ये.. ये लाइट क्यू बंद कर दी.. तनवी कहाँ गयी.." प्रतिक का सिर चकरा रहा था.. बंद आँखों में जहाँ उसको उजाला ही उजाला दिख रहा था.. आँखें खोलते ही.. अंधेरे के सिवा उसको कुछ नज़र ना आया.. वहाँ तो पहले से ही अंधेरा था.. उजाला तो सपने में तनवी साथ लेकर आई थी...

"तनवी, यहाँ? साले तू पागल हो गया है क्या? सपना देख रहा था या?" विपिन ने प्रतिक को कंधे से पकड़ कर हिला दिया...

प्रतिक ने जैसे तैसे खुद को संभाला," हां भाई.. सपना ही था.. सॉरी.. सो जा.."

"अब थोड़ी बहुत रात बची है.. उसमें तो चैन से सो लेने दे तू.. क्या हो गया है तुझे.. बता ना.. तू खुलकर क्यू नही बताता..?" विपिन ने उसके कंधे पर हाथ रख कर प्यार से पूछा...

"कुछ नही यार, सो जा.. सुबह बात करेंगे..!" कहते हुए प्रतिक मुँह ढक कर लेट गया..

"देख.. कोई बात मन में नही रखनी चाहिए.. गाँठ बन जाती है.. और फिर मुझसे छिपा कर तुझे मिलेगा क्या? बाकी तेरी मर्ज़ी है.. सुबह का इंतजार करूँगा.." विपिन ने कहा और दूसरी और करवट लेकर सो गया...

प्रतिक की समझ में कुछ नही आ रहा था.. पिछले करीब २ महीने से उसकी रातों की नींद और दिन का चैन हराम था.. कारण तनवी ही थी.. हर रात को वो उसके सपनो में आती और दिन भर वो उसके सपनो में खोया रहता.. जिंदगी अचानक कितनी बदल गयी थी उसकी.. हमेशा मस्त कलंदर की तरह जींसे वाला प्रतिक शुरू शुरू में तो इन्न सपनो का आनंद लेता और रात को उसके पास आकर उसको पुकार रही इस हसीना के बारे में दिन भर सोच कर आनंदित होता रहता.. विपिन की बात सच ही थी.. तनवी के जितनी प्यारी लड़की उसने भी आज तक नही देखी थी.. पर जल्द ही ये आनंद बेचैनी में और फिर वो बेचैनी एक अंजाने से लगाव में बदल गयी.. आख़िर यही लड़की रोज उसके सपनो में क्यू आती है.. क्या रिश्ता है इस लड़की का उसके साथ.. लड़की का सिर्फ़ सपने में आना भर ही होता तो बात अलग थी.. पर वो तो उसको दोनो के प्यार की दुहाई देती थी.. अपने पास बुलाती थी.. सपने में उसकी आवाज़ यूँ लगती थी जैसे किसी गहरी खाई से बोल रही हो.. रुक रुक कर कही गयी उसकी बातें प्रतिध्वनित होकर बार बार उसके कानों में गूँजती रहती थी.. रात भर.. दिन भर...

अपने मस्त अंदाज का मलिक प्रतिक दोस्तों में उसके हँसी मज़ाक और लड़कियों को भाव ना देने के कारण हमेशा छाया रहता था.. पर अचानक ही वो गुमसुम सा रहने लगा.. पूछने की कोशिश बहुतों ने की.. पर बताता भी तो क्या बताता प्रतिक.. अंत में जब उसकी बेचैनी और अपने आपको तनवी कहने वाली लड़की के प्रति उसका लगाव चरम को पार कर गया तो उसने एक बार उसके पास जाने की ठान ली.. पर तनवी की एक शर्त ने उसको विपिन का सहारा लेने पर मजबूर कर दिया.. एक तो सिर्फ़ रात को ही मिल पाने की बेबसी और दूसरा उसके पास आने के लिए बताए गये रास्ते की.....

विपिन उसके सबसे नज़दीकी दोस्तों में से एक था.. वो अज्ञात जगह पर जाने, घूमने फिरने और बीहड़ और दूर दराज के इलाक़ों में जाकर वहाँ के लोगों की दिन चर्या जानने का

शौकीन था.. दरअसल एडवेंचर उसकी लाइफ का एक हिस्सा था...

प्रतिक ने विपिन को एक कहानी बनाकर सुनाई.. उसको यकीन था अगर सपने वाली बात उसको बताएगा तो साथ देना तो दूर.. उल्टा दोस्तों मैं उसकी किरकिरी करने में भी कसर नही छोड़ेगा.. उसने विपिन को बताया कि बहुत पहले एक लड़की से वो मिला था और अब उसको पता चला है कि वो लड़की उससे बे-इंतहा प्यार करती है.. और उसको मिलने के लिए बुला रही है.. पहले पहल तो विपिन ने उसको इन्न खाम-खाँ के चक्करों से दूर रहने की हिदायत देकर साफ मना कर दिया.. पर जब उसको कई दीनो तक लगातार प्रतिक का चेहरा उतरा हुआ दिखाई दिया तो एक दिन उसने खुद ही प्रतिक को टोक दिया," कहाँ है वो लड़की.. चल मिला लाता हूँ.."

"यार.. उनका घर गाँव से दूर है.. काफ़ी आगे चलकर.. " प्रतिक इस बात को खा गया कि लड़की ने उसको बताया था कि उसको काफ़ी दूर पैदल चलना पड़ेगा....

"अच्छा.. फटती है तेरी.. इसीलिए मुझको बोला.. है ना.. नही तो तू मुझे बताता भी नही कि तू मजनू बन गया है आजकल..." विपिन ने मज़ाक किया...

"कुछ भी समझ ले यार.. पर मुझे उससे एक बार मिलकर आना है...!"

"हम्म.. चल फिर कल ही चलते हैं..!" विपिन तैयार हो गया उसके साथ जाने को...

और वो कल 'आज रात' ही थी...

पर जो कुछ भी आज रात को उन्होने देखा.. उसने उसकी व्याकुरंभा कम करने की बजाय और बढ़ा दी.. खास तौर से तब, जब उसने सपनो में रोज आने वाली लड़की को साक्षात अपनी नज़रों के सामने देखा.. गीता के रूप में.. उस वक़्त तक तो टीले से वापस आते हुए वह यही सोच रहा था कि ये सब महज उसके दिमाग़ के फीतूर के अलावा कुछ नही था.. पर अब; अब तो वो कतई ऐसा नही सोच सकता था.. उसके सपनो की रानी यथार्थ बनकर उससे रूबरू हो चुकी थी.. भले ही उसका अंदाज बेरूख़ा रहा हो.. भले ही उसका नाम गीता रहा हो.. कुछ ना कुछ तो बात ज़रूर है.. वरना इसी गाँव की लड़की उसके सपने में क्यू आती...

पर अब.. आज रात के सपने को वो कैसे ले.. कहीं 'तनवी' सच में कोई भूत तो नही.. उसने टीले पर मिलने वाले बच्चे को 'अपना भाई बताया.. चक्कर क्या है.. और फिर भूत तो डराते हैं.. प्यार थोड़े ही करते हैं.. फिर भूत भी माने तो कैसे माने.. लड़की तो उसके सामने थी ही.. प्रतिक को लग रहा था जैसे वो भी उस लड़की के प्यार में बुरी तरह जकड़ा जा चुका हो.. वो फिर से उसको अपने सपने में लाना चाहता था.. अपने अनगिनत सवालों के जवाब लेने के लिए.. उससेउसका संबंध क्या है.. ये जानने के लिए... इसी उधेड़बुन में वो कब खो गया और कब खुद को तनवी बताने वाली गीता फिर उसके सपने में आ गयी उसको पता ही नही चला...

"क्या हो गया था.. तुम चले क्यू गये थे, बीच में ही.." तनवी वहीं बैठी थी.. उसके पैरों के पास..

"मैं कहाँ गया था.. चली तो तुम गयी थी.. मेरे सपने से.." प्रतिक नींद में बड़बड़ाया...

"हां.. मगर सपना तो तुम्हारा ही था ना.. तुमने वो तोड़ दिया.. मुझे जाना पड़ा..!"

"तुम सपने में ही क्यू आती हो..? उठकर आ जाओ ना.. बराबर वाले कमरे में ही तो हो..." प्रतिक ने जवाब दिया...

तनवी ने यहीं पर उसको सब कुछ बताने का इरादा कर लिया था.. उसके चंद्रभान ने वादा जो किया था.. इस जनम में उसका साथ देने का... " समझने की कोशिश करो चंद्रभान.. मैं वो नही हूँ.. जो तुम समझ रहे हो.. वो तो गीता ही है जिसे तुम अपने सामने बैठी देख रहे हो.... मैं चंद्रभान की दुर्गावती हूँ.. और इस जनम की तुम्हारी तनवी.."

प्रतिक किसी तरह अपने आप पर काबू पाए रहा.. उसको सब कुछ जान लेना था.. आज ही,"मतलब हमारा पिछले जनम का कोई संबंध है?"

"पिछले जनम का नही.. पिछले कई जन्मो का.. दुर्गावती के हर जनम में मैने तुम्हारा इंतजार किया.. पर मैं तुम्हे इसी जनम में ढूँढ सकी.." तनवी ने जवाब दिया..

"पर तुम मुझे पहले भी तो ढूँढ सकती थी.. मतलब पिछले जन्मों में.." प्रतिक ने तर्क दिया...

"हां.. और मैने बहुत ढूँढा भी.. पर मेरी एक सीमा है... हम एक दायरे से बाहर नही निकल सकते.. २ महीने पहले तुम इस गाँव के पास से गुज़रे.. और मैने तुम्हे पहचान लिया.. तब से मैं इस बात का इंतजार कर रही हूँ कि तुम कब आओगे मेरे पास.. मतलब तनवी के पास.. कब हमारा मिलन होगा.. इसी वजह से मैने इस घर में रहने वाली लड़की का रूप चुराया.. ताकि तुम्हे इसके आकर्षण में बाँध कर अपने पास ला सकूँ... क्यूंकी इससे सुंदर कोई और लड़की मुझे आसपास दिखाई नही दी.." तनवी लगातार बोल रही थी कि प्रतिक ने उसको टोक दिया..

"पर अगर तुम आत्मा हो तो हम कैसे मिल सकते हैं.. बताओ.."

"नही मैं आत्मा नही हूँ.. मैं भी जनम ले चुकी हूँ.. कई बार.. इस बार भी.. तनवी के रूप में.. सिर्फ़ उसका दिल उस लॉकेट में अटक कर वहीं महल में ही रह गया था जो चंद्रभान ने दुर्गावती को दिया था.. यानी तुमने मुझे.. प्यार की पहली और आख़िरी निशानी के रूप में.."

"ये लॉकेट का क्या चक्कर है?" प्रतिक ने उसको फिर टोका..

"वो एक लंबी कहानी है.. हमारे प्यार की.. हमारे मिलने की और मिलन पूरा होने से पहले ही हमारी जुदाई की.. कभी फ़ुरसत में बताऊंगी.." तनवी अब उसका जवाब सुनने को उतावली थी...

प्रतिक को कुछ कुछ पल्ले पड़ रहा था.. पर बहुत कुछ नही," और अब असली तनवी को कौन ढूंढेगा? कहाँ कहाँ भटकू मैं.. और क्यू भटकू?"

"तुम्हे भटकने की ज़रूरत नही है.. हर जनम में वो मेरे संपर्क में रही है.. आख़िर मैं भी उसका हिस्सा हूँ.. अमृतसर से ५० किलोमीटर दूर बतला कस्बे में रहती है वो.. गवरमेंट कॉलेज के आसपास घर है उसका...मुझे इस बात पर गर्व है कि हर जनम में वो अंजाने में ही सही पर कुँवारी ही रही.. तुम्हारे अलावा मैने किसी के बारे में सोचा तक नही चंद्रभान.. तुम्हारे अलावा मुझे कोई छू भी नही पाया.." तनवी का गला भर आया..

"ओह.. और मैं..?" प्रतिक को उसकी अजीब मगर मीठी सी कहानी में मज़ा आने लगा था...

"तुम्हारा मुझे नही पता.. और इस जनम की तो तुम खुद ही जानते होगे..." तनवी ने उसको प्यार से देखते हुए कहा...

"तो क्या वो मुझे देखते ही पहचान लेगी..?" प्रतिक के मन में सवालों की झड़ी लगी हुई थी....

"बस यही एक समस्या है.. उसके लिए तुम्हे उसको वहीं लाना होगा.. महल में.." तनवी के चेहरे पर उदासी छा गयी..

"अब ये महल का क्या चक्कर है?" सवालों में से ही इतने सवाल निकल रहे थे कि पुराने सवाल प्रतिक भूरंभा जा रहा था...

"जहाँ तुम गये थे.. वहाँ एक पीपल का पेड़ है.. उसके नीचे ही हमारा महल है.. तुम्हे तनवी को वहीं लेकर आना होगा.."

"एक मिनिट.. एक मिनिट.. जो लड़की मुझे जानती नही, पहचानती नही.. उसको मैं कैसे ला सकता हूँ.. और वो भी ऐसी जगह पर जहाँ के बच्चे भी इतने ख़तरनाक हैं.." प्रतिक का सिर चकरा गया..

"इसका जवाब मेरे पास नही है.. पर अगर तुम उसके दिल में प्यार जगाओगे तो वो आ सकती है.. तुम्हारे साथ.. तुम्हे उसका प्यार भी जीतना होगा और भरोसा भी... ये काम तुम्हे अपने तरीके से करना होगा...."

" मुझे नही पता कि लड़कियों का दिल कैसे जीतते हैं.. इस मामले में एकदम अनाड़ी हूँ... तुम ही कुछ बताओ!" प्रतिक की समझ में कुछ नही आ रहा था..

"तुम जब चंद्रभान थे, तब भी ऐसे ही थे.. शर्मीले और झेंपू.. पर तुम्हे कुछ ना कुछ तो करना ही होगा..." तनवी अपने चंद्रभान की यादों में खोकर मुस्कुराने लगी....

" सॉरी तनवी.. ये सब मैं नही कर सकता.. किसी अंजान लड़की से मैने आज तक बात भी नही की है.. और तुम उसको यहाँ लाने को कह रही हो.. ये नही हो सकता.. और फिर उसको भी रात को ही लाना होगा.. है ना?"

"हाँ चंद्रभान.. ये मेरी मजबूरी है.."

"शिट.. नेवेर पासिबल.. ऐसा कभी नही हो सकता.. और फिर तुम ही बताओ.. मैं तुम्हारी बातों पर क्यू विश्वास करूँ.. और विश्वास कर भी लूँ तो मैं इतनी बड़ी टेंशन मोल क्यू लूँ..? ये जानने के बाद की तुम कोई भटकती हुई आत्मा हो; मेरे दिल में तुम्हारे लिए सहानुभूति के अलावा कुछ नही है.. पर फिर भी मैं माफी चाहता हूँ.. मेरी जिंदगी से निकल जाओ.. तुमने मेरी हँसती खेलती जिंदगी बर्बाद कर दी है.. मैं पागल सा हो गया हू.. तुम्हारी बात को सच मान भी लूँ तो मुझे अब कुछ याद नही है.. फिर मैं तो किसी भी लड़की से प्यार कर सकता हूँ.. शादी कर सकता हूँ.. सच बोलूं तो मैं सुबह गीता के पापा से अपने रिश्ते के बारे में बात करना चाहता हूँ.. मैने अपनी जिंदगी में इसी लड़की के सपने देखे हैं, जिसका चोला पहने अभी तुम मेरे सामने बैठी हो.. मुझे इससे प्यार हो गया है.. तो क्यू ना मैं तनवी के आगे पिछे बेवजह चक्कर लगाने की बजाय गीता पर ही डोरे डाल लूँ..? प्लीज़.. मेरा पिछा छोड़ दो.. आज के बाद मेरी जिंदगी में मत आना.. मैं तंग आ गया हूँ तुम्हारी बातें सुनकर... मैं और कुछ जानना नही चाहता.." प्रतिक ने सीधे और निर्दयी शब्दों में अपनी बात कह दी...

तनवी का चेहरा सफेद पड़ गया.. प्रतिक को इस बार पाकर भी खो देने के भय और गुस्से के वो काँपने सी लगी," चंद्रभान.. तुम्हारे वादे का क्या होगा..?" तनवी के मुँह से कहते ही सिसकी सी निकली...

"भाड़ में गया वादा.. आइ डोंट केयर.. मुझे मरना नही है अभी.. जींसा है.. अपने लिए.. घर वालों के लिए..!"

तनवी खड़ी हो गयी," ठीक है चंद्रभान.. मैं जा रही हूँ.. आइन्दा कभी नही आऊंगी.. मैने तो ये सोचकर तुम्हे कभी खुद को हाथ भी नही लगाने दिया कि मेरे द्वारा धारण की गयी देह किसी और की है.. उसको हाथ लगवाकर मैं तुम्हे दूषित करके खुद को पाप का भागी नही बनाना चाहती थी.. अगर तुम्हे यही पसंद है तो लो, नोच डालो अभी इसको, कर लो अपनी हवस पूरी..." कहते हुए तनवी ने गुस्से से अपना गले से पकड़ कर अपना कमीज़ खींच कर तार तार कर डाला.. गीता बनी तनवी अर्धनग्न अवस्था में नज़रें झुकाए सिसकियाँ ले रही थी..

प्रतिक की आँखें शर्म से झुक गयी.. उसको यूँ नज़रें झुकाए देख तनवी ने खड़े खड़े ही बोलना शुरू कर दिया," काश तुम्हे अहसास करवा सकती कि तुम क्या थे, काश तुम्हे

चंद्रभान और दुर्गावती की मोहब्बत से रूबरू करवा पाती.. तुम्हे चंद्रभान के वादे की कीमत का अहसास होता तो तुम कभी ऐसा ना कहते, जान पर खेल जाते अपनी तनवी को अपने गले से लगाकर उसको कम से कम इस जनम में पूर्ण नारी बनाने के लिए.. बेशक उसके पास दुर्गावती का दिल नही.. फिर भी उसने चंद्रभान को किया वादा हर जनम में निभाया है.. बेशक वो तुम्हारा इंतजार नही करती.. पर किसी का भी इंतजार नही करती वो.. इस जनम में भी ऐसे ही जाएगी.. और मेरा क्या है? काश मुझे तुम्हारे दिए गये लॉकेट से भी उतनी ही मोहब्बत ना होती जितनी कि तुमसे है.. तो मेरी आत्मा मेरे दिल को भी साथ लेकर निकल जाती.. यूँ ना तड़पता रहना पड़ता मुझे.. जनम जनम तुम्हारे आने के इंतज़ार में... " तनवी ने भरभराते गले से कहा और चुपचाप सिसकियाँ लेती उसके सपने से गायब हो गयी.....

# ४

अगली सुबह बुड्ढे ने आकर प्रतिक और विपिन को उठाया.. प्रतिक के सिर में दर्द था.. रात के सपने की बातें उसके दिमाग़ में अब हतोडे की तरह बज रही थी..

"क्या बात है? ठीक तो है ना?" विपिन ने उसको इस तरह सिर पकड़ कर बैठे देखा तो पूछ लिया..

"नही भाई.. सब ठीक है.. बस ऐसे ही सिर में दर्द हो रहा है.." प्रतिक ने विपिन की और देखते हुए कहा..

"तो अब चलें या तेरी तनवी से मिलने की तमन्ना है.." बुड्ढे के वापस जाते ही विपिन ने प्रतिक को छेड़ा...

"उसका नाम भी मत ले यार मेरे सामने.." प्रतिक फट पड़ा...

"अरे मैं तुझे फोन करके टीले पर बुलाने वाली लड़की की बात नही कर रहा.. मैं इसकी बात कर रहा हूँ; गीता की.. मिली तो यही थी ना तुमसे.. काफ़ी पहले.. तू कह रहा था..." विपिन ने उसको खंगालना शुरू किया...

"अभी कुछ मत बोल यार.. प्लीज़.. मेरे सिर में दर्द है.." प्रतिक अब भी अपना सिर पकड़े बैठा था...

"चल छोड़.. तू टेंशन क्यू लेता है.. अभी निकलते ही हैं बस यहाँ से.." प्रतिक ने उस वक़्त बात को टाल दिया..

"मैं फ्रेश होकर आता हूँ यार.. टॉयलेट किधर है.. कुछ आइडिया है..?" प्रतिक खड़ा होते हुए बोला...

"बाहर निकल कर दाई तरफ सीधा चला जा.."

"शुक्रिया.." कहकर जैसे ही प्रतिक बाहर निकलने को हुआ, उनके लिए चाय बनाकर ला रही गीता उससे टकराते टकराते बची..,"ओह सॉरी..!" प्रतिक ठिठक कर खड़ा हो गया..

गीता उसके सामने सिर झुका कर खड़ी हो गयी.. क्या गजब की मिठास थी उसके चेहरे पर.. सुंदरता का प्रतीक कहें तो कोई अतिशयोक्ति ना होगी.. मारे लज्जा के उसने अभी तक अपनी आँखें उठाई ही ना थी उपेर.. एक बार भी उनसे आँखें चार नही की... काफ़ी देर तक जब प्रतिक उसको ठगा सा खड़ा देखता रहा तो उसको बोलना ही पड़ा," जी.. चाय.."

"श.. अंदर रख दो.. मैं आता हूँ अभी.. शुक्रिया!" कहकर प्रतिक उसको रास्ता देकर आगे निकल गया..

गीता चाय लेकर अंदर गयी और टेबल विपिन की और सरका कर चाय उस पर रख दी.. मुड़कर जैसे ही वा बाहर जाने के लिए पलटी.. विपिन ने उसको टोक दिया," क्या नाम है तुम्हारा?"

गीता के कदम वहीं ठिठक गये... शर्मीली थी पर पागल नही थी.. उसके बापू ने कितनी ही बार उसका नाम लिया उनके सामने.. वो समझ गयी.. लाइन मारने की फिराक में है... वह दो पल रुकी और फिर से आगे बढ़ने लगी..

"तनवी.. ये भी तुम्हारा ही नाम है ना..!" विपिन ने उसके बढ़ते कदमों पर फिर से विराम लगा दिया..

"जी.. जी नही.." गीता ने जवाब दिया..

"प्रतिक तुम्हारे लिए ही यहाँ आया है.. कोई तुम्हारा नाम लेकर उसको यहाँ बुला रही थी.. तुम मिले हो ना पहले.. वो ... तुम दोनो प्यार भी तो करते हो.." विपिन को जितना पता था.. उतना बोल दिया...

गीता को विपिन की बातें समझ में नही आई थी.. वह पलट कर कुछ बोलना चाहती थी.. पर उसकी हिम्मत ना हुई.. बिना पलटे, बिना रुके वा बाहर निकल गयी...

"अजीब लड़की है.." विपिन बड़बड़ाया... और न्यूजपेपर उठाकर पढ़ने लगा... गीता ने विपिन की आख़िर में कही गयी बातों को सुन लिया...

कुछ देर बाद प्रतिक वापस आया तो बुड्ढ़ा वहीं बैठा था... प्रतिक आते ही ठंडी हो चुकी चाय उठाने लगा तो बुड्ढे ने उसको रोक दिया," रहने दो बेटा.. ठंडी हो गयी होगी.. गीता कह रही थी वो और बनाकर ला रही है..

"ओह अंकल जी.. क्या ज़रूरत थी परेशान होने की..." प्रतिक ने अपनी बात ख़तम भी नही की थी गीता वहाँ हाजिर हो गयी.. ट्रे में एक कप चाय लेकर..

विपिन ने आँखों ही आँखों में प्रतिक की और इशारा किया.. मानो कह रहा हो.. "क्या बात है.. तुम पर तो बड़ी मेहरबान है.."

इस बार गीता सीधी आकर प्रतिक के सामने खड़ी हो गयी और ट्रे उसकी और बढ़ा दी... प्रतिक ने चेहरा उठाकर उसकी नज़रों में झाँका.. इस बार आश्चर्यजनक रूप से वो उसकी ही और देख रही थी.. आँखों में आँखें डाले.. प्रतिक उसकी आँखों में देखते ही सम्मोहित सा हो गया.. अपनी आँखों में ही जहाँ भर की खुशियाँ समेटे वा उसकी और टकटकी लगाए खड़ी रही.. जब काफ़ी देर तक प्रतिक ने ट्रे नही पकड़ी तो गीता को बोलना ही पड़ा," चाय लीजिए...!"

"हां.. शुक्रिया!" प्रतिक झेंप सा गया.. गीता के बापू वहाँ नही बैठे होते तो विपिन कोई ना कोई कॉमेंट ज़रूर करता.. उनके आँखे चार करने के अंदाज पर..

"अच्छा अंकल जी.. हम अभी निकलेंगे... बता सकते हैं कि पंक्चर लगाने वाला कहाँ मिल सकता है...?"

"क्या जल्दी है बेटा.. खाना वाना खाकर निकल जाते.." बुड्ढे ने अतिथि धर्म के नाते बात कही..

"नही अंकल जी.. पहले ही आप.. वैसे भी हम लेट हो रहे हैं.. पंक्चर भी लगवाना है.. जाने कहाँ मिलेगा... हमें आज्ञा दीजिए अब.."

"ठीक है बेटा.. जैसी तुम्हारी मर्ज़ी.. पंक्चर की एक दुकान अगले गाँव में है.." बुड्ढे ने बताया ही था कि बाहर से गीता की आवाज़ आई," बापू.. एक बार आना!"

" एक मिनिट.." बुड्ढ़ा कहकर बाहर निकल गया... प्रतिक के कप रखते ही वो दोनो भी यूँही बाहर निकल कर गाड़ी के पास आ गये..

"विपिन.. ये कैसे हुआ? तूने ढंग से देखा था ना रात को..." प्रतिक उछल पड़ा..

"क्या हुआ?"

"हवा तो देख टायर्स की..." प्रतिक जैसे चिल्ला सा रहा था...

कुर्सी पर बैठा विपिन एक गहरी साँस छोड़कर किसी मशीन की तरह चालू हो गया..

"मुझे आज अहसास हो रहा है कि दोस्त की दौलत हड़पने के चक्कर में मैं किस हद तक गिर गया हूँ.. इसके सपने पर मुझे तब भी विश्वास नही था और आज भी नही है.. पर मेरे दिमाग़ को इस बात का फायदा उठाने की हवस ने इस कदर जकड़ा की मैं गिरता ही चला गया... मैं गीता को ज़बरदस्ती अपनी बंद हो चुकी फॅक्टरी में ले गया.. वहाँ उसको डराया और अपने साथ सेक्स करने को मजबूर किया.. मैने उसकी सी.डी. बना ली थी. उसको ब्लॅकमेल करते हुए मैने उसको अपने साथ साज़िश में शामिल कर लिया.. मैं चाहता था कि वो प्रतिक के साथ शादी करके तलाक़ ले ले और क़ानूनन इसकी आधी प्रॉपर्टी की हकदार बन जाए.. फिर उस सी.डी. के दम पर सब कुछ मेरा ही होना था..

प्लान ये था कि मैं गीता से कहलवाकर प्रतिक को विश्वास दिलवाऊ कि 'गीता' ही वो 'तनवी' है जो उसके सपनो में आती है.. उसके बाद ये उससेआराम से शादी कर लेता.. पर जब इसने मुझे बताया कि इसको यहाँ भी कोई 'तनवी' मिल गयी है तो मुझे सब कुछ मिट्टी में मिरंभा नज़र आने लगा... इसीलिए मैने उसको ज़बरदस्ती यहाँ आने के लिए तैयार किया... सब ठीक चल रहा था लेकिन जब उसने मुझे बाते की प्रतिक को उसकी कहानी पर विश्वास नही हुआ तो मैं दूसरा तरीका अपनाने पर मजबूर हो गया जो पहले ही मेरे दिमाग़ में था.. मैने शाम को ही प्रतिक के कमरे में कैमेरा फिट कर दिया था. गीता को मैने बोल दिया था कि मैने प्रतिक के रूम में कैमेरा फिट कर दिया है और मैं उसकी हर हरकत पर नज़र रखूँगा... और ये भी कि अगर इसको वो सेक्स के लिए मजबूर नही कर पाई तो उसको मेरे पास सोना पड़ेगा... मैने उसको 'वो' नाइटी पहन'ने को दी और प्रतिक के पास

भेज दिया... यहीं पर मेरा दाँव उल्टा पड़ गया.. प्रतिक शायद उन कपड़ों की वजह से ही चिड गया और उसको रूम से बाहर निकाल कर उसको उसके कमरे में छोड़ आया.. बाद मैं मैने उसको कई फोन किए पर उसने फोन उठाया ही नही.. मैं उसके कमरे में गया तो 'वो' पंखे पर झूल रही थी.. नीचे लेटर रखा हुआ था.. मेरे पास अब कुछ बचा नही था.. मैने चुपचाप लेटर और उसका फोन अपनी जेब में डाला और बाहर निकल आया.. फिर भी मैं मानता हूँ कि उसका कातिल मैं ही हूँ.." कहकर विपिन फुट फुट कर रोने लगा...

कमरे में काफ़ी देर तक सन्नाटा छाया रहा.. करनवीर ने ही कुछ देर बाद चुप्पी तोड़ी," रोने से कुछ नही होगा प्रतिक! पर गीता जाते जाते तुम्हे तुम्हारी आस्तीन में पल रहे एक ज़हरीले नाग से छुटकारा दिला गयी.. इसने तो सोचा भी नही होगा कि रामपाल मुझे फोन कर देगा और ये इस तरह फँस जाएगा... इसने तो चुपचाप लाश ठिकाने लगवा देनी थी और तुम्हारा दोस्त होने का ढोंग भी करता रहता.. फिर कभी डसता...अगर ये बाहर आते हुए कुण्डी बंद करनी ना भूरंभा तो शायद मैं तुम्हारी बात पर विश्वास करके मामले को पंचनामा होने तक यूँही छोड़ देता.. और पंचनामे में तो शायद साबित हो ही जाएगा कि उसने आत्महत्या ही की है.. और कारण भी मैं यही मानता कि तुम्हारे कमरे से जलील होकर निकलने के बाद उसके पास कोई रास्ता ही नही बचा होगा..

पर तुम्हारे कुण्डी बंद करने और सुबह रामपाल को दरवाजा खुला मिलने पर ही मुझे पहली बार ये शक हुआ था कि हो सकता है कि किसी ने उसका खून कर दिया हो.. एक बात और.. आम तौर पर आत्महत्या करने वाले सभी लोग कोई ना कोई नोट छोड़ कर ज़रूर जाते हैं.. वो भी हमें वहाँ नही मिला... इससे भी मेरे इसी ख्याल को बल मिला कि हो ना हो उसका खून किया गया है.. उसके बाद इसके कमरे में गीता के कपड़े मिलना, निहायत ही कामुक नाइटी का पहनना, जो कि उसके नेचर से मेल नही खाती.. इसका उसको बतला लेकर आना.. और फिर तुम्हारे कमरे में बैठे हुए मुझे फॅन्सी लाइट के साथ कैमेरा लगा दिखाई देना; इन्न सब बातों ने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया था कि गीता को ब्लॅकमेल किया जा रहा था और बहुत पहले ही शक हो गया था कि इसी आदमी में गड़बड़ है... पर जब तक कि इसने वो कोरा कागज मेरे हाथ से नही छीना था.. मुझे विश्वास नही हो रहा था कि गुत्थी इतनी आसानी से सुलझ जाएगी.."

"खैर.. अब तुम जा सकते हो.. अगर इंसानियत के नाते इसकी जमानत का प्रबंध करवाना चाहते हो तो अप्लिकेशन लगवा देना कोर्ट में.. ना चाहो तो भी कम से कम इसके घर वालों को तो इत्तला कर ही देना..." करनवीर ने कहा और विपिन को उठाकर ले गया...

"अब यूँ मुँह लटकाए क्यू बैठे हो यार.. जो कुछ हुआ उसका हम सबको अफ़सोस है.. पर हम कर ही क्या सकते थे? गनीमत है कि उस विपिन की असलियत बेपर्दा हो गयी.. दोस्ती के नाम पर कलंक था वो!" संकेत ने प्रतिक के पास बैठ उसके कंधे पर हाथ रख लिया..

"सॉरी यार! मेरी वजह से तुम्हे ये दिन देखना पड़ा.. थाने तक जाना पड़ा. मैं माफी चाहता हूँ.." प्रतिक ने कंधे पर रखा संकेत का हाथ पकड़ लिया..

"अबे साले.. देखा सौरभ! अब ये हमें भी विपिन जैसा समझ रहा है.. ये बात कहकर तो तुमने हमें गाली सी दे दी.. हमारा क्या घिस गया..? सच्चाई ही सामने आई ना.. चल छोड़, तुझे स्पेशल चाय पिलाता हूँ पंजाब वाली..सारी टेंशन दूर हो जाएगी.. अबे रामपाल! साले चुगलखोर!" संकेत ने रामपाल को आवाज़ लगाई...

पर रामपाल वहाँ होता तो मिरंभा!

"लगता है डर के मारे भाग गया साला! वैसे काम बंदे ने एक नंबर का कर दिया.. अगर वो पोलीस को नही बुलाता तो हम तो यही समझते रहते कि गीता... " बात को पूरी किए बिना ही संकेत आगे बोला," और विपिन साफ साफ बच जाता.. फिर जाने क्या तिकड़म खेरंभा तुम्हारे साथ.. खैर तू बैठ.. मैं चाय बनाकर लाता हूँ..!"

संकेत कहकर उठने लगा तो सौरभ खड़ा हो गया,"तुम लोग बातें करो.. मैं अपने हाथ का कमाल दिखाता हूँ आज.." और किचन की तरफ चला गया...

"फिर अब क्या सोचा है?" संकेत वापस उसके पास बैठते हुए बोला.. धीरज का दिमाग़ बहुत ज़्यादा खराब था.. पास ही सोफे पर पसरा हुआ वो अपने चेहरे को रुमाल से ढके लेटा हुआ सा था....

"अब करने को बचा ही क्या है? गीता के पापा को बताना पड़ेगा..." प्रतिक की आँखें भर आई..," फिर वही जिंदगी काटनी है यार... सुबह कॉलेज.. शाम को घर!"

"क्यू? अपनी तनवी को भूल जाएगा क्या? उसको ऐसे ही तड़पति रहने देगा अब?" संकेत को लगा जैसे वह तनवी को तो भूल ही गया है..

"अब सोचने को क्या बचा यार.. अब तो सब साफ हो ही गया कि ये विपिन की साज़िश थी.. सपने भी उसी की वजह से आते होंगे..." प्रतिक ने यूँही मुँह लटकाए हुए कहा...

धीरज उसकी बात सुनते ही उछल बैठा,"अबे साले.. मुझे डमरू कहता है; खुद तूने कभी दिमाग़ का यूज़ किया है कि नही.. या वो है ही नही तेरे अंदर.. विपिन ने साज़िश तेरे उसको सपने के बारे में बताने के बाद शुरू की.. गीता की बात साज़िश हो सकती है.. उसके सपनों की बात झूठी हो सकती है.. हो क्या सकती है, झूठी ही थी... पर तेरे सपने तो किसी की साज़िश नही है ना.. वो तो सच ही हैं.. और जो घर तू सपने में देखता था.. वैसा ही घर तू तनवी का बता रहा है.. अब तो ये साफ हो गया ना कि यही वो लड़की है जिसका तुझसे जनम जनम का संबंध है.. कहाँ से सोच रहा है तू.."

"हां.. यार.. मेरा तो कल से दिमाग़ ही खराब है.. एक्चुअली सुबह ये सब देखने के बाद कुछ और सोच ही नही पाया.. जो कल रात को सोच रहा था वही अब तक सोच रहा हूँ.. इसका मतलब 'तनवी' है!" प्रतिक की आँखों में हल्की सी चमक आ गयी...

"नही नही.. तनवी कहाँ है..!" धीरज मुँह कड़वा सा करके बोला," मैने तुझे कल भी बोला था.. कि मुझे विपिन के मन में खोट लग रहा है.. पर तूने मेरी बात सुनी ही नही.. विपिन के कहानी में इतना इंटेरेस्ट लेने की जो बात इनस्पेक्टर कह रहा था.. वही बात तुझसे मैं करना चाहता था.. इन्फेक्ट वो मुझे मार्केट में जब कहानी बता रहा था.. तभी मुझे शक हो गया था कि विपिन झूठ बोल रहा है.. और झूठ भी अपनी मर्ज़ी से.. पर यहाँ सुनता कौन है मेरी.. चली गयी ना बेचारी गीता!" धीरज की आँखें लाल हो गयी...

"छोड़ो यार! जो हुआ सो हुआ!" संकेत ने धीरज को शांत करने की कोशिश की...

"ऐसे कैसे छोड़ सकते हैं मिस्टर. संकेत!" कमरे में इनस्पेक्टर करनवीर ने प्रवेश किया तो तीनो चौंक कर खड़े हो गये..," आइए इनस्पेक्टर साहब!" संकेत उसका स्वागत सा करता हुआ बोला...

"लेटर पढ़ कर मेरा दिमाग़ खराब हो गया है.. इसीलिए मुझे यहाँ आना पड़ा.. सॉरी!" करनवीर ने मुस्कुराते हुए कहा..

"अरे जब चाहिए आइए.. आपका ही घर है.. पर आप तो कह रहे थे कि लेटर नही था.. सिर्फ़ एक कोरा कागज ही था जो आप हमारे सामने पढ़ रहे थे..!" संकेत ने उत्सुक होकर पूछा...

तभी कमरे में ट्रे उठाए हुए सौरभ ने प्रवेश किया.. इनस्पेक्टर को बैठे देख एक बार उसके कदम ठिठके.. फिर चुपचाप आकर टेबल पर चाय रख दी..

"शुक्रिया! बड़ी देर से इच्छा हो रही थी... रामपाल भाग गया क्या?" करनवीर ने एक कप उठाते हुए सौरभ के चेहरे की और देखकर कहा...

"जी.. उसने सोचा होगा कि.." संकेत अपनी बात पूरी करता इससे पहले ही इनस्पेक्टर बोल पड़ा," डोंटवरी.. शाम तक वापस आ जाएगा.. वैसे तुम सब को तो खुशी ही हो रही होगी कि विपिन की असलियत का पता लग गया...

"जी बिल्कुल!" इस बार प्रतिक बोला," पर वो लेटर के बारे में आप क्या कह रहे हो..."

"हम्मम.. दरअसल जो लेटर गीता ने लिखा था, वो हमें विपिन की तलाशी लेते हुए उसकी जेब से मिला.. ये लो.. पढ़ो ज़रा लेटर को.. उस की कॉपी है.." करनवीर ने लेटर प्रतिक को पकड़ा दिया...

छोटा छोटा लिखा हुआ था.. शायद कागज गीता के पास कम था... प्रतिक उसमें आँखें जमाकर उसको बोल कर पढ़ने लगा..

*"प्यारे प्रतिक!*

*सुबह जब आप सोकर उठेंगे तो मैं इस दुनिया में आपको नही मिलूंगी. निहायत ही शर्मनाक हरकत की मैने आपके साथ; मेरा भी दिल रो रहा था उस वक़्त. प्लीज़ मुझे माफ़ कर देना. सब मेरी मजबूरी थी. मजबूरी भी ऐसी की बता नही सकती. वरना मेरे 'बापू' जीते जी मर जाएँगे. पर मैं आपसे बे-इंतहा प्यार करती हूँ, और आपकी नज़रों का अब सामना नही कर सकती. इसीलिए दुनिया छोड़ कर जा रही हूँ*

*हो सके तो मेरे बापू के पास चले जाना. जीते जी मैने कोई ऐसा काम अपनी मर्ज़ी से नही किया जो उनके मान सम्मान को ठेस पहुँचाए. मरने के बाद 'कोई' मुझे बदनाम कर सकता है. हो सके तो उनको संभाल लेना!*

*कहते हैं कि भगवान की मर्ज़ी के बिना तो पत्ता भी नही हिरंभा. भगवान मिलेंगे तो उनसे कुछ बातें पूछूंगी. मेरे साथ ऐसा क्यू हुआ? कौनसे कर्मों की सज़ा मिली मुझे? मैने तो कभी किसी की तरफ नज़र उठाकर भी नही देखा, किसी के बारे में सोचा तक नही, सिवाय आपके. फिर मुझे आप के सामने ही जलील क्यू करवाया? क्यू नही उन्होने पहले ही मुझे उठा लिया अपनी गोद में.. उन्होने ये 'प्यार' बनाया ही क्यू? और बनाया भी तो हर बार अधूरा ही क्यू छोड़ दिया, क्यू नही मिलने देते वो प्यार करने वालों को..?*

*फिर प्रार्थना करूँगी उनसे.. इस जनम में तनवी का प्यार उसको दे दें. और अगले जनम में मुझे मेरा अधूरा प्यार! तुम्हारी हो चुकी हूँ, इंतजार करूँगी; अगले जनम में!*

*गीता"*

सभी की आँखें नाम हो गयी थी.. सिवाय करनवीर के," तुम गीता से कितनी बार मिले थे प्रतिक?"

"जी, बस दो बार.. एक बार उसके घर पर, और एक बार कल रात को!" प्रतिक ने रुमाल निकाल अपनी आँखें पोंछते हुए कहा....

"तुम्हारे बीच कुछ बातें भी हुई थी क्या? आइ मीन, रोमँटिक.. प्यार भरी..!" करनवीर ने पूछा...

"जी नही.. जो भी हुई थी, या तो कल दिन में हुई थी.." प्रतिक कुछ देर रुका और फिर फट सा पड़ा,"या फिर रात में.." कहता हुआ प्रतिक बिलखने लगा.. रात को उसने गीता के साथ जैसा व्यवहार किया, उसको याद करके....

"कूल डाउन ..... लाइफ में सब कुछ होता रहता है.. तुम्हारी जगह कोई भी शरीफ इंसान होता, तो वो भी यही करता.. तुम्हे थोड़े ही पता था कि वह मजबूरी में वो सब कर रही है.. पर ये एक ही बात मेरी समझ में नही आई अभी तक! मैं वहीं जानने आया हूँ..." करनवीर ने उसको खुद को संभालने की सलाह दी..

"क्या?" प्रतिक बोला..

" मैने कभी प्यार किया नही है.. पर जहाँ तक मेरा ख़याल है.. प्यार तो धीरे धीरे होता है.. खास तौर पर इतना प्यार की कोई किसी की नज़रों से गिर जाने पर स्यूयिसाइड ही कर ले.. उसके पास और भी रास्ते थे.. विपिन 'केमरे' में देख ही लेता कि गीता ने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की.. फिर वह जैसे चल रहा था.. वैसे भी चलने दे सकती थी.. जान देना तो आख़िरी हथियार होता और वो तो कभी भी कर सकती थी.. अगर कोई रास्ता ना बचता तो?" करनवीर ने कहा," और सबसे खास बात, गीता को प्यार कब हो गया प्रतिक से.. अगर वह इससे कभी घुली मिली ही नही.. समय नही गुज़ारा साथ!"

इस बार संकेत खुद को बोलने से नही रोक सका," सच कह रहे हो इनस्पेक्टर साहब.. 'प्यार' किए बिना पता ही नही चरंभा कि 'साला' ये होता क्या है.. इत्ता छोटा सा नाम है.. पर इसमें रंग इतने भरे हुए हैं कि आदमी सिर्फ़ अपने प्यार को समझ सकता है.. दूसरे के प्यार को नही.. "

"कभी कभी हम सालों साथ रह जाते हैं और पता ही नही चरंभा की हमें 'प्यार' हो गया है.. जुदा होने के बाद हमें अहसास होता है कि 'उसके' बिना जींसा कितना मुश्किल है.. तब हमें पता चरंभा है कि हमें तो प्यार हो गया था.."

"कभी कभी पहली नज़र में ही हमें प्यार हो जाता है और हम समझ जाते हैं कि 'यही' प्यार है.. बोलना चाहते हैं, पर कभी बोल ही नही पाते.. जाने क्यू उसके सामने कभी ज़ुबान ही नही खुलती.. और जब खुलती है तो अलग होना हमारी मजबूरी बन चुका होता है.."

"एक तरफ़ा प्यार भी होता है.. हम पागल होकर किसी के पीछे लग जाते हैं और लाख जतन करके भी उसको अहसास ही नही करा पाते की 'वो' हमारे लिए क्या है.. उसके लिए सब कुछ छोड़ देते हैं.. अपनी मंज़िल, मा-बाप के सपने, सब कुछ भूल कर सिर्फ़ एक ही चीज़ याद रहती है,'उसका नाम!' अपना सब कुछ बर्बाद करने के बाद भी हमें कभी पचहतावा नही होता कि उसने हमारे प्यार को तवज्जो नही दी.. और छोड़ कर चली गयी..."

"कभी कभी 'उसकी' नफ़रत से भी हमें प्यार हो जाता है.. और हम सामने वाले पर उसकी नफ़रत के बावजूद उस पर जान लुटाने को तैयार रहते हैं.. 'पतंगा' क्या अग्नि से निकलने वाली आँच महसूस करके झुलस्ता नही होगा.. पर फिर भी वो 'उसमें' जान दिए बगैर मानता नही.. ये भी प्यार ही है.."

"गीता का प्यार प्रतिक की नफ़रत से ही पैदा हुआ होगा.. इसकी ऐसी नफ़रत जिसने प्रतिक के व्यक्तिताव को उसकी नज़रों में कहीं ऊँचा उठा दिया.. इसने उसके खुद को इसको सौंपने पर भी 'प्यार' नाम की कद्र रखी.. और उसको हाथ नही लगाया... वह आई यहाँ मजबूरी में थी.. पर प्रतिक की इंसानियत देख वह इस पर मर मिटी.. उसने दोनो तरह के लोग देख लिए; विपिन जैसे भी और फिर प्रतिक जैसे भी.. प्यार होता कैसे नही प्रतिक से!"

"प्यार..." संकेत बिना रुके बोरंभा ही जा रहा था कि करनवीर ने उसको टोक दिया," तुमने 'प्यार' में पीएचडी कर रखी है क्या? या कोई 'लवगुरू' हो?"

"नही इनस्पेक्टर साहब! प्यार का कोई गुरु कैसे हो सकता है. प्यार ही पैदा करता है और प्यार ही जान ले लेता है.. प्यार ही सब कुछ सिखाता है और प्यार ही सब कुछ भूलने पर

मजबूर करता है.. प्यार ही आदमी को खड़ा करता है और प्यार ही गिरा देता है.. सारी दुनिया उसकी गुलाम है.. सारी दुनिया उसके ही कारण चल रही है.. प्यार ही सबका गुरु है..." संकेत ने गहरी साँस छोड़ी...

"उफ़फ्फ़.. मैं तो तुम्हे ऐसे ही समझ रहा था यार.. तुम तो कमाल हो.. माइ नेम ईज़ करनवीर, नाइस टू मीट यू !" करनवीर ने संकेत की और हाथ बढ़ाते हुए कहा.. संकेत ने दोनो हाथों में उसका हाथ पकड़ लिया...

"अब चलने का टाइम हो गया...... जल्द ही मिलूँगा तुमसे.. मुझे भी प्यार करके देखना है यार.. हा हा हा" करनवीर ने कहा और बाहर निकल गया...

# २०

"अरे अक्षरा! आज कॉलेज नही जाना क्या?" मम्मी ने नीचे से आवाज़ लगाई...

"जा रही हूँ मम्मी जी! बस निहारिका आ जाए एक बार!" तनवी ने उपर से ही आवाज़ लगाकर जवाब दिया और परदा हटाकर सामने सड़क की और देखा. निहारिका का घर सामने वाली गली में कुछ घर छोड़ कर ही था. उसे जब निहारिका आती नही दिखाई तो सीढ़ियों से तेज़ी से उतरती हुई नीचे आई और निहारिका के घर फोन मिलाया,"हेलो, नमस्ते आंटिजी!"

"नमस्ते बेटी!" फोन पर शायद निहारिका की मम्मी थी..

"आई नही निहारिका अभी तक.. मैं वेट कर रही हूँ उसका.." तनवी ने पूछा...

"बस अभी अभी निकली है बेटी.. देख.. पहुँच गयी होगी.." उधर से जवाब मिला ही था कि डोर बेल बज उठी.

"लगता है आ गयी.. अच्छा आंटीजी!" कहकर तनवी ने फोन रखा और अपनी किताबें उठा कर बाहर की ओर निकल गयी.. निहारिका दरवाजे पर ही खड़ी उसका इंतजार कर रही थी..

"कर दिया ना क्लास से लेट.. क्या कर रही थी अभी तक तू?" तनवी ने बाहर निकलते ही निहारिका से शिकायती लहजे में कहा..

"अरे मैं आई थी यार.. तुझे पता है.. वो दोनो आज फिर चौंक पर खड़े थे.. मैं वापस चली गयी.. खामखा आज फिर पंगा खड़ा कर देते.. कोई भरोसा नही उस बंदर का..." निहारिका ने तनवी के साथ साथ चलते हुए मुँह सा बनाकर कहा..

"कौन दोनो? किसकी बात कर रही है तू?" तनवी ने आश्चर्य से पूछा...

"अरे वही यार.. जिनका फोन गुम गया था बस में.. आज फिर यहाँ आए हुए थे.. पता नही क्या प्राब्लम है..?" निहारिका ने जवाब देते हुए कॉलेज के सामने वाली सड़क पार करने के

लिए दोनो और देखा," ओह माइ गोड! वो खड़े दोनो.. चल सीधी चल.. !"

दोनों ने तेज़ी से सड़क पार की और कॉलेज में घुस गयी...

"तनवी को नज़र भर देख लेने से ही मेरी सारी थकान मिट गयी यार" प्रतिक ने कलेजे पर हाथ रखते हुए धीरज को कहा...

"तू थकान मिटाने आया था या बात करने.. अगर तू यूँही ५० गज दूर खड़ा होकर उसके खुद तेरे पास आने का इंतजार करता रहा ना तो इस जनम में भी बेचारी यूँही चली जाएगी.. मैने कहा था ना गेट पर खड़ा होने के लिए.. तब तो तेरी फट गयी..." धीरज उसको खींचते हुए गेट की तरफ ले गया....

" पर यार, ये अच्छा नही लगता.. समझा कर.. संकेत ने बोला है ना राधा को.. वो कर लेगी बात!" प्रतिक ने उसको वापस खींच लिया..," चल चलते हैं वापस!"

"अरे अक्षरा! तू अब आई है.. तुझे कोई पूछ रहा था..." उनको देखकर एक लड़की उनके पास आ गयी....

"कौन? और तू बाहर क्या कर रही है.. क्लास में नही गयी क्या?" तनवी ने सामने से आ रही लड़की को देखकर पूछा...

"गयी थी यार.. सिर्फ़ १ मिनिट लेट थी, सर ने निकल दिया.. तुम भी मत जाना.. कोई फायदा नही अब!" लड़की ने जवाब दिया..

उन दोनो का मुँह लटक गया.. साथ वाले पार्क में बैठते ही तनवी ने पूछा..," कौन पूछ रहा था मुझे..?"

"पता नही यार.. कोई अंजान लड़की थी.. पहले तनवी करके पूछा.. फिर अक्षरा करके.. तनवी भी तेरा ही नाम है क्या?" लड़की ने जवाब देकर सवाल किया....

"नही! मेरा नाम अक्षरा ही है..!" तनवी ने कहते हुए पूछा," कॉलेज की नही थी क्या?"

"कॉलेज की होती तो मैं पहचान ही ना लेती.. कोई बाहर से आई थी.. तुम्हारा घर भी पूछ रही थी.. मैने बता दिया... शायद इस शहर की ही नही थी वो.. हरयाणा साइड का पुट था आवाज़ में...!"

"कौन हो सकती है ?" तनवी दिमाग़ पर ज़ोर लगाकर सोचने ही लगी थी कि एक और लड़की सामने से उनकी और ही आ रही थी..," हाई!"

"हाई सोना! क्या हाल हैं?" निहारिका और तनवी ने लगभग एक साथ पूछा..

"मैं तो ठीक हूँ.. 'वो मिली क्या?" रीमा ने उनके पास बैठते हुए कहा...

"कौन?" निहारिका ने पूछा..

"पता नही.. एक सुंदर सी लड़की सुबह सुबह तुम्हे पूछती फिर रही थी.." रीमा ने जवाब दिया...

तनवी अपनी उंगली को दाँतों के बीच दे कर अपने नाख़ून कुतरने लगी और अपनी आँखों को सोचने के अंदाज में चौड़ी कर लिया..," हद है यार.. कौन हो सकती है..?"

"तू छोड़ ना.. जो कोई भी होगी.. घर बता दिया ना उसने!" निहारिका ने तनवी के सिर पर हाथ मारा..

"आ अक्षरा! इधर आना एक बार!" कॉलेज के अंदर की तरफ से आ रही शीतल ने उनसे थोड़ा दूर खड़े होकर ही तनवी को पुकारा..

"हम्मम.. आ रही हूँ!" तनवी ने कॉपी उठाई और शीतल के पास आकर खड़ी हो गयी..," अब तू भी ये मत कहना कि मुझे कोई ढूँढ रही थी.."

"हाँ.. पर तुझे कैसे पता?" शीतल ने पलट कर कहा...

"बस पता लग गया.. हर किसी से उसने ये बात पूछि है शायद! चल छोड़.. कुछ और भी काम था क्या?"

"हाँ.. तेरे पास टाइम है ना?" शीतल ने उसका हाथ पकड़ कर कहा...

"हां बोल! ये पीरियड तो खाली ही समझ!" तनवी ने कहा और उसके साथ साथ चलने लगी....

"तेरा नाम तनवी भी है ना?" शीतल ने यहीं से बात शुरू की...

"कितनी बार कहूँ यार.. कोई मुझे तनवी ना कहा करो.. मेरा नाम अक्षरा है अक्षरा!" तनवी चिड सी गयी...

"गुस्सा क्यू होती है? तुझे पसंद नही तो कॉपी पर क्यू लिखा हुआ है?" शीतल ने कॉपी पर लिखे नाम की और इशारा किया...

"हे भगवान! ये किसने लिख दिया...? तनवी ने झट से पेन निकाला और पूरे नाम को मिटा दिया..," मेरे साथ ऐसा मज़ाक मत किया करो यार.. प्लीज़!"

"मैने क्या किया है अक्षरा? मैने तो सिर्फ़ लिखा दिखाया है.. 'वो लड़की भी पहले तनवी ही पूछ रही थी.. जब मेरी समझ में नही आया तो उसने अक्षरा कहा.. घर पूछ रही थी तेरा.. पर मुझे पता ही नही था.. खैर मुझे तुझसे कोई और बात करनी है..!" शीतल ने उसका हाथ पकड़ा और पार्क के एक कोने में अपने सटक उसको भी बिठा लिया...

"बोल!" तनवी का मूड खराब हो गया था...

" देख मुझे पता है तुझे ये सब पसंद नही.. फिर भी, सुन लेना पूरी बात.. बीच में उठकर मत भागना.." शीतल ने भूमिका बाँधी...

"ऐसी क्या बात है? बोल ना!" तनवी ने उत्सुकतावश उसकी तरफ देखा...

" वो....... कोई तेरे लिए ५०० किलोमीटर से चलकर आया है.. पूरी बात सुन लेगी ना!"

"कौन आया है? क्या कह रही है तू.. अब पहेलियाँ मत बुझा.. जो बोलना है.. एक लाइन में बोल दे..." तनवी बात जानने के लिए जिज्ञासु सी हो गयी...

"प्रतिक! बहुत प्यार करता है तुझसे... सुन तो!" उठकर भाग रही तनवी का हाथ पकड़कर शीतल ने वापस खींच लिया," मैने पहले ही कहा था कि तू पूरी बात सुन लेना एक बार! फिर तेरी मर्ज़ी है..."

"और कोई भी बात कर ले.. पर ये बकवास बातें मुझे पसंद नही.. क्या होता है प्यार? ५०० किलोमीटर दूर से किसी को मुझसे प्यार हो गया.. उसको कोई सपना आया था क्या मेरा!" तनवी ने व्यंग्य किया...

"हां.. सपने ही आते हैं उसको तेरे.. तभी आया है वो यहाँ पर.. पता है तुझे या सब अच्छा क्यू नही लगता? तेरे सीने में दिल नही है.. इसीलिए!" शीतल ने स्पष्ट करने की कोशिश की....

"हा हा हा हा.. मेरे सीने में दिल नही है.. व्हाट ए जोक यार.. फिर मैं जिंदा कैसे हूँ.. ये क्या धड़क रहा है मेरे दिल में..." तनवी ने अपना दायां हाथ सीने पर रखकर अपनी धड़कन को महसूस किया..,"आज तो फर्स्ट एप्रिल भी नही है.. फिर क्या इरादा है तेरा.." तनवी अब तक हंस रही थी...

"तू मेरी बात को सीरीयस क्यू नही ले रही...!" शीतल ने तनवी के दोनो कंधे पकड़े और उसको झकझोर दिया...

"क्या सीरीयस लूँ यार तेरी बातों को.. कौनसी सदि में जी रही है तू.. अब ये कोई बात हुई की मेरे सीने में दिल नही है... ५०० किलोमीटर दूर बैठे किसी को मेरे सपने आते हैं.. उसको मुझसे प्यार हो गया है.. हा!" तनवी उसकी बातों से चिडती हुई बोली...

"यार, दिल से मेरा मतलब फीलिंग्स से है.. तू एक बार उससे मिल ले बस! तुझे सब समझ आ जाएगा...!" शीतल ने ज़ोर देकर कहा....

" किससे मिल लूँ? कहाँ मिल लूँ?" तनवी ने मजबूर होकर कहा...

"आ.. मेरे साथ तू एक बार कॉलेज के गेट तक आ!" शीतल तनवी को उठाकर लगभग ज़बरदस्ती खींचती हुई कॉलेज के गेट पर ले गयी.. प्रतिक और धीरज को जैसे ही तनवी ने

अपनी और आते देखा.. उसकी घिग्गी बँध गयी.. अपना हाथ छुड़ाकर भागती हुई वापस अंदर आई और ज़ोर ज़ोर से हँसने लगी....

"क्या हुआ? तू भाग क्यू आई..?" शीतल उसके पिछे पिछे आई और गुस्से से उसको देखने लगी....

"ये..." तनवी अब भी ज़ोर ज़ोर से हंस रही थी..," इसको आते हैं मेरे सपने.. अरे तेरा उल्लू बना दिया... इनको हम बस में मिले थे..अमृतसर से आते हुए.. तब से पिछे पड़ें हैं.. हा हा हा हा..."

# २१

"क्या हुआ? बात हुई क्या उससे?" संकेत जैसे घर पर प्रतिक और धीरज का ही इंतजार कर रहा था," बात बनी कि नही?"

प्रतिक ने आकर बिस्तर पर पसरते हुए अपना सिर 'ना' में हिला दिया," गेट तक आई थी.. वापस भाग गयी.. एक और लड़की थी उसके साथ!" प्रतिक ने सीधा लेटकर अपने चेहरे को तकिये से ढक लिया...

"मैने तो बोला था इसको.. सीधी बात करनी चाहिए थी.. जनाब तो गेट के पास खड़ा होने से भी डर रहे थे.. ऐसे बात थोड़े ही बनती है यार..." धीरज हताश होता हुआ बोला...

संकेत धीरज की और देखकर मुस्कुराया,"बन जाएगी यार.. पर सब्र तो करना पड़ेगा ना.. ये काम इतनी जल्दी नही होने वाला है.. एक मिनिट! मैं राधा से बात करता हूँ!" कहकर संकेत ने फोन निकाल लिया....

"हेलो!"

"हाँ संकेत, बोलो!"

"क्या रहा? क्या बात हुई अक्षरा से?" संकेत ने सीधे बात पर ही आते हुए पूछा....

"वो... मैं आजकल कॉलेज नही जा रही.. मैने शीतल को बोला था बात करने के लिए.. सब समझा भी दिया था उसको! उसका नंबर. देती हूँ.. तुम उसी से बात कर लो.." राधा ने जवाब दिया...

"हम्म.. लाओ! दो नंबर." संकेत ने कहते हुए नंबर. नोट करने के लिए प्रतिक का फोन उठा लिया...

राधा ने संकेत को शीतल का नंबर. लिखवा दिया," एक मिनिट संकेत! क्या इस सबके लिए सौरभ नही फोन नही कर सकता उसको?"

"हां हाँ! मुझे क्या प्राब्लम है..? सौरभ कर लेगा! कोई खास वजह है क्या?" संकेत ने पूछा....

"नही.. बस ऐसे ही.. वो.. वो उससे बात भी करना चाहती है..." राधा ने टालते टालते भी बात कह ही दी...

"ठीक है! मैं अभी उसको बोल देता हूँ... वो बात कर लेगा!" संकेत मुस्कुराया और फोन काट दिया..

"एक मिनिट! मैं सौरभ को उठाकर लाता हूँ... शीतल ने बात की हैं तनवी के साथ.. वोही बताएगी क्या पोज़िशन है?" संकेत ने कहा और बाहर निकल गया...

"क्या बात है बे? तू तो सेट्टिंग कर भी आया और मुझे बताया तक नही!" संकेत ने दूसरे कमरे में घुसते ही सो रहे सौरभ को पकड़ कर ज़ोर से हिला दिया.. सौरभ हड़बड़कर उठ बैठा," क्या? ... क्या हुआ?"

"ले.. ये ले तेरी शीतल का नंबर., उसको तुझसे बात करनी हैं.. और हां.. ये पूछना मत भूलना की तनवी का क्या रेपोंस रहा.." संकेत ने सौरभ का फोन उठा शीतल का नंबर. डाइयल किया और फोन सौरभ को पकड़ा दिया..

सौरभ ने फोन काटा और संकेत को घूर्ने लगा....

"जा रहा हूँ साले.. करले फोन अकेले अकेले.." संकेत हंसा और बाहर निकल गया...

शीतल के बारे में सोचते ही सौरभ की धड़कने बढ़ गयी.. 'आख़िर क्या बात करनी हैं उसको' सोचते हुए सौरभ ने दरवाजा अंदर से बंद किया और रिडाइयल करके फोन कान से लगा लिया..

"हेलो!" शीतल की मीठी सी आवाज़ फोन पर उभरी..

"हाई शिल्ल्लपा! मैं, ... सौरभ!" सौरभ ने आवाज़ से शीतल का परिचय करवाया..

"ओह्ह.. हाई! .... आपके पास मेरा नंबर. कहाँ से आया..?" शीतल की ज़ुबान लड़खड़ा गयी...

"मुझे तो यही बताया गया है कि आपको मुझसे कुछ बातें करनी हैं.. इसीलिए मैं तो समझा की आपने ही दिया होगा!" सौरभ ने आराम से बिस्तर पर पसरते हुए कहा...

"नही तो.. मैने तो कोई... मतलब.. मुझे तो..." शीतल ने कई तरह से अपनी बात पूरी करने की कोशिश की.. पर कर नही पाई.. कँटीन में लगे शीशे के सामने खड़ी हो अपने आपको यूँ निहारने लगी मानो सौरभ उसको देखने ही आ रहा हो...

"सॉरी देन! होप आइ डिड्न'ट डिस्टर्ब यू.. आइन्दा ऐसी ग़लती नही करूँगा..." सौरभ ने उसकी ना-नुकर पर रूठ जाने का नाटक सा किया....

"नही.. नही.. मेरा मतलब था.. हां.. मुझे.. मुझे करनी थी बात.. वो..." शीतल के मुँह से अनायास ही निकल गया...

"शुक्रिया!... वो क्या?" सौरभ मन ही मन मुस्कुराता हुआ बोला...

"वो... कब जा रहे हो यहाँ से?" शीतल को और कुछ सूझा ही नही....

"कहो तो... आज ही निकल जाऊ?" सौरभ ने अपने होंटो पर जीभ फेरते हुए आँखें बंद कर शीतल का सलोना चेहरा याद किया...

"नही.. नही.. मेरा मतलब है कि...." शीतल फिर रुक गयी...

"हम्म.. बोलो भी अब.. बोल भी दो यार!" सौरभ के दिमाग़ पर मस्ती सवार हो गयी...

"क्कक्या?" शीतल हड़बड़ी के साथ बोली...

"और कुछ नही तो 'आइ लव यू!' ही बोल दो..." सौरभ कहकर हँसने लगा..

"क्कैसे.. मतलब..." शीतल की हालत फोन पर ही खराब हो गयी...

"मतलब में ही उलझी रहोगी या कुछ काम की बात भी करोगी.." सौरभ ने फिर उसको छेड़ा...

"क्क्या बात... करनी हैं.. मेरी समझ में नही आ रहा.." शीतल की साँसे उखाड़ने लगी थी.. उसकी समझ में ही नही आ रहा था की क्या बोले और क्या नही...

"वही.. वो तनवी ने क्या जवाब दिया.. प्रतिक के बारे में..." सौरभ के इस सवाल को सुनते ही शीतल का ध्यान खुद पर से हटकर तनवी पर चला गया... और इसी के साथ वा सामान्य भी हो गयी.....

"ओह्ह! शी ईज़ इंपॉसिबल सौरभ. मैने उसको समझाने के क्या क्या नही किया! पर उससे इस बारे में बात करना ही बेकार है... पहली बात तो वो मानती ही नही की 'प्यार-प्रेम' जैसा कुछ वास्तव में होता भी है.. दूसरे प्रतिक के बारे में वो समझती है कि 'वो' बस में मिलने के बाद से ही उसके पीछे पड़ा है.. 'सपने' वाली बात उसको 'ड्रामे' से ज़्यादा कुछ नही लगी..."

"कुछ उम्मीद है अभी...तुम्हारी तरफ से..?" सौरभ ने भी संजीदा होकर पूछा..

"मुझे नही लगता उस पर कोई फ़र्क़ पड़ेगा.. पर तुम कहो तो मैं एक बार और कोशिश करूँ!" शीतल ने सौरभ की बात को तवज्जो देते हुए कहा...

"नही.. अभी रहने दो.. अगर ज़रूरत पड़ी तो मैं बता दूँगा... बाइ दा वे, शुक्रिया!"

"ये.. कैसी बात कर रहे हो.." शीतल ने बात पूरी भी नही की थी कि फोन कट गया.. फोन सौरभ ने जानबूझ कर काटा था.. उसको विश्वास था कि अगर 'कुछ' होगा तो फोन वापस ज़रूर आएगा.. और उसका विश्वास सही निकला...

"फोन क्यू काट दिया था" शीतल हताश सी होकर बोली...

"मुझे लगा बात हो गयी है.. सॉरी!" सौरभ ने कहा...

"नही.. हां.. मेरा मतलब था कि.... " शीतल फिर अटकने लगी...

"क्या बात है.. बोलो भी..?"

"हम.... वो... एक बार मिल सकते हैं क्या?" शीतल ने हड़बड़ाहट में जल्दी से कहा और जवाब को दिल की गहराई तक उतारने के लिए अपनी आँखें बंद कर ली...

"हां.. क्यू नही? पर कहाँ...?" सौरभ का दिल मचल उठा....

"कहीं भी.. जहाँ तुम कहो!" शीतल की खुशी का कोई ठिकाना नही था...

"ओके! मैं बाद में फोन करता हूँ.. और कुछ?" सौरभ ने कहकर फोन को चूम लिया.. इस चुंबन की आहत शीतल को अपने कानो में सुनाई पड़ी...

"आइ लव यू!" शीतल ने झट से कहा और जवाब सुनने से पहले ही फोन काट दिया....

# २२

"मम्मी! कोई लड़की आई थी क्या?" तनवी ने घर के अंदर घुसते ही दरवाजा बंद करते हुए पूछा...

"नही तो! किसी को आना था क्या अक्षरा?" दरवाजा खोलकर वापस अंदर जा रही मम्मी जी पलट गयी...

"नही.. पर कॉलेज में कोई मुझे पूछ रही थी.. इसीलिए.." तनवी ने आनमने ढंग से जवाब दिया और उपर चढ़ने लगी...

"अरे.. खाना तो खा ले बेटी.. सुबह भी ऐसे ही निकल गयी थी तू!" मम्मी जी ने नीचे से आवाज़ लगाई....

"आ रही हूँ मम्मी! ज़रा कपड़े बदल लूँ..." तनवी ने जवाब दिया और उपर कमरे में घुस गयी..

अंदर घुसते ही उसकी निगाह टेबल पर पेपर वेट के नीचे फड्फाडा रहे कागज पर जाकर जम गयी.. उत्सुकता से उसने कागज निकाला और यूँही पढ़ने लगी.. पर जैसे जैसे वह पहली लाइन से दूसरी और दूसरी से तीसरी लाइन पर पहुँची.. उसके हाथ पैर जमने लगे और वह उसमें लिखे शब्दों के जाल में उलझती चली गयी...

***"नाम बदल लेने से तकदीर नही बदल जाती तनवी! और खास तौर से तब; जब तकदीर की 'वो' गाढ़ी रेखायें सदियों पुराने इश्क़ का गला घोंट कर एक दूसरे के लिए प्यासी दो आत्माओ के एक हो चुके लहू में डुबोकर सातवें आसमान से भी उपर लिखी गयी हों."***

तनवी अचंभित सी उस कागज के टुकड़े को निहारती रही, फिर दनदनाती हुई नीचे की और भागी..

"मम्मी! कौन गया था उपर? कौन आया था घर में?" तनवी का चेहरा गुस्से से तमतमा रहा था...

"बता तो रही हूँ, कोई नही आया.. मैं तो सुबह से ही यहाँ हूँ.. क्या हो गया?" मम्मी ने बेफिक्री वाले अंदाज में बैठे बैठे ही कहा...

बिना कुछ बोले तनवी बाहर निकली और दूसरी गली पर लगे गेट की कुण्डी देखी.. पर वहाँ तो ताला लगा हुआ था...

'उनकी इतनी हिम्मत हो गयी कि दीवार फांदकर चोरों की तरह घर में घुसने लगे' बड़बड़ाती हुई तनवी ने कागज के टुकड़े टुकड़े किए और डस्टबिन में फैंक वापस उपर चली गयी...

"सीसी...क्क्क...कौन.. है?" तनवी जड़ सी होकर कमरे से अटॅच्ड बाथरूम के दरवाजे के सामने खड़ी हो डर के मारे सूखे पत्ते की तरह काँपने लगी.. दोबारा उसकी हिम्मत दरवाजे को छूने तक की नही हुई...

"मम्म्मममय्ययययययययययययी" अचानक तनवी की इश्स चीख से पूरा का पूरा घर दहल गया...

तनवी की आवाज़ सुनकर मम्मी जी बदहवास सी दौड़ी दौड़ी उपर आई.. देखा; तनवी दरवाजे के सामने ही खड़ी खड़ी काँप रही थी...," क्या हुआ अक्षरा? क्या हुआ बेटी?" किसी अनहोनी की आशंका से घबराकर उपर दौड़ी आई मम्मीजी को जब तनवी सही सलामत खड़ी नज़र आई तो उसको थोड़ी राहत मिली.. उसके पास आते ही उन्होने तनवी को बाहों में लेकर अपने साथ चिपका लिया...

"ववो.. बाथरूम में कोई है?" मम्मी जी से चिपकी तनवी ने आँखें तक नही खोली...

"चुप कर.. डरपोक कहीं की.. कौन होगा?" कहते हुए मम्मी जी ने ज़ोर से दरवाजे को अंदर धकेला तो वो खुल गया.. अंदर कोई नही था..," देख.. कोई भी तो नही है...!"

"पर कोई था मम्मी.. यहाँ ज़रूर कोई आया था.. दरवाजा भी नही खुला था अभी.. !" तनवी ने डरते डरते आँखें खोल कर बाथरूम के अंदर झाँका..

"पागल.. तुझे पता है ना ये थोड़ा ज़ोर लगाने से खुरंभा है.. चल जा.. कपड़े बदल ले.. मैं तेरे साथ ही नीचे चलूंगी..." मम्मी ने उसको धाँढस बाँधते हुए कहा...

"नही.. मैं नीचे ही बदल लूँगी... चलो!" अपने कपड़े उठती हुई तनवी मम्मी जी के साथ साथ नीचे चल दी...

"मम्मी!" तनवी ने खाना खाते हुए कहा...

"हां बेटी!"

"मेरा नाम पहले तनवी था ना?"

"क्यू बेवजह उठाती है पुरानी बातों को.. तुझे मना किया है ना किसी को भी वो नाम बताने से!" मम्मी जी थोड़ी नर्वस हो गयी...

"मैं किसी को नही बताती मम्मी.. पर फिर भी.. बताइए ना! आप सब को क्यू 'उस' नाम से इतनी एलरजी है?" तनवी के मंन में रह रह कर कागज पर लिखी पंक्तियाँ कौंध रही थी..

"कह दिया ना! कोई बात नही है.. हमें 'वो' नाम पसंद नही है बस.. तेरा नाम अक्षरा ही है.. और कुछ नही.. अब बिना सिर पैर की बातें छोड़ और खाना खाकर पढ़ाई कर ले.." मम्मी जी ने कहा और उठकर बाहर चली गयी.. पर इससे तनवी का कौतूहल शांत नही हुआ, उल्टा नाम के पिछे छिपी सच्चाई जानने की उसकी जिज्ञासा बढ़ गयी..

निहारिका के आने के बाद दोनो पढ़ने के लिए उपर चली गयी....

रात करीब १२ बजे! तनवी को लाइट बंद करके अपनी किताबें बिस्तर के साथ लगी टेबल पर रख कर लेटी हुए मुश्किल से आधा घंटा ही हुआ था.. अचानक कमरे में फैले हुए से प्रकाश से उसकी आँखें खुल गयी.. खिड़की के सामने कमरे में एक साया उभर आया था और रोशनी उसके पिछे से उत्सर्जित होती प्रतीत हो रही थी.. इसी कारण वह 'साए' के हवा में लहराते कपड़ों के अलावा कुछ भी देख पाने में समर्थ नही थी...तनवी डर के मारे इतनी सहम गयी कि उसकी चीख भी ना निकल सकी..बिस्तर पर बैठकर तनवी पिछे दीवार से चिपक गयी. वह कुछ समझ पाती, इससे पहले ही 'साए' ने बोलना शुरू कर दिया..

"घबराओ मत तनवी! तुम्हे किसी तरह की तकलीफ़ नही होगी.. ना ही मेरा मकसद तुम्हे डराना है. तुम्हे लग रहा होगा कि तुम जाग रही हो.. पर ऐसा नही है! दर-असल मैं तुम्हारे सपने में हूँ.. हां! तुम सपना ही देख रही हो.. अब मेरी बातें ध्यान से सुनना.. मेरा मकसद सिर्फ़ तुम्हे तुम्हारे अतीत से अवगत कराना है.. ऐसा अतीत, जिसको सुनकर तुम्हारी आँखें भर आएँगी... तुम चाहो तो मुझसे सवाल भी कर सकती हो.. ठीक है ना?"

"आ..आ.. हां!" तनवी के माथे पर पसीना छलक आया... उसके पास 'हाँ' बोलने के अलावा कोई चारा भी नही था...

"एक लड़की थी, दुर्गावती.. और एक लड़का था चंद्रभान! दोनो एक दूसरे से बे-इंतहा मोहब्बत करते थे.. मोहब्बत भी इतनी कि मर कर भी उनकी रूहें एक दूसरे के लिए तड़पति रही.. जन्मो-जनम! दुर्गावती का प्यार आज भी अपने चंद्रभान का इंतजार कर रहा है.. और चंद्रभान को अपनी दुर्गावती की तलाश में दर दर भटकना पड़ रहा है.. चंद्रभान की तलाश आख़िरकार पूरी हुई. उसको पता चल चुका है कि उसकी 'दुर्गावती' इस जनम में कौन है.. पर दुर्गावती का दिल इस जनम में उसकी रूह के साथ ना होने की वजह से वो अपने प्यार को पहचान नही पा रही... तुम सुन रही हो ना?"

"आ..हां!" बड़ी मुश्किल से तनवी के गले से आवाज़ निकल पाई...

"तुम्हे पता है वो दोनो कौन हैं?" साए ने शालीनता से फिर पूछा...

"हहाँ.. नही!" तनवी एकदम सिमटती हुई बोली...

"जानना नही चाहोगी?"

"नही.. एम्म.. हन!" तनवी की धड़कने धीरे धीरे संतुलित होती जा रही थी और उसके दिमाग़ ने काम करना आरंभ कर दिया था...

"तो सुनो! इस जनम में उस लड़के का नाम है प्रतिक! और लड़की का नाम है तनवी; यानी की तुम!" कहकर साया तनवी के जवाब की प्रतीक्षा करने लगा...

तनवी के मुँह से कोई प्रतिक्रिया नही निकली.. साथ रखी टेबल पर उसका हाथ 'कुछ' ढूँढने लगा...

"तुम सुन रही हो ना?" साए की आवाज़ कमरे में गूँज उठी....

तनवी ने आव देखा ना ताव.. पेपर वेट हाथ में आते ही उसने ज़ोर से उसको साए की तरफ दे मारा.... निशाना एकदम सटीक था.. पर....

साया तनवी के हाथ की हरकत देख संभलते हुए एक तरफ को झुक गया.. और आवाज़ उसके पिछे से आई,"ओये तेरी मा... मार डाला रे!"

टॉर्च उसके हाथ से छूट कर फर्श पर जा गिरी और वह अपना सिर दोनो हाथों में दबाकर वहीं बैठ गया..

साया तेज़ी से पिछे घूमकर अपना सिर पकड़े बैठे आदमी पर झुका और ज़बरदस्ती उसको उठाने की कोशिश करने लगा,"जल्दी भाग यार.. वरना फँस गये समझो!"

"अबे तुझे भागने की पड़ी है, यहाँ सिर फूट गया मेरा.. रुक एक मिनिट.. बीच में परदा नही होता तो गया था मैं तो काम से.." उठने की कोशिश करता हुआ वह बोला...

तनवी को आवाज़ जानी पहचानी सी महसूस हुई... उसने हिम्मत दिखाते हुए झट से उठकर लाइट ऑन कर दी..

"तूमम्मम???????" तनवी ने अपनी आवाज़ को दबाने का भरसक प्रयास किया..

प्रतिक और धीरज दोनो उसके सामने मुजरिमों की तरह सिर झुका कर हाथ बाँधे खड़े थे.. हैरान परेशान तनवी की समझ में ही नही आया कि क्या बोले और क्या नही.. वह अजीब सी नज़रों से बिस्तर के पास खड़ी उन्हे घूरती रही..

आख़िरकार वो मिनिट भर का मौन प्रतिक ने ही तोड़ा,"तेरा ही प्लान था ना ये.. अब भुगत!" नज़रें चुराते हुए उसने तनवी को पल भर के लिए देखा और फिर नज़रें झुका ली... तनवी भावशून्य सी खड़ी अब भी उन्हे घूर रही थी...

पेपर वेट हालाँकि सीधा धीरज के सिर में नही लगा था.. फिर भी पेपर वेट के आधे साइज़ का गोला उसके सिर पर उभर आया था.. उसको सहलाते हुए वो प्रतिक पर बरस पड़ा," साले.. ऐसे करते हैं क्या भूतों की एक्टिंग? तू तो ऐसे बोल रहा था जैसे रामलीला के डाइलॉग पढ़ पढ़ कर बोल रहा हो.. २ घंटे की रिहर्सल की ऐसी की तैसी करवा दी.. फिर प्लान में क्या कमी थी.. तूने ही तो बोला था कि अगर मैं तनवी के सपने में आ सकूँ तो बात बन सकती है...."

"चल छोड़.. अब खिसक ले यहाँ से...!" प्रतिक ने तनवी की और देखते हुए धीरे से कहा और धीरज को खिड़की की तरफ घुमा दिया....

जैसे ही धीरज ने खिड़की से बाहर पैर रखा; तनवी लगभग चिल्लाते हुए बोली,"ओए!"

और धीरज ने अपना बाहर निकाला हुआ पैर वापस खींच लिया," सॉरी भ.. भा.. तनवी जी! आइन्दा ऐसी ग़लती नही होगी.. मैं कान पकड़ता हूँ..."

"मरना है क्या? जीनेसे से उतर कर जाओ!" तनवी लगभग गुर्राते हुए बोली....

"ज्जई.. पर..!" धीरज तनवी की ओर कृतज्ञ नज़रों से देखने लगा...

"आज के बाद घर में इस तरह कदम रखे तो बचकर नही जाने दूँगी.. शोर मचा दूँगी मैं.. चलो अब.. मेरे पिछे पिछे आओ! आवाज़ मत करना!" तनवी ने कहा और कमरे से बाहर निकल गयी...

दरवाजे से बाहर निकलते हुए प्रतिक ने मूड कर तनवी की और देखा.. मन में एक कसक सी उठी.. जैसे वापस अंदर चला जाए.. तनवी को उसकी और अपनी कहानी सुनाने के लिए.. उसको हमेशा के लिए अपना बनाने के लिए.. पर तनवी की आँखों में झलक रहा हल्का सा गुस्सा उसको अहसास करा रहा था कि तनवी ने सिर्फ़ उनको बख्शा है.. माफ़ नही किया...

तनवी ने बिना आवाज़ किए दरवाजे की कुण्डी लगाई और वापस उपर आ कर अपना पेट पकड़ कर बुरी तरह हँसने लगी.. और हँसती रही.. जाने कितनी ही देर!

# २३

"हा हा हा हा हा....हा हा हा हा हा... फिर? हा हा हा हा हा" सुबह संकेत और सौरभ कभी धीरज के सिर पर उभरे गोले और कभी उसकी चेहरे पर उभरे शिकायती अंदाज को देख देख लोटपोट हो रहे थे...

"फिर क्या? वो तो अच्छा हुआ उसको हम पर रहम आ गया.. अगर चिल्ला देती तो वहाँ हमारा क्या होता.. खुद ही सोच लो... मरवा दिया था साले ने!" धीरज ने प्रतिक को घूरते हुए कहा..

"ये लो.. खुद का प्लान.. ज़बरदस्ती ले गया.. और अब मुझे कोस रहा है.. मैने कहा था क्या? ये सब करने को..." बोलते बोलते प्रतिक की भी हँसी छूट गयी...

"प्लान में क्या कमी थी बोल? यहाँ आधे घंटे तक तेरे साथ थूक रगड़ाई की.. तू सही बोलने भी लग गया था.. वहाँ जाकर तेरी क्या ऐसी तैसी हो गई? आधे घंटे की बात को तूने २ मिनिट में बोल दिया.. मैं क्या करता...?" धीरज ने सौरभ और संकेत से अपने लिए समर्थन माँगा...

"पता नही यार.. उसके सामने जाते ही सब कुछ भूल गया.. क्या का क्या निकलने लगा मुँह से.. मेरी खुद समझ में नही आ रहा था..." प्रतिक ने अपनी ग़लती खुद ही स्वीकार कर ली...

"होता है... होता है बॉस! प्यार में ऐसा ही होता है.." संकेत बीच में ही बोल पड़ा," पर ये बात तो साफ है कि तनवी को तुम्हारी हरकत पर ज़्यादा गुस्सा नही आया... इसका मतलब.. चान्स तो हैं!" कहते हुए संकेत ने आइयिने में खुद को एक नज़र देख रहे सौरभ को टोका,"तू कहाँ की तैयारी में है भाई?"

"मुझे किसी से मिलने जाना है.." सौरभ के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था...

"कौनसी 'किस' से मिलने जा रहा है बे? तू तो कुछ बताता ही नही है.. हमसे भी किसी की बात कर लिया कर यार..." संकेत ने उसके चेहरे के भावों को ताड़ते हुए उसको छेड़ा....

"बात बन गयी तो ज़रूर बताऊंगा... शाम को लौटकर.. हे हे!" सौरभ मुस्कुराया और बाहर निकल गया....

"वाह भाई वाह! सब सेट होते जा रहे हैं भाई धीरज! कहो तो रुबीना को बुला लूँ आज.. आख़िर हम भी इंसान हैं..." संकेत धीरज को देखते हुए बोला...

धीरज अचानक संजीदा हो गया.. कुछ देर सोचता रहा; फिर बोला," नही यार! खाली सेक्स से ज़्यादा मज़ा तो ऐसे पत्थर खाने में ही आ जाता है" धीरज ने अपने गोले की ओर इशारा किया," मैं इसकी जगह होता तो भाभी जी को ज़बरदस्ती उठा कर टीले पर ले जाता.. उसके बाद तो उसको याद आ ही जाएगा ना...!"

"डोंटवरी! मेरे दिमाग़ में एक और प्लान है..." संकेत ने कुछ सोचते हुए कहा...

"पर अब की बार मैं साथ नही जाऊंगा.. पहले बोल देता हूँ.. !" धीरज ने सिर पर बने गोले को सहलाया...

"ठीक है.. अब की बार तू घर पर आराम करना.. मैं जाऊंगा प्रतिक के साथ!" संकेत हँसने लगा...,"आख़िर मुझे भी तो भाभी जी को देखना है.."

# २४

"तूने उनको ऐसे ही निकल जाने दिया? पकड़वाया क्यू नही..? उनकी तो धुनाई होनी चाहिए थी.. ऐसे कैसे घुस गये घर में..? अजीब आदमी हैं!" कॉलेज के बाद तनवी के घर बैठी निहारिका ने उसकी आपबीती सुनने के बाद प्रतिक्रिया दी...

"पता नही यार.. मैने भी पहले ऐसा ही सोचा था.. फिर जाने क्यू उनकी दया सी आ गयी.. शरीफ ही लगते हैं बेचारे.. वरना कमरे में घुसने के बाद तो वो मेरा मुँह भी दबा सकते थे.. मैं क्या कर लेती? मेरे लाइट जलते ही उनके चेहरे ऐसे सफेद हो गये थे कि अगर और कोई होता तो उन्हे चोर समझ लेता..." तनवी हँसने लगी....

"ये बात तो है अक्षरा...पर हैं दोनो अजीब! भला ये भी कोई तरीका है लड़की पटाने का... शराफ़त से दिन में सीधे आकर बात करनी चाहिए थी.. 'सपने' में आने की नौटंकी क्यू की?" निहारिका ने बात आगे बढ़ाई...

"हम्म.. ये आइडिया अब तू उनको दे दे.. सीधे आकर बात करनी चाहिए थी!" तनवी ने मुँह बनाकर निहारिका की नकल की.. जैसे मैं उनका इंतजार ही कर रही हूँ यहाँ...!"

"अरे किसी ना किसी से तो शादी करनी ही है तुझे.. फिर उसमें क्या कमी है? स्मार्ट है.. शरीफ है... मुझे कहता तो मैं तो झट से तैयार हो जाती.. पर भगवान देता ही उसको है, जिसको उसकी ज़रूरत ना हो.. तू सारी उमर ऐसे ही बैठी रहेगी क्या?..... इस घर में?" निहारिका ने अपने मन की बात कह दी...

"हां! बैठी रहूंगी ऐसे ही.. मुझे तो शादी के नाम से ही नफ़रत है..!" तनवी ने जवाब दिया....

"पर क्यू यार? तू ऐसी क्यू है?" निहारिका ने ज़ोर देकर कहा....

"पता नही निहारिका.. पर मैं पक्का शादी नही करूँगी.. मुझे पता है... अब इस टॉपिक को बंद कर और किताब खोल ले.. आइन्दा अगर उन्होने कोई हरकत की तो मैं उन्हे छोड़ूँगी नही...!" तनवी ने कहते हुए अपनी किताब निकाल ली....

"हाई शीतल!" सौरभ ने कॉलेज से थोड़ी दूर हटकर खड़ी उसका इंतजार कर रही शीतल के पास गाड़ी रोकते हुए कहा...

शीतल नज़रें तक ना उठा सकी.. हाथ में पकड़ी कॉपी को यूँही सीने से चिपकाए खड़ी रही,"हाई"

सौरभ ने दूसरी तरफ झुक कर खिड़की खोल दी..," आओ, बैठो ना!"

शीतल ने नज़रें उठाकर दायें बायें देखा और फिर नज़रें झुका गाड़ी के आगे से निकल कर झट से गाड़ी में बैठ गयी.. सौरभ ने गाड़ी घुमाई और शहर से बाहर निकल कर सरपट दौड़ने लगी...

"कहाँ जा रहे हो?" शीतल ने अपने चेहरे पर लटक आई बालों की लट को पिछे करते हुए नज़रें हल्की सी सौरभ की ओर उठाते हुए पूछा...

"कहाँ चलना चाहिए?" सौरभ ने गाड़ी की रफ़्तार धीमी की और मुस्कुरकर उसकी और देखते हुए पूछा.. शीतल सहमी हुई सी बैठी थी...

"मुझे क्या पता? कहीं भी चलो!" शीतल उचक कर थोडा संभाल कर बैठ गयी...

"पर बुलाया तो तुम्ही ने था.. अब और किसको पता होगा?" सौरभ शरारत से मुस्कुराने लगा...

"मतलब तुम आना नही चाहते थे! है ना?" शीतल ने शंकित निगाहों से सौरभ की आँखों में झाँका...

"ये किसने कहा?" सौरभ हँसने लगा...

"ऐसे क्यू हंस रहे हो? मैने बुलाकर कोई ग़लती कर दी क्या?" शीतल का चेहरा उतर गया...

"तुम तो अब भी वैसी ही हो.. बात बात पर चिड जाती हो.. मैं तो सोचा करता था कि तुम बड़ी होकर समझदार हो गयी होगी.. हा हा हा..."

शीतल के चेहरे पर अनायास ही सौरभ की बात सुनकर चमक आ गयी," क्या तुम सच में मेरे बारे में सोचा करते थे...?"

"और नही तो क्या?" सौरभ ने कहा और अचानक चुप हो गया...

शीतल के बदन में 'रज़ाई' वाली बात याद करते ही झुरजुरी सी दौड़ गयी.. अपनी बाँह से अपने सीने को छिपाती हुई सी वह बोली...,"क्या सोचा करते थे?"

सौरभ से रोड से गाड़ी नीचे उतार कर एक टीले पर ले जाकर खड़ी कर दी.. और शीतल को अजीब सी निगाहों से घूर्ने लगा.. शीतल को उसकी नज़रें अपने कमसिन बदन में गडती हुई सी महसूस हो रही थी... उसने अपना चेहरा घुमा लिया और बाहर की और देखने लगी," बोलो ना.. क्या सोचा करते थे..?"

"यही कि मैं तुम्हे भूल क्यू नही पाता..." सौरभ ने थोड़ा रुक कर फिर बोलना शुरू किया..," ये भी कि तू भी मुझे याद करती होगी या नही... करती थी क्या?"

शीतल ने अचानक चेहरा घूमकर अपनी नज़रें उसकी नज़रों से मिला दी.. सौरभ का उसको 'तू' कहकर बोलना उसे बहुत प्यारा और 'अपना' सा लगा.. वह यूँही उसकी आँखों में देखती रही.. पर कुछ बोली नही...

"तुम सच में.... बड़ी हो गयी हो शीतल.." सौरभ उसकी आँखों में आँखें डाले हुए ही बोला...

शीतल की नज़रें शर्म के मारे झुक गयी और गोरे गालों पर हया की लाली नज़र आने लगी," ऐसा क्यू कह रहे हो?"

"और नही तो क्या? बड़ी नही हो गयी होती तो मुझसे प्यार होने के बावजूद इतने दिन बाद यूँ मिलने पर अब तक चुप ना बैठी रहती.. मुझसे लिपट गयी होती अब तक.." सौरभ ने अपना हाथ बढ़ा उसके गालों को छू लिया.. उसका छूना ही था कि शीतल उसकी बाहों में ढेर हो गयी.. बाहें सौरभ के गले में डाल उससे चिपकती हुई सिसकने लगी," तुम नही जानते सौरभ.. एक एक पल में तुम्हे कितनी बार याद किया है मैने.. कितनी तड़पी हूँ मैं..

तुम्हारे लिए.. अब तो मैने उम्मीद ही छोड़ दी थी.. तुम्हारे लौट कर मेरी जिंदगी में आने की..."

शीतल का सारा बदन प्यासा होकर अकड़ गया.. मधुर मिलन की आस में.. उसकी छातीया ठोस होकर सौरभ के सीने में चुभने सी लगी..,"अब वापस नही जाओगे ना!" शीतल के मुँह से 'आह' सी निकली...

"जाऊंगा!" सौरभ मुस्कुराने लगा," पर तुम्हे साथ लेकर..."

शीतल चौंक कर पिछे हटी और विस्मय से उसकी आँखों में देखने लगी.. फिर एक ज़ोर का घूँसा उसकी छाती में जड़ा और वापस चिपक गयी.. दुगने जोश के साथ!

"मैने मम्मी पापा से बात कर ली है.. वो शाम को तुम्हारे घर पर फोन करेंगे.. नंबर. दे देना अपना!" सौरभ अब भी मुस्कुरा रहा था...

शीतल इस असीम खुशी को दिल में दबाकर ना रख सकी.. उसकी आँखों से झार झार आँसू बहने लगे.. भाववेश में उसने सौरभ के गालों पर अपने तपते होठ रख दिए," आइ लव यू, सौरभ!"

# २५

रात को कमरे में बैठकर पढ़ रही तनवी को रह रह कर कुछ अजीब सा लग रहा था.. जाने ऐसा क्यू था? पर वह बार बार सामने वाली खिड़की की और देख रही थी.. पर्दे की हल्की सी हलचल भी उसका ध्यान अपनी और खींच लेती.. कल रात प्रतिक और धीरज इसी खिड़की से अंदर आए थे.. अचानक कुछ याद करके तनवी उठी और खिड़की के पास गयी.. परदा हटाकर उसने देखा.. खिड़की आज बंद थी.. उसने चितकनी खोली और बाहर झाँकने लगी.. खिड़की के साथ साथ एक पाइप उपर पानी की टंकी तक जा रहा था.. वो ज़रूर इसी के सहारे उपर चढ़े होंगे...

अचानक तनवी को हँसी आ गयी.. वह मूडी और हंसते हुए ही बिस्तर पर जाकर पसर गयी," ईडियट्स!" तनवी के मुँह से निकला.. लाइट जलती ही छोड़ उसने किताबें टेबल पर रखी और कंबल में घुस गयी... कल रात के ख़यालों में खोए खोए ही उसको कब नींद आ गयी.. पता ही नही चला..

"क्कऔन है?" अचानक कमरे में हुई आहट से उसकी नींद खुल गयी और चौंकते हुए उसने अपनी आँखें खोल दी... आज उसके मन में डर कम और गुस्सा ज़्यादा था.. वह सीधी पर्दे की और देखती हुई बोली," कौन है वहाँ? मैं शोर मचा दूँगी..!"

पर उधर से कोई जवाब नही मिला..

पर्दे की हलचल तनवी को सामान्य नही लग रही थी.. उसने झट से एक बार फिर पेपर वेट अपने हाथों में थम लिया," लगता है, आज फिर तुम्हारा सिर फूटेगा.... चुपचाप वापस जाओ!" तनवी ने मारने के लिए अपना हाथ उपर उठाया और कुछ सोचकर वापस नीचे कर लिया,"तुम्हारी प्राब्लम क्या है? अंदर आ जाओ!"

कोई जवाब ना मिलने पर तनवी चुपके से उठी.. और सावधानी से खिड़की की और बढ़ने लगी.. पर्दे के पास जाकर वह कुछ देर खड़ी रही और अचानक परदा एक तरफ सरका दिया.. वहाँ कोई नही था..

"हे भगवान!" तनवी ने खिड़की से बाहर झाँका.. पर पूरी सड़क सुनसान थी.. अपने माथे पर हाथ रखकर तनवी ने लंबी साँस ली और खिड़की अंदर से बंद कर दी.. पर वापस मुड़ते

ही उसकी साँस, उपर की उपर और नीचे की नीचे रह गयी..

बिस्तर पर, जहाँ से वो अभी उठकर आई थी; पेपर वेट के नीचे दबा एक कागज का टुकड़ा फड्फाडा रहा था.. अचंभे और दहशत से तनवी सिहर उठी.. "ये कैसे हो सकता है?" तनवी अपने आप में ही बड़बड़ाई और कमरे में चारों तरफ किसी की मौजूदगी को महसूस करने की कोशिश करने लगी..

पर कुछ होता तो मिरंभा! भारी और थके हुए कदमों से तनवी बिस्तर की ओर बढ़ी और कागज का टुकड़ा पेपरवेट के नीचे से निकाल कर पढ़ने लगी...

***" प्यार अमर होता है तनवी, वो कभी नही मरता! तुम्हे सोच भी नही सकती कि तुम दोनो एक दूसरे से कितना प्यार करते थे.. आज खुद प्रतिक को भी अहसास नही है कि तुम उसके लिए क्या थी.. और वो तुम्हारे लिए क्या था.. मुझे पता है कि तुम्हे कुछ याद नही है.. पर नियती तुम दोनो को फिर से मिलाना चाहती है.. इस बात को नज़रअंदाज मत करो! अपने अतीत को जानने की कोशिश करो! जानने की कोशिश करो की तुम्हारे घर वाले तुम्हारा नाम तनवी से बदल कर अक्षरा करने पर मजबूर क्यू हो गये... प्रतिक से मिलो! उसके दिल में तुम्हारे लिए उसके ज़ज्बात और असीम प्यार को महसूस करने की कोशिश करो! "***

तनवी का दिमाग़ चकरा गया.. उसने डर के बावजूद कमरे का कोना कोना छान मारा.. पर कुछ नही मिला.. मुश्किल से एक मिनिट के अंदर ये सब हो गया.. कोई अंदर आया और लेटर रख गया.. हल्की सी भी आहट किए बिना.. कौन ऐसा कर सकता है..?

अचानक बाथरूम में शुरू हुई पानी की 'टॅप - टाप' ने तो उसकी जान ही निकाल कर रखी दी... ज़ोर से चीखते हुए वह बाद-हवास सी होकर बाहर निकली और नीचे की और भागी...

चीक्ख सुनकर पहले ही मम्मी पापा बाहर निकल कर आ चुके थे," क्या हुआ बेटी?" दोनो ने लगभग एक साथ पूछा...

तनवी नीचे जाते ही मम्मी से लिपट गयी.. उसका शरीर थर थर काँप रहा था..," उपर...! उपर कोई है मम्मी!" तनवी की उपर देखने की हिम्मत तक नही हो रही थी...

तनवी की बात सुनते ही पापा उपर की और भागे.. कमरे में जाकर उन्होने एक एक चीज़ का जायजा लिया.. बिस्तर पर रखे उस कागज के टुकड़े के अलावा उनको वहाँ कुछ भी नही मिला... अच्छी तरह देख भाल कर नीचे आए पापा ने तनवी से पूछा," ये क्या है अक्षरा? "

"पता नही.. मैं बस एक मिनिट के लिए बिस्तर से उठी थी.. वापस आई तो वहाँ 'ये' रखा हुआ मिला.. पता नही किसने रख दिया..." कहकर तनवी रोने लगी...

"रो क्यू रही है बेटी? कोई परेशान कर रहा है क्या?" मम्मी ने तनवी को पापा से अलग ले जाते हुए पूछा...

सवाल सुनते ही तनवी के जहाँ में प्रतिक और धीरज की तस्वीर उभर गयी.. फिर कुछ देर रुक कर बोली," नही मम्मी! ऐसा तो कुछ नही है..!"

"कहीं ऐसा तो नही किसी ने तेरी किसी किताब में ये डाल दिया हो.. और खोलते हुए बिस्तर पर गिर गया हो...."पापा ने पास आते हुए पूछा....

"नही पापा! बिस्तर पर ये पेपर वेट के नीचे दबा हुआ था.. किसी ने अभी रखा है.. थोड़ी देर पहले..." तनवी ने पापा की और देखते हुए कहा...

पापा का चेहरा लटक गया और माथे पर चिंता और गुस्से की लकीरें उभर आई.. अचानक कुछ सोच कर उसने फोन निकाला और करनवीर का नंबर डायल किया..

"नमस्ते अंकल जी! इतनी रात को कैसे याद किया...?" करनवीर किसी गस्त से वापस आ रहा था...

"कोई अक्षरा को परेशान कर रहा है बेटा.. टाइम मिले तो आ जाना एक बार.. यहीं बैठकर बात कर लेंगे...

"क्यू नही अंकल जी? प्राब्लम ज़्यादा सीरीयस हो तो अभी आ जाता हूँ.." करनवीर ने विनम्रता से कहा...

"नही... ऐसी कोई बात नही है.. तुम कल आ जाना.. मैं तो सुबह जल्दी ही निकल जाऊंगा.. तुम्हारी आंटिजी से बात कर लेना.. समय रहते ही समस्या का कुछ इलाज हो जाए तो बेहतर होता है..." पापा ने फोन पर कहा...

"नो प्राब्लम अंकल जी.. मैं कल जल्द से जल्द आने की कोशिश करूँगा...!"

"ठीक है बेटा.. अब रखता हूँ.." कहकर पापा ने फोन रख दिया....

तीनो नीचे ही लेट गये थे.. तनवी मम्मी के पास थी.. उसकी आँखों में नींद का नामोनिशान तक नही था... वह इसी उधेड़-बुन में थी कि कल करनवीर के सामने प्रतिक और धीरज का जिकर करे या ना करे..

सोचते सोचते उसका दिमाग़ लेटर में लिखी उस बात पर चला गया " अपने अतीत को जानने की कोशिश करो! जानने की कोशिश करो कि तुम्हारे घर वाले तुम्हारा नाम तनवी से बदल कर अक्षरा करने पर मजबूर क्यू हो गये..."

"मम्मी! " तनवी उठकर बैठ गयी..

"हां अक्षरा ! क्या बात है?" मम्मी ने प्यार से पूछा..

"तुम मुझे बताते क्यू नही, मेरा नाम क्यू बदला..." तनवी असहज हो गयी थी...

"सो जा बेटी.. सुबह बात करेंगे!" मम्मी ने तनवी का हाथ खींचकर उसको ज़बरदस्ती लिटाने की कोशिश की...

तनवी चिड गयी,"मुझे नींद नही आ रही मम्मी.. आख़िर ऐसी क्या बात है जो आप बार बार टाल रहे हैं.. बताइए ना पापा!" तनवी ने उठकर बैठ गये पापा की तरफ देखा....

"अक्षरा अब बड़ी हो गयी है.. मेरे ख़याल से बताने में कोई हर्ज़ नही.." पापा ने मम्मी से राय ली...

"पर बाबा जी ने मना किया था!" मम्मी ने आशंकित नज़रों से पापा की और देखा...

कुछ देर चुपचाप सोचते रहने के बाद पापा अतीत की यादों में खोते चले गये....

"तू जब ५ साल की ही थी अक्षरा! एक दिन अचानक मुझे तुम्हारे प्रिन्सिपल ने फोन करके हॉस्पिटल पहुँचने को बोला... मेरी तो जान ही निकल गयी थी... बदहवास सा हॉस्पिटल पहुँचा तो जाकर पता लगा; तुम कोई नाम बार बार चिल्लाते हुए बेहोश हो गयी थी... नाम याद नही आ रहा.." पापा ने दिमाग़ पर ज़ोर देते हुए कहा और फिर आगे बताने लगा.....

"हॉस्पिटल से छुट्टी के बाद मैं तुम्हे सीधा घर ले आया... आँखें खोलने के बाद भी तुम सहमी सहमी सी लग रही थी.. पहले पहल हमने इस बात को ज़्यादा तवज्जो नही दी.. पर तुम्हारा अजीब व्यवहार बढ़ता ही चला गया.. ना तुम ज़्यादा बात करती थी.. और ना ही उसके बाद बच्चों के साथ खेलना पसंद था तुम्हे.. गुमसुम सी यूँही रहने लगी.. "

"इस बात को भी हम नज़रअंदाज कर देते.. पर जब तुमने सोते हुए चिल्लाना शुरू कर दिया तो हमे बड़ी चिंता होने लगी.. कई अच्छे डॉक्टर्स को दिखाया.. पर कहीं बात नही बनी.. कुछ डॉक्टर्स ने बताया भी कि इस उमर तक बच्चों की स्मृति में पुनर्जन्म की बातें संचित रहती हैं.. हो ना हो ये उसी का असर है..."

"रिश्तेदारों के बार बार कहने पर हम तुम्हे एक सिद्ध बाबा जी के पास ले गये.. मुझे तो यकीन था ही नही कि कुछ असर होगा.. पर उन्होने तो चमत्कार ही कर दिया.. एक यज्ञ करके उन्होने तुम्हारा नाम 'तनवी' से अक्षरा रखने को कहा... उन्होने बताया था कि तुम्हारे शरीर में घुसकर कोई आत्मा तुम्हारे पुनर्जन्म की दुखदायी यादों को जगाने की कोशिश कर रही है... उन्होने ज़्यादा कुछ नही बताया.. सिर्फ़ इतना ही कहा था कि नाम बदल कर यहाँ से ले जाने पर वो आत्मा दिग्भ्रमित हो जाएगी.. और दोबारा परेशान नही करेगी... उन्होने ये भी हिदायत दी कि तुम्हे इस बारे में कभी कुछ ना बताया जाए.. तुम्हारे इस बारे में ज़्यादा सोचने से पुनर्जन्म कि वो दर्दनाक यादें फिर से जीवंत हो सकती हैं..."

"उसके बाद हम तुम्हे घर लेकर आ गये.. मुझे ये सब मज़ाक जैसा लग रहा था.. पर तुम्हारे चेहरे पर लौटी मुस्कुराहट ने मेरी सोच बदल दी... फिर मैने हर रेकॉर्ड में तुम्हारा नाम बदलवा दिया... यही बात है जो हम तुम्हे बताकर बेवजह परेशान नही करना चाहते थे..." कहकर पापा चुप होकर तनवी की आँखों में देखने लगे....

तनवी हतप्रभ सी प्रतिक और उस रहस्मयी लेटर के बारे में सोचने लगी.....

# २६

तनवी निहारिका के साथ कॉलेज जाने के लिए निकली ही थी कि घर के सामने पोलीस ज़ीप आकर रुकी. गाड़ी को खुद करनवीर ही ड्राइव करके लाया था. अंदर बैठा हुआ ही करनवीर तब तक उसको अपलक देखता रहा जब तक वा उसकी नज़रों से औझल नही हो गयी.. पर तनवी ने अपनी नज़रें तक नही मिलाई और उसके पास से निकल गयी....

इस पूरी दुनिया में एक तनवी ही थी जो करनवीर को पसंद थी.. बेहद पसंद! तनवी के चेहरे की अनुपम सुंदरता और नज़ाकत, उसका संजीदा स्वाभाव और नज़रें हमेशा नीची करके चलना करनवीर को हमेशा चित्ताकर्षक लगता था.. पर ये भी तनवी का स्वभाव ही था जिसने करनवीर को आज तक अपने दिल की बात उसके आगे जाहिर करने से रोक रखा था.. यही वजह थी कि वह सोचता था कि उसको 'प्यार' जताना ही नही आता.....

करनवीर की नज़रें मूड कर दूर तक जाती हुई तनवी का पिछा करती रही.. अचानक उसने एक लंबी साँस ली और गाड़ी से उतर कर घर की डोर बेल बजाई.... ६ फीट लंबे, गठीले शरीर पर २६ साल की उमर में ही पोलीस की वर्दी खूब जम रही थी.. और उस पर लगे तीन स्टार तो किसी भी लड़की का सपना हो सकते थे...

"आ गये बेटा! अक्षरा अभी अभी कॉलेज के लिए निकली है..." मम्मी जी ने दरवाजा खोलते हुए कहा....

"हाँ आंटी जी.. देखा था मैने उसको रास्ते में...!" करनवीर अंदर आकर बैठते हुए बोला... मम्मी जी किचन में चली गयी...

"अरे! उसको वापस क्यू नही ले आए.. उसी के बारे में तो बात करनी थी...!" मम्मी ने अफ़सोस सा जताया...," मैं उसकी सहेली के पास फोन करके उसको वापस बुलाती हूँ!" मम्मी ने बाहर आकर एक फोन किया और वापस अंदर चली गयी...

"मुझे तो उससे बोलते हुए डर सा लगता है आंटी जी.. वो तो कभी देखती तक नही मेरी और... जाने कितनी ही बार आमना सामना हो जाता है हमारा.. पर अंजानों की तरह साइड

से निकल जाती है..! अब बताओ भला मैं उसको कैसे टोकता, रास्ते में!" करनवीर कहकर हँसने लगा....

"अरे नही बेटा! तू तो जानता है.. उसका स्वाभाव ही ऐसा है.. मुझे तो डर लगा रहता है, पराए घर की अमानत है... शादी के बाद भी उसका व्यवहार नही बदला तो...!" मम्मी ने चाय बनाकर करनवीर को दी और उसके पास बैठ गयी....

"क्क..क्या उसकी शादी पक्की कर दी..?" बनावटी आश्चर्य और खुशी प्रकट करते हुए करनवीर बोला....

"अभी कहाँ? पर कोई ढंग का रिश्ता हो तो बताना.. इसके पापा उतावले हो रहे हैं इसकी शादी के लिए... तुम तो सब जानते ही हो!" मम्मी ने मुस्कुरकर कहा..

"ओह्ह.. ज़रूर!" करनवीर के कलेजे को ठंडक मिली," वो अंकल जी कुछ जिकर कर रहे थे... क्या माम'ला है....?"

मम्मी उठी और ड्रॉवर में रखा 'वो' कागज का टुकड़ा करनवीर को पकड़ा दिया.. करनवीर खोल कर पढ़ने लगा....

" प्यार अमर होता है तनवी, वो कभी नही मरता! तुम्हे सोच भी नही सकती कि तुम दोनो एक दूसरे से कितना प्यार करते थे.. आज खुद प्रतिक को भी अहसास नही है कि तुम उसके लिए क्या थी....." इतना पढ़कर हो करनवीर रुक गया...

"ये... प्रतिक कौन है? मैने सुना है कहीं...!" करनवीर ने दिमाग़ पर ज़ोर डाला.. पर 'प्रतिक' का नाम और उसके द्वारा लिया गया 'तनवी' नाम उसके जहाँ से उतर गया था...

"पता नही बेटा...! पर अक्षरा को भी पता होता तो वो ज़रूर बता देती.. उसको भी मालूम नही है कुछ.. कल रात को भागती हुई नीचे आई थी.. बहुत डरी हुई थी.. किसी ने उसके कमरे में ये लेटर डाल दिया... इसी से इतनी परेशान हो गयी बेचारी... फिर मामले के बढ़ने से पहले ही निपट लें तो बेहतर होता है.. लड़की की जात है.. बात बाहर निकल गयी तो लोग जाने कैसी कैसी बातें करने लगते हैं..." मम्मी ने दुख भरे लहजे में कहा....

"पर ये लेटर तो तनवी के नाम पर लिखा गया है.." कहते हुए करनवीर फिर से पहली लाइन से पढ़ना शुरू हो गया...

"यही बात तो हमारी समझ में नही आ रही बेटा.. दर-असल पहले अक्षरा का नाम 'यही' था.. पर बहुत छोटी थी तभी बदल दिया था ये नाम... जाने किस मुए को ये बात पता चल गयी... और अब इसको परेशान करने पर तुला है...."

"हां.. मैने भी सुना था एक बार.. अक्षरा का नाम पहले 'तनवी' होने के बारे में.."

मम्मी जी की बातें सुनते सुनते करनवीर लेटर पढ़ता जा रहा था.. अचानक एक जगह रुक कर उसकी आँखें सिकुड गयी... और कुछ सोचकर वह उछल पड़ा..,"ओह्ह माइ गोड!"

"क्या हुआ बेटा?" मम्मी ने आशंकित होकर पूछा...

"एक मिनिट.." करनवीर बाहर गया और ज़ीप से सी.डी. केस डाइयरी निकाल कर लाया... वापस आकर उसने कुछ पेज पलटे और कागज का एक टुकड़ा उसमें से निकाल कर दोनो को टेबल पर साथ साथ रख लिया....

"ये क्या है बेटा?" मम्मी को उसकी हरकत समझ में नही आई...

"कुछ नही.. आप निसचिंत रहें.. आपकी प्राब्लम तो सॉल्व हो ही गयी समझो.. अब मैं चरंभा हूँ..." कहकर करनवीर तेज़ी से खड़ा हो गया....

"ठीक है बेटा.. 'उनसे' अगर इस बारे में कुछ बात करनी हो तो फोन कर लेना.." मम्मी जी साथ खड़े होते हुए बोली....

"एक बात कहूँ आंटी जी.. अगर बुरा ना मानो तो!" करनवीर ने वापस पलट'ते हुए कहा...

"हां बोलो ना बेटा.. क्या बात है..?" मम्मी ने उसके चेहरे की और देखा...

"वैसे तो.... ये बात घर के बड़ों को ही करनी चाहिए... पर.... मुझे अक्षरा बहुत पसंद है... आप.. और पापा अगर..." कहकर करनवीर चुप हो गया.. आयेज उसको समझ ही नही

आया की कैसे बात पूरी करे!

बात समझ में आते ही मम्मी जी का चेहरा खिल उठा," ये तो उसके लिए बड़े सौभाग्य की बात होगी बेटा... मैं इसके पापा के आते ही बात करती हूँ.. वो तुम्हारे घर फोन कर देंगे.."

खुशी से फूली नही समा रही मम्मी जी ने अपने हाथ उठा करनवीर के सिर पर हाथ रख दिया... करनवीर का भी यही हाल था.. जाने कितने दीनो के बाद वह किसी से अपने दिल की बात कह पाया था...

जैसे ही करनवीर बाहर निकला, उसको सामने से तनवी वापस आती दिखाई दी.. उसने लाख कोशिश की उसको टोकने की.. पर उसके मुँह से 'हाई' तक ना निकल पाया.. तनवी सिर झुकाए हुए ही साइड में खड़ी होकर करनवीर के रास्ता छोड़ने का इंतजार करने लगी..

करनवीर सिर खुजाता हुआ उसके सामने से हटकर गाड़ी में जा बैठा.. और तनवी उसको बिना देखे ही अंदर चली गयी....

"ओहू! आप एक बार बात तो कर लो उनसे.. इतना अच्छा रिश्ता खुद चलकर आया है.. मैं तो कहती हूँ, बात बन जाए तो चट माँगनी पर ब्याह कर देंगे अपनी अक्षरा का...." करनवीर के निकलते ही मम्मी जी ने फोन लगा लिया था...

"अच्छा ठीक है.. मैं अभी बात करके बताता हूँ... पर उनको बोलूं क्या?" पापा ने असमंजस से पूछा...

"अब ये बात भी क्या मैं ही समझाऊ? बोल देना की करनवीर को पसंद है.. और हम भी बहुत खुश हैं इस रिश्ते से....." मम्मी ने बात पूरी भी नही की थी कि तनवी दरवाजा खोलकर अंदर आ गयी

"किसके रिश्ते की बात हो रही है मम्मी..?" तनवी आते ही मम्मी से लिपट गयी...

"अच्छा रखती हूँ जी.. आप बता देना मुझे भी..." मम्मी ने कहा और फोन रख दिया...

"क्या हुआ मम्मी? करनवीर आया था! कुछ पता चला...." तनवी ने मम्मी के फोन रखते ही पूछा...

"करनवीर आया था!" मम्मी ने मुँह चढ़ा कर मज़ाक मज़ाक में उसकी नकल उतारी," तू तो जैसे घर वालों के अलावा किसी को जानती ही नही.. सामने से बोल नही सकती थी क्या?"

"मैं क्यू बोलूं..? मुझे अच्छा नही लगता ऐसे किसी को राह चलते में टोकना.. बताओ ना.. आपने उस लेटर की बात की या नही..... और मुझे क्यू बुलाया है?" तनवी ने जवाब देते हुए पूछा....

"हां.. कह रहा था कि अब मैं सब संभाल लूँगा... और कुछ हो ना हो.. हमें बहुत अच्छा दूल्हा मिल गया; अपनी गुड़िया रानी के लिए.." मम्मी ने तनवी का चेहरा अपने हाथों में लेकर गालों को चूमते हुए कहा...

तनवी बात सुनते ही बिदक गयी," ये क्या कह रही हैं मम्मी.. मैने कह दिया ना मुझे नही करनी शादी वादी.. आप बार बार ये जिकर ना किया करें.. मेरा दम घुटने लगता है...."

"अरी.. सुन तो ले एक बार की रिश्ता किसका आया है... अपने 'करनवीर' का.. कितना सुंदर और छैल छबिला है.. और थानेदार है.. तू मौज करेगी उसके साथ!" मम्मी ने समझाते हुए कहा...

"थानेदार होगा, अपने घर में.. मुझे नही करनी किसी से शादी... देख लेना, आगे बात बढ़ाई तो!" गुस्से से भरी तनवी ने अपनी किताब उठाई और पैर पटकती हुई वापस चली गयी.. कॉलेज में....!

"ये लड़की भी ना!" मम्मी ने बड़बड़ाते हुए अपने माथे पर हाथ मारा ही था की फोन की घंटी बज उठी..,"मम्मी ने लपकते हुए झट से फोन उठा लिया...,"हां जी!"

"सच में आज का दिन तो बहुत ही शुभ है... वो भी बहुत खुश हुए बात सुनकर.. झट से तैयार हो गये..!" पापा की आवाज़ थी...

"आछाआअ!" मम्मी जी चहकति हुई बोली और फिर अचानक तनवी की बात याद आते ही मायूस हो गयी," पर अक्षरा का क्या करें? ये तो उल्टी ही रामायण पढ़ रही है..."

"क्यू क्या हुआ? पापा ने आशंकित होकर पूछा...

"कह रही है, इसको नही करनी शादी वादी.. मुझसे लड़ाई करके वापस गयी है..." मम्मी का चेहरा उतर गया....

"ओह्हो.. तुमने तो मुझे डरा ही दिया था.. ऐसा तो होता ही है.. लड़की है आख़िर! और क्या शादी की बात सुनकर नाचने लग जाएगी..! लड़कियाँ तो ऐसे करती ही हैं.. तुम उसकी चिंता मत करो.. वो तो इस शनिवार को ही देखने आने की बात कह रहे हैं...." पापा ने बात को आगे बढ़ाया...

"हाई राम! पर शनिवार में तो तीन ही दिन बचे हैं...." मम्मी सोच कर बोली...

"तो हमें क्या करना है.. उनकी देखी भाली तो है ही.. बस आ जाएँगे और 'अपनाकर' चले जाएँगे... तुम किसी बात की चिंता मत करो! मैं रखता हूँ अब.." कहकर पापा ने फोन काट दिया...

मम्मी जी फूली नही समा रही थी.....

# २७

"एक्सक्यूस मी, मिस तनवी!"

तनवी कॉलेज के अंदर कदम रखने ही वाली थी कि अपना नाम सुनकर चौंक कर पलटी..

"मैं संकेत हूँ.. प्रतिक का दोस्त!" संकेत ने मुस्कुराते हुए कहा...

पहले से ही गुस्से में भरी हुई तनवी की थयोरियाँ चढ़ गयी,"तो?"

एक बार तनवी के तेवर को देख संकेत भी सहम सा गया.. इस बात को जानते हुए कि तनवी ने उस रात प्रतिक और धीरज को ऐसे ही निकल जाने दिया था, उससे काफ़ी विनम्रता की उम्मीद थी.. कुछ देर रुक कर संभालते हुए बोला," तो.... मुझे आपसे कुछ बात करनी थी.. इसी बारे में.. आप चाहे तो अपनी सहेलियों को साथ ले सकती हैं...."

"नही... मुझे किसी से कोई बात नही करनी..." कहकर वो पलटी ही थी कि निहारिका और शीतल ने उसका हाथ पकड़ लिया," सुन तो लो अक्षरा! सुनने में क्या हर्ज़ है..?" निहारिका ने कहा....,"मुझे प्रतिक की बातें सच्ची लगती हैं...."

"अब तुम भी?" तनवी ने निहारिका को घूरा....

"मुझ पर विश्वास नही है क्या?" निहारिका ने उसका हाथ दबाकर कहा...

"यार.. इसमें विश्वास की क्या बात है? बस, मुझे कोई बात नही करनी..." तनवी अपने फ़ैसले पर अडिग थी...

"देख! मैं तुझे प्रतिक की बातों में सच्चाई के बहुत से सबूत दे सकती हूँ.. पर तू एक बार हमारे साथ चल.. बस!" निहारिका ने ज़ोर देकर कहा...

"साथ चलूं? ... पर कहाँ?" तनवी ने नरम पड़ते हुए कहा...

"चल आजा... " निहारिका ने कहा और लगभग ज़बरदस्ती सी करते हुए उसको संकेत की गाड़ी में बैठा लिया.. साथ ही शीतल भी बैठ गयी......

संकेत के घर पर सब लोग साथ साथ बैठे थे.. शीतल और सौरभ एक दूसरे के साथ बैठे थे.. संकेत और प्रतिक एक दूसरे के साथ.. उनके सामने निहारिका के साथ बैठी हुई तनवी खुद को अजीब सी स्थिति में पा रही थी... अगर निहारिका उसके साथ ना होती तो एक पल भी उसका वहाँ ठहरना नामुमकिन था... उसने निहारिका का हाथ कसकर पकड़ा हुआ था..

अचानक दारू की बॉटले छिपाने गया धीरज जैसे ही उनके सामने आया.. उसके सिर पर गोला बना देख निहारिका की हँसी छूट गयी.. तनवी ने भी जैसे ही अपना चेहरा उपर उठाया, अपना मुँह दबाकर हँसने से खुद को रोक ना पाई...

"प्रणाम भाभी जी!" धीरज ने पहली बार तनवी के चेहरे पर सितारों की चमक जैसी मुस्कुराहट देखी थी.. मौके का फायदा उठाते हुए उसने तनवी को भाभी कह ही दिया....

तनवी ने उसकी बात को अनसुना कर दिया और निहारिका से बोली," हां.. अब बताओ.. क्या बात करनी थी.. जल्दी बोलो.. मुझे जाना है...

प्रतिक ने बोलने के लिए जैसे ही मुँह खोला.. सब चुप होकर उसकी बात सुनने लगे.. अपने सपनो से शुरुआत करके आज तक की सारी कहानी प्रतिक ने विस्तार से बयान कर दी.. सिर्फ़ उसमें से गीता के साथ हुए उस दर्दनाक हादसे को वह खा गया.. इस दौरान गीता को याद करते हुए उसकी आँखें भर आई.. और एकाएक सब भावुक हो गये.. जिनको गीता के बारे में पता था.. वो गीता को याद करके.. और जिन्हे नही पता था.. वो ये समझ कर कि प्रतिक तनवी को कहानी सुनाते हुए बहक गया है....

"आई बात समझ में....?" निहारिका ने प्रतिक की बात ख़तम होते ही तनवी से पूछा...

तनवी का दिमाग़ कहानी सुन'ते हुए सुन्न सा होकर अपना नाम बदले जाने वाली कहानी से तड़ातम्मया बिठा रहा था.. पर प्रत्यक्ष में उसने सिर्फ़ इतनी ही प्रतिक्रिया दी," चलें!"

"अब ये क्या बात हुई...? कुछ बोलो तो सही.. आख़िर सब तुम्हारे जवाब का इंतजार कर रहे हैं..." निहारिका ने गुस्से में भरकर कहा....

तनवी कुछ बोलने की सोच ही रही थी कि अगले ही पल मानो उसको बिजली का सा झटका लगा..

"उम्मीद करता हूँ कि मैने आप सब को डिस्टर्ब नही किया होगा..." बिना इजाज़त अंदर आने के बाद एक एक चेहरे को घूर्ने के बाद करनवीर की आँखें तनवी पर आकर टिक गयी....," ओह्हो! इतनी शराफ़त और नज़ाकत भरी शरारत... आइ'एम इंप्रेस्ड!" करनवीर के चेहरे पर कुटिल मुस्कान तेर गयी.....

"आइए ना इनस्पेक्टर साहब. बैठिए... हम उस दिन इन्ही 'तनवी' की बात कर रहे थे.." संकेत इनस्पेक्टर के स्वागत में खड़ा हो गया....

तनवी कुछ बोल सकने की हालत में नही थी.. वह उठकर बाहर जाने ही लगी थी की करनवीर ने उसको टोक दिया,"अरे नही नही... ये तो बहुत ही अच्छा हुआ कि आप यहीं मिल गयी.. प्रतिक को हथकड़ी लगाने से पहले मुझे आपके बयानों की भी ज़रूरत पड़ेगी... हा हा हा!"

करनवीर की बात सुनकर सभी चौंक कर उसकी और देखने लगे..

"ये क्या कह रहे हैं आप..? प्रतिक को हथकड़ी?" संकेत ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा....

"चिंता ना करें.. मैं सब कुछ स्पष्ट करके ही इसको यहाँ से ले जाऊंगा..." करनवीर कुर्सी पर बैठ गया...

प्रतिक कभी करनवीर को और कभी तनवी को अजीब सी निगाहों से देखने लगा.....

"तो प्रतिक जी; आप रात को अक्षरा के घर में घुसपैठ करते हैं?" सबके चेहरों को अपनी और ताकता छोड़ कर अपनी इनटेरोगेशन शुरू कर दी....

सवाल सुनते ही धीरज ने अपने सिर के गोले को हाथ से ढक लिया... मानो सबूत छिपाने की कोशिश कर रहा हो...

प्रतिक ने मायूस होकर शिकायती नज़रों से तनवी की और देखा.. उसको यही अंदाज़ा हुआ कि तनवी ने उसके घर में घुसने की रिपोर्ट करवा दी है... सिर झुका कर वह कबूल करने को बोलने ही वाला था कि चौंक कर उसने तनवी की और देखा...

"नही! ये हमारे घर में कभी नही आया...!" तनवी के जवाब ने सबको हैरत में डाल दिया...

करनवीर तनवी के बोलने से झल्ला उठा.. उसको तनवी की आवाज़ से ही पता चल गया था कि वो प्रतिक को बचाने के लिए ऐसा बोल रही है...

"आर यू शुवर मिस.. अक्षरा उर्फ तनवी जी!" चेहरा नीचे किए हुए ही नज़रें उपर उठा कर करनवीर ने तनवी की और घूरा....

"हां.. ये कभी हमारे घर नही आया...!" तनवी ने नज़रें झुकाए हुए ही जवाब दिया.. बात सुनकर धीरज भी उछल पड़ा,"हां हां.. हम भला रात को क्या करने जाएँगे.. हैं ना प्रतिक!"

प्रतिक ने नज़रें उपर करके उसके 'गोले' को देखा और उसकी हँसी छूट गयी.. अब प्रतिक काफ़ी रिलॅक्स महसूस कर रहा था.. जब मियाँ बीवी राज़ी, तो क्या करेगा काज़ी!

"वाह वाह! प्रतिक को बचाने की आपकी कोशिश काबिल-ए-तारीफ़ है तनवी जी! पर अफ़सोस! इसको हथकड़ी लगाने के लिए जो वजह मेरे पास है.. उसमें आप भी इसकी कोई मदद नही कर सकती.... इसके इस जुर्म के लिए तो मैं इसको समझा कर ही छोड़ने वाला था.... आख़िर तुम्हे भी इसके साथ कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ते... और मेरी तरह कोई भी इज़्ज़तदार मर्द ये नही चाहेगा कि उसकी होने वाली धरमपत्नी इस तरह की छोटी छोटी बातों के लिए कोर्ट के झमेले में पड़े.."

करनवीर ने अपनी आख़िरी बात को चबा चबा कर कहा और तनवी के घर मिला खत उसके सामने टेबल पर रख दिया...," अब ये मत कहना कि ये खत भी आपको नही मिला.. आंटी जी ने मुझे दिया है.."

तनवी ने अपनी नज़रें झुका ली.. कुछ देर मौन रहने के बाद बोली,"हां.."

करनवीर कुटिरंभा के साथ मुस्कुराया,"वेरी गुड!... पढ़ना ज़रा इसको!" कहकर करनवीर ने खत प्रतिक को पकड़ा दिया....

प्रतिक धीरज सौरभ और संकेत आश्चर्य से खत को पढ़ने के बाद एक दूसरे की आँखों में देखने लगे.. किसी की समझ में नही आ रहा था कि ये 'लेटर' वाला क्या फंडा है.. सब एक दूसरे से इशारों ही इशारों में सवाल सा कर रहे थे....

"पढ़ लिया?" करनवीर ने आराम से पिछे सिर टिकते हुए पूछा....

"जी हां.. पर इससे हमारा कोई लेना देना नही...!" प्रतिक ने ज़ोर देकर कहा....

"मान लिया! चलो अब इसको पढ़ो ज़रा...." करनवीर ने एक और लेटर प्रतिक के सामने टेबल पर फैला दिया...

"ययए.. ये तो गीता का है...." प्रतिक ने हाथ में पकड़े गीता के स्यूयिसाइड नोट की पहली लाइन पढ़ते ही कहा....

करनवीर मुस्कुराया," ना! ये गीता ने नही लिखा... पहले में मान चुका था कि गीता ने आत्महत्या की है... और ये स्यूयिसाइड नोट अपने हाथों से लिखा है... पर अब नही मानूँगा... गीता की हत्या हुई है...!"

"क्क्या मतलब..." सभी उछल कर खड़े हो गये.. बेचारी तनवी को तो अब तक ये भी पता नही था कि गीता अब इस दुनिया में नही है.... सब हैरत से करनवीर की ओर देख रहे थे....

"दोनो लेटर्स एक साथ रख कर देखो... साफ पता चल रहा है कि दोनो एक ही आदमी ने लिखें हैं..." करनवीर के चेहरे पर सफरंभा की चमक उभर आई थी....

सबने अपने अपने हाथों में लेटर लेकर देखे.... करनवीर की बात शत प्रतिशत सच थी.... पर किसी की कुछ समझ में नही आ रहा था....

"इसका क्या मतलब है?" संकेत ने हड़बड़ा कर पूछा....

"इसका मतलब ये है कि स्यूयिसाइड नोट गीता ने नही लिखा... किसी और ने लिखा है.. और जिसने भी लिखा है.. उसी ने गीता का कत्ल किया है...!" करनवीर तीर छोड़ कर चुप हो गया.... उसको कहीं से किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नही मिली तो मजबूरन उसको खुद ही सारी बात समझानी पड़ी....

"देखो! गीता मर चुकी है.. इसीलिए तनवी के घर मिला लेटर गीता के हाथ का लिखा नही हो सकता... अब क्यूंकी दोनो खतों में राइटिंग हूबहू एक जैसी है.. इसका मतलब ये हुया कि गीता का स्यूयिसाइड नोट भी उसी व्यक्ति ने लिखा है जिसने ये दूसरा खत लिखा...

साफ बात है कि उसी व्यक्ति ने ही गीता की हत्या भी की है... अब अगर उस दिन के घटनाक्रम पर नज़र डालें तो प्रतिक ने खुद कहा है कि लास्ट में वो कुण्डी लगाकर गीता को अंदर छोड़ आया था.. उसके बाद विपिन ने स्वीकार किया है कि जब वो गीता के पास अंदर गया तो गीता लाश बन चुकी थी... अगर विपिन बाहर होता तो मैं एक पल को मान भी लेता कि हो सकता है हत्या विपिन ने की हो.. पर उसकी जमानत तो कल होगी.. फिर वो कैसे तनवी के घर लेटर भेज सकता है... नही ना?"

इसका मतलब कहानी शीशे की तरह बिल्कुल साफ हो गयी.... विपिन ने गीता को जबरन प्रतिक के पास भेजा और प्रतिक ने गीता की मजबूरी का फायदा उठाते हुए उसके साथ ज़बरदस्ती करने की कोशिश की.. पर जब वो नही मानी तो ज़बरदस्ती के चक्कर में ही इसने उसका गला घोंट दिया... और उसको पंखे से लटका कर बाहर से कुण्डी बंद करके आ गया... समझे! विपिन पर सिर्फ़ ब्लॅकमेलिंग का आरोप रहेगा.. बाकी सारा काम तो जनाब ने अपने हाथों से ही किया है...." करनवीर ने एक लंबी साँस छोड़ कर अपनी कहानी को विराम दिया....

"आप बेवजह प्रतिक पर शक कर रहे हैं इनस्पेक्टर... ये सपने में भी ऐसा नही कर सकता....!" संकेत ने ज़ोर देकर कहा....

"तो किस पर करूँ प्रोफ़ेसर साहब!" करनवीर हंसा," क्या आप पर करूँ? या बाकी लोगों पर... उस रात कोई और मौजूद था ही नही.. अगर आप में से कोई क़ुबूल कर रहा है कि ये

कत्ल और दोनो खत आप में से किसी ने किए हैं तो ठीक है.. मैं विचार कर लेता हूँ... वरना सारे सबूत तो प्रतिक की तरफ ही इशारा कर रहे हैं..." करनवीर ने कहा...

"हम जायें!" तनवी के चेहरे पर कड़वाहट साफ झलक रही थी......

"जी क्यू नही..? वैसे अब भी कोई मुग़ारंभा बचा हो तो आप भी सवाल कर सकती हैं..." करनवीर ने तीखी नज़रों से तनवी की और देखते हुए कहा...

तनवी, निहारिका और शीतल बिना कुछ कहे बाहर निकल गयी....

"हम भी चलते हैं लव गुरु.. तुमसे टिप्स लेने फिर कभी आऊंगा.." करनवीर ने सलाम ठोंकने के अंदाज में अपना हाथ संकेत की और उठाया और प्रतिक का हाथ पकड़ कर खड़ा हो गया....," प्रतिक को मैं कल सुबह कोर्ट में पेश कर दूँगा.. पर मुझे नही लगता कि ४-५ महीने से पहले इसकी बेल अप्लिकेशन लगाने का कोई फायदा होगा..."

# २८

रात को करीब १२ बजे जाकर करनवीर को बिस्तर नसीब हुआ.. सारे दिन की भगा दौड़ी से उसको थकान महसूस हो रही थी... प्रतिक से उसने गीता वाले केस से ज़्यादा तनवी के बारे में पूछा था... ये जानकार उसको सुकून मिला था कि अभी तक प्रतिक उसके दिल में जगह बनाने में नाकामयाब रहा है... उसको खुद अहसास हो रहा था कि प्रतिक का नाम तनवी के साथ जुड़ा होने की वजह से वह केस में कुछ ज़्यादा ही इंटेरेस्ट ले रहा है.. दोपहर को तनवी के सामने ही सारा खुलासा करने के पिछे भी उसका यही मकसद था...

पर करनवीरीयता और शायद आत्मीयता सी दिखाते हुए उसने प्रतिक को अपने साथ ही खाना खिलाया और स्टाफ के ही आदमी के बिस्तर पर सो जाने को कह दिया... ताकि वह अपने ही मंन के द्वारा धिक्करे जाने से बच सके... वह खुद भी थाने में बने अपने रिटाइरिंग रूम में ही लेट गया...

अचानक दरवाजे पर हुई दस्तक से उसकी नींद टूट गयी,"कौन है?"

पर उसके सवाल का किसी ने भी जवाब नही दिया और वह करवट बदल कर फिर सोने की कोशिश करने लगा...

थोड़ी ही देर बाद दरवाजा लगातार २ बार जल्दी जल्दी खटखटाया गया.. वह झल्ला कर उठ बैठा और पैंट पहन कर उठ खड़ा हुआ...

"क्या बात है?" दरवाजा खोल कर करनवीर ने पास ही खड़े संतरी से पूछा...

"कुछ नही जनाब! क्या हो गया...?" संतरी भाग कर दरवाजे के पास आया...

"दरवाजा क्यू खटखटा रहे हो?" करनवीर ने हल्के से गुस्से से कहा...

"नही तो जनाब! मैं तो आधे घंटे से यहीं खड़ा हूँ.. दरवाजा तो किसी ने नही खटखटाया...."

करनवीर ने अजीब सी नज़रों से उसको घूरा और बाहर गेट की तरफ टहलने चला गया.. वापस लौट'ते हुए वा प्रतिक के कमरे में घुस गया.. प्रतिक जाग ही रहा था...

"कोई दिक्कत तो नही है भाई?" करनवीर ने पूछा...

"आपके रहते दिक्कत क्या हो सकती है?" प्रतिक ने व्यंग्य सा किया.. करनवीर ने कुछ बोलना उचित नही समझा और बाहर निकल कर अपने कमरे में जाकर लाइट ऑफ की और फिर लेट गया...

मुश्किल से उसको लेटे हुए ५ मिनिट भी नही हुए होंगे की अचानक कमरे की लाइट जल गयी...

हड़बड़ते हुए चौंक कर करनवीर एक दम उछल कर बैठ गया," कौन है?"

पर एक बार फिर किसी से कोई जवाब नही मिला...

करनवीर के दिल की धड़कने बढ़ने लगी.. वह बिस्तर से उठा और धीरे धीरे चलते हुए अलमारियों के पिछे बने स्विच बोर्ड की और बढ़ा... वहाँ पर किसी चूहें तक का भी नामोनिशान ना पाकर उसका दिल उसकी बल्लियों पर आ जमा," क्या मुसीबत है?" वह बड़बड़ाया और लाइट बंद कर दी... फिर जाने क्या सोच कर वह पलटा और लाइट फिर से ऑन कर दी....

वापस बिस्तर की तरफ आते ही मानो उसको बिजली का कोई तेज झटका लगा हो.. हैरत और भय के मारे उसकी आँखें बाहर को निकल आई... धीरे धीरे चलकर उसने बिस्तर पर पड़े कागज के टुकड़े को उठाया.. लाल रंग से कागज पर सिर्फ़ इतना ही लिखा हुआ था," ***मरे हुए झूट नहीं बोलते***"!

असमंजस में वहीं जमकर खड़े हो चुके करनवीर को स्पष्ट अहसास हो रहा था कि कमरे में कोई है... पर कौन है; ये उसकी समझ से परे था.. इतना तो तय था ही कि जो कोई भी था.. तीनो राइटिंग एक ही आदमी की थी...

हैरानी से पागल हुए जा रहे करनवीर ने बिस्तर के नीचे देखा, दोबारा अलमारियों के पिछे देखा.. पर कहीं आदमी होने का चिन्ह तक उसको नज़र नही आया...

"कौन है भाई? ये आँख मिचौली सी कैसी खेल रहे हो... सामने आकर बात करो ना.." करनवीर एक जगह खड़ा खड़ा ही चारों तरफ घूम घूम कर देख रहा था...

"अगर तुम प्रतिक या विपिन को बचाने के इरादे से आए हो तो सामने आ जाओ! मैं भी सच जानना चाहता हूँ... सामने आ जाओ यार!" करनवीर इस तरह बात कर रहा था जैसे किसी से फोन पर बात कर रहा हो.. बोलते हुए उसकी आँखें सामने दीवार पर ठहरी हुई थी.... उसकी बातों और चेहरे से लग रहा था की उसको 'भूतों' के कॉन्सेप्ट पर यकीन हो चला है...

अगले ही पल उसने बड़ी मुश्किल से खुद को बेहोश होने से रोका... उसकी टेबल पर रखा पेन पहले सरका और फिर हवा में उठ गया.. अगले ही पल पेन टेबल पर इस तरह जाकर खड़ा हो गया मानो किसी ने पेन हाथ में लेकर टेबल पर हाथ रख दिया हो....

आश्चर्य में करनवीर पलकें झपकना तक भूल गया.. वह दो कदम पिछे हटा और अपने हाथ अलमारी से चिपका लिया... उसकी आँखें हैरत से फटी जा रही थी.. गला सूख चुका था.... पर बोलती बिल्कुल बंद थी.. अब तो उसके साँस भी गिने जा सकते थे... और दिल की धड़कने भी सुनी जा सकती थी....

कुछ पल पेन हवा में ही लहराता रहा.. फिर अचानक उसकी सी.डी. (केस डाइयरी) के पन्ने पलटने लगे... आख़िरकार जब पन्ने पलटने बंद हो गये तो पेन डाइयरी के पन्ने से सटकार खड़ा हो गया... और इस तरह लहराने लगा जैसे पन्ने पर कुछ लिखा जा रहा हो....

करनवीर साँस रोके डाइयरी पर पेन का नृत्य देखता रहा.. आज से पहले उसने कभी सोचा भी नही था कि ऐसा भी कभी देखने को मिल सकता है.. हालाँकि अभी तक उसको किसी तरह की हानि नही हुई थी.. पर फिर भी वह पछता रहा था कि रिवॉल्वर उसने टेबल के ड्रॉयर में ही क्यू छोड़ दी.. अगर पेन उठ सकता है तो रिवॉल्वर भी तो..

अचानक डाइयरी पेन को अपने पन्नों में ही समेटे बंद हो गयी.. कुछ ही देर बाद चितकनी नीचे हुई और दरवाजा अपने आप खुल गया...

करनवीर अभी तक सम्मोहित सा दरवाजे की और देख रहा था कि संतरी भगा भगा आया,"जी जनाब! आपने बुलाया..!"

अब तो करनवीर संतरी को भी शक की निगाहों से ही घूर रहा था.. ,न..नही तो!"

"ज्जई.. वो आपने दरवाजा खोला, इसीलिए मुझे लगा..." संतरी सिर झुका कर बाहर निकलने लगा....

"अरे सुनो!" करनवीर ने आवाज़ लगाई...

संतरी झट से सेवा में पुन्हः हाज़िर हो गया.....

"वो... प्रतिक को यहीं भेज दो.. मेरे पास!"

"जी! आपने बुलाया?" प्रतिक अंदर आकर विनम्रता से बोला.....

"हां यार.. मरता क्या ना करता! आओ..." केस डाइयरी अब करनवीर के हाथ में थी...

"आओ.. बैठ जाओ आराम से.. यहीं सो जाना.. कल सुबह उठकर घर चले जाना!" करनवीर ने बिस्तर पर बैठते हुए कहा.. कुछ देर पहले हुए परलौकिक अनुभव का असर उसकी आँखों में अब भी साफ दिखाई दे रहा था...

प्रतिक ने आश्चर्य से करनवीर की और देखा,"इस रहमत की वजह जान सकता हूँ क्या?"

"लो.. ये पढ़ो!" कहकर करनवीर ने 'वो' पन्ना खोल कर डाइयरी प्रतिक के हाथों में दे दी....

"ये क्या है?" प्रतिक ने बिना डाइयरी में देखे ही पूछा...

"अरे यार.. पढ़ो तो सही.. बाद में सब बताता हूँ...." करनवीर ने मुस्कुराने की कोशिश की.. पर मुस्कुराहट सिर्फ़ उसकी कोशिश में ही रही.. चेहरे पर आ नही पाई...

प्रतिक ने डाइयरी को सामने रखा और पढ़ने लगा....

***" आपकी दुनिया के इस पार की दुनिया अजीब होती है इनस्पेक्टर साहब! हम जिंदा नही होते; पर कई बार मरते भी नही. आप मुझको महसूस करके बेचैन हो गये हो; पर सच कहूँ तो हम आत्मायें धरती के जिंदा इंसानो से डरती हैं. लालच, हवस, साज़िश, विश्वासघात; क्या क्या नही होता यहाँ.. हमारी दुनिया आप लोगों से लाख दर्जे बेहतर है..***

***हम में से ज़्यादातर आपकी दुनिया से दूर ही चैन से रहना चाहते हैं.. मैं भी शायद वापस लौट कर आने की कभी सोचती भी नही.. पर 'अधूरा प्यार' हम में से कुछ को मरने के बाद भी अपने प्रियतम से बाँधे रखता है.. और हम आपकी और हमारी दुनिया के बीच आधार में ही लटक कर रह जाते हैं....***

***ये प्यार चीज़ ही ऐसी है इनस्पेक्टर साहब.. ये पानी की तरह तरल भी है और बर्फ से ज़्यादा ठोस भी.. ये नाज़ुक भी है और सर्वशक्तिशाली भी.. ताकतवर इतना कि भगवान भी इसके आगे घुटने टेक देता है.. प्यार के कच्चे धागे से बँधे लोगों को मरने के बाद भी***

***भगवान पूरी तरह अपने में समाहित नही कर पाता.. हम जहाँ रहना चाहते हैं; वहीं रहते हैं... और अक्सर अपने प्रियतम के साथ साथ..***

***तनवी को लिखा वो खत मैने ही लिखा था, ठीक वैसे ही जैसे अभी आपके सामने लिख रही हूँ. आपको डराना मेरा मकसद नही था.. पर आपको अपनी मौजूदगी का सबूत देना ज़रूरी था.. माफ़ करना!***

***ज़रूरत पड़ी तो अपने 'अधूरे प्यार' की खातिर फिर आऊंगी!"***

प्रतिक अचरज से काफ़ी देर तक डाइयरी में ही देखता रहा, फिर सिर उठा कर बोला,"ये किसने लिखा?"

"गीता आई थी !" करनवीर ने लंबी साँस लेते हुए जवाब दिया...

# २९

"अभी तक तेरा मूड ऑफ है? अब भूल भी जा!" निहारिका ने अगले दिन भी तनवी को इसी तरह मुँह लटकाए देखा तो उसको समझाने लगी," मेरी ही ग़लती है.. मैं ही तुझे वहाँ ले गयी..."

"अरे वो बात नही है यार... मुझे क्या फ़र्क पड़ता है.. किए की सज़ा तो मिलेगी ही..." तनवी ने मुँह लटकाए हुए कहा...

"तो फिर क्या बात है? चेहरे पर १२ क्यू बजे हुए हैं तेरे.." निहारिका ने पूछा...

"घर वाले मेरी शादी करना चाहते हैं.. परसों आ रहे है मुझे देखने के लिए..." तनवी ने नाराज़गी के अंदाज में अपने होठ बाहर निकाल लिए...

"अर्रे वाह.. काँग्रर्रर..." निहारिका अचरज और गुस्से से उसकी और देख रही तनवी को देखते ही बीच में ही पलटी मार गयी,"...ओह्ह्ह..सॉरी.. ये तो बहुत बुरा हुआ! सच में यार... अब तू क्या करेगी?" निहारिका ने अपने चेहरे पर बनावटी दुख के भाव लाते हुए कहा....

"मेरी तो कुछ समझ में नही आ रहा... पापा ने तो साफ कह दिया है.. इस बार मेरी नही चलेगी...." तनवी ने बिगड़ते हुए कहा....

"क्यू इस बार क्या हो गया? पहले भी तो मान जाते थे वो...!" निहारिका बात को कुरेदते हुए बोली....

"कह रहे हैं कि ये रिश्ता हमें किस्मत से मिला है.. इसको किसी भी हालत में वो हाथ से नही जाने देने वाले.....!" तनवी ने कहा...

"अच्छा! ऐसा किसका रिश्ता आया है?" निहारिका ने उत्सुकता से पूछा...

" वो.. इनस्पेक्टर नही है जो कल वहाँ आया था.. करनवीर! " तनवी ने मुँह बनाकर कहा....

"ऊऊ..वॉववव..."निहारिका ने इतना ही कहा था की तनवी ने उसको मारने के लिए अपनी किताब उठा ली....

"मेरा ये मतलब नही था यार.. पर घरवालों की बात से भी मैं सहमत हूँ.. क्या कमी है आख़िर उसमें...?" निहारिका कहे बिना ना रह सकी....

"तो तू करले ना शादी... इतना ही पसंद है तो.... मुझे शादी नही करनी तो नही करनी... बस!" तनवी के एक एक शब्द से उसका गुस्सा झलक रहा था....

"हाए.... काश मेरे लिए ऐसा रिश्ता आया होता.. मैं तो फट से हाँ कर देती.." निहारिका ने बत्तीसी निकाल कर कहा और फिर संजीदा हो गयी,"पर तू टालेगी कैसे... परसों आकर वो तुझे 'अपना' लेंगे... फिर इनकार करने पर तो दोनो ही घरों की इन्सल्ट होगी... ऐसा मत करना प्लीज़.. तुझे शादी नही करनी तो पहले ही मना कर देना..."

"वही तो मैं सोच रही हूँ यार... कैसे टालू.. कुछ समझ में नही आ रहा....

"एक बात और हो सकती है?" निहारिका ने कुछ सोचते हुए कहा...

"वो क्या?" तनवी ने उसको गौर से देखते हुए पूछा....

" करनवीर ने हमें कल प्रतिक के पास देखा था... क्या पता वो खुद ही इस रिश्ते से मना कर दे...?" निहारिका ने दिमाग़ लड़ाते हुए कहा....

"नही... उसको कोई फ़र्क नही पड़ा शायद... कल शाम को फिर आया था घर पर... ये बताने की अब कोई परेशान नही करेगा... मम्मी से बड़ा हंस हंस कर बातें कर रहा था... मेरे तो दिल में आ रहा था कि 'मोगरा' उठा कर उसके सिर में मार दूं.. ना रहेगा बाँस.. और ना बजेगी बंसूरी..." तनवी ने अपना दुखड़ा रोया...

"हे हे हे... आज कल तुझे सिर फोड़ने में बड़ा मज़ा आने लगा है... कल उसका सिर देखा था? मुझे तो बड़ा मज़ा आया.. हे हे हे...." निहारिका ने हंसते हुए कहा...

"तू मेरी बात को सीरीयस क्यू नही ले रही....!" तनवी ने गुस्से से कहा...

"ले तो रही हूँ यार... तू ही बता, क्या कर सकते हैं...?" निहारिका ने सीरीयस होकर पूछा...

"भाग जाऊ घर से?" तनवी ने इतनी आसानी से कह दिया मानो ये बच्चों का खेल हो....

"पागल हो गयी है क्या? ये क्या कह रही है तू.. 'भागने' का मतलब पता है तुझे?" निहारिका ने उसकी और घूरते हुए कहा...

"हां.. पता है.. मैं बदनाम हो जाऊंगी... कोई मुझसे शादी नही करेगा.. हमेशा के लिए प्राब्लम सॉल्व्ड..." तनवी ने विश्वास के साथ कहा.....

"कैसी बातें कर रही है यार... अंकल आंटी पर क्या गुज़रेगी.. सोचा भी है...? वो कैसे रहेंगे....? ज़रा सोच! इतनी भी अकल नही है क्या?" निहारिका झल्ला उठी....

"ओह्हो.. मज़ाक कर रही हूँ यार... पर ये भी सच है.. शादी तो मुझे किसी भी सूरत में नही करनी है....परसों तक घर वाले नही माने तो मैं २-४ हफ्ते के लिए कहीं खिसक जाऊंगी...!" तनवी ने कुछ सोचते हुए कहा....

निहारिका इस बात पर कुछ कहती.. इससे पहले ही शीतल लगभग दौड़ती हुई उनकी और आई...," कॉनग्रेट्स!!!"

निहारिका और तनवी ने चौंक कर उसको देखा....,"तुम्हे कैसे पता लगा?" निहारिका ने अचरज से पूछा....

"अरे, मुझे तो सब पता लग गया है.. तुम्हे ही नही पता!" शीतल ने उनके पास बैठते हुए खुशी से कहा....

"क्या?" दोनो एक साथ बोल पड़ी....

"प्रतिक वापस आ गया है... वो बिल्कुल निर्दोष था.. कल रात ही 'उस' इनस्पेक्टर को सारी बात पता चल गयी...." शीतल ने बताया...

निहारिका का मन कर रहा था कि शीतल को बता दे की तनवी के लिए उसका रिश्ता आया है.. पर तनवी के वहाँ रहते उसकी हिम्मत नही हुई...

"अच्छा... पर कैसे?" निहारिका ने पूछा...

"सारी बात आकर बताऊंगी... अभी मुझे कहीं जाना है.. मेरी प्रॉक्सी लगवा दोगे ना प्लीज़...!" शीतल ने मिन्नत सी करी...

"जा जा.. ऐश कर.. आजकल तू गायब बहुत रहने लगी है.. बाद में पूछूंगी कि आख़िर राज क्या है...!" निहारिका ने हंसते हुए कहा....

# ३०

"आज तो बड़ी सी पार्टी होनी चाहिए... क्यू?" संकेत प्रतिक और धीरज के साथ आज सारा दिन घर पर ही रहा.. सौरभ घंटा भर पहले ही यहाँ से निकल कर गया था...

प्रतिक को छोड़ कर दोनो के चेहरे खिले हुए थे.. हालाँकि सबको विश्वास था कि प्रतिक बे-कसूर है और जल्द ही वापस आ जाएगा... पर सुबह उनके थाने में जाने से पहले ही प्रतिक को वापस आया देख तीनो की खुशी का ठिकाना ही नही रहा था... तभी सुबह से ही सभी के चेहरे पर उल्लास साफ नज़र आ रहा था....

"काहे की पार्टी यार... बेवजह तनवी के सामने ज़िल्लत का सामना करना पड़ा.. पता नही क्या समझ रही होगी वो? मैं तो गीता वाला हादसा उसको बताना ही नही चाह रहा था.. बिना बात किरकिरी हो गयी..." प्रतिक ने कहा....

"अरे, कुछ नही होता.. सौरभ ने शीतल को फोन करके सब कुछ बता दिया था....अब तक तो तनवी को पता लग भी गया होगा की तू बेक़ुसूर है.. पर यार ये तो कमाल ही हो गया.. गीता की आत्मा खुद चल कर तुझे बचाने गयी.. इट'स अम्ज़िंग यार!" संकेत ने प्रतिक को निसचिंत करने की कोशिश की...

"अरे बचाना ही नही.. वो तो प्रतिक और तनवी को मिलवाना भी चाहती है... उसके घर पर भी तो लेटर मिला है.. कमाल हो रहा है यार..." धीरज ने उनको बीच में टोका....

"हम्म... मुझे तो शाहरुख की उस फिल्म का डाइलॉग याद आ रहा है.. वो क्या है.. ***' इतनी शिद्दत से मैने तुम्हे पाने की कोशिश की है, कि जर्रे जर्रे ने हमें मिलाने की साज़िश की है!' सच में यार.. तुमको मिलने के लिए तो जैसे पूरी कयनात ने अपनी ताक़त झोंक दी है..*** तुम्हे मिलने से अब कोई नही रोक सकता.. बेफ़िकर रहो.." संकेत गहरी साँस लेते हुए प्रतिक की और देख मुस्कुराने लगा...

बात सुनकर प्रतिक का दिल खुश हो गया और वो भी मुस्कुराने लगा....

"अबे तू क्यू इतना खुश हो रहा है... कोशिश तूने नही, टीले पर तुम्हारे इंतजार में तड़प रही भाभी जी के दिल ने की है.. हम'में से किसी ने थोड़ी बहुत की है तो मैने.. ये देखो मेरा सिर.. मुझे तो लगता है, भाभी जी ने पर्मनेंट निशानी दे दी मुझे.. कम ही नही होता.." धीरज ने कहा और तीनो हँसने लगे....

# ३१

" निहारिका!" शाम को तनवी ने सीरीयस होकर निहारिका से बात करनी शुरू की.. अगले दिन शाम को दोनो तनवी के घर पर ही थी....

"हम्मम.. बोल!" निहारिका ने कहा...

"अब क्या करूँ यार? मेरा तो दिमाग़ खराब हो रहा है सोच सोच कर.." तनवी ने अपना सिर पकड़ रखा था...

"देख... मैं तो यही कहूँगी की घर वालों की मान लेने में ही भलाई है.. क्या फायदा बेकार में उलझ कर.. जब कुछ हो ही नही सकता...!.... और फिर शादी करने में बुराई ही क्या है? मेरी ये समझ में नही आ रहा की तू शादी से इनकार क्यू कर रही है.. कोई और पसंद कर रखा है क्या?" निहारिका ने सीरीयस होते हुए कहा...

"तू बकवास क्यू कर रही है.. कुछ आइडिया है तो बता..!" तनवी ने गुस्से से कहा..," वो कल आ रहे हैं.. और तुझे मज़ाक सूझ रहा है..."

"मज़ाक नही कर रही यार... ठीक ही तो कह रही हूँ.. आख़िर बुराई क्या है शादी करने में.. वो तो सभी करते हैं...!" निहारिका ने ज़ोर देकर कहा...

"मुझे नही पता.. पर मुझे पक्का पता है कि शादी करते ही मैं मर जाऊंगी.." तनवी ने उदास होकर कहा....

"अच्छा! आज तक तो कोई मरा नही... तुझे ऐसा क्यू लगता है.." निहारिका लगातार जिरह कर रही थी...

"मेरा दिल कह रहा है, इसीलिए.. और मुझे पता है ये झूठ नही है.. मरना ही है तो क्यू ना शादी से पहले ही मर जाऊ?" तनवी ने हताशा के भाव चेहरे पर लाते हुए कहा,"अपने घर में तो मरूँगी...."

"देख.. अब बकवास तू कर रही है... प्लीज़.. ऐसा मत बोल.. कुछ नही होगा.. अंकल आंटी तुम्हारा बुरा थोड़े ही चाहते हैं..." मरने की बात पर निहारिका को गुस्सा आ गया...

"ठीक है तो जा! तू भी उन्ही का ही पक्ष ले ले.. मुझे जो करना होगा मैं कर लूँगी..!" तनवी ने कहा और लेटकर तकिये के नीचे अपना चेहरा दबा लिया...

निहारिका ने तनवी के पास सरक कर उससे तकिया छीन लिया," अच्छा बोल.. क्या करना है.. मैं तेरे ही साथ हूँ पागल!" निहारिका उसके बालों में हाथ फेरने लगी....

निहारिका की बात सुनकर तनवी खुश होकर बैठ गयी....."देख.. मैं कल से ही मम्मी पापा के पिछे पड़ी हूँ... पर उनके कान पर जू तक नही रैंग रही.. अब तो बस एक ही इलाज है..." कहकर तनवी चुप हो गयी...

"वो क्या?" निहारिका ने संशय से पूछा....

" स्नेहा के पास होस्टल में चली जाऊ २-४ दिन के लिए.. उसको कुछ पता भी नही है इस शादी के चक्कर के बारे में.. मैं जाकर मम्मी को फोन भी कर दूँगी कि शादी ना करने का वादा करो तो मैं आ जाऊंगी.... फिर 'ये' आराम से मेरी शादी करने की अपनी ज़िद भी छोड़ देंगे..." तनवी ने कहा....

"तूने अपनी तो सोच ली... उनकी जो बे-इज़्ज़ती होगी वो?" निहारिका ने उसको घूरते हुए कहा....

"तो मैं और क्या कर सकती हूँ यार.. मैने मम्मी से उनका नंबर लेने की भी कोशिश की.. पर वो मानी ही नही... बता मैं क्या करूँ..." तनवी ने मायूस होकर कहा....

"हम्म.. देख, मैं तो साफ बता रही हूँ.. मुझे तो तेरा ऐसा करना अच्छा नही लगता... कल जो होता है होने दे.. बाद में सोच लेंगे....!" निहारिका ने समझाने की कोशिश की...

"अरे, तुझे पता नही है... वो कल मँगनी के लिए आ रहे हैं.. खाली देख कर जाने की बात होती तो मैं मान लेती.. पर घर वालों का जल्दी शादी करने का प्रोग्राम बन गया है... उन्ही

के कहने पर... अब तू खुद ही सोच.. अब ज़्यादा बेइज़्ज़ती होगी या बाद में...?" तनवी ने ज़ोर देकर पूछा...

"देख, मैं कुछ नही कहती... तुझे जो करना है कर ले!" निहारिका गुमसुम सी बैठकर कुछ सोचने लगी...

"देख! तू मेरा प्लान लीक तो नही करेगी ना?" तनवी ने उसको घूरते हुए पूछा...

"कुछ नही करती मैं.. जो करना है कर ले.. मैं जा रही हूँ.." निहारिका खड़ी होते हुए बोली.. उसके चेहरे पर उदासी और बेबसी साफ झलक रही थी.....

निहारिका को पूरी रात नींद नही आई.. सारी रात करवटें बदलते हुए वह तनवी के इस कदम के होने वाले असर के बारे में ही सोचती रही... कयी बार उसके मंन में आया की फोन करके आंटी जी को सब कुछ बता दे.. पर इसके लिए ज़रूरी हिम्मत वह जुटा नही सकी...

सुबह मम्मी उसको उठाने आई तो आते ही बोली," क्या बात है बेटी? तबीयत तो ठीक है?" मम्मी ने माथे पर हाथ लगा कर देखा.. वो तेज बुखार से तप रही थी.. उसकी आँखें लाल थी और चेहरा बोझिल सा लग रहा था....

"ओह्हो.. तुझे भी आज ही बीमार होना था... आज तो तनवी को देखने आने वाले हैं ना? चल चाय के साथ कुछ खा ले.. और गोली ले लेना... ठीक हो जाएगी..." मम्मी ने उसको पुच्कार्ते हुए कहा...

निहारिका फफक सी पड़ी... उसने अपना सिर घुटनो में दबा लिया और सिसकने लगी... अब तक तो सारे मोहल्ले को ही पता लग चुका होगा कि आज तनवी की मँगनी है.. अब क्या होगा....

अचानक उसको इस तरह से व्यवहार करते देख मम्मी जी विचलित सी हो गयी," क्या हुआ बेटा! ऐसा क्यू कर रही है तू..? कुछ बात है क्या?" मम्मी बुरा सा मुँह बनाकर उसके साथ बैठ गयी और उसका चेहरा अपनी छाती से लगा लिया...

"कुछ नही मम्मी!" और निहारिका और ज़्यादा तेज़ रोने लगी.....

"आए.. मेरी लाडली! ऐसा क्यू कर रही है? कोई बात है तो बता ना.. तू भी मुझसे कुछ छुपाती है कभी?" मम्मी अधीर होकर उसको दुलार करने लगी...

"ममियैयीई... वो... तनवी!" निहारिका लगातार मोटे मोटे आँसू गिराती हुई सिसक रही थी.....

"क्या हुआ? फिर से लड़ाई हो गयी क्या..? ले तू चाय ले.." मम्मी ने टेबल से ठंडी हो रही चाय उसको उठाकर दी.....

"वो शादी नही करना चाहती मम्मी... इसससलिए घर से जा रही है..." अपने दिल का गुबार निकलते ही निहारिका फुट फुट कर रोने लगी.....

"हाए राम! ये क्या कह रही है तू? घर वाले समझाते क्यू नही... अब क्या होगा?" मम्मी के हाथ से चाय का कप छूट'ते छूट'ते बचा...

"उनको नही पता मम्मी... वो बिना बताए जाएगी....." निहारिका ने कहा...

"हे भगवान... मैं अभी उनके घर जाती हूँ.. ऐसे कैसे चली जाएगी...?" मम्मी ने एक पल भी गँवाए बिना अपनी चप्पल पहनी और तेज़ी से बाहर निकल गयी...

"उनको ये मत बताना मम्मी.. कि मैने बताया है.. वो बोलेगी नही कभी मुझसे.." निहारिका ने जब तक बात कही.. मम्मी जी बाहर निकल चुकी थी.. पता नही सुना या नही सुना....

निहारिका की मम्मी ने तनवी के घर की बेल बजाई.. बाहर उसकी मम्मी ही निकल कर आई," आओ बेहन.. हम तो आज बड़ी लेट उठे..." तनवी की मम्मी जी ने मुस्कुराकर उसका स्वागत किया...

"तनवी कहाँ है?" निहारिका की मम्मी ने सीधा यही सवाल किया....

"सो रही है उपर.. क्यू?"

"ज़रा बुलाना.. मुझे कुछ काम है.. चलो रहने दो.. मैं उपर ही चली जाती हूँ..." निहारिका की मम्मी उनको बात बताए बिना ही तनवी को समझाना चाहती थी....

"अरे क्यू परेशान होती हो... आओ चाय पी लो तब तक.. मैं बुलाकर लाती हूँ..." कहते हुए तनवी की मम्मी उपर चली गयी.....

दिन निकलने से पहले ही तनवी घर से बाहर निकल चुकी थी.. जाने क्या बात थी, पर उसका शादी ना करने का दृढ़ निश्चय निश्चित तौर पर नियती द्वारा निर्धारित ही लगता था.. बाहर निकलने से पहले उसके मन में इतनी घबराहट नही थी, जितना वो घर से बाहर कदम रखने के बाद महसूस कर रही थी. ये तो शुक्र था कि उसके सामने एक मंज़िल थी.. अमृतसर का गर्ल'स होस्टल ! वरना क्या हाल होता उसका... कभी घर वालों का ख़याल और कभी उनकी इज़्ज़त का.. उसका मन कहीं ना कहीं उसको ऐसा करने से रोक रहा था... पर उसके कदम आगे ही आगे बढ़ते चले गये..

बस-स्टँड पर जाकर उसने अनमने मंन से अमृतसर की एक टिकेट खरीदी और बस में बैठ गयी......

"हे भगवान! ये क्या हो गया...? क्या जवाब देंगे हम उनको... इससे अच्छा तो हम उसकी मान ही लेते...." सारी बात का पता लगते ही मम्मी पापा दोनों के पैरों तले की ज़मीन खिसक गयी.... निहारिका के पापा भी वहीं आ चुके थे... सबके माथे पर चिंता की लकीरें थी....

"मैं गाड़ी लेकर देख कर आता हूँ... " विचलित से पापा ने कहा और बाहर निकल गये....

"अंकल जी! कितनी देर में चलेगी बस?" तनवी ने बस में चढ़े कंडक्टर से पूछा...

"५-७ मिनिट और लगने हैं बेटी बस.. एक बार मिस्त्री क्लच ठीक कर दें.. फिर तो यहाँ से सीधी ५वें गियर में चलनी है...... हे हे" कंडक्टर ने कहा और आगे चला गया.....

तनवी के पापा सीधे बस-स्टँड ही पहुँचे... अंदर आए और अमृतसर जाने वाली बस के पास जाकर खड़े हो गये.. अचानक उनको घर से फोन आ गया.. वो वापस पलटे और थोड़ी दूर खड़े होकर घर फोन निकाल लिया..

"हांजी" मम्मी की आवाज़ सुनकर पापा ने रुनवासी आवाज़ में पूछा....

"निहारिका कह रही है कि वो अमृतसर जाने की बोल रही थी.. अपनी सहेली 'स्नेहा' के पास...." मम्मी ने बताया....

निहारिका भी तब तक वहीं आ चुकी थी..

"शुक्रक्र है भगवान का....!" पापा ने राहत की साँस ली..," वही ना जो हॉस्टिल में रहती है.....?"

"हांजी.. वही!" मम्मी ने हामी भारी....

"ठीक है... तुम वहाँ फोन मत करना... मैं उसको लेकर ही आऊंगा... रख दो!" पापा ने कहा और फोन काट दिया.....

फोन वापस जेब में डाल कर पापा अमृतसर वाली बस में चढ़ गये...

उन्होने सवारियों पर नज़र डाली, पर तनवी वहाँ नही थी... वो सीधे कंडक्टर के पास पहुँचे..,"इससे पहले कोई बस गयी है क्या अमृतसर....?"

"हांजी.... बस १५ मिनिट पहले ही निकली है... क्यू?" कंडक्टर ने विनम्रता से पूछा....

"नही... कुछ नही..." पापा ने कहा और तेज़ी से उतरते हुए बाहर निकल कर अपनी गाड़ी में बैठे और गाड़ी अमृतसर की और दौड़ा दी.....

५-७ मिनिट का टाइम मिलने पर तनवी बस से उतर कर बस-स्टँड के पिसियो बूथ में चली गयी थी... वहीं से उसने स्नेहा के हॉस्टिल में फोन मिलाया.. पर किसी ने फोन उठाया नही....

वह बाहर निकालने ही वाली थी कि उसने पापा को बस से बाहर खड़े देख लिया... तनवी एक दम सहम गयी और वापस पी.सी.ओ. में घुस गयी...

"हांजी मेडम! फोन कर लिया हो तो बाहर आ जाइए... मुझे भी करना है..." बाहर तनवी के बाहर आने की प्रतीक्षा कर रहे आदमी ने कहा...

"एक मिनिट प्लीज़...." कहकर तनवी ने मजबूरी में रिसीवर उठाकर नंबर. रिडाइयल कर लिया...

पर फोन नही उठाया गया... तनवी ने बाहर देखा.. पापा बस से उतरे थे... तनवी ने एक बार और फोन मिला लिया....

"हेलो!" इस बार किसी ने फोन उठा लिया था....

"एक बार रूम नो. १३ से स्नेहा को बुला देंगे प्लीज़!" तनवी ने रिक्वेस्ट की...

"कॉलेज में ३ दिन की छुट्टिया हैं... सभी बच्चे घर पर गये हुए हैं... आप कौन?" उधर से आवाज़ आई...

सुनते ही बुरी तरह से हताश होकर तनवी ने फोन रख दिया... पापा जा चुके थे और उसी वक़्त बस भी चल पड़ी... वह बाहर निकली और बस-स्टँड के पिछे चली गयी...

"हे भगवान! अब क्या करूँ..." विडंबना और असमंजस के मारे तनवी की आँखों से आँसू छलक उठे....

पापा ने बस पकड़ने में ज़्यादा देर नही लगाई... बस को रुक्वाकर वो गाड़ी में चढ़े.... पर उस'में भी तनवी को ना पाकर हताश हो गये... बस से उतरकर उन्होने गाड़ी अमृतसर की और ही दौड़ा दी... होस्टल में जाकर तनवी का इंतजार करने के अलावा उनके पास कोई चारा बचा ही नही था...

उधर तनवी के पास भी कोई चारा नही बचा था... लगभग वह आधे घंटे तक इसी असमंजस में फँसी रही कि घर वापस जाऊ या नही..... फिर अचानक उसके मंन में जाने

क्या ख़याल आया कि वह बाहर निकली और एक ऑटो में बैठ गयी..,"चलो भैया!"

तनवी संकेत की कोठी के सामने खड़ी थी...

"वो घर पर हैं?" तनवी ने बाहर खड़े नौकर से पूछा....

"जी.. एक मिनिट!" कहकर रामपाल अंदर चला गया... सबसे पहले उसको धीरज मिला अंदर...

"साहब! एक मे'म साहब आई हैं.. पूछ रही हैं आप लोगों को.. क्या बोलूं?"

"कौन है?" कहते हुए धीरज बाहर निकल आया...

बाहर आते ही एक पल को तो वो जड़ सा होकर रह गया.. पागलों की तरह उसको कुछ देर तक दूर से ही देखता रहा.. फिर अपने सिर को पकड़ कर बेतहाशा अंदर की और भागा..,"भाई.... भाई!"

"क्या हो गया? चिल्ला क्यू रहा है..." प्रतिक ने पूछा....

"ववो... वो आप खुद ही देख लो... मैं नही बताता..." धीरज के चेहरे की चमक बता रही थी कि कुछ ना कुछ अच्छा ही हुआ है!

"कहाँ देख लूँ.. बता तो सही... तू इतना उतावला क्यू हो रहा है..." प्रतिक ने आश्चर्य से पूछा...

"नही नही... तुम मत देखो... तुम कपड़े बदल लो... मैं लेकर आता हूँ उन्हे अंदर...." धीरज ने कुछ सोचते हुए कहा...

"कपड़े बदल लूँ?" प्रतिक की कुछ समझ में नही आया.. धीरज को घूर कर देखता हुआ प्रतिक बाहर निकल आया...

"आअ...आप!" प्रतिक की भी तनवी को देखते ही हवाइयाँ उड़ने लगी... वह तेज़ी से गेट की तरफ गया और फिर से बोला..,"आप... यहाँ?"

"अंदर आ जाऊ?" तनवी ने मुरझाए चेहरे से ही कहा...

"ह..हां हां.. आइए ना... आप... क्या हो गया?" प्रतिक तनवी के साथ साथ चरंभा हुआ बोल रहा था,"सब ठीक तो है ना...."

तनवी के चेहरे से लग नही रहा था कि सब ठीक है... इसीलिए वो गहरी असमंजस में था....

"हम्मम... वो... तुम क्या कह रहे थे पुराने टीले के बारे में!" तनवी ने सहजता से पूछा...

"वो.. मुझे सच में सपने आते हैं.. आप की.... धीरज की कसम.. भगवान की कसम... मैं कुछ भी झूठ नही बोल रहा था.." प्रतिक बात को समझ नही पाया था... तब तक संकेत और धीरज भी वहीं आ चुके थे...

"आप बैठिए ना!" संकेत ने आग्रह किया....

"मेरा वो मतलब नही है" तनवी ने बैठते हुए कहा..," आप कह रहे थे ना कि टीले पर चल कर मुझे सब याद आ जाएगा..."

"जी... वो कह रही थी.. तनवी... सपने में.. सच कह रहा हूँ...." प्रतिक अब तक खड़ा ही था...

"तो चलो...!" तनवी ने कहा....

"कहाँ?" प्रतिक ने पूछा....

"पुराने टीले पर..." तनवी ने जवाब दिया....

"क्या? सच ?" प्रतिक की खुशी का कोई ठिकाना नही रहा.. पर अगले ही पल वा मायूस होते हुए बोला,"पर वो तो यहाँ से बहुत दूर है.. आज चलकर वापस नही आ सकते..."

"कितने दिन लग जाएँगे... ३, चार, हफ़्ता?" तनवी ने पूछा...

"हां.. हफ्ते में तो सब कुछ हो जाएगा... मतलब हम आराम से जा सकते हैं... पर....?" प्रतिक पूछना चाहता था कि घर वाले क्या कहेंगे.... पर तनवी ने बीच में ही टोक दिया...

"ठीक है... चलो!" तनवी ने उदासी भरे चेहरे से ही कहा...

"हे भगवान! पता नही कहाँ चली गयी वो पागल! यही करना था तो बता तो देती... हम रहने देते शादी से...." घर वापस आकर उसके पापा सबके साथ गहरी सोच में बैठे हुए थे....

"पर अगर होस्टल बंद है तो कहाँ गयी होगी... कहीं कुछ हो गया तो उसको.. वो तो अकेली कहीं जाती भी नही थी..." मम्मी लगातार आँसू बहाए जा रही थी....

"भाई साहब! उनको तो मना कर दो.. कम से कम वहाँ वाला पंगा तो नही रहेगा..!" निहारिका के पिताजी ने कहा....

"क्या कहूँ? ... कैसे कहूँ? मैं अमृतसर जा रहा था तो उनका फोन आया था.. मैने तब तो कुछ कहा भी नही.. अब तो उनके रिश्तेदार भी आ चुके होंगे... ये कैसा दिन दिखाया भगवान!" पापा की आँखें भी गीली हो गयी...

अचानक उनको बाहर दो गाड़ियाँ रुकने की आवाज़ सुनाई दी.. सब सहम गये... बाहर निकले तो देखा वही थे...

"अब क्या किया जाए?" बड़बड़ाते हुए तनवी के पापा करनवीर के पापा की और बढ़े...

करनवीर के पापा बड़ी ही गरम जोशी से आकर उनसे गले मिले...," अरे! ऐसे चेहरा क्यू लटका रखा है यार... ये लो! संभलो. मेरा बेटा और अक्षरा बिटिया को मुझे सौंप दो..." उन्होने खिलखिलाते हुए कहा..

करनवीर ने आकर उनके इज़्ज़त से चरण छूए... पर ग्लानीवश तनवी के पापा उनको आशीर्वाद तक देना भूल गये...

"मेरे साथ आएँगे प्लीज़.. कुछ बात करनी है...!" तनवी के पापा ने आहिस्ता से कहा....

"देखो भाई.. दहेज की बात मत करना.. हम बेटा दे रहे हैं.. दहेज नही देंगे..." कहकर करनवीर के पापा ने अट्टहास किया...

"आप आइए तो सही.. एक बार.. उपर.." तनवी के पापा ने उनका हाथ पकड़ा और उपर जाने लगे... निहारिका के पापा भी उनके साथ ही थे... आने वाली पार्टी में हर किसी के चेहरे से उल्लास झलक रहा था... सब नीचे ही रहकर घर वालों से मेल मिलाप में लग गये.....

"ये क्या कह रहे हैं भाई साहब! आपको पहले ही पूछ लेना चाहिए था... अब.. ये तो मेरी पगड़ी उछलने वाली बात हो गयी" सारा माजरा सुनते ही करनवीर के पिताजी के होश फाख्ता हो गये.. चेहरा का सारा रंग उड़ सा गया...

"भाई साहब मैं मानता हूँ... पर आप किसी तरह से आज का कार्यक्रम टाल दीजिए.. कुछ दिन बाद तो वो वापस आ ही जाएगी... आपको तो पता है तनवी के नेचर का... वो ऐसी नही है... उसके आने के बाद हम कोशिश करेंगे कि 'वो' मान जाए..." तनवी के पापा ने सिर झुका कर कहा...

"कमाल कर रहे हैं आप, भाई साहब! मेरे रिश्तेदारों को में क्या कहूँ? ये कि मेरी बहू आज कहीं चली गयी है बिना बताए... और फिर आने के बाद भी उसको ज़बरदस्ती शादी के लिए तैयार करने का क्या फायदा.. कल को फिर चली जाएगी.. हमारे घर से... नही नही! ये नही हो सकता भाई साहब!" करनवीर के पापा खफा से हो गये....

"तो फिर आप ही बतायें.. मैं क्या करूँ? ये तो अनहोनी है..." तनवी के पापा ने सिर झुकाए हुए ही कहा...

"ना ना! अनहोनी नही, ये आपकी नादानी है.. ज़बरदस्ती आपको अड़ना ही नही चाहिए था, रिश्ते के लिए.. वो मना कर रही थी तो आप कल तक भी फोन करके बात टाल सकते थे... हम कुछ भी कह देते.. पर आज की तरह ज़िल्लत का सामना ना करना पड़ता..." करनवीर के पापा ने गहरी साँस ली....

"अब पिछली बातों को दोहराने से क्या फायदा भाई साहब.. जो होना था, वा हो चुका.. ये सोचिए की अब क्या कर सकते हैं.. " निहारिका के पापा ने बीच में बोलते हुए कहा....

"यार, अब करने को रह क्या गया... मैं तो किसी को मुँह दिखाने लायक रहा नही.. मुझे तो बहू चाहिए थी.. वो यहाँ है ही नही..." करनवीर के पापा बहुत ज़्यादा हताश थे...

"एक बात कहूँ.. भाई साहब! अगर पसंद आए तो...." कहकर निहारिका के पापा रुक गये...

बिना कुछ बोले ही तनवी और करनवीर के पापा उनकी और देखने लगे...

"अगर आपको मेरा घर बार पसंद हो तो मैं अपनी बेटी देने को तैयार हूँ..." निहारिका के पापा ने कहा...

तनवी के पापा अवाक से उसके मुँह की और देखने लगे....

"वो तो लंबी कहानी हो गयी भाई साहब.. करनवीर उसको देखेगा.. अब अक्षरा तो उसको बेहद पसंद थी... आप तो समझते होंगे आज कल के बच्चों को.... फिर क्या पता आपकी बेटी को भी निहारिका की तरह करनवीर पसंद नही आया तो...और फिर ये सब एक ही दिन में तो नही हो सकता ना..." करनवीर के पापा के चेहरे पर अब भी हताशा और निराशा ही थी...

"मेरी बेटी नीचे है.. मैं उसकी मा और निहारिका को बुला लेता हूँ.. आप करनवीर को बुला लीजिए.. देख लीजिए अगर बात बनती है तो?" निहारिका के पापा ने कहा...

और कोई चारा अब बचा भी तो नही था... वो बाहर निकले और करनवीर को उपर बुलाया.....

करनवीर भी सारी बात सुनकर सन्न रह गया.. अगले ही पल उसको अहसास हुआ कि हो ना हो तनवी प्रतिक के पास ही है... पर फिर वही बात होती.. ज़बरदस्ती का रिश्ता... करनवीर ने अपने पापा के चेहरे पर फैली चिंता की लकीरों को देखा और भरे गले से कहा," ठीक है पापा! जैसा आप ठीक समझे करें.. मुझे कोई ऐतराज नही है..."

पापा ने लपक कर खड़ा होते हुए अपने बच्चे को बाहों में भर लिया,"ऐसी होती है औलाद.. मुझे तुम पर.. गर्व है बेटा...!" आँसू उनकी आँखों से निर्झर बहने लगे....

"आप ऐसा क्यू कर रहे हैं पापा.. मैने निहारिका को देखा है... मुझे पसंद है ये रिश्ता... मैं ही पागल था... मैं कभी तनवी की आँखों के भाव पढ़ ही नही पाया.. आप निहारिका से पूछ लें... अगर उनको मंजूर हो तो ये मेरा सौभाग्य ही होगा...." करनवीर का गला रुंध सा गया था....

"हमें माफ़ कर देना बेटा... हमसे चूक हो गयी..." तनवी के पापा ने खड़े होकर पश्चाताप सा प्रकट किया...

"आप भी अंकल... उपर वाले की मर्ज़ी के बगैर कभी कुछ होता है क्या? कोई ग़लती नही हुई आपसे.. प्लीज़ मुझे शर्मिंदा ना करें..." करनवीर ने कहा तो तनवी के पापा भी खुद को उसको अपनी बाहों में भरने से ना रोक सके....

जब निहारिका उपर आई तो उसको आभास भी नही था कि क्या से क्या हो गया है.. वह तो यही सोच रही थी कि तनवी के बारे में पूछने के लिए ही उसको बुलाया गया है....

"बेटी... अगर करनवीर से शादी करने में तुम्हे कोई ऐतराज ना हो तो हमारी इज़्ज़त बच जाएगी.." करनवीर के पापा ने सीधे सीधे ही पूछ लिया....

निहारिका को अपने कानो पर यकीन ही नही हुआ.. लंबा छर्हरा इनस्पेक्टर उसके सामने खड़ा उसको ही देख रहा था," म्म..मैं?"

"कोई ज़बरदस्ती की बात नही है बेटी.. तुम्हारे पापा ने हम पर उपकार करने के बहाने ही ये उपाय सुझाया है... पर अगर तुम्हे कोई ऐतराज है तो....

निहारिका ने करनवीर से नज़रें मिलाई और शर्मकर अपनी मम्मी के पहलू में छिप गयी....

"बोल दे बेटा.. जो कुछ भी तेरे मंन में है बोल दे...!" मम्मी ने उसको दुलार्ते हुए कहा...

"मुझे क्यू ऐतराज होगा मम्मी... मेरे लिए तो ये सौभाग्य की बात होगी.. और फिर इससे अच्छा हल निकल भी नही सकता..."निहारिका ने मम्मी के कान में धीरे से कहा.. पर सुन सबने लिया.....

इसके साथ ही घर में फिर से खुशियाँ फैल गयी...

मौका देखकर तनवी के पापा निहारिका के पापा के पास गये," आपने मुझे बचा लिया भाई साहब! मैं तो बर्बाद ही हो जाता... ये ग्लानि लेकर जी नही पाता मैं...." और दोनो एक दूसरे से गले मिलकर मिनटों आँसू बहाते रहे... खुशी के भी, और गम के भी.....

# ३२

"पर.. आज कैसे जाएँगे? अभी तो मेरे पास गाड़ी भी नही है..." प्रतिक ने संकुचाते हुए तनवी से कहा...

"कहीं तक तो चलेंगे ना... रास्ते में रुक जाएँगे... कैसे भी करो.. पर अभी चलो यहाँ से" तनवी इस बात को लेकर डर रही थी कि कहीं करनवीर उसके घर वालों को लेकर ढूंढता हुआ वहीं ना आ जाए....

प्रतिक को आगे कुँआ पिछे खाई नज़र आ रही थी... टाल मटोल करने पर तनवी के वापस लौट जाने का डर था.. और अगर चरंभा भी तो तनवी को ठहराता कहाँ... धीरज के सिवा वहाँ पर किसी को उसकी कहानी का पता ही नही था.. होटेल में वह उसको रखना नही चाह रहा था और धीरज जहाँ पर रूम लेकर रहता था, वो तनवी को ठहराने के लिहाज से ठीक नही थी.. कुछ पल सोचते हुए उसने जवाब दिया," एक मिनिट मम्मी से बात कर लूँ?"

"हां, कर लो... पर जल्दी करो प्लीज़...!" तनवी हड़बड़ाई हुई सी थी....

प्रतिक ने फोन निकाल कर घर का नंबर. डाइयल किया....

"हेलो!" घर से नौकर की आवाज़ आई....

"चंद्रभानेंदर.. मम्मी को फोन देना!" प्रतिक ने जल्दी में कहा...

"छोटे साहब! कहाँ चले गये हो आप... घर पर सब चिंता किए जा रहे हैं.. मम्मी जी बहुत गुस्सा हैं आपसे..." नौकर ने कहा...

"यार जल्दी फोन दो.. मैं समझा दूँगा उन्हे...." प्रतिक ने कहा....

"ये लो.. आ गयीं.. माता जी.. प्रतिक का फोन!" चंद्रभानेंदर ने कहा और मम्मी जी को फोन देकर चला गया...

"कहाँ चला गया रे तू? यहाँ कौन जी - मर रहा है.. तुझे फिकर भी है?" मम्मी की आवाज़ से गुस्सा और प्यार दोनो झलक रहे थे....

"मम्मी.. वो.. मैं... आपको बताया तो था कि कहीं जा रहा हूँ..." प्रतिक सिर खुजाते हुए हल्का सा मुस्कुराता हुआ बोला....

"क्या खाक बताया था? ३ दिन की कह कर गया था.. आज पुर ८ दिन हो गये... फोन तो कर ही सकता था ना...." मम्मी जी की आवाज़ अब भी नरम नही पड़ी थी...

"ववो.. मम्मी.. सॉरी... सुनो मेरी बात..." प्रतिक तनवी के बारे में बात करना चाहता था....

"सॉरी!" मम्मी ने मुँह चढ़ा कर कहा...,"तेरा तो सॉरी कहकर ही काम चल जाता है... खैर.. छोड़ इन बातों को.. पहले मेरी सुन.... मीनाक्षी ने तेरे लिए बहुत अच्छा रिश्ता देखा है ऑस्ट्रेलिया में... लड़की पढ़ी लिखी है.. और बहुत ही सुंदर है.. अपने इंडिया के ही हैं वो... बहुत ही काबिल परिवार है... तू जल्दी से घर आजा... उसके पापा इंडिया ही आए हुए हैं आजकल... तुझसे मिल लेंगे..... क्या हुआ? फोन काट दिया क्या मुए?" मम्मी ने एक ही साँस में सब कुछ कहने के बाद प्रतिक से पूछा... फोन पर काफ़ी देर से आवाज़ नही आई थी....

"नही मम्मी... यहीं हूँ..!" प्रतिक ने मरी सी आवाज़ में कहा....

"तो कल पक्का आ रहा है ना... बोल दूँ उनको!" मम्मी ने पूछा...

"नही.. मम्मी.. वो...!" प्रतिक बोरंभा बोरंभा रुक गया....

"नही के बच्चे.. तू घर आजा एक बार... क्या नही नही लगा रखी है.. कल आ रहा है ना?" मम्मी उतावली सी लग रही थी... शायद ऑस्ट्रेलिया वाले रिश्ते के लिए....

"मेरी बात तो सुन लो मम्मी...!" प्रतिक मायूस होकर बोला....

"हां.. बोल जो बोलना है.. पर कल नही आया तो देख लेना....पहले ही बता रही हूँ तुझे...." मम्मी ने तैश में आकर कहा... पर फिर भी उनके हर शब्द से प्यार निर्झर झरने की तरह बह

रहा था... 'मा तो ऐसी ही होती हैं'

"आने को तो मैं आज भी आ जाऊंगा मम्मी जी.. पर...." प्रतिक समझ नही पा रहा था कि तनवी के बारे में मम्मी को कैसे बताए.. कहाँ से शुरुआत करे...? और वो भी तब.. जब मम्मी ने पहले ही रिश्ते का डंका पीट दिया...

"पर क्या? ये तो और भी अच्छी बात है.. आज ही आजा..!" मम्मी खुश होते हुए बोली...

"मेरी बात तो सुन लो मम्मी... पहले..." प्रतिक मरी सी आवाज़ में बोला....

"बोलेगा तभी तो सुनूँगी बाबू.. बोल!" मम्मी ने प्यार से कहा...

"म्म.. मैं शादी नही करूँगा मम्मी...!" प्रतिक ने साँस छोड़ते हुए आधी बात निकाल दी.....

"हाए राम! ये क्या कह रहा है? शादी क्यू नही करेगा तू?" मम्मी गुस्से से बोली...

"म्मेरा.. मतलब.. ये शादी नही करूँगा...!" प्रतिक ने स्पष्ट किया....

"क्यू? देख तो ले पहले... मीनाक्षी ने देखा है उसको... और वही रिश्ते के लिए ज़ोर डाल रही है....तुझे उसके गुस्से का पता है ना..." मम्मी ने धीरज सा खोते हुए कहा....

"मैं... तनवी से शादी करूँगा मम्मी... !"

बात सुनते ही मम्मी फिर से गुस्से में आ गयी..," अब ये कलमुंही कौन है.. तुझे तो मैने कभी नही देखा इन चक्करों में... कोई ज़रूरत नही है.. तेरे पापा ने तुझे बिगाड़ दिया है हां... बाकी तेरी दीदी से बात कर लेना... मैं तो उसको साफ साफ बोल दूँगी कि मेरी सुनता ही नही..."

"मैं कर लूँगा मम्मी दीदी से बात.. पर एक और प्राब्लम है अभी तो..." प्रतिक ने कहा....

"अब क्या हो गया? " मम्मी ने मुँह चढ़ा कर कहा...

"मैं... तनवी को घर ले आऊ? आप सब भी देख लोगे...!" प्रतिक ने फिर से उसी मरी सी आवाज़ में पूछा....

"ये क्या कह रहा है तू बेटा..? पागल हो गया है क्या? पराई अमानत को ऐसे घर नही लाते... ना! तू अकेला ही आजा.. किसी को साथ लाने की ज़रूरत नही है.. वैसे भी तेरा रिश्ता वहीं होगा, जहाँ मीनाक्षी चाहती है... समझ रहा है ना तू?" मम्मी पहले चौंकी और फिर नाराज़ सी होकर प्यार से समझाने लगी....

"वो पराई नही है मम्मी... और उसका आना भी बहुत ज़रूरी है... आप प्लीज़ मान जाओ! घर आकर बात कर लेंगे...." प्रतिक ने प्रार्थना की.....

"ना! बिल्कुल नही... किसी भी लड़की को शादी से पहले तो मैं घुसने ही नही दूँगी इस तरह... तू चुप चाप घर आजा.. मैं फोन रख रही हूँ...." मम्मी ने गुस्से के लहजे में कहा....

"ओह!" प्रतिक ने लंबी साँस ली और फोन काट कर वापस धीरज और तनवी के पास आ गया....

"क्या हुआ?" धीरज ने उसकी शकल पर १२ बजे देख कर पूछा....

"कुछ नही... पापा के पास फोन करता हूँ..." प्रतिक ने कहा और वापस चला गया.....

प्रतिक फिर जाकर एक कोने में खड़ा हो गया....

"हेलो पापा जी!"

"ओये उल्लू के पठे! किधर है तू? यहाँ एक हफ़्ता हो गया; तेरी जगह मुझे डाँट खाते हुए... आया क्यू नही अभी तक वापस?.." पापा जी बिल्कुल भी गुस्सा नही थे...

"आ रहा हूँ ना... मेरी बात तो सुन लो..." प्रतिक की बातों से लगा की उसमें और पापा में गहरी दोस्ती है...

"ओये ठीक है ठीक है... मैं तो तेरी मम्मी को सुनाने के लिए डाँट रहा था... तेरी मम्मी दूसरे फोन पर होल्ड पर थी... अब इस उमर में नही घूमेगा तो कब घूमेगा.. हा हा हा... २ चार दिन और भी लगने हों तो कोई गल नही.. मैं संभाल लूँगा..." पापा ने खिलखिलाकर हंसते हुए कहा....

"क्या कह रही थी मम्मी.. अभी फोन पर?" प्रतिक नर्वस सा होकर बोला...

"अरे कुछ कहने ही वाली थी कि तेरा फोन आ गया... मैं बाद में बात कर लूँगा... तू बोल!" पापा ने सीरीयस होते हुए कहा....

"ववो.. आपको तो पता ही होगा... मेरा रिश्ता...." प्रतिक कह ही रहा था कि पापा ने टोक दिया....

"ओह ले.. ये खुशख़बरी तो मुझे देनी थी तुझे... तेरी मम्मी नंबर बना गयी अपने...!" पापा ने बीच में प्रतिक को टोक दिया....

"मुझे नही करनी शादी पापा...!" प्रतिक ने मुँह चढ़ाकर कहा....

"ओईए... ये क्या कह रहा है तू...? क्यू नही करनी शादी तूने?" पापा ने डाँटने वाले अंदाज में प्रतिक को झिड़का...," तेरी उमर में तो तेरी दीदी भी पैदा हो गयी थी.. समझा...!"

"मतलब... मुझे वो शादी नही करनी पापा...!" प्रतिक ने स्पष्ट किया...

"तो कौनसी शादी करेगा लल्ला...? हां?"

"वो.. एक लड़की है.. तनवी.. मुझे उसी से शादी करनी है..." प्रतिक ने हल्का सा झेंपते हुए कहा....

"वाह बेटा! मैं तो तुझे यूँ ही समझ रहा था.. मुझको बताया तक नही..." फिर मज़ाक करते हुए पापा अचानक सीरीयस हो गये," पर उस ऑस्ट्रेलिया वालों को क्या जवाब दें.. मीनाक्षी तो बहुत गुस्सा हो जाएगी... पता है ना तुझे उसका....?"

"हम्म.. कुछ करो ना पापा..." प्रतिक ने प्रार्थना सी की...

"चल आजा... फिर देखते हैं... दोनो मिलकर सोचेंगे कोई कहानी..." पापा सहज ही मान गये....

"पर... वो भी मेरे साथ आ रही है..." प्रतिक ने जवाब दिया....

"वो कौन?" पापा ने आइडिया लगाने की बजाय उससेपूछ लेना ही ठीक लगा.. प्रतिक ने आज तक झूठ जो नही बोला था...

"वही.. तनवी... और कौन?" प्रतिक ने टका सा जवाब दे दिया....

"अब्ब्बे... तू तो मुझसे भी आगे निकल गया... माना तुम्हारी जेनरेशन अड्वान्स है.. पर इतनी जल्दबाज़ी भी ठीक नही यार... पहले घर आकर बात तो कर ले.. फिर डोली में बिठा कर लाएँगे.. तेरी दुल्हन को... अब तो तू अकेला ही आजा..." पापा ने चौंकते हुए जवाब देना शुरू किया था.. पर आख़िर आते आते उनका लहज़ा फिर से दोस्ताना हो गया....

"पापा.. समझने की कोशिश करो.. कुछ प्राब्लम है तभी तो कह रहा हूँ.." प्रतिक ने ज़िद सी करी....

"ऐसी क्या प्राब्लम है यार... थोड़ी बहुत तो बता दे अभी...." पापा चिंतित से हो गये...

"इतनी भी बड़ी बात नही है पापा.. पर उसका मेरे साथ आना ज़रूरी है... मम्मी मना कर रही हैं... कुछ करो ना.. प्लीज़!" प्रतिक ने कहा....

"चल आजा फिर... तेरी मम्मी ने तो मेरी नींद हराम कर ही देनी है.. ऐसा कर फिर.. तू कल आजा.. तब तक मैं कुछ सोचता हूँ... पर ध्यान रखना.. कुछ उल्टी सीधी बात हुई तो मारूँगा बहुत...." पापा ने बनावटी गुस्सा दिखाया....

"ओह.. थँक यू पापा! आइ लव यू! ठीक है.. मैं कल तनवी को लेकर आता हूँ.. ओके बाइ!" प्रतिक ने कहा और फोन काट दिया....

"ओये सुन तो.... फोन ही काट दिया खोते ने..." पापा टेबल पर मोबाइल रखकर पिछे कुर्सी से कमर लगा कर लेट से गये... और आँखें बंद करके कुछ सोचने लगे... सोचते सोचते उनके चेहरे पर मुस्कुराहट सी पसर गयी... प्रतिक को जान से भी ज़्यादा चाहते थे वो... उन्हे यकीन था कि उसका बेटा कभी ग़लत तो कर ही नही सकता....

प्रतिक वापस तनवी के पास पहुँचा तो उसका चेहरा खिला हुआ था...," पापा मान गये.. पर कल आने को बोला है.. क्या करें? ... तुम कल सुबह नही आ सकती क्या?"

तनवी ने कोई जवाब नही दिया... वह किन्ही और ही ख़यालों में खोई हुई थी....

यों ज्यों टाइम बीत रहा था, तनवी को घर वालों की याद आने लगी थी.. घर से आते हुए इस बात को जितना हल्का उसने लिया था.. दरअसल ये फ़ैसला अब उसको उतना ही भारी लग रहा था.. मम्मी पापा की याद और उसके बिना उनकी हालत की चिंता ने उसको बेचैन सा कर दिया था.....

"तनवी जी..." प्रतिक ने उसको कहीं खोया हुआ सा पाकर फिर टोका...

"हां... वो.. मेरा नाम अक्षरा है.. मुझे उसी नाम से बुलाओ प्लीज़..." तनवी ने अचानक वापस सी लौटते हुए कहा....

"वो... पापा मान गये हैं.. पर कल आने को बोला है..." प्रतिक ने उसकी झुकी हुई नर्वस सी हो चुकी आँखों में झाँकने की कोशिश करते हुए कहा....

"मुझे एक फोन करना है... एक मिनिट दोगे प्लीज़..."तनवी ने जवाब में इतना ही कहा...

"हां.. ये लो ना.." प्रतिक ने खुश होकर फोन तनवी की और बढ़ा दिया...

"वो... मुझे अकेले में बात करनी है..." तनवी ने प्रतिक की ओर बिना देखे ही कहा...

"ठीक है... हम अंदर जा रहे हैं.. बात करने के बाद बुला लेना.." प्रतिक ने कहा और धीरज के साथ अंदर चला गया...

"हेलो" उधर से आवाज़ आई...

आवाज़ निहारिका की मम्मी की थी.. तनवी ने बिना बोले ही फोन काट दिया...

"कौन था मम्मी..?" निहारिका उनके पास ही बैठी थी...

"पता नही... फोन काट गया" मम्मी ने जवाब दिया....

"ज़रूर अक्षरा का होगा... अब की बार मुझे उठाने देना.. निहारिका आकर फोन के पास बैठ गयी....

"ठीक है... प्यार से बात करके पूछना कहाँ है... और हो सके तो उसको वापस बुला लेना...मैं थोड़ा सा काम कर लूँ... आज तो सब कुछ ऐसे का ऐसे ही पड़ा है..." कहकर मम्मी गयी और दरवाजे की औट में होकर दोबारा फोन आने का इंतजार करने लगी... दरअसल उसको यकीन था कि अगर फोन पर तनवी हुई तो निहारिका करनवीर से अपना रिश्ता तय होने की बात ज़रूर बताएगी... वो जानना चाहती थी कि निहारिका इस रिश्ते से खुश है भी या नही... सब कुछ इतनी जल्दी हो गया था कि उनको अपनी बेटी के मन की बात लेने का मौका ही नही मिला था... उनको पता था कि निहारिका तनवी से कुछ नही छिपाएगी.....

उम्मीद के मुताबिक ही उनके बाहर निकलते ही फिर घंटी बजी.. निहारिका ने झट से फोन उठा लिया..,"हेलो!"

"हेलो.. निहारिका!" तनवी ने मरी सी आवाज़ में कहा....

"कहाँ मर गयी तू... तू तो सच में ही चली गयी यार... ऐसे भी कोई जाता है भला...तुझे पता है सब यहाँ कितने परेशान हैं...." निहारिका तनवी की आवाज़ पहचानते ही शुरू हो गयी...

"आंटी जी किधर हैं?" तनवी ने पूछा....

"वो बाहर हैं.. मैं अकेली ही हूँ.... बता ना कहाँ है तू..." निहारिका ने प्यार से पूछा....

"वो.. मम्मी पापा ठीक हैं ना...!" तनवी को उनकी फिकर थी...

"ऐसे कैसे ठीक रह सकते हैं.. आंटी जी का तो सुबह से बुरा हाल है... तुझे ऐसा नही करना चाहिए था अक्षरा..." निहारिका ने बताया...

"वो.. आए थे क्या?" तनवी ने पूछा....

"हां आए थे.. पर अब तुझे उनकी फिकर करने की कोई ज़रूरत नही है... तू घर आजा..." निहारिका ने कहा....

"पापा मुझे कभी माफ़ नही करेंगे... मैने उनकी इज़्ज़त मिट्टी में मिला दी... क्या मुँह लेकर वापस आऊ?" तनवी के शब्द बहकने से लगे थे.. लग रहा था जैसे वह कभी भी रोना शुरू कर देगी....

"ऐसा मत कर यार.. मैं तो पहले ही तुझे समझा रही थी... पर कुछ नही हुआ.. घर पर सब तेरा इंतजार कर रहे हैं... तेरी टेंशन मैने अपने गले में डाल ली..." कहने के बाद निहारिका हँसने लगी....

"क्या मतलब?" तनवी की समझ में बात आई नही....

"उनका रिश्ता मुझसे तय हो गया... अब तो खुश है ना तू..." निहारिका ने समझाया...

तनवी कुछ देर तक यूँ ही सुन्न सी होकर खड़ी रही.. फिर अचानक फुट पड़ी... उसका रोने की आवाज़ कमरे में प्रतिक और धीरज तक भी पहुँची.. वो बाहर निकले.. पर तनवी को फोन कान से लगाए देख वापस अंदर चले गये.....

"ए... ये क्या कर रही है तू...? रो क्यू रही है? अब तेरा मंन हो गया था क्या शादी का... चिंता मत कर.. कर लेंगे अड्जस्ट..." निहारिका ने कहा और हँसने लगी....

"तू क्या है यार.. मेरे लिए तूने ये सब कर दिया... मैं क्या कहूँ.." तनवी सुबकते हुए कह रही थी...

"मैं पागल हूँ क्या, जो तेरे लिए करूँगी... मैने तो तुझे पहले ही कह दिया था.. कि अगर ऐसा रिश्ता मेरे लिए आता तो मैं कभी मना ना करती... वो तो पापा के दिमाग़ में जाने कैसे आ गया.. हे हे हे... अब तू सारी बातें छोड़ और ये बता कहाँ है...? हॉस्टिल तो बंद है... खैर जहाँ भी है तू जल्दी आजा.. बाकी बातें यहाँ बैठकर ही करेंगे...." निहारिका ने बिना लाग लपेट के अपने दिल की बात अपनी बेहन जैसी सहेली को बता दी....

"ठीक है... तू मेरे घर पर ही मिलना.... मैं आ रही हूँ.. २० मिनिट में..." तनवी ने कहा और फोन रख दिया....

फोन रखते ही उसने प्रतिक को नाम से पुकारने की कोशिश की.. पर जाने क्यू.. उससे नाम लिया ही नही गया...," ए.. सुनो!"

प्रतिक बुलावे का इंतजार कर ही रहा था... धीरज को वो अंदर रहने की बोलकर आया.. ताकि तनवी को अपने दिल की बात कहने में कोई परेशानी ना हो...," रो क्यू रहो हो.. आप!"

"मुझे अपने घर जाना है.." तनवी ने फोन प्रतिक की और बढ़ाते हुए कहा....

"ये ये..ये क्या कह रही हैं आप... मैने तो पापा को भी बोल दिया..." प्रतिक अवाक सा खड़ा तनवी को देखता रहा...

"सॉरी... ववो.. मुझे लगता था कि... मैं जा सकती हूँ... मुझे पता है आपको बहुत बुरा लग रहा होगा... पर.. मैं नही जा सकती.. मेरे घर वाले परेशान हो रहे हैं.... सॉरी.. पर मैं आपसे बाद में बात कर लूँगी.. प्रोमिस!" तनवी सिर झुकाए हुए ही बोलती जा रही थी....

"तो क्या... आप बिना बताए आई थी... ऐसा क्यू किया आपने...? मैं तो पहले ही पूछ रहा था कि...."

"सॉरी!" तनवी ने पहली बार प्रतिक से २ पल से ज़्यादा के लिए आँखें मिलाई... आज उसको प्रतिक की आँखों में अपनापन सा नज़र आया... उसकी नज़रों में वो चुभन नही थी जो तनवी को दूसरे लड़कों की आँखों में दिखाई देती थी..," मैं बाद में मिलूँगी आपसे...."

तनवी ने कहा और बाहर निकल गयी.......

# ३३

"कुछ कहा तो नही ना.. अंकल आंटी ने?" निहारिका ने तनवी के उपर आते ही पूछा...

तनवी घर आने के बाद करीब १५ मिनिट बाद उपर आई थी.. जब मम्मी ने उसको बताया कि निहारिका उपर बैठी है.....

"नही कुछ खास नही.. पापा ने तो ज़्यादा बात ही नही की.. लगता है मुझसे नाराज़ हैं... तू बता.. तू भी नाराज़ है क्या?" तनवी ने निहारिका के पास आकर बैठते हुए उसका हाथ पकड़ लिया....

"तू तो सच में ही पागल है यार.. मुझे विश्वास नही था कि तू सच में चली जाएगी... आख़िर तूने सोच क्या रखा है? पूरी उम्र ऐसे ही बैठी रहेगी क्या?" निहारिका ने भावुक सी होते हुए कहा....

"मेरी बाद में... पहले ये बता, तू खुश तो है ना.. करनवीर के साथ शादी तय होने पर... अगर ऐसा नही हुआ तो मैं पूरी उमर खुद को माफ़ नही कर पाउँगी... तूने मेरे घर वालों को बचा लिया.. पर ये सब तेरी खुशियों की बलि देकर में कभी नही चाहूँगी.. तू सब सच बता दे.... तुझे मेरी कसम...." तनवी ने उसके सवाल को टालते हुए पूछा.....

"हां.. मैं तो बहुत खुश हूँ... असल में तो उनसे अच्छा लड़का मुझे मिल ही नही सकता.. तुम्हे ना पासकने की कसक उसकी आँखों में साफ दिख रही थी.. पर उसने अपने घर वालों को कतई जाहिर नही होने दिया कि वो खुश नही है.. शायद उनकी खुशी के लिए ही उन्होने मुझे स्वीकार किया है... मुझे जाने क्यू डर सा लग रहा है कि कहीं वो मुझे उतना प्यार दे ही ना पायें जितने की मैं उनसे अपेक्षा करती हूँ...." निहारिका शुन्य में झाँकते हुए बोल रही थी... कहते हुए करनवीर का खूबसूरत चेहरा उसकी आँखों के सामने था....

कुछ देर वहाँ चुप्पी छाई रही.. फिर अचानक निहारिका ने ही मौन तोड़ा,"तू चली कहाँ गयी थी...?"

"उनके पास!" तनवी ने जवाब दिया....

"उनके किनके? प्रतिक के पास क्या?" निहारिका ने अंदाज़ा लगाकर चौंकते हुए पूछा....

"हाँ!" तनवी ने नज़रें झुका ली....

"क्या?" अपने अंदाज़े की पुष्टि होने पर निहारिका फिर चौंकी," उस दिन तो तू मेरे साथ जाते हुए भी डर रही थी... फिर ऐसे कैसे चली गयी.. अकेली?"

"पता नही यार... पर मेरे पास कोई और रास्ता बचा ही नही था...!" तनवी ने जवाब दिया.....

"उन्होने कुछ पूछा नही? तूने क्या बताया...?" निहारिका अब तक हैरत में थी....

"मैने उनको यही दिखाया था कि मुझे उनकी सपने वाली बात पर यकीन सा हो रहा है.. इसीलिए मैं उनके साथ टीले पर चलने को तैयार हूँ...!" तनवी ने कहा....

"फिर? क्या बोले वो.." निहारिका खुश होकर बोली....

"उन्होने तो चलने की तैयारी कर भी ली थी... फिर मुझे लगा मैं ग़लत कर रही हूँ.. इसीलिए मैने तेरे पास फोन किया और वापस आ गयी..." तनवी ने स्पष्ट किया....

"हे भगवान! तूने ये नही सोचा की इस मज़ाक से उनके दिल पर क्या बीतेगी.. सच में बहुत निष्ठुर है तू... वो सच ही कहते हैं.. तेरे अंदर दिल नही है... और ना ही ज़ज्बात...!" निहारिका ने भड़कते हुए कहा....

"मैं क्या करती यार... सच कहूँ तो मुझे भी बहुत शर्म आई थी उनको इनकार करते हुए... पर मैं कैसे जा सकती थी.. तू ही बता.. मैने तो दो चार दिन घर से बाहर रहने के लिए उनको ऐसा बोल दिया था....." तनवी ने कहा....

"उन्होने कुछ बोला नही... बहुत गुस्सा आया होगा उनको तुम पर...!" निहारिका ने कहा....

"पता नही... मैं तो बोलते ही ये कहकर निकल आई थी कि बाद में बात करूँगी...!"

"और तू अब उनसे बात करेगी नही... है ना? ये वादा तोड़ना भी तेरे लिए मुश्किल नही है.. बोल?" निहारिका को प्रतिक की दया आ रही थी....

"पता नही... पर सच बताऊं.... मुझे यकीन नही आ रहा.. उनके सपने और मेरे नाम बदलने की कहानी एक दूसरी से जुड़ी हुई सी लगती हैं... पता नही क्यू.. मुझे अजीब सा महसूस होता है उसके सामने जाकर... ऐसा लगने लगा है कि मैं उसको बहुत पहले से जानती हूँ.. बहुत सालों से... पर पता नही क्यू मेरा दिल इस बात को मानने को तैयार नही है...." तनवी ने विस्तार से अपने मंन की बात कही....

"दिल होगा तेरे अंदर तभी तो मानेगा ना...! वरना तू कभी उनको झूठा विश्वास दिलाकर उसकी भावनाओ से ना खेलती... सच में यार.. दिल कर रहा है तुझे ज़बरदस्ती उठाकर उस टीले पर ले जाकर पटक दूँ.. जो होगा देखा जाएगा...." निहारिका ने प्यारे गुस्से से कहा...

तनवी कुछ नही बोली.. बस हँसने लगी... शायद अपने आप पर!

# ३४

"मुझे तो पहले ही शक हो रहा था कि उसके दिमाग़ में कुछ और चल रहा है... बात तक ना करने वाली भाभी जी इतनी जल्दी चलने को तैयार कैसे हो सकती थी.." धीरज और प्रतिक बैठे बात कर रहे थे....

"पर यार उसने बोला तो है ना.. कि बाद में बात करेगी... हम इंतजार करने के अलावा और कर ही क्या सकते हैं..." प्रतिक मायूस था.. पर हिम्मत नही हारी थी उसने....

"एक मिनिट... अपना फोन देना..." धीरज ने कहा...

"क्या करेगा?" प्रतिक ने उसकी और फोन बढ़ा दिया...

धीरज ने बिना कोई जवाब दिए कॉल डीटेल निकाली और लास्ट डाइयल्ड नंबर. मिला दिया... प्रतिक से उसने चुप रहने का इशारा किया...

"हेलो!" निहारिका की मम्मी की आवाज़ आई....

"धीरज ने हेलो कहा और फोन को मूट पर डाल दिया..... वह फोन काटने ही वाला था कि उधर से मम्मी की आवाज़ आनी शुरू हो गयी," करनवीर बोल रहे हो ना बेटा... इतना शरमाने की क्या बात है....निहारिका अक्षरा के घर पर है.. वहाँ कॉल कर लो..." कहकर वो हँसने लगी....

धीरज ने हड़बड़कर मूट मोड़ हटाया," हां आंटी जी.. एक बार नंबर. देना प्लीज़.. अक्षरा के घर का....

"अब मम्मी कहने की आदत डाल लो बेटा..." मम्मी हंसते हुए बोली," तुम्हारे पास नही है क्या नंबर..?"

"हां.. नही.. वो मुझसे मिस हो गया है..." धीरज ने तुरंत बात बनाई,"मम्मी जी..."

निहारिका की मम्मी ने नंबर. बताया और फोन रख दिया....

धीरज ने झट से तनवी के घर वाला नंबर. डाइयल किया... वहाँ भी फोन आंटी जी ने ही उठाया," हेलो!"

"करनवीर बोल रहा हूँ आंटी जी.. निहारिका होगी यहाँ पर...." धीरज ने कहा...

मम्मी कुछ देर सोचती रही फिर बिना कुछ ज़्यादा कहे ही बोली," अभी देती हूँ बेटा.. कहकर वो फोन बाहर उठा लाई," आ निहारिका... फोन लेजा.. करनवीर का है..."

निहारिका की खुशी का ठिकाना ना रहा... वह सीढ़ियों से लगभग भागती हुई नीचे आई और फोन उपर ले गयी.....

"हेलो!" फोन पर निहारिका की नज़ाकत देखते ही बन रही थी...

"तनवी है क्या?" धीरज ने सीधे सीधे पूछा....

"कौन?" निहारिका ने चौंक कर पूछा....

"मैं हूँ.. धीरज.. फोन मत काटना!" धीरज ने सच बोल दिया....

"श.. हां.. क्या बात है? तुम्हे ये नंबर. कैसे मिला?" निहारिका ने हैरत से पूछा...

"तुम्हे ये सब नही करना चाहिए था... बेचारा प्रतिक दोपहर से रो रहा है.. बच्चों की तरह..." धीरज ने प्रतिक की और आँख मारी....

"अब मैं क्या करूँ..? मैं भी इसको यही समझा रही हूँ... पर जो हुआ इसकी मजबूरी थी....!" निहारिका ने दोनो ही तरह की बातें कह दी....

"वो बात कर सकती है क्या? प्रतिक से..." धीरज ने काम की बात पर आते हुए कहा....

"हां... अक्षरा.. ये ले.. अब बात कर प्रतिक से..." निहारिका ने फोन तनवी की और बढ़ा दिया...

"नही.. मैं नही करूँगी.. " तनवी हड़बड़कर खड़ी हो गयी...

"कर ना बात.. तू कहकर आई थी ना उसको... बेचारों ने जाने कहाँ से नंबर. निकलवाया होगा.. अब बकवास मत कर...." निहारिका गुस्से से बोली....

"नही... मुझसे नही होगी बात.. मैं बाद में देखूँगी...." तनवी ने स्पष्ट मना कर दिया...

निहारिका ने फोन वापस कान से लगा लिया," प्रतिक को फोन देना एक बार...."

"प्रतिक ही बोल रहा हूँ..!"

"श.. म्मै उसकी तरफ से माफी मांगती हूँ... दरअसल उसने जानबूझ कर मज़ाक नही किया... मैं मिलकर बताऊंगी..." निहारिका ने क्षमा याचना की....

"पर मैने मुश्किल से तो पापा को मनाया था.. अब उसके बिना घर कैसे जाऊ.. मैने पापा को बोल भी दिया है कि मैं तनवी को लेकर आ रहा हूँ...." प्रतिक ने बेबसी से कहा....

"क्या? तुमने पापा को ये बोल दिया... तुम तो बहुत हिम्मत वाले हो यार... शकल से तो नही लगते.. हे हे" निहारिका ने मज़े लिए...

"पर अब बताओ तो मैं क्या करूँ...?" प्रतिक ने पूछा....

"हम्म... तो मैं इसको ले आऊ?" निहारिका ने कहा....

"कहाँ?"

"टीले पर.. और कहाँ?" निहारिका ने मुस्कुराते हुए कहा....

"क्या? पर तुम अकेले जाओगे वहाँ?" प्रतिक ने आश्चर्य से पूछा...

"ओफ़कौर्स यार... तुम्हारे साथ चलेंगे... पर टाइम कितना लगेगा....?" निहारिका ने पूछा....

"पर उसको मनाओगी कैसे?"

"वो तुम मुझ पर छोड़ दो.. टाइम कितना लगेगा....?"

"४-५ दिन तो लगेंगे ही... हफ़्ता भी लग सकता है...." प्रतिक ने जवाब दिया," पर... क्या तुम भी साथ चलॉगी?"

"नही नही... दुल्हन की तरह तुम्हे इसके साथ भेज दूँगी.. मैं क्या करूँगी दो प्रेमी जोड़ो के बीच!" निहारिका ने व्यंग्य सा किया और फिर संजीदा हो गयी," हां.. मुझे भी चलना पड़ेगा... घर वाले इसको अकेला नही भेजेंगे.... किसी भी हालत में... समझ गये...?"

"हम्म.. पर उससे तो पूछ लो....!" प्रतिक ने आशंकित सा होकर कहा....

"पूछ लिया समझो.. मैं कुछ देर बाद फोन करती हूँ... तुम कल सुबह चलने की तैयारी करो..." निहारिका ने कहा और फोन रख दिया....

"ये क्या कह रही है तू..? अब तू क्यू मज़ाक कर रही है उनसे!" तनवी ने हताश होकर कहा....

"मज़ाक नही कर रही.. हम सच में चल रहे हैं... कल सुबह... बहुत मज़ा आएगा....!" निहारिका ने खुश होकर कहा....

"नही.. मैं नही जा रही... मैं नही जाऊंगी..." तनवी ने टका सा जवाब दिया....

"एक बात बता तू? तुझे क्या लगता है? प्रतिक बदतमीज़ है?" निहारिका ने पूछा...

"नही तो! मैने ऐसा कब कहा..."

" उसकी शकल से नफ़रत है....?"

"नही तो....."

"तुझे क्या लगता है.. वो हमारा नाजायज़ फ़ायदा उठा सकता है क्या?"

"पर तू पूछ क्यू रही है?" तनवी ने पलट कर सवाल किया...

"तू बता ना!"

"न्नाही..."

"अब तक जितनी भी बार मिले हैं.. तुझे लगता है कि उसके मान में कोई चोर है.. या वो सब झूठ बोल रहा है...?"

"नही!"

"तो प्राब्लम क्या है यार... अगर तू मुझसे पूछेगि तो मैं यही कहूँगी कि तुझे उसके साथ जाकर देखना चाहिए.. खुद तुझे भी लगता है कि तुम्हारा अतीत कहीं ना कहीं जुड़ा हुआ लगता है... और मैं दावे के साथ कह सकती हूँ की वो ऐसा लड़का नही है जो यूँही लड़कियों के पीछे घूमता फिरे... और फिर तेरे साथ मैं भी चल रही हूँ..

मैं भी देखना चाहती हूँ कि आख़िर तुम्हारे बीच प्यार की वो कौनसी कड़ी है जिसकी ताक़त ने तुम्हे करनवीर से शादी को टालने के लिए घर से भागने पर मजबूर कर दिया.... आज तक खुद तुमने ऐसा नही सोचा होगा की तुम भी कभी ऐसा कर सकती हो.. पर तुमने फिर भी किया... ये तुम्हारे बीच 'कोई' अंजान बंधन नही तो और क्या है जिसने प्रतिक को यहाँ तक आने पर मजबूर कर दिया... अगर उसको नाटक ही करना होता तो क्या वो अपने शहर में नही कर सकता था... लड़कियों की इतनी भी कमी नही है यार....." निहारिका ने कहकर एक ज़ोर की साँस ली....

"पर तू कहना क्या चाह रही है.. हम जाएँगे कैसे....?" तनवी की समझ से बाहर था कि निहारिका किस बसे पर बाहर जाने की बात कर रही है.. वो भी हफ़्ता भर के लिए....

"मैने सब प्लान कर लिया है... मैं आज मम्मी को बोलूँगी कि अमृतसर से मेरी सहेलियों का टूर जा रहा है... मुझे पता है कि वो कभी मना नही करेंगे... अब तो उनको वैसे भी ये लग रहा है कि उनकी बेटी बेवक़्त ही शादी की बेड़ियों में जकड़ने जा रही है.. हे हे... पहले मैं

मम्मी से पूछ लूँ... मेरी हां होने के बाद अंकल जी भी मान ही जाएँगे....!" निहारिका ने खुलासा किया....

"पर मैं नही जाना चाहती यार!" तनवी ने अनमने मन से कहा....

"देखती हूँ कैसे नही चलेगी... अब मैं जा रही हूँ.. मम्मी से पूछते ही तेरे पास आऊंगी और उनको बता देंगे...!" निहारिका ने फ़ैसला सा सुनाया और फोन लेकर नीचे चली गयी.....

# ३५

"तुझे विश्वास है कि वो आ जाएँगी...?" सौरभ गाड़ी की चाबियाँ उठता हुआ बोला...

"अब आयें ना आयें, मुझे तो जाना ही पड़ेगा एक बार... मम्मी पापा को बोल दिया है..." प्रतिक बार बार बाहर निकल कर गेट की और देख रहा था....

"तू वापस आएगा ना सौरभ...!" संकेत उदास सा हुआ बैठा था.. काफ़ी दिनो तक कायम रही घर की रौनाक़ आज फिर सूनेपन को बुलावा दे रही थी....

"हां हां.. आऊंगा क्यू नही.. पर इस बार बारात लेकर ही आऊंगा, तेरे शहर में..." मुस्कुराता हुआ सौरभ बोला....

"संकेत भाई.. तू भी हमारे साथ चलना.. तुझे बंगर की छोरी दिखाऊंगा.." धीरज ने मज़ाक करते हुए कहा....

"बस यार.. अब तो लड़कियों से भी मंन सा भर गया है... पता नही अब किसके सहारे जिया जाएगा...." संकेत ने गहरी साँस लेते हुए कहा....

"तो तू शादी करले ना यार... बहुत हो चुकी मौज मस्ती... अब तू भी कोई नखरे दिखाने वाली ढूँढ ले!" धीरज ने आकर संकेत के कंधे पर हाथ रखा तो संकेत आँखें बंद करके मुस्कुराने लगा," मेरे वाली की तो शादी भी हो गयी होगी यार...."

"क्या बोल रहा है भाई...? तेरा भी चक्कर चला था कभी.." धीरज ने आश्चर्य से पूछा...

"क्यू बे.. चक्कर क्या तुम लोग ही चला सकते हो.. मेरा चक्कर तो उस उमर में चल गया था जब तुम लोग तीन पहियों वाली साइकल चलाते होगे.. हा हा हा" संकेत के मज़ाक में भी उसके दिल का डर ही उभर कर आया....

"फिर क्या हुआ भाई? " धीरज उसको लेकर सोफे पर बैठ गया...

"सब किस्मत वाले नही होते यार... सबको नही मिरंभा प्यार!!!" संकेत ने अपनी बात पूरी की ही थी कि दरवाजे पर निहारिका प्रकट हो गयी,"हाई!"

सबका दिल खुश हो गया, पर प्रतिक अब तक बेचैन ही था," ववो नही आई क्या?"

"उसके बगैर मैं क्या करती... ये खड़ी बाहर.. जल्दी चलो..." निहारिका ने कहा....

"हेलो!" बाहर आते ही प्रतिक तनवी के मुरझाए चेहरे को देखकर संशय में पड़ गया," चल रहे हो ना; तुम भी..."

"हाँ हाँ.. चल रहे हैं.. बार बार पूछ कर मना करवाना चाहते हो क्या?" निहारिका ने जवाब दिया......

"फिर ये ऐसे क्यू खड़ी है.. चुपचाप!" प्रतिक तनवी के चेहरे पर मायूसी देखकर झिझक रहा था....

"अब आप इसके चेहरे पर ध्यान मत दो.. ये ऐसी ही है.. अपने आप ठीक हो जाएगी.. चलो यहाँ से....."निहारिका ने कहा....

"आपका ही इंतजार हो रहा था... हम तो तैयार हैं.." सौरभ ने कहा और ड्राइविंग सीट पर जा बैठा... धीरज ने भी आगे की सीट पकड़ ली.....

निहारिका ने तनवी को गाड़ी के अंदर धकेला और खुद भी बैठ गयी....

"थोड़ा उस तरफ हो जाओ.. मुझे भी तो बैठना है..." प्रतिक की खुशी उसकी मुस्कुराहट से साफ झलक रही थी...

"उस तरफ से आओ ना!" निहारिका ने मुस्कुरकर प्रतिक से कहा... मुस्कुराहट में उसका इशारा तनवी के साथ बैठने के लिए था.....

"आ..आप उधर ही बैठ जाओ!" प्रतिक को अपनी तरफ वाली खिड़की खोलते देख तनवी सकपका कर बोली....

"चुपचाप इधर खिसक ले.. तुझे खा नही जाएगा ये..." निहारिका ने कहा और तनवी को अपनी तरफ खींच लिया.... प्रतिक बैठा और संकेत को अलविदा करके सभी निकल गये.....

शहर से बाहर निकलने के बाद निहारिका एकदम रिलॅक्स महसूस कर रही थी पर तनवी के चेहरे पर अब भी एक अंजाना सा तनाव पसरा हुआ था.. कारण कई थे... घर वालों का मूड अब तक उखड़ा होना; प्रतिक, जो खुद को उसका अतीत होने का दावा कर रहा था, के साथ होना; और अंजान मंज़िल की और जाते हुए मन में तरह तरह के सवाल होना.....

ऐसा नही था कि प्रतिक और दूसरे लड़कों के साथ होने से उसके अंदर किसी तरह का कोई भय था.. वो तो तब भी शायद नही होता अगर निहारिका उसके साथ नही होती.. २-४ मुलाक़ातों में वह प्रतिक के चरित्र को समझ गयी थी.. प्रतिक को अब वह निहायत ही भोले और साफ मंन के लड़के के रूप में जान'ती थी...

फिर भी.. वो परेशान सी थी.. आज तक हमेशा उसके दिल से यही आवाज़ निकली थी कि वो 'शादी' और प्यार करने के लिए नही बनी... कारण चाहे कुछ भी रहा हो, पर वा लड़कों के नाम से ही बिदक्ति थी.. उसने कभी सोचा भी नही कि ऐसा क्यू है... वो क्यू दूसरी लड़कियों की तरह नही सोचती... और आज से पहले उसने अपने मंन को भी टटोलने की ज़रूरत नही समझी थी...

पर आज उसके मंन में एक द्वन्द्व सा चल रहा था.. अपने अतीत को लेकर, अपने नेचर को लेकर.. और अपना नाम बदलने और प्रतिक के सपने में समन्जस्य को लेकर....

"ऐसे क्यू मुँह फुलाए बैठी है...? बाहर देख मौसम कितना अच्छा है...!" निहारिका ने उसका ध्यान बाँटने की कोशिश की....

तनवी जो अब तक एकटक सामने वाली सीट को घूर रही थी, ने अपनी नज़रें बाहर की ओर घुमा दी... पर चेहरे के भाव अब भी नही बदले....

"आपने क्या सोचकर मेरा सिर फोड़ा.. भाभी जी!" धीरज से चुप ना रहा गया....

"मुझे नाम से बुलाओ!" तनवी ने अचकचा कर कहा...

"स.. स.. सॉरी.. तनवी जी!" धीरज ने क्षमा याचना करते हुए भूल सुधार किया....

"मेरा नाम अक्षरा है.. तनवी नही!" तनवी ने उसको फिर टोका....

"वो तो टीले पर जाकर पता लगेगा.. हा हा हा... वैसे भाब... सॉरी.. आपको भूतों से डर तो नही लगता....?" धीरज तनवी को मज़ाक में छेड़ने लगा....

"भूत होते ही नही.. मैं क्यू डरूँ...?" तनवी खिसिया कर बोली....

"अच्छा! इनस्पेक्टर से पूछ कर देखना.. वो क्या कहते हैं.. हा हा हा!" धीरज ने जवाब दिया और हँसने लगा....

"वैसे आपको शायद पता नही... उनसे मेरी शादी होने वाली है..." निहारिका ने खुश होकर बताया....

प्रतिक ने निहारिका की और आश्चर्य से देखा..," पर उस दिन जब वो आए थे.. तब तो ऐसा कुछ नही लगा..."

"हां.. सब कुछ बाद में हुआ.. तुम्हे पता है.. उनकी शादी अक्षरा से तय होने वाली थी...!" निहारिका ने माहौल में उत्सुकता भर दी..

"फिर?" धीरज ने पलट कर पूछा...

"फिर क्या? ये भाग आई घर से.. हे हे हे.. और मुझे ये सुनहरा मौका मिल गया.." निहारिका के चेहरे की खुशी साफ झलक रही थी....

"सच!" प्रतिक का चेहरा खिल उठा....

"ज़्यादा खुश होने की ज़रूरत नही है... मैं तुम्हारे लिए नही; खुद के लिए भाग कर आई थी....!" तनवी ने पहली बार डिस्कशन में भाग लिया.....

प्रतिक के अचानक खिले चेहरे पर वापस मुरझाई सी आ गयी," वो क्यू?"

"और नही तो क्या? कल जब ये तुम्हारे पास आई थी तो सिर्फ़ शादी से बचने के लिए...!" निहारिका ने अट्टहास किया.....

"पर हमें तो इसने कुछ नही बताया कल..." धीरज ने एक बार फिर पलट कर पूछा...

"ये पागल थोड़े ही है.. बस शकल ही पागलों जैसी है इसकी... हे हे" निहारिका हँसी," ये तुमको बता देती तो तुम क्या पता इसको वापस छोड़ आते....!"

"इतना पागल तो मैं भी नही हूँ... अगर मुझे पता चल जाता तो मैं इसको वापस जाने ही नही देता... चाहे मुझे इसको ज़बरदस्ती गाड़ी में डाल कर लाना पड़ता..." प्रतिक ने कहा....

"अच्छा! अब उतरू नीचे... ले जाकर दिखाना ज़बरदस्ती..." तनवी ने गुस्से से कहा....

"भाई.. पहले देख लेना.. इनके हाथ में कोई चाकू छुरी तो नही है.. इनको दया नही आती... सीधे उतार देगी... हा हा हा..." धीरज ने बीच में टपकते हुए मज़े लिए.....

तनवी धीरज का इशारा समझ गयी," तुम अगर रात को इस तरह किसी के कमरे में घुसोगे तो वो क्या तुम्हारी आरती उतारेगी.... ? तुम्हारी दया नही आती तो में तुम्हे आराम से वापस नही जाने देती मेरे घर से... और ना ही इनस्पेक्टर को झूठ बोलती कि तुम दोनो मेरे घर नही आए..." तनवी ने मुँह चढ़ा कर कहा...

"कुछ भी कहो भा.. सॉरी.. पर आपकी दया के पिछे भी ज़रूर कोई राज ही होगा... वरना आपसे डर बहुत लगता है हम दोनो को... क्यू प्रतिक? हा हा हा!" धीरज तो आख़िर धीरज था....

"मुझे तो नही लगता... तुझे ही लगता होगा...!" प्रतिक अच्छे बच्चे की तरह बोला....

"किसी दिन तुम पर निशाना लगेगा तब पता चलेगा.. उस दिन तो बच गये.... वैसे भी लड़कियों से थोड़ा बचकर रहने में ही भलाई है...." धीरज ने सौरभ के कंधे पर हाथ रखा....

"हां! ये बात तो है!" सौरभ ने पहली बार कुछ बोला.....

"क्या खाक सही है यार.. तू कुछ बोरंभा ही नही...!" धीरज का ध्यान सौरभ की बात सुनकर ही उसपर गया था....

"मैं क्या बोलूं यार? मुझे अपनी फिकर हो रही है... एक हफ्ते में सब कुछ अरेंज करना है.. अपनी शादी के लिए... बारात में तो आओगे ना...?" सौरभ ने पूछा......

धीरज उसकी बात का जवाब देना छोड़ कर अपनी ही राम कहानी में डूब गया," यार! तुम सब तो शादी कर रहे हो... मेरा क्या होगा? मैं तो कुँवारा का कुँवारा ही रह गया..."

"तुम हो ही इस लायक...!" निहारिका ने कहा और गला फाड़ कर हँसने लगी... उसका साथ सभी ने दिया...

# ३६

शाम करीब ५ बजे सौरभ ने सबको प्रतिक के पापा के ऑफीस पर उतार दिया...

"तुम भी चलो ना यार! कल निकल जाना!" प्रतिक ने हाथ मिलने के लिए बढ़े हुए सौरभ के हाथ को पकड़ लिया....

"नही यार.. अब तो शादी के बाद तुम्हारी भाभी को लेकर ही आऊंगा.. अभी काम बहुत करने हैं और टाइम कम है... अब तो निकरंभा हूँ.."सौरभ ने धीरज से हाथ मिलाया.. लड़कियों की तरफ मुस्कुरकर 'बाइ' कहा और निकल गया....

"एक बात का ध्यान रखना.. अभी पापा को ये मत बताना कि हमें टीले पर जाना है.. प्लीज़.. बेवजह परेशान हो जाएँगे.. समझ गये ना!" प्रतिक ने अपना फोन निकालते हुए सब'से कहा.....

"चिंता मत करो.. मैं इसको सब समझा दूँगी.. पर अभी हमें कहाँ चलना है....?" निहारिका ने प्रतिक को बेफिकर रहने को कहा.....

" एक मिनट.. मैं पापा को फोन कर लूं.. देखता हूँ कहाँ हैं...? वही कुछ इंतज़ाम करेंगे...." प्रतिक ने कहा और फोन मिलाया ही था कि ब्लॅक कलर की मर्सीडीस उनके पास आकर रुकी...

"पापा आ गये!" प्रतिक ने कहा और गाड़ी की ओर बढ़ा....

निहारिका ने तनवी को कोहनी मारकर छेड़ा," तेरी ससुराल वाले तो बहुत अमीर हैं यार.. तुझे पता था क्या?"

तनवी ने अपना मुँह घुमा लिया..

"उधर कहाँ देख रही है.. पैर छू ले जाकर.. इतनी भी अकल नही है क्या?" निहारिका ने उसको वापस घुमा दिया....

"ओये पुत्तर... कितना वेट करवा कर आया है...." पापा ने गाड़ी से नीचे उतरते ही प्रतिक को बाहों में भर लिया.. प्रतिक भी उतनी ही आत्मीयता से उनके पैर छूने के बाद उनसे गले मिला...

"क्या हाल हैं बेटा?" धीरज के प्रणाम करने पर पापा ने उसके कंधे पर हाथ मारा और फिर थोड़ी सी दूर खड़ी तनवी और निहारिका को देखकर बोले," अरे.. तुम तो दोनो ही हाथ मार लाए... वैसे चॉइस दोनो की फँटॅस्टिक है... गुड कित्ता.. " पापा ने मुस्कुराते हुए कहा......

"नही अंकल जी.. मेरा इनमें कुछ नही है... हे हे हे.. वो जींस्स वाली भाभी जी की सहेली है.. निहारिका!" धीरज ने मुस्कुराते हुए कहा....

"ओह्हो.. तो मिलवाओ ना भाई.. इतनी दूर क्यू चिपका दिया उनको!" कहकर पापा उनकी और बढ़े.. प्रतिक और धीरज पिछे पिछे थे....

"नमस्ते अंकल जी!" पहल निहारिका ने की...

"नमस्ते बेटा जी... " पापा ने प्यार से निहारिका के सिर पर हाथ फेरा और तनवी के सामने आकर खड़े हो गये..

तनवी गहरी असमंजस में थी... प्रतिक की भावनाओ का वो अपमान नही करना चाहती थी.. पर लाख चाहकर भी तनवी के बताए अनुसार उसके मुँह से 'पापा' शब्द ना निकल पाया... इसी उधेड़बुन में वह नमस्ते तक करना भूल गयी; और सिर झुकाए खड़ी रही....

पापा मंद मंद मुस्कुराते हुए तनवी को कुछ देर गौर से देखते रहे.. तनवी का चेहरा था ही इतना चित्ताकर्षक कि कोई भी एक पल के लिए तो सब कुछ भूल ही जाता था...

अचानक जैसे पापा ख़यालों की दुनिया से वापस आए," तू इतनी गुमसुम क्यू है बेटी... सब ठीक हो जाएगा.. मैं हूँ ना.. तेरे पापा की जगह... और फिर प्यार में इतनी दिक्कतें तो आती ही हैं... तू फिकर ना कर.. जल्द ही मैं तेरे पापा से बात करूँगा.. मुझे यकीन है कि उसकी जवानी के दिन याद करवाकर मैं उसको मना ही लूँगा.. हा हा हा!"

"ज्जई.. पापा जी!" तनवी के लब थिरक उठे.. प्रतिक के पापा के प्यार भरे बोल सुनकर वो उनको 'पापा' कहने का साहस जुटा ही गयी....

"जिंदा रह मेरी बच्ची!" पापा ने प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरा...," मुझे अपने इस 'नालयक' बेटे की किस्मत पर पूरा भरोसा था... थोड़ा भोला है.. अपने में ही खोया रहता था आजकल.. मैं इसके दिल की बात समझ नही पाया.. वरना मैं खुद आता इसके साथ, तुम्हे लाने के लिए... मुझे पता था; एक दिन ये कोई ना कोई हीरा ढूँढ ही लेगा अपने लिए... और तुम तो... हीरे से भी बढ़कर हो बेटी...!" पापा ने प्रतिक की और देखा और उनकी आँखें नम हो गयी.....

प्रतिक एक बार फिर अपने पापा से लिपट गया," आइ लव यू पापा... आइ लव यू!"

इतना प्यार भरा माहौल देख कर तनवी की आँखों में भी नमी सी आ गयी... खड़ी खड़ी वह यही सोच रही थी..," क्या होगा अगर मुझे इनको छोड़ कर जाना पड़ा...."

"ओये अंदर चलो यार... बाहर ही खड़े रहोगे क्या?" पापा ने कहा और ऑफीस की तरफ बढ़ गये.. सबको साथ लेकर....

अंदर जाते ही उन्होने रिशेपशनिस्ट की छुट्टी कर दी और नौकर को बाहर 'ऑफीस क्लोस्ड' का बोर्ड टाँगने को बोल दिया.....

ऑफीस की चकाचौंध और आलीशान शानो शौकत को देख निहारिका हैरान थी... उसने सपने में भी नही सोचा था कि प्रतिक इतना अमीर होगा... तनवी के भविष्य को लेकर वह पूरी तरह निसचिंत हो गयी थी.. और उसने मन बना लिया था कि तनवी को किसी भी तरह शादी के लिए राज़ी करना है....

"चलो भाई.. थक गये होगे... तुम थोडा आराम कर लो.. जब तक खाना आए.. मैं प्रतिक के थोड़े कान खींच लेता हूँ.. इतने दिन घर से गायब रहने के लिए..." हंसते हुए पापा ने कहा और तनवी और निहारिका को बेडरूम दिखा दिया.... दोनो लड़कियाँ बेडरूम में चली गयी....

"हां जनाब! अब बोलो...!" पापा ने प्रतिक से कहा....

"हम रात को कहाँ रहेंगे पापा!" प्रतिक ने पूछा.....

"भाई.. आज होम मिनिस्टर के पास फाइल भेजूँगा... कल से तेरी मम्मी से बात करने का मौका ही नही मिला यार.. मैं बाहर था... देखते हैं उनका रेस्पॉन्स क्या आता है... पर आज तो तुमको यहीं रुकना पड़ेगा..... यहीं सो जाना..." पापा ने जवाब दिया....

"पर मैं?... बेडरूम तो एक ही है...!" प्रतिक ने अजीब सी नज़रों से पापा को कहा.....

"ओह्हो.. निहारिका बाहर सोफे पर सो जाए..... श.. समझा... मतलब तुम बाहर सोफे पर सो जाना यार.. एक ही दिन की तो बात है.. कल करते हैं कुछ... और धीरज भी यहीं रहता होगा ना...?" पापा ने अपने बेटे की शराफ़त को समझने में थोड़ी चूक हो गयी थी एक बार....

"ठीक है" प्रतिक ने कंधे उचका दिए....

"चलो अब मैं चरंभा हूँ.. मुझे कुछ काम निपटा कर जल्दी घर पहुँचना है.. तुम्हारी मम्मी को भी समझाना है ना.... खाना वाना ढंग से खा लेना......मैं सुबह आ जाऊंगा..." पापा खड़े हो गये.....

"ठीक है पापा.." प्रतिक ने कहा और धीरज के साथ उनको बाहर तक छोड़ने आया....

"कैसा लगा तुझे?..." बाथरूम से बाहर आते ही निहारिका ने तनवी को देख कर आँखें मटकाई...

"क्या कैसा लगा?" तनवी ने सिर उठाकर पूछा... वो कुछ परेशान सी लग रही थी....

"यही सब..!" निहारिका ने बेडरूम में नज़रें घूमाकर कहा," प्रतिक के पापा.. और क्या?"

"देख निहारिका! तेरे कहने पर मैं आने को तैयार हो गयी.. टीले तक भी चल पडूँगी... पर फ़ैसला मेरा ही होगा.. समझ गयी ना.. अब तू बार बार ये बातें मत उठा....कल को प्रतिक या उसके घर वालों को कोई ठेस पहुँचती है तो इसका जिम्मा तेरा है.. मेरा नही..." तनवी ने मुँह पिचकाते हुए कहा और सिर झुका कर वापस अपने नाख़ून कुरेदने लगी.....

"छोड़ ना यार टीले वीले का चक्कर... मुझे तेरे लिए प्रतिक पसंद है.. तू आराम से इसको हां बोल दे.. बाद में तो इसके पापा अपने आप सुलट लेंगे... कितने अच्छे हैं ना.... यहाँ ऐश करेगी तू.. ऐश! छोड़ दे शादी ना करने की ज़िद.." निहारिका उसके पास आकर बैठ गयी....

"मैने कहा ना छोड़ इन्न बातों को!" तनवी बिगड़ गयी....

" तुझे क्या लगता है? इससे ज़्यादा प्यार करने वाला तुझे मिल जाएगा.. ? जिंदगी भर ढूँढती रहना फिर..." निहारिका भी चिड गयी...

"मुझे नही चाहिए, प्यार करने वाला... अब मेरा दिमाग़ खराब मत कर यार..." तनवी ने कहा और लेट कर करवट बदल ली.. तभी दरवाजे पर नॉक हुई... तनवी वापस उठकर बैठ गयी.. निहारिका ने जाकर दरवाजा खोल दिया....

दरवाजे पर प्रतिक खड़ा था...," आओ.. खाना खा लो..."

"चल अक्षरा! मुझे भी बहुत भूख लगी है..!" निहारिका झट से तैयार हो गयी...

"मुझे भूख नही है.. तुम ही खा लो!" तनवी का मूड अब तक बिगड़ा हुआ था...

"चल ना यार... अच्छा सॉरी.. अब कुछ नही बोलूँगी ऐसा वैसा.. आजा.. खड़ी होकर खाना खा ले....!" निहारिका ने कहकर तनवी का हाथ खींच लिया... थोड़ी आनाकानी के बाद वो तैयार हो गयी और तीनो बाहर निकल गये....

"ये सब तुम्हारा ही है ना प्रतिक!" खाना खाते हुए निहारिका ने पूछा और कनखियों से तनवी की और देखा....

"नही!" प्रतिक ने जवाब दिया...

"तो?" निहारिका ने चौंकते हुए पूछा...

"अभी तो सब कुछ पापा का है... मैं अभी कमाता नही.. पढ़ रहा हूँ..." प्रतिक ने विनम्रता से उत्तर दिया....

"श.. मैं समझी...!" अपनी बात अधूरी छोड़कर ही निहारिका ने ग्लास का पानी अपने हलक से नीचे उतारा....

कुछ इसी तरह की बातें और हल्क फुल्के मज़ाक करते हुए सब ने खाना लिया और फिर तनवी और निहारिका वापस बेडरूम में जा घुसी....

"निहारिका!" तनवी ने कहा...

"हां बोल.. तू परेशान क्यू है? जो बोलना है बोल दे.. अगर तुझे हर हाल में ना ही करनी है तो कल सुबह ही वापस चल... जितने दिन हम यहाँ रहेंगे.. बात उतनी ही बढ़ेगी...." निहारिका ने उसका हाथ थाम कर कहा....

"तू एक मिनिट बाहर जा.. और.. 'उसको' अंदर भेज दे.. मुझे कुछ बात करनी है..." तनवी ने कहा...

"ऐसी क्या खास बात है.. मैं भी यहीं रुकती हूँ ना!" निहारिका ने कहा....

"कहा ना यार.. कुछ ऐसी ही बात है.. तभी तो तुझे बाहर जाने को बोल रही हूँ..." तनवी झल्ला कर बोली.. उसके चेहरे से साफ ही उसके किसी उधेड़बुन में होने का पता चल रहा था....

"देख ले.. कुछ उल्टा पुल्टा कह दिया तो मुझसे बुरा कोई नही होगा..." निहारिका गुर्राती हुई खड़ी हुई और बाहर निकल गयी.....

"हां.. नी..." प्रतिक खुशी से उछलता हुआ अंदर आया था.. पर तनवी का रुनवासा चेहरा देख कर उसकी सारी कल्पनाए हवा हो गयी," क्क्या हुआ?"

"बैठो!" तनवी एक तरफ को होते हुए बोली....

"कुछ ग़लत हो गया क्या?" प्रतिक ने बेड पर बैठते हुए कहा.. उसका दिल तनवी की रोनी सूरत को देख बैठा जा रहा था....

"ये.... प्यार क्या होता है प्रतिक!" तनवी ने सहजता से अपनी सुरीली आवाज़ में सवाल किया...

"प्यार! मुझे क्या पता क्या होता है प्यार!.. पर मुझे इतना पता है कि मुझे तुम अब मेरा ही एक हिस्सा लगने लगी हो... तुम्हे देखते ही दिल का हर अरमान खिल उठता है.. बात अब सिर्फ़ यहाँ तक नही रह गयी है कि किसी तरह मुझे पता लग गया कि शादियों पहले हम एक दूसरे के लिए जीते और मरते थे... ना! अब तो कोई अगर आकर ये कह दे कि वो सब झूठ था.. महज सपना था.. तो भी मैं कभी तुमसे अलग नही होना चाहूँगा... मैं रह ही नही पाऊंगा तुम्हारे बिना....

सोता हूँ तो तुम्हे सोचता हू.. जागता हूँ तो तुम्हे सबसे पहले याद करता हूँ.. खाते पीते, उठते बैठते.. सिर्फ़ यही सपना देखता रहता हूँ कि कब मेरा सपना सच होगा.. कब तुम मुझे अपना मानोगी.. कब मैं तुम्हे 'अपनी' कह सकूँगा...

मेरा दिल तूम्हारे ही रूप को ग्रहण कर चुका है... कोई और अब इस दिल को गंवारा नही होगा... चाहो तो आजमा सकती हो... अगर तुम नही रही तो जान भले ही ना दूं.. पर जीने लायक रहूँगा भी नही...."

प्रतिक भावनाओ में बहकर बोरंभा ही जा रहा था... और बोरंभा ही रहता अगर तनवी उसको ना टोक देती तो....

"मुझे पता है प्रतिक! मुझे ये भी पता है कि कोई किस्मत वाली ही होगी जो तुम्हे पति के रूप में प्राप्त करेगी... मैं तुम्हे अच्छी तरह जान चुकी हूँ.. पर क्या करूँ..? प्यार नाम से ही दिल में कुलमुलाहट सी होने लगती है.. मेरी बेचैनी बढ़ जाती है... मुझे खुद समझ नही आ रहा कि ये क्या है.. पर मेरा दिल और दिमाग़.. दोनो ही 'प्यार' के उलट बोलते हैं... मैने तुम्हारे बारे में सोचने का प्रयत्न भी किया... पर मेरा दम सा घुटने लगता है ऐसा कुछ भी सोचते हुए... लगता है जैसे में कुछ देर और सोचती रही तो मेरा दम ही निकल जाएगा......

समझने की कोशिश करो... मुझे नही लगता कि मैं किसी से भी शादी करने की सोच भी सकती हूँ... मैं नही चाहती कि तुम या घर वाले.. अपने दिल में कोई उम्मीद पाले और मैं तुम्हारा साथ ना दे सकूँ... आज मैं पापा से मिली... कितना प्यार है उनके दिल मैं... कल को अगर उनको ठेस पहुँची तो मैं तो जीते जी ही मर जाऊंगी.... प्लीज़ प्रतिक! मुझे कल ही वापस भेज दो.. मैं नही रह सकती यहाँ... मैं नही दे सकती तुम्हारा साथ!" बोलते बोलते तनवी की आवाज़ भारी हो गयी और आँखों से आँसू बहने लगे....

प्रतिक से कुछ भी बोला ही ना गया.. कुछ पल 'अपनी' तनवी को टकटकी लगाकर देखता रहा और फिर उठकर बाहर निकल गया...

# ३७

महल में हर तरफ अफ़रा तफ़री और आपा धापी का माहौल था... शहर के नज़दीक ही सूना पड़ा रहने वाला विशाल मैदान रणभूमि में तब्दील हो चुका था.. रह रह कर महल तक आ रही हाथियों की चिंघाड़, घोड़ों की हिनहिनाहट और अपनी जान जोखिम में डाल कर लड़ाई में अपनी जान झोंक रहे सैनिकों की रह रह कर आ रही करूँ चीख और इन्न सबसे मिलकर पैदा हुए अजीब से कोलाहल से महल में मौजूद हर शक्स की रूह तक काँप रही थी....

"मा... क्या हम दुश्मनो से जीत पाएँगे?" शैया पर लेटी भयभीत राजकुमारी ने राजमाता से पूछा... बे-पनाह खूबसूरती की मिसाल उस राजकुमारी का मुरझाया हुआ चेहरा संकट की उस घड़ी में भी पुर्नमासी के चाँद की तरह दमक रहा था....

"भगवान पर भरोसा रखो दुर्गावती.. सब ठीक हो जाएगा..." राजमाता के चेहरे पर पसरा अजीब सा सन्नाटा उसके शब्दों से मेल नही खा रहा था.. फिर भी वह बेटी को दिलासा देने में कोई कसर नही छोड़ रही थी......

"पर हम १०,००० हैं और वो २००,०००... कैसे जीतेंगे मा?" दुर्गावती उठकर बैठ गयी.....

"तू लेट जा बेटी... थोड़ी देर सो ले... कल रात से तूने पलक तक नही झपकाई हैं.. सो जा! भगवान पर भरोसा रख.....! सब ठीक हो जाएगा..." राजमाता ने फिर से उसको झूठी दिलासा देने की कोशिश की......

"कैसे सो जाऊ मा? ववो.... मेरा चंद्रभान कल रात से ही युद्ध भूमि में है... उसने वादा किया था वापस आने का.. वो तो आया ही नही है अभी..... मैं उसको देख कर ही सो पाऊंगी....!" राजकुमारी के सीने से टीस सी निकली....

"तू फिर उसका नाम ले रही है... कितनी बार समझाया है बेटी; तू एक राजकुमारी है... तेरा विवाह किसी राजकुमार से ही होगा... अब तू उसका इंतजार छोड़ दे और सो जा!.. मान ले मेरी बात!"

राजमाता ने अपना हाथ आगे बढ़ाकर दुर्गावती के गालों को छूने की कोशिश की.. पर वह सरक कर दूर हो गयी," नही! मैं किसी और के बारे में सोचूँगी भी नही... मुझे यकीन है.. वो आकर मुझे ले जाएगा यहाँ से... महल में किसी में इतना दम नही जो उसका रास्ता रोक सके... और ना ही आपके किसी राजकुमार में उसका सामना करने की हिम्मत है... आप देख लेना..." दुर्गावती बिलखाती हुई बोली और उठकर राजमहल के मुख्य द्वार की और भागी.....

"ए पकड़ो इसे!" राजमाता ने कहा और सेविकाओं ने अक्षरष: उनकी आज्ञा का पालन किया......

"मान जा बेटी.. वरना हमें तुम्हे फिर से बेड़ियों में जकड़ना पड़ेगा...!" राजमाता ने प्यार से उसका सिर पुच्कार्ते हुए कहा......

"बाँध दो मुझे... बना लो बंदी... पर तुम देखना... जब मेरा चंद्रभान आएगा तो तुम्हारे सारे पहरे बिखर जाएँगे.. सारी बेड़ियाँ कट जाएँगी तुम्हारी.... कर लो तुम्हे जो करना है..." दुर्गावती चिल्ला चिल्ला कर कह रही थी...

जैसे तैसे करके राजकुमारी को शांत करके फिर से बैठाया गया.. पर उसकी आँखें शांत ना थी.. उसके अरमान शांत नही थे.. उसके चंद्रभान ने उसको लौट कर आने का वादा किया था.. और उसको विश्वास था; निष्ठुर और निर्मम भगवान भी उसको उसका वादा पूरा करने से नही रोक सकता.. उसके कान चंद्रभान की दनदनाते हुए कदमों की आहट सुनने को बेताब थे.. उसकी नज़रें चंद्रभान दर्शन की प्यासी थी....

चंद्रभान के इंतज़ार में तड़प रही दुर्गावती की आँखों के सामने वो सुखद लम्हा दौड़ गया जब उसने अपनी सखियों के साथ उपवन में विचरण करते हुए पहली बार चंद्रभान को देखा था......

"ये सजीला नौजवान कौन है री!" दुर्गावती ने अपनी सखियों से पूछा था...

"आप इनको नही जानती राजकुमारी?" रंभा ने आश्चर्य से दुर्गावती की ओर देखा...

"नही तो! मैं क्यू जानूँगी इसको? ऐसी क्या खास बात है इसमें?" दुर्गावती ने एक बार फिर उस नौजवान को गौर से देखते हुए पूछा....

"अरे! आप वहीं तो थी जब इस शूरवीर ने तलवारबाजी में आस पड़ोस के देशों से आए सब राजकुमारों को एक एक करके परास्त कर दिया था...इसी ने तो बचाई थी अपने राज्य की लाज.... आप को स्मरण नही है क्या?" रंभा ने राजकुमारी को याद दिलाने की कोशिश की....

"ऊऊओ.. पर ये तो बड़ा ही सुंदर है.. एक दम मन मोहक.. उस दिन हमनें इसको गौर से नही देखा था....!" दुर्गावती टकटकी बाँधे चंद्रभान को देख रही थी....

"शूरवीर क्या सुंदर नही हो सकते राजकुमारी? जाने कितनी ही बालायें इसके पिछे अपना दिल लिए घूमती हैं.. पर ये किसी को घास ही नही डालता...." रंभा ने अपने सीने पर हाथ रख कर आँखें बंद कर ली....

"अच्छा! क्या नाम है इसका?" दुर्गावती ने मुस्कुराते हुए पूछा था....

"चंद्रभान!" रंभा ने बताया....

"हम्मम.. चंद्रभान! बुलाना ज़रा इसको...!" राजकुमारी ने आज्ञा दी....

"जी, राजकुमारी जी!" सखियों में से एक ने कहा और चंद्रभान की और चल पड़ी.....

"क्या कर रहे हैं सेनापति चंद्रभान?" सखी ने जाकर प्यार से पहले दो बात करने की सोची...

चंद्रभान ने नज़रें तिरछी करके उसको देखा और वापस अपनी तलवार की धार तेज करने में जुट गया.. कुछ बोला नही...

"सुनता नही है क्या आपको?" सखी ने तड़प कर पूछा....

"दिखता नही है क्या?" चंद्रभान ने तलवार उठाकर उसको दिखाई और वापस काम में जुट गया....

"आपको राजकुमारी दुर्गावती बुला रही हैं..." सखी ने आहत सा होकर कहा....

"क्यू?" चंद्रभान उसकी बातों पर कुछ खास ध्यान नही दे रहा था....

"तुम पर दिल आ गया है उनका.. हे हे.. मज़ाक कर रही हूँ.. मेरी शिकायत मत कर देना.. पर वो सच में आपको बुला रही हैं..."

"ठीक है.. बोल दो.. मैं थोड़ी देर में आता हूँ..." चंद्रभान ने कहा और अपनी तलवार को सिलबेट पर घिसता रहा.....

"वो ये बोला? तुमने कहा नही कि हमने बुलाया है.." राजकुमारी तिलमिला उठी...

"बोला था राजकुमारी! पर महाराज की कृपा से सेनापति बनने के बाद ये और ज़्यादा ढीठ हो गया है...." सखी ने चुगली करते हुए कहा....

"तो; ये सेनापति हैं अब!" राजकुमारी ने पूछा.....

"जी! राजकुमारी जी; महाराज ने प्रतियोगिता के अगले दिन ही इनको सेनापति बनाने की घोषणा कर दी थी....."

"हम्म... मैं देखती हूँ इसको!" राजकुमारी ने चिड़कर कहा और अपनी सखियों को साथ लेकर वापस चली गयी.....

"पिता श्री!" दुर्गावती शाम को महाराज के पास थी...

"हां राजकुमारी!" महाराज ने बात सुनने के लिए बड़े प्रेम से उसकी और देखा...

"आपको नही लगता कि आपने अपने सेनापति को कुछ ज़्यादा ही सिर पे चढ़ा रखा है..." दुर्गावती ने शिकायती लहजे में कहा....

"क्यू? क्या हुआ बेटी?" महाराज बात को तवज्जो देते हुए उसकी ओर झुक से गये...

"क्या हुआ क्या? कल मैं उपवन में से कुछ आम तोड़ कर देने के लिए अपनी सखी के हाथों उसको बुला रही थी.. कहने लगा मैं थोड़ी देर में आऊंगा.. भला ये भी कोई बात हुई?" राजकुमारी के चेहरे पर हल्का सा गुस्सा और ढेर सारी नाराज़गी थी...

"हा हा हा! क्या उसको पता था कि राजकुमारी जी ने बुलाया है?" महाराज ने बात को मज़ाक में लेते हुए पूछा....

"और नही तो क्या? सखी बता रही थी कि उसने उसको स्पष्ट रूप से मेरा आदेश सुनाया था... पर आप ऐसे हंस क्यू रहे हैं? मैं मज़ाक नही कर रही.."

"हंस नही रहा बेटी.. क्या तुम्हे पता है कि उससे बढ़कर योद्धा हमारे राज्य में तो क्या; पड़ोस के बड़े बड़े राज्यों में भी नही है.. तुमने उसका कौशल तो देखा ही होगा, शाही तलवारबाजी प्रतियोगिता में!"

"तो क्या हुआ पिता श्री? उसका कौशल उसको राजमहल की अवग्या करने की इजाज़त तो नही दे सकता ना!"

"सुनो तो राजकुमारी! ये अधिकार खुद मैने ही उसको दिया है.. वास्तव में मैने प्रतियोगिता के बाद उसको मिलने के लिए बुलाया था.. मैने उससेकहा:

"तुम जैसा वीर सेना में भरती होकर देश की सेवा क्यू नही करता?"

"मेरी तलवार मेरी आराधना है महाराज! मैं इसको किसी मजबूर और बेक़ुसूर के लहू से नही रंगना चाहता..!" चंद्रभान की कही हुई बात महाराज ने दुर्गावती को बताई.....

"फिर? फिर आपने क्या कहा?" दुर्गावती ने उत्सुकता से पूछा....

"मैने कहा..," हमने कभी किसी निर्दोष का लहू नही बहाया.. पर आक्रमणकारी के आगे कभी घुटने भी नही टेके! अगर कल को कोई तुम पर आक्रमण कर दे तो तुम क्या करोगे?"

उसने तन्मयता और शालीनता से जवाब दिया...," आपकी बात का अर्थ मैं समझ सकता हूँ महाराज.. पर राज्यों के बीच युध जनता के हित में नही होते.. वो तो सिर्फ़ राजाओं की कुत्सित मानसिकता और उनकी राझवास का परिणाम होते हैं... महज उनका निजी स्वार्थ होता है.. बेचारे सैनिक तो राजा के आदेश के बोझ तले दबकर उसके स्वार्थ और लालच का झंडा उठाने को मजबूर होते हैं... पर मैं ना तो ऐसा झंडा उठा सकता हूँ.. और ना ही 'ऐसा' झंडा उठाए निर्दोष सैनिकों का कतल कर सकता हूँ...." महाराज ने राजकुमारी दुर्गावती को बताया....

राजकुमारी उस वीर के विचारों से अत्यंत प्रभावित लग रही थी..," फिर क्या हुआ पिता श्री..?"

"मेरी तो खुद ही यह नियती रही है बेटी की पूरी धरती पर संकेत और सुख चैन का वास हो...."

महाराज को दुर्गावती ने टोक दिया...," नही नही... ये बताइए कि आपने उसको क्या जवाब दिया.. और फिर उसने क्या कहा... ? पूरी बात बताइए ना!"

"हम्म..." महाराज ने कहा...," मैने कहा कि मुझे अत्यंत हर्ष है की मेरे राज्य में ऐसे आदर्श फल फूल रहे हैं.. मैने उसको कहा कि मैं देश की रक्षा की बागडोर ऐसे ही नवयुवक के हाथों में सौंपना चाहता हूँ जो युद्ध की मजबूरी और अहिंसा की ज़रूरत को भली भाँति जानता हो.. मैने उसके सामने सेनापति बनने का प्रस्ताव रखा... पहले उसने कुछ टाल मटोल की पर मेरे अनुग्रह पर अंतत: वा राज़ी हो गया... पर उसकी कुछ शर्तें थी... उन्ही में से एक ये थी कि उसको कभी कोई आदेश नही दिया जाएगा.. वह स्वेच्छा से अपने विवेक पर फ़ैसला खुद लेगा...."

दुर्गावती की आँखें सुखद आश्चर्य से फैल गयी," फिर पिताश्री... आपने मान ली उसकी ये शर्त?"

"हाआँ!" महाराज मुस्कुराते हुए बोले," वो थोड़ा विचित्र है.. पर गुलाब के तने से 'पुष्प्राज' प्राप्त करने के लिए हमें कांटें तो स्वीकार करने ही पड़ेंगे... वो हमारे राज्य का बेशक़ीमती हीरा है.. सिर्फ़ उसकी वीरता और कौशल के कारण मैं ऐसा नही कह रहा हूँ.. वा आदर्शों

का भंडार है.. मैं उससे २-४ बार ही व्यक्तिगत रूप से मिला हूँ.. पर खुद मैं भी उसका कायल हो गया हूँ...!"

"हमें चंद्रभान के घर ले चलो रंभा!" राजकुमारी दुर्गावती ने अलसुबह ही अपनी सबसे खास सहेली से कहा....

"ये क्या कह रही हैं आप राजकुमारी! आपको उनसे मिलना है तो आप उनको राजमहल में बुलवा लीजिए.. आपका यूँ जाना कदापि उचित ना होगा...!" रंभा ने स्पष्ट लहजे में उनको उनके रुतबे का अहसास कराया......

"नही! हमें खुद ही जाना है.. और अभी!" दुर्गावती ने भी उतने ही स्पष्ट शब्दों में अपना फ़ैसला सुना दिया....

"पर....... क्या राजमाता जाने की इजाज़त देंगी? मुझे तो नही लगता कि ऐसा संभव है?" रंभा ने झिझकते हुए कहा...

"तुम रैना को बुलाओ! हम उसको अपने कपड़े पहना कर अपनी जगह सुला देंगे... फिर कोई डर नही.. राजमाता तो शाम होने से पहले मेरे शयन कक्ष में आने से रहीं..!"

"पर उस पर मुसीबत आ सकती है.. आप सोच लो!" रंभा ने जवाब दिया...

"हमनें सोच लिया.. हमें जाना ही है.. तुम रैना को बुलाओ! हम उसको समझा देंगे...."

रंभा के पास भी कोई चारा नही था... उसने बाहर से रैना को बुलाया.. दुर्गावती ने उससे अपने वस्त्रों का आदान प्रदान किया और सबसे नज़र बचाते हुए रंभा के साथ राजमहल से बाहर निकल गयी.....

"ये है राजकुमारी जी; चंद्रभान का घर!" रंभा उसको चंद्रभान के घर के सामने ले गयी....

"इतना छोटा घर है हमारे सेनापति का?" दुर्गावती ने चौंक कर रंभा की तरफ देखा....

" हां.. पर बाकी सब दरबरीगन तो महलों जैसे घरों में रहते हैं.. शायद इनके लिए निर्मित हो रहा हो!" रंभा ने राजकुमारी को जवाब दिया...

"ठीक है.. अब तुम वापस जाओ! हम खुद वापस आ जाएँगी..!" दुर्गावती ने मुस्कुरकर कहा...

"पर.. राजकुमारी जी.. आपको अकेले छोड़ कर....?" रंभा डरती हुई बोली....

"हम कोई दुश्मन के घर नही जा रहे.. अपने सेनापति के पास जा रहे हैं.. तुम अपने घर में ही रहना.. जाते हुए हम तुम्हे लेते जाएँगे..." दुर्गावती ने मुस्कुरकर कहा और अंदर दाखिल हो गयी....

दुर्गावती को चंद्रभान घर के छोटे से आँगन में ही दिखाई दे गया.. वह बाहर चूल्हे पर खाना पका रहा था.. दुर्गावती को ये देख हैरत हुई.. वह दूर से ही उसको देख रही थी कि चंद्रभान की नज़र उस पर पड़ गयी. उसने तवे से रोटी उतारी और अदब से उसके पास आकर खड़ा हो गया," जी कहिए?"

चंद्रभान ने पहनावे के नाम पर सिर्फ़ धोती डाल रखी थी.. चूल्हे की आँच से पसीने की बूंदे उसके सूर्ख चेहरे से फिसलती हुई कुछ उसकी सखतजान छाती पर और कुछ ताप ताप कर नीचे गिर रही थी.. परिश्रम और ताप की अग्नि ने उसके बदन को सोने जैसा बना दिया था.. उसका संपूर्ण जिस्म इतना आकर्षक था कि एक पल को तो दुर्गावती उसमें ही खोकर सब कुछ भूल गयी.. उसके सम्मोहन को तोड़ने के लिए चंद्रभान को एक बार फिर उसको टोकना पड़ा....

"मैं आपकी क्या मदद कर सकता हूँ?"

दुर्गावती हड़बड़ा गयी," हम.. वो मैं.. आप यहाँ अकेले ही रहते हैं क्या?" दुर्गावती को आख़िर कुछ सूझ ही गया...

"नही! मेरा अकेलापन भी साथ रहता है.. आप यहाँ पधारने का औचित्या बताएँगी क्या?" चंद्रभान ने मुस्कुराकर जवाब दिया....

"आ..आप हम... मुझे जानते हैं क्या?" दुर्गावती को लगा रैना का पहनावा यहाँ काम नही आया.. चंद्रभान इतनी इज़्ज़त से बात कर रहा था कि उसको यही लगा कि चंद्रभान ने उसको पहचान लिया है.....

चंद्रभान ने कुछ देर उसके चेहरे को गौर से देखा," लगता है कि मैने आपको पहले भी देखा है.. पर ये मेरा भ्रम भी हो सकता है.. क्षमा करना.. मैं खाना बना रहा हूँ.. कुछ काम है तो जल्दी बताइए..!"

दुर्गावती कुछ नही बोली.. अपलक उसको देखती रही.. कुछ पल और वहाँ खड़ा रहने के बाद चंद्रभान वापस लौट गया.. अपने 'चूल्हे' पर...

कुछ देर बाद चंद्रभान ने वापस मुड़कर देखा.. दुर्गावती वहीं खड़ी थी.. चंद्रभान के माथे पर सिलवटें पड़ गयी,"बताएँगी भी आप कि बात क्या है?"

दुर्गावती धीरे धीरे चलती हुई चंद्रभान के पास जा पहुँची,"सुना है; आप इस राज्य के सेनापति हैं! फिर खुद ये कष्ट क्यू उठा रहे हैं? आप नौकर चाकर भी तो रख सकते हैं! ये घर बड़ा बनवा सकते हैं.. आराम से रह सकते हैं...आप!"

चंद्रभान ने चूल्हे की राख बूझकर अपनी बनाई हुई रोटियाँ उठाई और अंदर चल पड़ा.. कुछ बोला नही.. दुर्गावती भी उसके पिछे पिछे आकर दरवाजे पर खड़ी हो गयी... दरवाजा सिर्फ़ नाम का ही था.. छत के नीचे जाने का रास्ता था बस!

चंद्रभान ने ज़मीन पर चटाई बिछाई और खड़ा होकर फिर दुर्गावती की और देखा.. और औपचारिकतावश पूछ लिया,"भोजन करेंगी आप?"

"हां!" दुर्गावती ने झट से कहा और अंदर चटाई के पास जाकर खड़ी हो गयी..

चंद्रभान उसके जवाब देने के तरीके पर मुस्कुराए बिना ना रह सका.. दुर्गावती की 'हां' में कोई लाग-लपेट नही थी.. कोई झिझक नही थी.. उसने तो इस तरह 'हां' कह दिया जैसे किसी ने उसके अपने ही घर में पूछा हो.. कम से कम धन्यवाद ही कह देती...," आओ

बैठो!" चंद्रभान ने एक बार फिर मुस्कुरकर कहा और बीच में खाना रख कर एक तरफ बैठ गया...

दुर्गावती खाना खाते हुए बीच बीच में रुक कर चंद्रभान के चेहरे को देखती रही.. ना जाने कैसे! ना जाने क्यू! पर चंद्रभान उसके दिल में उतर गया था....

खाने में भी उसको एक अजीब तरह की मिठास लगी... एक अजीब से 'अपनेपन' की मिठास!

"आप भूखे रह गये होगे?" दुर्गावती खाने के बाद चंद्रभान को टुकूर टुकूर देखने लगी...

"हा हा हा..." चंद्रभान खिलखिलाकर हंसा,"ये तो आपको पहले सोचना चाहिए था.. खैर.. मैं भूखा नही रहा.. मेरी गाय भूखी ज़रूर रह गयी.. आपने उसके हिस्से का खाया है" चंद्रभान ने उंगली से घर के पिच्छवाड़े बँधी 'गौ' की और इशारा किया," कोई बात नही.. मैं और बना लूँगा... चंद्रभान हंसता हुआ ही बोला और बर्तन उठा कर बाहर चल दिया......

"आपने बताया नही.. आप ये सब खुद क्यू करते हैं?" दुर्गावती भी उसके साथ ही बाहर निकल गयी.....

"मुझे आता है..खुद करना! मुझे अच्छा लगता है.. खुद करना!.. इसीलिए " चंद्रभान ने कहा और बाहर पानी के पास बर्तन रख दिए,"पर आपने अभी तक नही बताया की आप कौन हैं और यहाँ क्यू आई हैं ....?"

"पता नही.. मैं कल फिर आ सकती हूँ क्या?" दुर्गावती ने आधे सवाल का जवाब दिया और एक सवाल पूछ लिया....

"अगर खाना खाने ही आ रही हैं तो पहले बता दीजिए.. मैं पहले से ज़्यादा तैयार करके रखूँगा..."चंद्रभान ने हंसते हुए कहा....

"हाँ.. खाना भी खाएँगे!" दुर्गावती ने मुस्कुरकर कहा और बाहर निकल गयी....

"राजकुमारी कहाँ हैं?" राजमाता ने दुर्गावती के कक्ष में आते ही द्वार पर खड़ी दासी से सवाल किया....

"व्व...महारानी... वो..." दासी के चेहरे पर भय की लकीरें उत्तपन्न हो गयी.....

"कहाँ हैं राजकुमारी?" दासी के हाव भाव देख कर राजमाता की भृकुटियाँ तन गयी...

"वो .. हमने राजकुमारी को रोकने की कोशिश की थी महारानी.. पर उन्होने हमारे अनुग्रह पर गौर नही किया... ववो.. रसोई घर में हैं..." दासी ने सिर झुकाए अटक अटक कर अपनी बात कही...

"रसोई घर में? वहाँ जाने का उनका क्या प्रयोजन है...?" राजमाता तेज़ी से रसोई घर की और बढ़ी...

"आप खुद ही जान लीजिए महारानी!" दासी उनके पिछे पिछे चल रही थी...

राजकुमारी दुर्गावती रसोई घर में अपनी उंगली को दूसरे हाथ की मुट्ठी में दबोचे खड़ी थी.. राजमाता को देखते ही दुर्गावती मुस्कुराने लगी,"माताश्री!"

"यहाँ क्या कर रही हो तुम? ....और ये... ये क्या कर लिया?" राजमाता ने नाराज़गी भरे लहजे में पूछा....

"ववो.. हम भोजन तैयार करना सीख रहे थे माता श्री! हल्की सी छुरि लग गयी...." दुर्गावती ने उनकी नाराज़गी को भाँप कर अपना सिर झुका लिया...

"भोजन तैयार करना?" राजमाता ने आश्चर्य से कहा," तुम्हे इसमें कब से रूचि हो गयी? और फिर तुम्हे ये सब सीखने की क्या ज़रूरत है दुर्गावती? तुम्हारे पास हमेशा सैंकड़ों नौकर चाकर रहेंगे... तुम्हारे हर आदेश को पूरा करने के लिए... छोड़ो ये सब!" महारानी ने गुस्सा होकर कहा और उसको बाहर लेकर आते हुए दासी को आवाज़ लगाई," वैद्य जी को बुलाओ; राजकुमारी का हाथ कट गया है!

"पर माता श्री! हूमें खुद काम करना अच्छा लगता है.. भगवान ने हमें भी दो हाथ दिए हैं.. काम करने को...." कहते हुए दुर्गावती के सामने चंद्रभान का चेहरा साक्षात हो उठा....

"ये भूत तुम पर कब और कैसे सवार हो गया..? हम राज्य के राजा हैं... हम शासन करते हैं.. भगवान ने हमें ये हाथ आदेश और निर्देश देने के लिए दिए हैं.. काम करने के लिए नही..." राजमाता ने गर्व से सिर उपर करके कहा...

"पर माता श्री.....?"

"बस! हम कुछ नही सुनना चाहते...! तुम्हारा कितना खून बह गया होगा.. जब तक वैद्य जी नही आ जाते.. तुम आराम करो यहीं !" राजमाता ने आदेश दिया...

"पर हमें पिता श्री ने बुलाया है; माता श्री?" राजकुमारी ने निवेदन किया...

"बाद में..!" राजमाता ने कहा और राजकुमारी के शयन कक्ष से निकल गयी....

"पिता श्री! हमारे देश का सेनापति झोपड़ी जैसे निवास में क्यू रहता है?" रात को राजकुमारी महाराज से बतिया रही थी....

महाराज उसकी तरफ देख कर मुस्कुराए," पर आपको कैसे पता; राजकुमारी?"

"ववो.. हमें हमारी सहेली ने बताया... उसका घर उनके पास ही है..." राजकुमारी ने बड़ी सफाई से झूठ बोल दिया....

"हम्म्मम..." महाराज ने बोलने से पहले एक लंबी साँस ली...," हुमने आपको बताया ही था.. सेनापति के पद को स्वीकारने से पहले उसने हमारे सामने कुछ शर्तें रखी थी.. उसका अपने पुराने निवास पर ही रहना और कोई राजकीय लाभ ना लेना ही वो शर्तें थी बेटी! हमें भी ये सब कुछ अजीब लगा था.. पर दिल से कहूँ तो हम उसके इस महान चरित्र को नमन करते हैं.. ऐसे सतपुरुष अब दुर्लभ हैं बेटी... खैर.. हमने तुम्हे किसी खास प्रायोजन से यहाँ बुलाया है..."

"बोलिए, पिता श्री!" राजकुमारी ने विनम्रता पूर्वक कहा....

" पड़ोस के हमारे मित्र राजा की ओर से अपने पुत्र अभिषेक के साथ आपके विवाह का प्रस्ताव आया है.. मैं इस बारे में आपकी राइ जानना चाहता हूँ..." महाराज ने बड़े संतुलित मंन से उसके सामने बात रखी....

सुनकर राजकुमारी एकदम विचलित हो गयी, कल की घटना ने उसकी सोच और सपनो को पूरी तरह बदल दिया था," आप.. स्वयंवर क्यू नही करवा लेते पिताश्री?.. जैसे तलवारबाजी!"

महाराज दुर्गावती की बात सुनकर हँसने लगे," हमने खुद पहले ऐसा ही सोचा था राजकुमारी.. पर उस दिन जिस तरह राजकुमार के हार जाने के बाद अपमानित महसूस करके, चंद्रभान ने खुले आम सबको चुनौती दी.. और चुनौती ही क्या दी? एक एक करके उसने जिस तरह सारे दंभी राजकुमारों की नाक काटी.. उससे हमें शक है कि शायद ही कोई योग्य उम्मीदवार स्वयंवर में आएगा...

दूसरे, परंपरा के अनुसार स्वयंवर को हम सिर्फ़ राजकुमारों तक सीमित नही रख सकते.. हर क्षत्रिय को उसमें भाग लेने का अधिकार होगा.. और चंद्रभान भी एक क्षत्रीय ही है.. मुझे नही लगता कि कोई उसके सामने अस्त्र, शस्त्रा या मल्ल में टिक पाएगा.. वो एक सच्चा योगी है बेटी.. उससे पार पाना मुश्किल है.. पर हां.. हम उससे बात करके स्वयंवर में भाग ना लेने के लिए मना सकते हैं.. अगर ऐसा संभव हो गया तो मैं इसपर विचार कर सकता हूँ..." महाराज ने अपने मन की बात उसके सामने रख दी....

"हमें अभी विवाह नही करना पिताश्री!" अपने गुस्से और निराशा को राजकुमारी सिर्फ़ यही कहकर निकल पाई...

# ३८

चंद्रभान चटाई पर अपने सामने भोजन लगाकर बैठ गया... कुछ देर नज़रें झुकाए मंन ही मंन चंद्रभान मुस्कुराता रहा और फिर बाहर द्वार की और देखने लगा... शायद उसको किसी की प्रतीक्षा थी.. शायद राजकुमारी की!

हालाँकि राजकुमारी का आना निस्चित नही था.. और ना ही वह आज फिर आने का वादा ही करके गयी थी.. पर फिर भी जाने क्यू; चंद्रभान की आँखें उसके आने की राह देख रही थी...

चंद्रभान के निवास पर राजकुमारी पिछले १५ दिन में अब तक पाँच बार आ चुकी थी.... राजकुमारी राजमहल से बाहर निकलने के लिए मिले किसी मौके को गँवाती नही थी... और सीधे अपने दिल में बस चुके चंद्रभान के पास पहुँच जाती थी.

चंद्रभान को अब उसका आगमन अप्रत्याशित नही लगता था. नित्य प्रति अब वह सुबह तीन लोगों के लिए भोजन तैयार करता था.. राजकुमारी आए या नही!

चंद्रभान को अहसास था कि 'वो' अंजान यौवना उसके आकर्षण में ही बँधी उसके निवास तक पहुँच जाती है.. पर उसकी मनमोहक छवि और बेबाक स्वाभाव चंद्रभान को भी भा गया था. सच तो ये था की चंद्रभान खुद को भी उसके मोहज़ाल में जकड़ा हुआ सा महसूस करने लगा था....

राजकुमारी के स्वर्ग की अप्सराओं के समान सुंदर गौरांग, उनकी कजरारी म्रिग्नयनि आँखें, सागर में ज्वर के समान उफानता हुआ उनका अल्हड़ यौवन, उनके मस्तक पर विराजमान यशस्वी तेज; और इस अद्बितीया वैभव की स्वामिनी होने के बावजूद उसके चेहरे की मृदुल (कोमल) मुस्कान और सीधा सच्चा स्वाभाव; उनकी हर बात से झलकता उसका भोलापन बरबस ही चंद्रभान को अपनी और खींचता हुआ ला रहा था...

हालाँकि अभी भी चंद्रभान उसको राजकुमारी के रूप में नही, एक अल्हड़ नाव यौवाना के रूप में ही जानता था; जो ना जाने कहाँ से उसके जीवन में आ गयी थी. चंद्रभान ने कभी जानने की कोशिश भी नही की.. एक दो बार चंद्रभान ने पूछा भी; पर दुर्गावती ने हंसकर टाल दिया..

जो भी था, पर कहने की ज़रूरत नही कि चंद्रभान को भी अब अकेलापन अखरने लगा था. उसको भी अब हमसफर की ज़रूरत महसूस होने लगी थी.. और हमसफ़र के रूप में दुर्गावती की!

"एक बात कहने का मंन है... कह दूँ?" अपनी अगली मुलाक़ात में दुर्गावती ने चंद्रभान से कुछ कहने की अनुमति माँगी... वो चंद्रभान से प्राप्त दूरी बनाए बैठी थी...

"बोलिए!"

"इस एकांत में कैसे रह लेते हैं आप?... आप अपने लिए कोई सुंदर सी कन्या देख कर विवाह क्यू नही कर लेते?" झिझकते हुए राजकुमारी ने अपने दिल में रह रह कर उठ रहे उफान को चंद्रभान के सामने प्रकट कर ही दिया...

चंद्रभान ने मुस्कुरकर अपनी ही और देख रही उसकी कामिनी आँखों में झाँका और फिर हँसने लगा," कौन करेगी मुझसे विवाह? कौन मुझ जैसे फक्कड़ (ग़रीब) के साथ रहकर अपने जीवन को रसातल में धकेलना चाहेगी? मैं ऐसे ही ठीक हूँ.. "

दुर्गावती अधीर सी होकर बोली... ,"क्यू? क्या नही है आपके पास? शायद ये आपका हठ (ज़िद) ही होगा कि आप ये 'जीवन' बिता रहे हैं.. वरना तो आपकी आँखों के इशारे से ही आपके लिए जीवन-न्योछावर करने वाली एक से एक सुंदरी आपके कदमों में रहकर जीवन भर आपकी सेवा को तत्पर नज़र आयेंगी.

आप इस राज्य के सेनापति हैं.. आप चाहें तो एक पल में आप अपना जीवन वैभवपूर्ण बना सकते हैं. आपके 'हां' कहते ही इस कुटिया (शेड) को छोड़ कर महलों के अधिकारी हो सकते हैं. सैंकड़ों नौकर चाकर आपके इशारा करते ही आपकी सेवा में उपस्थित हो सकते हैं... सिर्फ़ आपके इशारा करने की देर है..."

"हां.. एक दम सही कह रही हैं आप.. राज्य के सेनापति से विवाह की इच्च्छुक कौन नही होगी..? महलों में जीवन बिताने के लिए कौन तत्पर नही होगी? पर मुझे लगा आपने सेनापति से नही 'चंद्रभान' से सवाल किया है.. मैं हमेशा सेनापति नही था.. और ना ही हमेशा रह सकता हूँ. मेरे साथ सिर्फ़ मेरा नाम जुड़ा हुआ है.. और वो हमेशा मेरे साथ

रहेगा.. शायद मरने के बाद भी..!मेरा हक़ सिर्फ़ मेरी 'देह' (शरीर) पर है" चंद्रभान ने कोहनी मोड़ कर अंगूठा अपनी ठोस छाती में गाड़ते हुए कहा

चंद्रभान लगातार बोल रहा था," मैं जिंदगी भर के लिए अपनी होने वाली अर्धांगिनी को महलों में रखने का वादा नही कर सकता. और जो वादा में निभा ना सकूँ, उसका दावा भी कभी मैं करता नही... हां; अपने दिल में रखने का वादा कर सकता हूँ.. अपनी पलकों पर बैठा कर... इसीलिए सिर्फ़ मैं अपने बारे में ही बात करता हूँ.. क्षण भन्गूर ( पल भर में नष्ट हो सकने वेल) वैभव (शनो- शौकत) से अलंकृत (सज्जित) होकर मैं किसी को अपना लूँ; उसका क्या लाभ?"

दुर्गावती सम्मोहित सी होकर चंद्रभान की बातें सुन रही थी.. जो अब भी जारी थी," इसीलिए मैने अपने बारे में बात की थी दुर्गावती; मेरे औहदों या मेरी क्षमताओं के बारे में नही.. महलों में जीवन यापन करने का सपना लिए इस राज्य के सेनापति से तो विवाह की इच्च्छुक हज़ारों लड़कियाँ हो सकती हैं.. पर इस फक्कड़ 'चंद्रभान' से शादी करने को कौन अभागिन तैयार होगी?" चंद्रभान अपनी बात पूरी करके उसकी तरफ देखकर चिरपरिचित अंदाज में मुस्कुराने लगा....

राजकुमारी चंद्रभान की बात पूरी होने पर व्याकुल सी होकर खड़ी हुई और उसकी तरफ २ कदम बढ़कर खड़ी हो गयी.. उसकी आँखों में सच्चे प्रेम का अतः सागर हिलौरे ले रहा था.., "मैं....! मैं विवाह करना चाहती हूँ इस चंद्रभान से! मुझे महलों से प्यार नही.. मैं सिर्फ़ आपके व्यक्तिताव से प्यार करती हूँ.. मेरा सौभाग्य होगा अगर मुझे पुरुषश्रेष्ठ के चरणों में जीवन यापन का सौभाग्य प्राप्त हो..." अपनी बात कहकर दुर्गावती चंद्रभान को जनम जनम की सी प्यासी आँखों से निहारने लगी....

चंद्रभान कुछ पल को तो जैसे स्वयं को ही भूल गया.. अपलक दुर्गावती के शोख चेहरे को देखता हुआ कुछ देर बाद बोला," वस्तुत: यह मेरा ही सौभाग्य होगा अगर आप जैसी सर्वगुण संपन्न नारी मुझे पति रूप में स्वीकार करे.... पहले दिन के बाद से ही आप मेरे दिल में निवास करती हैं... मैं प्रयत्न करके भी आपके जाने के बाद अपने आपको आपके साथ बिताए पलों के बारे में विचारने से रोक नही पाता हूँ.... "

चंद्रभान ने आगे कहा," किंतु सत्य कहूँ तो मैं अब तक भी आपके विषय में जान लेने को बेकरार हूँ.. आपने अभी तक भी नही बताया है कि आप कौन हैं? मुझे हमेशा प्रतीत होता है कि मैने आपको पहले भी कहीं देखा है.. पर कहाँ देखा है.. ये स्मरण (याद) नही है..."

राजकुमारी ने मानो चंद्रभान की बातें ही आगे बढ़ाई हों...

"क्या आपके द्वारा विस्तार से कही गयी बातें मुझ पर लागू नही होती? मैं भी तो वही सब कह सकती हूँ.. मैं जो भी हूँ, आपके सामने हूँ.. मेरे बारे में और ज़्यादा जानने को व्याकुल होकर तो आप अपनी ही बातों का खंडन कर रहे हैं.... मेरे पास सिर्फ़ एक दिल है.. आपको देने के लिए.. इसको आप स्वीकार करें या ना करें.. पर ये अब सदेइव आपका ही रहेगा.... मेरी प्रकृति और स्वाभाव के बारे में आप और जानना चाहें तो मैं इंतजार कर सकती हूँ.. पर जब भी आप मुझसे सवाल करेंगे.. मेरा जवाब हमेशा यही होगा.. मैं 'चंद्रभान' से प्यार करती हूँ!.. अब ये आप पर है.. आप अपनी दीवानी हो चुकी इस 'नाचीज़' को स्वीकारते हैं या नही..."

चंद्रभान प्रेम विभोर में खड़ा होकर छलक सा उठा.. आँखों में आँसू होने पर भी उसके होंटो पर एक अद्भुत सी मुस्कान थी... कुछ देर दुर्गावती को अपलक निहारने के बाद उसने अपनी बाहें फैला दी.. राजकुमारी की ओर...

अपने आगोश में समेट लेने के लिए उठी चंद्रभान की भुजाओं को अपनी और बढ़ी देख कर दुर्गावती भी खुशी से पागल सी हो गयी.. एक पल के लिए उसने अचरज और लज्जा के मारे अपने चेहरे को अपने ही हाथों से ढक लिया.. फिर चेहरे को ढके हुए हाथों की अंगुलियों को हल्का सा खोल कर उनके बीच से झरोखा बनाया और अपने 'अनुपम' चंद्रभान के चेहरे को निहारने लगी...

चंद्रभान अब भी मुस्कुराता हुआ उसके इंतज़ार में बाहें फैलाए खड़ा था... दुर्गावती ने अपने हाथ हटाए और लज्जा के बोझ से पलकों को झुका लिया.. कुछ देर विचार्मग्न होकर जाने क्या क्या सोचती रही फिर अचानक एक ही झटके में चार कदम की मीलों लंबी लग रही अपने और चंद्रभान के बीच की दूरी को नाप दिया... दुर्गावती चंद्रभान के जिस्म से किसी नाज़ुक बेल की भाँति काफ़ी देर तक चिपकी हुई खड़ी रही....

अपने बहुपाश में दुर्गावती को समेटे खड़े चंद्रभान ने पूछा...," नाम तो पूछ ही सकता हूँ ना.....! या वो भी स्वयं मुझे ही देना पड़ेगा!"

चंद्रभान के आगोश में सिमटी खड़ी दुर्गावती को अचानक दुनिया बहुत बड़ी और बुरी लगने लगी.. उसको लगा जैसे अगर अब वा चंद्रभान से अलग हुई तो वापस उसकी बाहों में नही

लौट पाएगी," मैं आपको सब कुछ बताने को तैयार हूँ चंद्रभान.. पर वादा करो, चाहे कैसी भी परिस्थितियाँ उत्पन्न हों.. आप मेरा हाथ कभी नही छोड़ोगे... मुझे अभी स्वीकार कर लो! मुझे अभी अपना बना लो!"

चंद्रभान ने अपनी भुजाओं की पकड़ दुर्गावती की कमर पर हल्की सी सख़्त कर दी.. च्छुईमुई की तरह इस अहसास से कसमसा उठी दुर्गावती अपने चंद्रभान में ही सिमट गयी," वादा रहा!" चंद्रभान ने कहा....

"तो मैं भी वादा करती हून चंद्रभान!.. हमारी अगली मुलाक़ात में आप को मेरे बारे में सब कुछ पता चल जाएगा!"

दुर्गावती उस दिन चंद्रभान के घर से निकली तो वो राजकुमारी नही रही थी.. रानी बन चुकी थी.. अपने हो चुके चंद्रभान के सपनों की रानी! पहले प्यार के स्वर्णिम और स्वप्निल अहसास के बाद वा स्वयं को सातवें आसमान से भी उपर महसूस कर रही थी... उसके खिले खिले चेहरे की रंगत और मुस्कान आज देखते ही बन रही थी...

रंभा ने जब उसको देखा तो आश्चर्य से पूछा...," आज क्या मिल गया राजकुमारी जी?"

"सब कुछ मिल गया! ..... चलो जल्दी....!" दुर्गावती के कदम ज़मीन पर नही पड़ रहे थे.........

" महाराज!..... मैं, महिपाल, महाराज देवद्रत के द्वारा आपके लिए भेजे हुए इस अतिविशिष्ट संदेश को आप सबके सम्मुख उच्चारित करने के लिए आपके द्वारा आज्ञा दिए जाने का पात्र हूँ....!"

पड़ोसी राज्य से आए दूत ने महाराज से संदेश पढ़ने की अनुमति माँगी... राजकुमारी दुर्गावती के अलावा महारानी भी उनके साथ ही उपस्थित थी!

संदेश पढ़ने की आज्ञा देने से पहले ही महाराज के माथे पर चिंता की हल्की हल्की लकीरें दिखाई देने लगी," कहो दूत! क्या संदेश भेजा है हमारे मित्र देवद्रत ने!"

"महाराज, उन्होने संदेश भेजा है कि..," बोलते हुए दूत ने संदेश पत्रिका को खोल लिया और उसमें से पढ़ कर बोलने लगा

" आपने हमारे सुपुत्रा राजकुमार अरुणसेन के ; आपकी सुपुत्री ; सुकुमारी दुर्गावती के साथ ; विवाह-संबंध जोड़ने के हमारे मित्रवत प्रस्ताव को ठुकराकर; और ; राजकुमारी दुर्गावती के विवाह हेतु स्वयंवर की शर्त पर आड़े रखकर; दोनो राज्यों के बीच वर्षों से चली आ रही मैत्री का ; एक पल में ही ; बड़ी क्रूरता से गला घोंटने जैसा काम किया है.

हम चाहते हैं कि आप इस संबंध में तुरंत विचार करके हमारे दूत के हाथों ही आपका अंतिम फ़ैसला ; शीघ्र अतिशीघ्र हम तक पहुँचा दें. अन्यथा, आज के बाद से आपके राज्य पर हमला करके ; आपके राज्य और सुकुमारी राजकुमारी को बलपूर्वक हथिया लेने के हमारे सभी विकल्प सुरक्षित रहेंगे!"

संदेश पढ़ने के बाद दूत ने संदेशपत्रिका को बंद किया और आदर सहित झुक कर खड़ा हो गया...

महाराज के साथ ही राजकुमारी दुर्गावती और साथ बैठी महारानी भी तिलमिला उठी.. महारानी के चेहरे पर गुस्से के साथ साथ भय भी अलग ही पढ़ा जा सकता था.. दोनो महाराज के जवाब का इंतजार करती हुई उनकी और देखने लगी.....

कुछ देर चुप रहने के बाद महाराज ने बोलना शुरू किया," दूत! जाकर उनसे कह देना कि मित्रता का खून हमने नही, ऐसा नापाक संदेश भेज कर उन्होने किया है.. क्षत्रीय धर्म में स्वयंवर कोई नयी परंपरा नही रही है.. फिर भी हमने दोस्ती की खातिर राजकुमारी से उनकी राइ ली. राजकुमारी के स्पष्ट मना करने के पश्चात हमारे पास सिवाय इस प्रस्ताव को ठुकराने के कोई और रास्ता नही बचा है..

हम राजकुमारी की इच्छा के अनुसार स्वयंवर आयोजित करवाने को बाध्य हैं.. और अब तो सिर्फ़ स्वयंवर ही होगा. अगर उनकी भुजाओं में सच्चे क्षत्रिय का खून है तो कुमार अरुणसेन स्वयंवर में आयें, और अपना दम दिखायें!

उनको कहना कि हमारे देश के सैनिकों में ही नही; बच्चे बच्चे में 'चंद्रभान' बनने का जुनून सिर चढ़ कर बोल रहा है; जो अब हमारी सेना का नेतृतव करता है.. उनके द्वारा की गयी

हम'ले जैसी कोई भी जुर्रत ना-काबिल-ए-बर्दस्त होगी. "

महाराज की बात सुनकर दूत ने अदब से सिर झुकाया और निकल गया....

"महाराज! आप मान क्यू नही लेते.. हमारा उनके साथ क्या मुक़ाबला हो सकता है.. !सेना और संसाधनों में वो हमसे मीलों आगे हैं.. अगर उन्होने हमला कर दिया तो हम क्या करेंगे?" महारानी सहमी हुई थी...

"महारानी! क्षत्रिय कभी दुश्मन को कमजोर या ताकतवर आँकने के बाद मुक़ाबले का मंन नही बनाते! यहाँ जंग आन, बान और शान के लिए लड़ी जाती है.. उसमें अगर अपना सिर भी कलम हो जाए.. तो भी परवाह नही!" महाराज एक एक शब्द को गुस्से में चबा चबा कर बोल रहे थे...," उनके संदेश की भाषा से साफ है कि उन्होने राजकुमारी का हाथ नही, हमारी इज़्ज़त माँगी है... अब चाहे कुछ हो जाए.. राजकुमारी का स्वयंवर होकर रहेगा.....!"

महाराज मारे गुस्से के काँप से रहे थे.... महारानी उठकर चली गयी..

पर दुर्गावती अब भी वहीं बैठी थी... उसको अब एक और चिंता सता रही थी.. ...कहीं महाराज ने चंद्रभान को उससे वादा करने से पहले ही स्वयंवर में भाग ना लेने का वादा तो नही ले लिया!...राजकुमारी को तो पता भी नही था कि कब महाराज ने स्वयंवर का फ़ैसला ले लिया......," पिता श्री! आपने हमारे स्वयंवर का फ़ैसला कब ले लिया?"

"अभी हमने फ़ैसला नही लिया था राजकुमारी.. सिर्फ़ उस कम्बख़्त का प्रस्ताव ठुकराते हुए तुम्हारी राइ से सहमत होने की सूचना ही दी थी.. पर अब तो हर हाल में स्वयंवर होगा... वो भी जल्द से जल्द! हम कल ही सब राज्यों में सूचना प्रेषित करवा देते हैं.." महाराज बेटी का चेहरा देख कर कुछ शांत हुए....

"पर... क्या आपने.... चंद्रभान से बात कर ली है.. इस बारे में..?" दुर्गावती ने संकुचित सी होते हुए बात कही......

महाराज निसचिंत से होकर बोले..,"चंद्रभान की चिंता करने की ज़रूरत नही है राजकुमारी... उसको तो बस कहने भर की देर है.. हमें विश्वास है कि वो हमारे आग्रह को कभी नही टालेगा!"

"पर तब भी...." दुर्गावती को सुनकर गहरा संतोष हुआ," पिता श्री! हम चाहते हैं की आप एक बार उनसे बात कर लें.. जल्द से जल्द! और हम चाहेंगे कि उस वक़्त हम भी वहीं उपस्थित रहें...."

"जैसी तुम्हारी इच्छा राजकुमारी! हम कल ही उसको अपने पास बुलवा लेते हैं.. आप भी हमारे साथ रहना! हमें यकीन है की कल आप चंद्रभान के एक और रूप के बारे में जान जाएँगी!" महाराज के चेहरे पर चंद्रभान को याद करने मात्र से ही रौनक़ आ गयी....

# ३९

चंद्रभान ने दनदनाते हुए सेनापति की वेशभूषा में राजमहल में प्रवेश किया.. मुख्य द्वार पर खड़े दोनो द्वारपालों ने अदब से अपना सिर झुका लिया...

"महाराज कहाँ हैं?" चंद्रभान ने अंदर पहुँच कर वहाँ खड़े एक और संतरी से पूछा...

"महाराज अपने विश्राम गृह में आपकी की राह देख रहे हैं सेनापति जी!" संतरी ने अदब से उत्तर दिया," मुझसे कहा गया है कि मैं आपको वहाँ तक छोड़ दूँ! ... आइए!"

संतरी ने कहा और विश्राम गृह की और बढ़ने लगा.. चंद्रभान ने उसका अनुसरण किया...

"महाराज! आपकी आज्ञा के अनुसार मैं सेनापति जी को यहाँ तक ले आया हूँ.. अब आपसे उनको अंदर भेजने की आज्ञा चाहता हूँ..." संतरी ने चंद्रभान से पहले विश्राम गृह के अंदर जाकर महाराज से अनुमति माँगी...

राजकुमारी दुर्गावती उनके साथ ही बैठी थी.. वो अपने चंद्रभान को सेनापति के वस्त्रों में देखने को लालायित थी.. पर आने वाले पलों के बारे में विचार कर उनका दिल जोरों से धड़कने लगा था...

"हम्म.." महाराज ने प्रसन्नचित भाव से कहा," उन्हे आदर सहित अंदर भेज दो!"

"जो आज्ञा महाराज!" संतरी ने कहा और अपना सिर झुका कर पलटा और बाहर निकल गया....

सेनापति चंद्रभान ने विश्राम गृह में प्रवेश करते ही पहले महाराज को तथा फिर राजकुमारी को प्रणाम किया.. किंतु हैरत की बात थी कि उनके चेहरे पर आश्चर्य का कोई भाव उत्तपन्न नही हुआ था.. माथे पर एक शिकन तक नही आई.. शायद उन्होने राजकुमारी के चेहरे पर गौर नही किया था...

उधर राजकुमारी दुर्गावती चंद्रभान को इस रूप में देख कर मंत्र मुग्ध सी हो गयी.. चंद्रभान के सुंदर, सुडौल और गठीले बदन पर स्वर्ण वस्त्रों की आभा देखते ही बन रही थी.. रूप, गुण और अलौकिक तेज के प्रभाव से उसकी छवि किसी देश के राजा से किसी भी सूरत में कमतर नही थी. उसके चेहरे की चमक प्रखर सुर्य के तेज के समान ही प्रतीत हो रही थी... उसकी छवि को चार चाँद लगाने वाली उसकी भावभीनी मंद मुस्कान अब भी उसके साथ थी....

"अपना स्थान ग्रहन करें सेनापति जी!" महाराज ने चंद्रभान को आदर सहित उनके सामने बैठने का आग्रह किया....

"जो आज्ञा महाराज!!" चंद्रभान ने समुचित आदर से अपना सिर झुकाया और महाराज के सामने सिंहासन पर विराजमान हो गया," महाराज, अचानक मुझे यहाँ आमंत्रित करने का कोई विशेष कारण?" चंद्रभान ने महाराज से नज़रें मिलाते हुए पूछा....

"जी, सेनापति जी! कारण अतिविशिष्ट है.. इसीलिए हमने आपको अचानक याद किया!" महाराज ने उत्तर दिया...

"कहिए महाराज!" चंद्रभान ने राजकुमारी की ओर अब तक भी गौर नही किया था...

"दरअसल हम राजकुमारी दुर्गावती के विवाह हेतु शीघ्रता से एक स्वयंवर आयोजित करने का मंन बना रहे हैं....!" महाराज ने बात की भूमिका बाँधी..

"तो इसमें अड़चन क्या है महाराज? आप जब चाहें, स्वयंवर की तैयारी शुरू करवा सकते हैं.. इस पवित्र कार्य में अगर मैं किसी प्रकार की सहायता कर सकूँ; यह मेरा सौभाग्य होगा!" चंद्रभान ने सहजता से कहा...

"हम्म.. हम आपके उच्च आदर्शों एवं प्रखर व्यक्तिताव के कायल हैं सेनापति जी! आप निश्चित रूप से हमारे राज्य का एक अनमोल रत्न हैं.. आपको सेनापति के रूप में पाकर राज्य गौरवान्वित ही नही; अपितु कृतज्ञ भी है. "

"परंतु...." महाराज ने अपने वचन को किंचित विराम देते हुए आगे कहा," तलवारबाज़ी प्रतियोगिता में आपने जिस प्रकार से एक एक करके सभी राजकुमारों का मान मर्दन किया; वो आज तक भी आपके बल कौशल को याद करके सिहर उठते होंगे.. हमें आशंका है कि स्वयंवर में वो राजकुमार भाग लेने से पहले ही आपकी उपस्थिति को भाँप कर मैदान ना छोड़ दें.." महाराज ने बात पूरी करके एक लंबी साँस ली....

"मैं.. समझा नही महाराज! स्वयंवर में मेरी उपस्थिति किस प्रकार से उनके भाग लेने में बाधक हो सकती है?" चंद्रभान ने कहा और फिर स्वयं ही अपने प्रशन का उत्तर देने की कोशिश की," ओह्ह.. कहीं आप ये सोचकर तो परेशान नही हैं कि मैं स्वयंवर....."

महाराज ने चंद्रभान की बात पूरी होने से पहले ही बोलना शुरू कर दिया," हा...हा! आप सही समझ रहे हैं सेनापति जी! हमारी दुविधा का मूल कारण यही है.. हम चाहते हैं की आप स्वयंवर से पहले ही सार्वजनिक उद्-घोषणा कर दें कि आप स्वयंवर में भाग नही ले रहे हैं...!"

चंद्रभान के होंटो पर मुस्कान को और लंबी होते देख राजकुमारी दुर्गावती की हृदय गति बढ़ गयी.. अब तक उनको भी विश्वास हो चुका था कि चंद्रभान ने अभी उन्हे राजकुमारी के रूप में पहचाना नही है... उनको आशंका थी कि कहीं चंद्रभान बिना उनको पहचाने ही महाराज को स्वयंवर से अलग होने का वादा ना कर दें.. चिंतित राजकुमारी महाराज की अनुमति लिए बगैर वार्ता में हस्तक्षेप ना करने का नियम भूल कर सीधी वार्ता में कूद पड़ी," हमने सुना है कि आप अपना वादा हर परिस्थिति में निभाते हैं.....चंद्रभान!"

जानी पहचानी सी आवाज़ और राजकुमारी के मुख से इस तरह अपना नाम सुनकर चंद्रभान की नज़रें क्षण भर के लिए राजकुमारी से जा टकराई.. राजकुमारी को अपनी साँसों पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था.. चंद्रभान पर तो मानो अचानक वज्रपात सा हो गया.. उसकी हालत तो देखते ही बनती थी.. अपने चेहरे पर घोर आश्चर्य के भाव लिए चंद्रभान उसी क्षण सिंहासन से उठ खड़ा हुआ. सब कुछ भूल कर वो एकटक आँखें चौड़ी किए राजकुमारी को देखता ही रह गया....

"ये अचानक आपको क्या हुआ सेनापति? सब कुशल तो है? आप यूँ अचानक खड़े क्यू हो गये? अपना स्थान गृहन करें!" चंद्रभान की हालत देख महाराज के मंन में उथल पुथल सी मच गयी....

" क्षमा करना महाराज! पर मुझे अपना वादा निभाने के लिए स्वयंवर में भाग लेना ही होगा!" चंद्रभान ने सिर झुका कर कहा..

राजकुमारी को क्षणिक शांति का रसास्वादन करने का मौका मिल गया... पर ये शांति की अनुभूति क्षणिक ही थी.....

"ये आप क्या कह रहे हैं सेनापति!" महाराज का कंठ अगले ही पल तनिक अवरुद्ध सा हो गया.. विचलित होकर उन्होने अपनी बात आगे बढ़ाई....," मैं आपका तात्पर्य समझा नही... कौनसा वादा?"

"क्षमा करें महाराज! पर मैने कदापि स्वपन में भी नही सोचा था कि जिनको मैं अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार कर चुका हूँ; और इस जनम में हर परिस्थिति में उनको उनका हाथ थामे रहने का वादा कर रहा हूँ.... वो... इस राज्य की राजकुमारी दुर्गावती हैं!" चंद्रभान के शब्दों में हल्की सी आत्मग्लानि स्पष्ट झलक रही थी.. फिर भी उसका कहा गया एक एक शब्द पत्थर की लकीर लग रहा था....

अब बारी महाराज के सिंहासन छोड़ कर खड़े होने की थी.. चंद्रभान की बात सुनकर जितना और जो उनकी समझ में आया, वो ही उन्हे उनकी रूह तक हिला गया," ये क्या मज़ाक है सेनापति! हम ऐसा कोई नीच प्रयोजन बर्दास्त नही करेंगे! "

चंद्रभान के चेहरे के भाव अडिग थे," ये सब अंजाने में हुआ है महाराज! पर हो चुका है... मैं राजकुमारी से और राजकुमारी मुझसे प्रेम करती हैं!"

"हां.. पिता श्री! हम चंद्रभान के बिना नही रह सकते! चंद्रभान ही हमारे सपनों के राजकुमार हैं.. अब वो ही हमारे आरद्ध्य हैं पिता श्री!" दुर्गावती ने तड़प कर महाराज को अपनी सहमति और चंद्रभान के प्रति अगाध प्रेम से अवगत करवाया!

"बकवास बंद करो राजकुमारी! हमारी नाक के नीचे ये सब होता रहा; और हमें भनक तक ना लगी!" महाराज दुर्गावती को दुतकार कर चंद्रभान से मुखर हुए," तुमने हमारी कृपा और अनुशंसा का अनुचित लाभ उठाया है चंद्रभान! तुमने हमारे विश्वास का कत्ल किया है.. हम अभी तुम्हे सेनापति पद से विमुक्त करने का आदेश देते हैं...!" महाराज गुस्से में आगबबूला होकर काँप रहे थे...

"जो आज्ञा महाराज!" चंद्रभान के चेहरे पर उनके आदेश से तनिक भी प्रभाव ना पड़ा... वो अपना मुकुट उतार कर आगे बढ़ा और उसको महाराज के चरणों में रख दिया," मैं स्पष्ट करना चाहता हूँ महाराज! आज यहाँ आने से पहले मुझे दुर्गावती के राजकुमारी होने के बारे में किंचित भी ज्ञान नही था...."

"अगर ऐसा है तो इसे अंजाने में हुई ग़लती मान कर सब कुछ भूल जाओ! हम तुम्हारे प्रशंसक हैं.. तुम्हे माफ़ करके सेनापति पद से विमुक्त करने का अपना निर्णय वापस ले लेंगे!!" महाराज का लहज़ा कुछ नरम पड़ा.. पर राजकुमारी की साँसें रुकने को थी..

चंद्रभान के चेहरा चट्टान की तरह सख़्त था," प्रेम अंजाने मैं नही होता, महाराज! हां; अंजाने में मैने सिर्फ़ राजकुमारी से प्रेम संबंध बनाने की भूल की है... पर प्रेम हर स्थिति में शाश्वत है.. जैसे नभ में सूर्य से पृथ्वी का प्रकाशित रहना! मैने इनको अर्धांगिनी के रूप में स्वेच्छा से स्वीकार किया है.. और.. इनको जीवन भर साथ रखने का वादा किया है.. मैं अपने वादे पर अडिग हूँ.. जब तक ये चाहेंगी.. मेरी ही रहेंगी.. पर हां! अगर स्वयंवर इनकी इच्छा से हो रहा है तो होने दीजिए! मैं स्वयंवर के मध्यम से इनका दिल पन: जीतने की यथासंभव कोशिश करूँगा..!"

"चंद्रभानववववववववव!" महाराज की गर्जना सुन बाहर खड़े द्वारपाल अचानक अंदर की और लपके.. चौकन्ने चंद्रभान का हाथ तुरंत अपनी तलवार की मूठ पर कस गया... दुर्गावती पागल सी होकर चंद्रभान से आलिंगंबद्ध होने को उसकी और लपकी.. पर महाराज ने सख्ती से उसका हाथ पकड़ लिया.. और द्वारपालों को हाथ से इशारा करके बाहर जाने का आदेश दिया....

"पिता श्री! चंद्रभान हमारी जान हैं.. राजकुमारी होने का गौरव और ये राजमहल, ये वैभव; सब चंद्रभान के चरणों की धूल के सामने तुच्छ हैं... हम उनके बिना जिंदा नही रह सकते.. हमें अपनी जान के पास जाने दीजिए, पिता श्री!" बोलते हुए राजकुमारी का पूरा बदन बेचैनी और विवशता से काँप रहा था.. वो भरपूर कोशिश कर रही थी, अपने आपको छुड़ाने की.. पर सफल ना हुई....

महाराज इससे पहले कुछ बोलते, एक दूत ने द्रुत गति से विश्राम गृह में प्रवेश किया," महाराज! अनहोनी हो गयी..." दूत अंदर आते ही बिना सलाम किए हड़बड़ाहट में बोला....

महाराज के तेवर कुछ और गड़बड़ा गये..," आज का दिन अपने आप में ही एक अनहोनी है.. कहो! क्या बात है..?" महाराज अभी तक दुर्गावती का हाथ पकड़े खड़े थे....

दूत ने तुरंत कहना शुरू कर दिया," महाराज; देवव्रत ने आमेर के राजा के साथ मिलकर हम पर हमला करने को सेनायें भेज दी हैं.. हमारे पूर्व सेनापति भी उनसे जा मिले हैं.. उन्होने संदेश भेजा है कि अब भी अगर आप प्रलय से बचना चाहते हैं तो राजकुमारी दुर्गावती को उनके सुपुर्द कर दें......राज्य पर गंभीर संकट आ गया है महाराज!"

"क्या?" महाराज का शरीर खबर सुनकर ही शिथिल हो गया.. उनके हाथ की पकड़ दुर्गावती के हाथ से तुरंत ढीली हो गयी.. उनके मुख से एक शब्द भी ना निकला...

दुर्गावती ने तो जैसे कुछ सुना ही नही.. जैसे ही वो महाराज की पकड़ से मुक्त हुई.. चंद्रभान से आलिंगंबद्ध होने को दौड़ पड़ी, और जाकर 'अपने' चंद्रभान से लिपट गयी," मुझे यहाँ से ले चलो चंद्रभान! मुझे यहाँ से ले चलो! मैं यहाँ अब और नही रह सकती.. मैं तुम्हारे बिना एक पल भी नही रह सकती हूँ.. हम किसी दूसरे राज्य में रह लेंगे... अपना वादा अभी पूरा करो चंद्रभान.. मुझे ले चलो!" दुर्गावती की आँखों से आँसू रुकने का नाम नही ले रहे थे...

"मुझे कायर बनने पर मजबूर मत करो दुर्गावती! हमारे राज्य पर संकट है.. मुझे महाराज के अंतिम आदेश की प्रतीक्षा करने दो! निसचिंत रहो! मेरे जीते जी कोई तुम्हे मुझसे दूर नही कर सकता!"

दुर्गावती चंद्रभान से पहले की भाँति ही लिपटी रही; अपना सिर उपर उठा उसने महाराज के सामने ही चंद्रभान के गालों को चूम लिया... पर चंद्रभान स्थिर खड़ा महाराज की और देखता रहा...

महाराज की आँखें लज्जा से झुक गयी.. अब कोई सेना को संगठित करके युद्ध में उतरने को बचा था तो वो था सिर्फ़ चंद्रभान! पूर्व सेनापति तो गद्दार निकला!

"क्या आदेश है महाराज?" चंद्रभान ने स्पष्ट शब्दों में महाराज की मंशा पूछि....

महाराज की आँखों में नमी सी दिखने लगी," जीतना असंभव है सेनापति! पर हम कायरों की तरह भाग कर नही.. लड़ कर मरना चाहते हैं....!"

"आप आज्ञा दीजिए महाराज! मेरे जीते जी कोई राजमहल की तरफ आँख उठा कर नही देख सकता.. जो देखेगा.. आपकी क्षत्रिय सेना उसकी आँखें निकाल लेगी...!" चंद्रभान की गर्जना राजमहल में गूँज उठी....

" तो जाओ सेनापति! जाकर सेना की कमान सांभलो.. हम कुछ ही क्षण में तैयार होकर आते हैं... राज्य को तुम जैसे वीर पर हमेशा नाज़ रहेगा!" महाराज ने भाव विह्ल्ल होते हुए कहा....

"जो आज्ञा महाराज!" चंद्रभान ने कहकर अब तक उससे लिपटी खड़ी दुर्गावती की आँखों में झाँका," मुझे जाने दो दुर्गावती.. देश की आन मुझे पुकार रही है.. मैं लौट कर आऊंगा.. वादा करता हूँ...!"

रो रो कर पागल सी हो चुकी दुर्गावती, चंद्रभान के वादे पर विश्वास करके पिछे हट गयी.. चंद्रभान ने एक और आख़िरी बार उसके चेहरे को प्यार से निहारा और आज्ञा लेकर निकल गया......

# ४०

द्वारपाल भागता हुआ बदहवास सा राजमहल में आया और महारानी के समक्ष सिर झुका कर खड़ा हो गया,"महारानी! सेनापति चंद्रभान महाराज के साथ राजमहल पधारे हैं.. महाराज होश में नही हैं.. सेनापति भी उनके साथ अंदर आने की अनुमति चाहते हैं.. आपने आदेश दिया था कि उन्हे महल में प्रवेश ना करने दिया जाए.. हम दुविधा में हैं.. महाराज की वस्तुस्थिति वही आपको बता सकते हैं.. हमें आदेश दीजिए...."

"जल्दी लेकर आओ उन्हे अंदर...!" महारानी महाराज के बेहोश होने की खबर सुनकर इतनी बौखला गयीं कि उन्हे चंद्रभान के अंदर आने से पहले दुर्गावती को वहाँ से दूर भेज देने की बात सूझी ही नही...

कुछ ही क्षण पश्चात चंद्रभान महाराज को साथ लिए महारानी के सामने उपस्थित हुआ ... चंद्रभान के शरीर पर कई जगह ज़ख़्मों के निशान थे और शरीर पसीने से तर बतर था.. उसकी पीठ का घाव तो बहुत ही गहरा था और जान-लेवा प्रतीत हो रहा था... उनकी कमर से खून रिस रहा था.. पर महारानी ने उसके घावों को तवज्जो नही दी...

"क्क्या हुआ इन्हे?" महारानी ने हड़बड़ा कर पूछा... और शैया पर लेटे हुए महाराज की छाती पर आँसू बहाने लगी...

चंद्रभान की आवाज़ में जल्दबाज़ी झलक रही थी, पर तनिक भी घबराहट और हड़बड़ाहट का समावेश उसमें नही था....

"महारानी जी! घबरईए मत.. ये घायल हो गये हैं और खून बह जाने के कारण शायद बेहोश हो गये प्रतीत हो रहे हैं.. पर चिंता करने जैसी कोई बात नही है... मुझे वापस जाना पड़ेगा.. आप जल्द से जल्द वैद्य जी को बुलवाइए..."

चंद्रभान की आवाज़ सुनते ही उत्साहित होकर राजकुमारी दौड़ी दौड़ी उनके सामने आई.. पर चंद्रभान का ज़ख़्मों से भरा शरीर और उसकी हालत देख कर उसकी चीख निकल गयी," क्या हो गया चंद्रभान! ये क्या हो गया आपको?"

रोते बिलखते हुए राजकुमारी चंद्रभान से लिपट गयी.... उनकी और देख रही महारानी खून का घूँट पीकर रह गयी.. उन्होने तुरंत वैद्य जी को बुलाने का आदेश दे दिया...

"अपने आपको सांभलो दुर्गावती! कुछ नही हुआ है मुझे.. ये तो बहुत ही मामूली जखम हैं.. रणक्षेत्र तक वापस जाते जाते भर जाएँगे.. आप फिकर ना करें..." चंद्रभान ने दुर्गावती को दिलासा देते हुए कहा...

"क्या? अब आप वापस जा रहे हैं.. नही.. हम आपको इस हालत में जाने नही दूँगी.. अपनी हालत तो देखिए ज़रा..." राजकुमारी कहने के बाद चंद्रभान के सीने पर दिल के पास बने जख्म को देख कर फुट फुट कर रोने लगी....

"मेरा विश्वास कीजिए दुर्गावती! मुझे कुछ नही हुआ है.. आप पर बुरी नज़र डालने वाले अरुण सेन का सिर मैने उसके धड़ से अलग कर दिया है... अब बस एक आख़िरी लड़ाई बची है.. मुझे जाने दीजिए...." चंद्रभान ने बड़े प्यार से नाज़ुक सी राजकुमारी को अपने शरीर से अलग करते हुए कहा....

"आपको कुछ हो गया तो हम जिंदा नही रह पाएँगे.. वादा कीजिए आप जल्द से जल्द वापस आएँगे.." दुर्गावती चंद्रभान को कारून निगाहों से देख रही थी....

राजमहल से प्रस्थान के लिए मूड चुका चंद्रभान पलट कर राजकुमारी के पास आया.. कुछ देर तक इस तरह राजकुमारी को देखता रहा मानो अंतिम बार उस चाँद से चेहरे को अपनी आँखों में बसा लेना चाहता हो.. फिर उसकी और देखते हुए मुस्कुराया और अपने गले में पहना हुआ अष्टधातु यंत्र (लॉकेट) निकाल कर राजकुमारी को पहना दिया.. राजकुमारी चंद्रभान के चेहरे की और देखते हुए अवीराल आँसू बहाती रही...

" आपको मुझसे अब कोई अलग नही कर सकता दुर्गावती.. इस यंत्र में मेरे जीवन भर के सत्कर्मों का योग निहित है .. मैने आज अपना सब कुछ दाँव पर लगा कर भगवान से तुम्हे माँग लिया है.. जनम जनम के लिए..." चंद्रभान ने राजकुमारी का मस्तक चूमा और पलट गया..

राजकुमारी पुकारती रह गयी," वादा तो करके जाओ चंद्रभान!"

## ४१

अगले दिन रंभा राजकुमारी के पास आई.. उसका चेहरा इस प्रकार पीला पड़ा हुआ था मानो उस चेहरे से मुस्कुराहट हमेशा हमेशा के लिए गायब हो गयी हो.....

"तुम ऐसे क्या देख रही हो रंभा.. बता ना क्या खबर लेकर आई है हमारे चंद्रभान की..!" राजकुमारी विचलित होकर बोली...

रंभा कुछ नही बोली.. बस उसकी आँखों से दो आँसू लुढ़क कर दुर्गावती की हथेली पर जा गिरे...

"हमें डराना चाहती है ना.. चंद्रभान आने ही वाला है ना.. देख... देख.. तू जल्दी से बोल दे.. वरना मैं... हम महाराज से तेरी शिकायत करेंगे... हम... चंद्रभान को भी बता देंगे......"

"रंभा...! तू बोलती क्यू नही.. क्या हो गया है तुझे....?" दुर्गावती अचानक चिल्ला उठी....

"अब... अब बोलने को रह ही क्या गया है राजकुमारी... महाराज... नही रहे.. राजकुमार नही रहे... कुमार का पता नही चल रहा....महारानी ने ..... आत्मदाह कर लिया... " रंभा के आँसू थमने का नाम नही ले रहे थे.... वह बीच बीच में सिसकियाँ सी लेकर बोल रही थी,"चंद्रभान...."

"नही.. नही... चंद्रभान के बारे में हम तेरी कोई बकवास नही सुनेंगे... चंद्रभान को कोई नही हरा सकता... चंद्रभान को हमसे कोई नही छीन सकता.. चंद्रभान सिर्फ़ हमारा है... पिता श्री नही रहे तो क्या हुआ? अब चंद्रभान ही इस राज्य के राजा हैं... आने दो चंद्रभान को.. हम तेरी शिकायत उनसे करेंगे... " बोलते बोलते राजकुमारी तक गयी और कुछ रुक कर फिर बोलने लगी..,

" बता दे ना सखी.. तू हमें तडपा क्यू रही है.. कल ही तो तू हमारे चंद्रभान के कारनामों के बारे में सुना रही थी.. तू बता रही थी ना.. चंद्रभान युद्ध भूमि में इस तरह छाया हुआ था, मानो.. मानो सारी दुश्मन सेना को अकेले ही स्वाहा कर देगा.. तू ही बता रही थी ना कि कैसे दुश्मन देश का राजा उनके सामने आने से कतरा रहा था... और चंद्रभान के सामने आते ही भाग खड़ा हुआ था.... तूने ही तो बताया था की दुष्ट अरुण सेन का सिर किस तरह

हमारे चंद्रभान के एक ही वार में काई गज दूर जाकर गिरा था.... चंद्रभान तो अपराजय है ना सखी... तू ही तो कल बता रही थी... उनका कोई कैसे सामना कर सकता है.. उनको कोई कैसे मार.....
नहियीईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईई"

"नहियीईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईई"

बेडरूम से आई इस तेज चीख से प्रतिक और धीरज अचानक उछल कर खड़े हो गये... प्रतिक घबराकर सीधा बेडरूम की और भागा.. धीरज भी उसके पिछे पिछे था....

बेडरूम में तनवी की चीख सुनकर उठ बैठी निहारिका उसको बैठने की कोशिश कर रही थी.. पर तनवी अब तक नींद में ही लग रही थी...और अब भी वह कुछ बड़बड़ा रही थी... तनवी का चेहरा पसीने और आँसुओं से तर था..

जैसे ही तनवी ने आँखें खोल कर सामने खड़े प्रतिक को देखा.. वह तेज़ी से उठी और भाग कर प्रतिक से लिपट गयी," चंद्रभान!"

सब हैरान परेशान.. आख़िर अचानक तनवी को ये हुआ क्या?

तनवी काफ़ी देर तक प्रतिक से लिपटी खड़ी रही.. प्रतिक भोंचक्का सा सीधा खड़ा रहकर कभी निहारिका और कभी धीरज को देखने लगा.. किसी की समझ में कुछ नही आ रहा था..

अचानक जैसे अभी अभी हक़ीकत की दुनिया में वापस आई तनवी खुद को प्रतिक से इस तरह सख्ती से लिपटा हुआ पाकर हैरान रह गयी....वह कुछ देर शरमाई हुई यूँही खड़ी रही.. फिर धीरे धीरे प्रतिक के गले से अपनी बाँहें निकाली और सिर झुकाए भाग कर कंबल में घुस गयी...

प्रतिक और धीरज की नज़रें एक दूसरे से मिली और दोनो मुस्कुरा दिए...

निहारिका ने उसके चेहरे से कंबल उठाकर अंदर झाँका," क्या हो गया था तुम्हे अक्षरा?"

"सॉरी, सपना था!" तनवी ने कहा और निहारिका कि और मुस्कुराकर देखते हुए शर्माकर कंबल वापस छीन लिया.....

"चल आजा.. वो दोनो चाई पर हमारा इंतजार कर रहे हैं.." सुबह निहारिका तनवी को बेडरूम से बाहर निकालने की कोशिश कर रही थी...

"नही... मुझे नही चलना बाहर.. यहीं मंगवा ले चाय..!" तनवी का चेहरा प्रतिक के सामने जाने के नाम से ही गुलाबी पड़ गया....

"चल ना आ! अब ऐसे नखरे मत दिखा... चल खड़ी हो...!" निहारिका ने उसको बाँह से पकड़ कर खींच लिया...

"नखरे दिखा रही हूँ मैं?.." तनवी ने गुस्से से कहा और फिर शर्मा सी गयी," मुझे शर्म आ रही है.. जाने क्या सोच रहा होगा वो.. मेरे बारे में.."

निहारिका तनवी को खींचते हुए बाहर ले ही आई.. नज़रें झुकाए तनवी प्रतिक के सामने जाकर बैठ गयी.. और चाइ का कप उठा लिया....

"अक्षरा.. बता ना.. ऐसा क्या सपना आया था रात को?" निहारिका ने चाइ की चुस्की लेते हुए पूछा.. प्रतिक और धीरज चुप चाप बैठे थे... प्रतिक रह रह कर तिरछी निगाहों से तनवी को देख लेता था...

तनवी ने रात की बात का जिकर करने पर घूर कर निहारिका को देखा.. और फिर नज़रें झुका ली...

निहारिका ने अगली बार और भी ज़ोर देकर पूछा,"अरे.. बता ना यार.. हम सब जानने को बेकरार हैं.. कहीं तुझे प्रतिक की तरह ही तो कोई सपना नही आया था... तेरे सपने में चंद्रभान आया था क्या?"

"पता नही.. अब तो मुझे कुछ याद भी नही है... पर हां.. कोई सपना ज़रूर आया था मुझे..." तनवी ने आख़िरकार प्रतिक के सामने ज़ुबान खोल ही दी...

"पर आपने हम सब के सामने प्रतिक को चंद्रभान कहा था.. हम सबको अच्छी तरह याद है.." धीरज ने संजीदगी से कहा....

"कब?" तनवी ने याद करते हुए पूछा...

"तब, जब आप भाग कर इससे लिपट गयी थी... मुझे तो 'रोमांटिक लव स्टोरी' याद आ गयी थी उसी वक़्त.. मैं तो बस रोने ही वाला था..." धीरज ने अपने चेहरे पर हाथ रख कर अपनी हँसी छिपाने की कोशिश की पर छिपा ना सका.. कुछ देर बाद ही उसके मुँह से ज़ोर का ठहाका गूँज उठा....,"हा हा हा हा हा"

अचानक तनवी के चेहरे पर शर्म की लाली झलकने लगी.. धीरज की बात पर नाराज़ होने का दिखावा करते हुए उसने उठकर भागने की कोशिश की.. पर निहारिका ने उसका हाथ पकड़ कर वापस बैठा लिया.. प्रतिक ने प्यार से धीरज के सर पर हल्का सा झापड़ मारा," सुबह सुबह उठते ही शुरू हो जाता है... वक़्त तो देख लिया कर..."

"ऐसे क्यू कर रही है अक्षरा..? कुछ तो बता.. कुछ तो याद होगा तुझे सपने के बारे में...!" निहारिका ने प्यार से पूछा....

"मुझे तो बस इतना ही याद है कि सपने में कोई राजकुमारी पागल सी होकर रो रही थी.." तनवी को जो याद आया.. उसने बता दिया....

"और.. चंद्रभान नही था दुर्गावती के साथ?" प्रतिक ने उत्सुक होकर पूछा...

"नही.. हां.. याद आया.. राजकुमारी का नाम शायद दुर्गावती ही था.. वो एक दूसरी लड़की से बार बार चंद्रभान के बारे में ही पूछ रही थी... और बुरी तरह रो रही थी..." तनवी ने आगे याद करते हुए बताया....

"क्या अब भी आपको प्रतिक की कहानी पर विश्वास नही है... ? क्या अब भी आप वापस जाने की ज़िद पर अडी रहेंगी...? आपको ऐसा सपना आना.. फिर प्रतिक को देखते ही नींद में उठकर इसकी ओर भागना... इसको चंद्रभान कहना... मैं भी तो इसके साथ ही खड़ा था.. आपने मुझे चंद्रभान क्यू नही कहा...? मुझे तो उस वक़्त को याद करके लगता है कि उस वक़्त खुद आप 'दुर्गावती' की तरह व्यवहार कर रही थी.. आप रो भी रही थी और

प्रतिक को चंद्रभान समझ कर इसकी ओर भागी भी थी... अब विश्वास ना करने को बचा ही क्या है?" धीरज अब एक दम संजीदगी से अपनी बात कह रहा था....

"एक मिनिट फोन देना...!" तनवी ने प्रतिक से फोन लिया और अपने पापा के पास मिला लिया...

"पापा, मैं अक्षरा!" तनवी ने कहा...

पापा शायद ऑफीस के लिए निकल चुके थे.. ," हां.. बोल बेटी!"

"आप.. अब तक मुझसे नाराज़ हैं क्या?" तनवी ने रूखी आवाज़ सुनकर कहा....

"अरी बेटी.. छोड़ अब उन बातों को.. वापस कब आ रही हो... २ हफ्ते बाद निहारिका की शादी भी है.. तैयारियाँ भी तो करनी होंगी उसको...." पापा ने कहा....

"हां, पापा! हम आ जाएँगे.. आपसे एक बात पूछनी है..." तनवी ने कहा..

"हां.. पूछ!"

"वो.. आपने मेरा नाम बदलने के पिछे कारण बताया था ना...?" तनवी की बात को पापा ने बीच में ही काट दिया...

"अब ये क्या उठा लिया सुबह सुबह...?"

"नही पापा.. बस एक बात पूछनी है... वो आप कह रह थे मैं स्कूल में कोई नाम चिल्ला कर बेहोश हो गयी थी.. नाम याद है आपको?" तनवी ने डरते हुए पूछा....

"अब... नाम कहाँ से याद होगा... १५ साल हो गये उन बातों को...!" पापा ने कहा...

"वो.. मैं यही पूछ रही थी.. कहीं मैने.... 'चंद्रभान' तो नही कहा था..?" तनवी ने रुक रुक कर कहा...

"चंद्रभान... अरे हां.. यही तो बताया था मुझे तुम्हारे प्रिन्सिपल ने... हां.. तुम 'चंद्रभान' कहकर ही बेहोश हुई थी... पर तुम्हे कैसे याद है?" पापा ने चौंक कर गाड़ी को ब्रेक लगा दिए....

"याद नही है पापा.. आज फिर मुझे अजीब सा सपना आया था रात को.. और आज फिर मैं यही नाम चिल्ला रही थी...." तनवी आश्चर्य से प्रतिक की आँखों में देखने लगी....

"ओह माइ गॉड!" उस तांत्रिक ने सही कहा था.. पुराने नाम को हमेशा के लिए भूल जाने को.. तुमने फिर 'वो' नाम उखाड़ लिया बेटी.. क्यू किया तुमने ऐसा..? बार बार उस नाम के बारे में सोचने पर ही तुम्हे ऐसा सपना आया होगा.. मुझे चिंता हो रही है बेटी.. तुम घर आ जाओ जल्दी से!" पापा की आवाज़ से निराशा झलक रही थी...

"नही पापा.. ऐसी कोई बात नही.. मैं बिल्कुल ठीक हूँ.. मैं शाम को फोन करती हूँ...." तनवी ने कहा और पापा ने 'ओ.के' कहने पर फोन काट दिया.....

# ४२

"कोई परेशानी तो नही हुई ना बेटी?" प्रतिक के पिता जी सुबह आते ही सीधे तनवी और निहारिका से मुखातिब हुए...

"जी नही पा..पा जी!" तनवी ने सकुचाते हुए कहा....

"तू मुझे कुछ परेशान सी लग रही है.. क्यू चिंता करती है? मैं हूँ ना.. सब सेट कर दूँगा.." पापा ने प्यार से तनवी के सिर पर हाथ फेरा," ला.. मुझे अपने पापा का नंबर. दे.."

तनवी पापा की बात सुनते ही हड़बड़ा गयी," ज्जई.. पर.. क्यू?"

"अरे.. ऐसे क्यू घबरा रही है.. मैने कहा ना.. प्यार करने वाले कभी डरते नही.. तू प्रतिक से प्यार करती है ना?"

बेचारी तनवी उनके असीमित स्नेह के आगे अपने आपको बँधी हुई सी महसूस कर रही थी.. वो कुछ बोल ही नही पाई.. इस पर प्रतिक ने हस्तक्षेप कर दिया... ," पापा.. वो..."

"ओये.. तू कुछ मत बोल ओये.. ये बाप बेटी की आपस की बात है.. बता ना बेटी.. प्यार करती है ना मेरे प्रतिक से..." पापा ने प्रतिक को बीच में बोलने पर डाँट सा दिया...

तनवी से कोई जवाब देते नही बन रहा था.. उसने अपना सिर झुका लिया...

"मैं समझ गया.. ला अब जल्दी से पापा का नंबर. दे..." पापा जी ने प्यार से तनवी को कहा..

मरती क्या ना करती.. तनवी की कुछ समझ में ही नही आ रहा था कि करे तो क्या करे... उसने इसी उहापोह में नंबर. बता दिया...

"ये हुई ना बात.. नाम क्या है उनका?"

"जी.. श्री राजेश चौधरी..." अब नाम छिपाने से क्या होता.. तनवी ने वो भी बता दिया....

" गुड.. अब देखना मैं क्या जादू करता हूँ.. सब चुप रहना.." पापा ने खास तौर पर प्रतिक की ओर घूर कर चुप रहने का इशारा किया.. और तनवी के नंबर. बताते हुए उन्होने जो नंबर. अपने मोबाइल स्क्रीन पर नोट किया था.. उसको डाइयल कर दिया...

"हेलो.." उधर से तनवी के पापा की आवाज़ आई...

"हां.. रंजीते.. की हाल चाल हैं बादशाहो!" प्रतिक के पापा ने इस तरह से कहा.. मानो वो उन्हे बरसों से जानते हों..

"कौन बोल रहा है? सॉरी... मैने पहचाना नही यार...!" उधर से आई आवाज़ में हैरानी थी....

"अजी.. दुनिया इतनी छोटी भी नही है कि हर कोई एक दूसरे को पहचान जाए.. ये क्या कम बड़ी बात है कि मैं आपको जानता हूँ..!" प्रतिक के पिताजी ने हंसते हुए कहा...

"ठीक है भाई साहब.. बट सीरियस; मैने आपको पहचाना नही.. बताओ तो सही आप हैं कौन...?" उधर से उसी लहजे में पूछा गया....

"भाई साहब, आइ एम मिस्टर बत्रा फ्रॉम प्रतिक एस्टेट.. दरअसल मैने भी आपको अभी अभी जाना है..." प्रतिक के पिता जी संजीदा होते हुए बोले...

"भाई साहब.. इस वक़्त थोड़ा सा परेशान हूँ.. मैं आपसे बाद में बात करूँ?" तनवी के पिता जी की आवाज़ में हल्की सी झुंझलाहट थी...

"कोई गल नयी जी... अब तो बातें होती ही रहेंगी..." प्रतिक के पिता जी ने प्रतिक की और आँख दबाई और एक पल मुस्कुरकर फिर सीरीयस हो गये," मैने तो बस इसीलिए फोन किया था कि आप बिल्कुल भी चिंता ना करें... आपकी बेटी मेरे लिए प्रतिक से बढ़कर है...!"

"व्हाट? हू आर यू?.. मेरी बेटी कहाँ हैं?" तनवी के पापा चौंकते हुए कुर्सी से खड़े हो गये," कौन प्रतिक?"

"ओह्ह.. तो आप को कुछ नही पता क्या? मुझे लगा मेरा बेटा पहले वहीं मोहब्बत के बागी झंडे गाड़ कर आया होगा... खैर.. कोई बात नही.. मैं उनसे पूरी डीटेल लेकर फिर फोन करता हूँ...." कह कर प्रतिक के पिता जी ने तपाक से फोन काट दिया...." ये क्या है यार..? पूरी बात तो बता देते पहले.."

आप सुनेंगे तभी तो.. हमें बोलने ही कब दिया आपने.. यहाँ आने के बाद!" प्रतिक बुरा सा मुँह बनाकर बोला.. तनवी तो जैसे रोने ही वाली थी....

उधर हैरान परेशान तनवी के पिता जी ने तुरंत करनवीर के पास फोन मिलाया...

"प्रणाम अंकल जी!"

"प्रणाम बेटा.." कहाँ..? .. थाने में ही हो क्या?" पापा ने हिचकते हुए पूछा...

"नही अंकल जी.. मैं तो लंबी छुट्टी पर आ गया हूँ.. कोई काम है क्या?"

"नही.. कुछ खास नही.. थाने का नंबर. देना एक बार..." पिता जी ने कहा....

"कुछ परेशानी है क्या अंकल जी...?" करनवीर ने पूछा...

"नही बेटा.. बस यूँही छोटा सा काम है... तुम मुझे थाने का नंबर. दे दो..." पापा को उसको फिर से तनवी के बारे में ऐसी बात करना अच्छा नही लगा...

"लिख लो अंकल जी.. थाने में नये इनस्पेक्टर आए हैं.. मिस्टर रहतोगी.. थोड़े से मूडी टाइप के हैं.. मैं उनको फोन कर दूँगा.. आप भी मेरा जिकर कर देना...." करनवीर ने नंबर. नोट करवाया और बाइ करके फोन काट दिया.....

"हम्म्म... तो ये बात है... तुम लोग इन बेचारियों को बहला फुसला कर ले आए हो!" पापा ने घूर कर प्रतिक और धीरज की ओर देखा....

"नही पापा.. बहला फुसला कर कहाँ...आप तो ऐसे ही... आप पूछ लो इनसे..!" प्रतिक ने मरा सा मुँह बनाकर कहा...

"तू चुप कर अब.. मुझे मेरी बच्चियों से पूछ लेने दे.. हां बेटी.. तुम बोलो.. सच क्या है?" पापा ने तनवी की और देखते हुए प्यार से पूछा....

प्रतिक की शकल देख कर तनवी की इस सिचुयेशन में भी हँसी छूट गयी.. बेचारे पर कितना गंभीर आरोप लगा दिया पापा ने..," नही पापा वो... मैं ही इनको... मतलब हम दोनो अपनी मर्ज़ी से इनके साथ आए थे...!" कहकर तनवी ने नज़रें झुका ली....

"मतलब तुम चाहती हो.. इस लल्लू से शादी करना?" पापा ने प्यार से ही पूछा..

तनवी ने सिर झुकाए हुए ही अपने हाथों की अंगुलियों को बाँध लिया.. वो कुछ बोल नही पाई...

"बोलो बेटा.. तुम चिंता मत करो.. अगर तुम नही चाहती तो मैं तुम्हारे पापा से अपने बेटे की करतूत के लिए माफी माँग कर अभी तुम्हे वापस छोड़ने चल पड़ूँगा...

"हां.. मतलब.. नही.. इसमें इनकी कोई ग़लती नही है.. पापा.. पर मैं कुछ फ़ैसला नही कर पा रही हूँ.. पर मुझे 'ये' पिछले जनम की बातें सच लग रही हैं.." तनवी समझ नही पा रही थी कि क्या कहे और क्या नही.. वह अपने आपको बड़ी ही असमंजस में महसूस कर रही थी.....

"छोड़ो ना बेटी, पिछले जनम की बातों को.. सबसे पहले तो वर्तमान के बारे में सोचो.. आख़िर तुम्हे तो ये जीवन गुजारना है ना.. सबसे पहले तो ये सोचो की इस जनम में ये तुम्हारे लायक है या नही..." पापा अचानक गंभीर हो गये....

"ज्जई.. वही मैं सोच रही हूँ.. पर फ़ैसला नही कर पा रही हूँ.. मैं खुद को थोड़ा वक़्त देना चाहती हूँ.. !" तनवी ने हड़बड़कर कहा...

"कोई और पसंद है तुम्हे?" पापा ने पूछा...

तनवी ने तुरंत उनकी आँखों में आँखें डाल ली.. कम से कम इस बात का जवाब तो उसने पूरे आत्मविश्वास से दिया," नही पापा.. मैने तो आज तक कभी इस बारे में सोचा तक नही.. शायद ये मेरे पास ना आते तो मैं कभी शादी करती ही नही...!"

"हम्म.. मतलब ये तुम्हे थोड़ा बहुत तो पसंद है ही.." पापा ने मुस्कुराते हुए उसको देखा....

तनवी के मंन में उसी पल अपनी एक अलग सी छवि कौंध गयी.. उसने तुरंत प्रतिक की आँखों में झाँका.. जाने अंजाने में ही उसको प्रतिक की आँखों में दुर्गावती का चंद्रभान दिखाई दिया... वो ज़्यादा देर तक प्रतिक से नज़रें ना मिला पाई.. पर इन्न दो पलों के लिए ही आँखें चार होने ने पापा को उनकी बात का जवाब मिल गया...

"देखो बेटी.. तुम दिल और दिमाग़ दोनो खोल कर फ़ैसला करो.. इसकी बातों में मत आना.. ये तो बचपन से ऐसा ही है.. खोया खोया सा.. हमेशा मुझे इसकी आँखों में देख कर महसूस होता था.. जैसे इसका कुछ खो गया है.. और उसको ही हर वक़्त, हर जगह.. ढूंढता रहता था... "

पर ये क्या ढूँढ रहा है.. इसने कभी किसी को बताया ही नही... शायद इसको खुद ही मालूम नही था... पर कल... पहली बार.. इसको देख कर मुझे लगा कि.. इसको अपनी मंज़िल मिल गयी है.. अगर सपनों की बात पर भरोसा करें तो अब तो यही लगता है कि तुम ही इसकी जिंदगी से कभी अचानक गायब हो गयी होगी.. तुम्हे ही ढूंड रहा होगा ये..."

बोलते हुए पापा की आँखों से आँसू छलक उठे..," पर तुम इसकी परवाह मत करना बेटी.. पहले अपने बारे में सोचना.. तभी शायद ये भी पूरी तरह से खुश रह पाएगा.. दूसरों को दुखी देखना भी इसके बस की बात नही है.. और तुम्हे तो ये कभी देख ही नही पाएगा.. ऐसा लगता है..."

पापा बोलते ही जा रहे थे कि अचानक उनके फोन पर आई कॉल से उनका ध्यान बँट गया... उन्होने नंबर. पहचान लिया.. कॉल तनवी के पापा की थी....

"हांजी राजेश चौधरी जी!"

"देखिए.. मुझे आप एक समझदार आदमी लग रहे हैं.. इसीलिए मैने पहले आपको फोन करने की सोची.. वरना मैं तो पोलीस रिपोर्ट करवाने जा रहा था.. आप बताइए ये क्या तमाशा हो रहा है...?" तनवी के पापा की गुस्से से भारी आवाज़ आई...

प्रतिक के पापा उठ कर अपने कॅबिन में आ गये," देखिएचौधरी साहब! यहाँ कोई तमाशा नही हो रहा.. बच्चे अपनी जिंदगी का सबसे महत्वपूर्ण फ़ैसला लेना चाह रहे हैं.. और उन्हे पूरा अधिकार भी है इस बात का... हम और आप बीच में पड़ने वाले कौन होते हैं भला?"

"वॉट रब्बिश? मैं अक्षरा का पापा हूँ.. और आप पूछ रहे हैं की मैं कौन होता हूँ बीच में पड़ने वाला....!" तनवी के पापा का लहज़ा और गरम हो गया..

प्रतिक के पापा ने हलके से मज़ाक के साथ माहौल को ठंडा रखने की कोशिश की.. वो हंसते हुए बोले," देखिए साहब.. मैं भी प्रतिक का पापा हूँ.. और.. मेरे पास सर्टिफिकेट भी है इस बात का.. हा हा हा!"

पर इस मज़ाक से तनवी की पिताजी के कलेजे को कोई ठंडक नही पहूंची,"आप बातों को मज़ाक में ना उड़ायें..! मेरी बेटी को आप इस तरह कैसे अपने साथ रख सकते हैं?.. इट'स.. इट'स जस्ट लाइक किडनॅपिंग.. यू नो?"

"किडनॅपिंग? शांत हो जाइए सर.. आपको दरअसल पूरी बात का पता नही है.. मेरा प्रतिक और आपकी तनवी एक दूसरे से प्यार करते हैं.. एक दूसरे से शादी करने की सोच रहे हैं वो.. दोनों बालिग हैं.. इसमें किडनॅपिंग कहाँ से बीच में आ गयी?" प्रतिक के पापा ने संयमित भाव से कहा....

"मेरी बेटी और प्यार? आर यू जोकिंग और वॉट मिस्टर बत्रा? वो कभी इस तरह की बातें सोचती तक नही.. मुझे अपनी बेटी के बारे में पूरा पता है...!" तनवी के पिता जी बोले....

"सिंग साहब! यही वो लम्हे होते हैं जब हम अपने बच्चों के उपर अपनी सोच थोप कर उन्हें अपने आप से दूर कर लेते हैं... ये हम तय नही कर सकते कि उन्हे कब और किस तरह जीना चाहिए.. खास तौर से तब.. जब वो अपनी जिंदगी का सबसे अहम फ़ैसला ले रहे हों.. ये प्यार हैचौधरी साहब! कोई मज़ाक नही... अगर हमने यहाँ उनके दिल की बात नही सुनी तो ना सिर्फ़ हम ही उन्हे खो देंगे... बल्कि वो भी.. वो खुद भी सारी उमर कुछ ढूंढते से रहेंगे.. जो कभी उन्हे दोबारा नही मिल सकता... आप समझ रहे हैं ना?" प्रतिक के पापा बात करते हुए जाने किस अतीत में खोते चले गये...

"मैं समझ रहा हूँ यार... पर!" जाने कौन सी बात तनवी के पापा के दिल में चुभि कि उनका लहज़ा एक दम नरम पड़ गया....

"पर क्या यार?.. ठंडे दिमाग़ से सोच कर देखो.. यहाँ तनवी भी मेरी बेटी की तरह ही है.. बल्कि उससेbभी बढ़ कर... आप बस मिलने का टाइम बताइए.. मैं आता हूँ आपके पास!" प्रतिक के पापा ने बात को निष्कर्ष तक ले जाने की कोशिश की....

"यार मैं अपनी बेटी को अच्छे से जानता हूँ.. उसके लिए प्यार मोहब्बत का कोई मतलब ही नही है.... वो तो.. निहायत ही शरीफ और भोली है...!" तनवी के पापा के तर्क आख़िरी साँस ले रहे थे....

" हां शरीफ है.. तभी तो मैं उसको अपने घर में लक्ष्मी के रूप में लाना चाहता हूँ.. पर शरीफ लोग क्या प्यार नही करते? एक बात बताऊं चौधरी साहब.. मेरी माता जी आख़िरी दम तक यही सोचती रही थी कि मैं एक दम भोला हूँ.. मुझे इन्न बातों के बारे में कुछ नही पता.. जबकि मेरे तीनों बच्चे पैदा हो चुके थे.. हा हा हा!" प्रतिक के पापा की इस बात पर तनवी के पापा भी खिलखिलाए बिना नही रह सके.. शायद उनकी माता जी भी यही सोचती होंगी

"इट'स ओ.के.चौधरी साहब! मैं आपसे मिलने की सोचता हूँ... पर क्या आप.. अक्षरा से बात करा देंगे एक बार...?" तनवी के पापा ने मुस्कुराते हुए कहा.....

"क्यू नही यार? एक मिनिट.. तनवी बेटी.. ये लो.. पापा से बात करो!" बाहर आकर पापा ने तनवी को फोन दे दिया...

तनवी ने काँपते हाथों से फोन कान से लगाया...," हां.. पा.. वो...!"

"तू खुश है ना बेटी..?" पापा ने प्यार से सिर्फ़ इतना ही पूछा....

"हाँ.. वो.. सॉरी पापा.. मैं...!" तनवी अब भी घबराई हुई थी....

"सॉरी को मार गोली यार.. तू आराम से वहीं रह.. तेरे ससुर जी एकदम मस्त आदमी हैं.. चिंता मत कर.. मैं आ रहा हूँ.. एक दो दिन में.. और कुछ बात हो तो बोल..?"

"थँक यू पापा!" तनवी के इन्न तीन शब्दों ने ही उसके पापा की आँखों को आँसुओं से तर कर दिया....

"आइ लव यू बेटा! चिंता मत कर.. मैं तेरे साथ हूँ!"

# ४३

"तू सोच क्या रही है अक्षरा? कम से कम मुझे तो खुल कर बता दे..." परेशान सी निहारिका ने अकेले होते ही तनवी से पूछा...

".....ए निहारिका! मुझे अक्षरा मत बोल!" तनवी ने थोड़ी देर रुक कर कहा....

"हे भगवान! और तुझे मैं क्या बोलूं? अब ये नाम भी चेंज करेगी क्या?" निहारिका ने अपने माथे पर हाथ मार कर कहा....

"हां.. वापस वही रखूँगी... तनवी!" तनवी ने सहजता से कहा....

"तू मेरा दिमाग़ खराब मत कर यार.. पहले सही सही बता तूने सोचा क्या है.. प्रतिक के बारे में..." निहारिका ने ज़ोर देकर पूछा...

"पता नही..." कहकर तनवी बेडरूम की छत की तरफ देखने लगी...

"पता नही मतलब? तुझे नही पता तो और किसको पता होगा... ये नाम फिर से क्यू बदल रही है तू?" निहारिका की कुछ समझ नही आ रहा था कि तनवी आख़िर सोच क्या रही है.....

"यार..." तनवी ने बीच में एक लंबी साँस ली..," आज सुबह से ही पता नही कैसे कैसे अहसास हो रहे हैं.. रात को मैने जो सपना देखा था.. वो टुकड़ों में रह रह कर इस तरह याद आ रहा है जैसे.. जैसे मेरे साथ कुछ आज कल में ही हुआ हो.. बहुत बुरा.. कभी मेरे मंन में आता है कि जैसे मुझे पता नही क्या मिल गया... अचानक ही लगता है जैसे मेरा कुछ खो गया है.. बहुत प्यारा...."

"रह रह कर मन में जाने कैसी लहरें सी उठ रही हैं.. मैने सपने में.. राजकुमारी का रोना देखा था.. सुबह से लेकर अब तक मुझे कई बार ऐसा सा लगा है जैसे... वो राजकुमारी अब भी मेरे भीतर रो रही है.. किसी को पुकार रही है..."

"कभी लगता है कि चंद्रभान राजकुमारी को वादा करके गया है.. लौट कर आने का... ख़याल आता है जैसे उसने वादा राजकुमारी से नही.. मुझसे किया हो.. बड़ा अजीब सा फील हो रहा है यार..."

"ऐसा लगता है जैसे वो राजकुमारी मैं ही हूँ.. पता नही क्यू? पर मन ही मन जैसे मैं अब भी चंद्रभान को पुकार रही हूँ... कुछ तो बात है निहारिका.. कुछ तो बात है..."

"वो तो मैं भी कह रही हूँ कि कुछ तो है.. पर तूने सोचा क्या है.. ये तो बता दे मेरी अम्मा!" निहारिका ने उसको बोलते हुए टोक दिया...

"मैने सोचा है कि जो होता है होने दूँ... ज़्यादा से ज़्यादा क्या होगा.. सोच सोच कर पागल ही हो जाऊंगी ना.. पर वो भी यूँ बीच भंवर में फँसे रहने से तो बेहतर ही होगा.. मैं जानना चाहती हूँ.. चंद्रभान को किसने मार दिया? मैं जानना चाहती हूँ.. कि राजकुमारी के साथ फिर हुआ क्या? ... एक बात और.. जिस लॉकेट के बारे में प्रतिक ने जिकर किया था कि मेरा 'दिल' उसमें अटका हुआ है.. मुझे ये भी याद आ रहा है कि आख़िरी बार जाते हुए चंद्रभान ने राजकुमारी को एक लॉकेट दिया था.. अगर पूरी बात का पता नही चला तो मैं तो सोच सोच कर ही पागल हो जाऊंगी... पता नही क्या हो रहा है मुझे....?" तनवी बोल कर रुक गयी...

निहारिका पूरी कहानी जानने को बेचैन सी हो गयी," सपने में तूने जो कुछ देखा है.. वो कितना याद आ गया है..?"

"हम्म... राजकुमारी ने चंद्रभान को पहली बार कहाँ देखा.. ये याद आ रहा है.. चंद्रभान की शकल याद आ रही है... राजकुमारी भेष बदल कर चंद्रभान के घर गयी थी.. वहाँ खाना खाया था... फिर... एक मिनिट.. सोचने दे मुझे..." तनवी ने आँखें बंद कर ली....

"कैसा था चंद्रभान.. दिखने में.." निहारिका से रहा ना गया...

"तू अपने करनवीर के बारे में सोच.. मेरे चंद्रभान के बारे में क्यू पूछ रही है..." कहकर तनवी हँसने लगी....

"ओहू.. बड़ी आई राजकुमारी...!" निहारिका तनवी पर व्यंग्य करके खिलखिला कर हंस पड़ी... फिर अचानक सीरीयस होकर बोली..," तू ढंग से सारा सपना याद कर ले.. फिर डीटेल में सुनाना... मैं उनको बुला लाउ ना?"

"हम्म... ठीक है.. १०-१५ मिनिट के बाद बुला लेना... तब तक चुप बैठ जा.. मुझे याद करने दे..." कहकर तनवी आँखें बंद करके लेट गयी....

"बुला लाऊ अब? २० मिनिट हो गये....." निहारिका २० मिनिट तक चुप चाप बैठी रही थी...

"ष्ह्ह्ह्ह्ह्ह....." तनवी ने अपने होंटो पर उंगली रख कर निहारिका को चुप रहने का इशारा किया... उसके हाव भाव से ऐसा लग रहा था जैसे.. उसको सपना याद आ रहा है... या फिर सपने से भी आगे का कुछ....

निहारिका स्तब्ध सी उसके पास बैठी उसको देखती रही... तनवी के चेहरे के भाव पल पल बदलने लगे.. निहारिका चुप चाप उठी और प्रतिक और धीरज को बेडरूम में बुला लाई....

# ४४

"सुनो.. सुनो.. सुनो.. राज्य के सभी निवासियों को सूचित किया जाता है कि महाराज देवद्रत के मैत्री प्रस्ताव को ठुकराने वाले... दोनो राज्यों की जनता को युद्ध की आग में झौंकने वाले... और.. राजकुमार अरुण सेन सहित हज़ारों सैनिकों के कतल के दोषी होने के कारण; मौत की सज़ा को निश्चित जान कर राजा रुद्रयादव आत्महत्या कर चुके हैं. महारानी ने भी आत्मदाह कर लिया है... राजकुमार युद्धभूमि में मारे गये हैं..; आज से इस राज्य की बागडोर यशस्वी महाराज देवद्रत के आशीर्वाद से सेनापति अंशुमन के हाथों में है....कल महाराज देवद्रत उनके राज्याभिषेक के लिए राज्य में पधार रहे हैं.. सुनो सुनो सूनो...."

बदहवास सी भागी भागी राजमहल में आई रंभा को द्वार पालों ने बाहर ही रोक लिया," रूको!!! अंदर जाने की आज्ञा किसी को नही है!"

"परंतु.. परंतु मेरा राजकुमारी से मिलना आती अनिवर्य है... अभी और इसी समय....!" रंभा के चेहरे पर भय स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रहा था...

"राजकुमारी दुर्गावती अब राजा अंशुमन के आदेशानुसार राजमहल में बंदिनी के तौर पर हैं.. और उनके आदेशानुसार उनसे मिलने की इजाज़त किसी को नही दी जा सकती...." द्वारपाल ने दोहराया....

अचानक अंदर टहल रहे पूर्व सेनापति और अब यहाँ के राजा, अंशुमन का ठहाका गूँज उठा...," हा हा हा हा हा! राजकुमारी की सखी! आने दो इसको अंदर.. शायद इसी की बात पर विश्वास करके राजकुमारी हक़ीक़त के धरातल पर वापस आ जायें.. वो अब भी चंद्रभान का इंतजार कर रही है.. हा हा हा.. जाओ.. और जाकर उसको सच्चाई से अवगत करा दो.. बता दो उसको कि चंद्रभान को हमने इस दुनिया से मिटा दिया है.. अब वो अपना पागलपन छोड़ें और महाराज देवद्रत की पत्नी बनने के लिए अपने आपको मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार कर लें... महाराज उसको पलकों पर बिठा कर रखेंगे.. आख़िर वो भिक्षुक योगी उसको दे ही क्या सकता था, जो वो नही दे पाएँगे!"

द्वारपालों ने उसको अंदर जाने दिया... भागती हुई जाकर रंभा अंशुमन से कुछ आगे जाकर रुक गयी," कहाँ हैं राजकुमारी जी?"

"वो अपने शयन कक्ष में ही हैं.. ध्यान रहे.. महल में चप्पे चप्पे पर हमारे गुप्तचर निगाह रखे हुए हैं.. किंचित भी चालाकी करने की कोशिश की तो इनाम सज़ा-ए-मौत होगा!.. जाओ.. जाकर समझा दो उसको.. पागलपन एक हद तक ही सहन किया जा सकता है.. जो जा चुका है.. रह रह कर उसका ढोल पीटने से वो वापस नही आ जाएगा....!" अंशुमन उत्साह में मगन होकर बोल रहा था....

रंभा ने नज़रें झुकाई और फिर शयन कक्ष की और दौड़ पड़ी.. शयन कक्ष के बाहर खड़े पहरेदारों ने एक बार फिर उसका रास्ता रोक लिया....," अंदर जाने की इजाज़त किसी को नही है...!"

"म्म.. मुझे.. सीसी.. राजा अंशुमन ने राजकुमारी के पास जाने की आज्ञा दी है..." रंभा ने जवाब दिया... पहरेदारों ने एक दूसरे की नज़रों में देखा और उसको अंदर जाने दिया.....

"रंभा.... भा...!" बेचैन सी बैठी राजकुमारी ने जैसे ही रंभा को देखा.. उसकी आँखों से अश्रु धारा उमड़ पड़ी," तू कहाँ थी अब तक..? हम कब से तेरा इंतजार कर रहे हैं.. देख ना! हमें हमारे चंद्रभान से दूर रखने के लिए पिता श्री कैसी कैसी चाल चल रहे हैं.. .. मैं जानती हूँ कि चंद्रभान के शौर्या से हम अब तक विजय श्री का दामन चूम चुके होंगे... पर हमें जाने क्या क्या बताया जा रहा है.. पिता श्री और माता श्री हमारे सामने नही आ रहे.. वो अंशुमन कहता है.. कि चंद्रभान.. मेरा चंद्रभान... तू बता ना.. पूरी बात.. हमें बाहर भी निकलने नही दिया जा रहा... बता ना सखी.. मेरा चंद्रभान.. और कितना इंतजार करवाएगा...? और कितना तडपाएगा हमें.. अपने दर्शन देने से पहले...!"

रंभा की नज़रें झुक गयी.. एक लंबी सी आ टीस बनकर उसके सीने से निकली.. राजकुमारी की हालत देख कर वह रो भी नही पाई...," आप यहाँ से निकलो राजकुमारी.. अपने कपड़े मुझे दो!"

"नही.. हमे तेरे मुँह से पूरी बात सुने बगैर चैन नही आएगा.. और चंद्रभान के आए बगैर हम यहाँ से जाने वाले नही हैं... उन्होने हमें इंतजार करने को कहा था... तू पूरी बात बता ना... जितनी खूबसूरती से तू उनकी बहादुरी की व्याख्या करती है.. और कोई नही कर सकता... तू जल्दी से हमें सब सच सच सुना दे.. अगर पिताश्री को पता चल गया कि तू आई है.. तो वो तुझे यहाँ नही रहने देंगे..."

रंभा के चेहरे पर मौत से भी भयावह सन्नाटा पसरा हुआ था," राजकुमारी जी.. युद्ध में चंद्रभान को परास्त करना शायद खुद देवताओं के वश में भी नही होता.. चंद्रभान युद्धभू..."

रंभा को राजकुमारी ने बीच में ही टोक दिया.. उत्साहपूर्ण निगाहों से उसको देखती हुई उसके पास सरक कर वह बोली..," आ सखी.. 'मेरा चंद्रभान' बोल के बता ना! हमें बड़ा प्यारा लगता है जब तू ऐसे बोलती है..."

रंभा की आँखों से आँसू थम ही नही रहे थे.. पर प्रेम पीपसी दुर्गावती इस आँसुओं का अर्थ नही समझ पा रही थी..," हां राजकुमारी जी.. आपका चंद्रभान पूरी रणभूमि में..... ऐसे छाया हुआ था .....जैसे...... सारी दुश्मन सेना को वो 'वीर' अकेला ही स्वाहा कर देगा.. गगन में एक सुर्य के समान अकेला ही 'चंद्रभान' दुश्मन सेना का कलेजा चीरता हुआ आगे बढ़ता जा रहा था.. किसी में उसका सामना करने की हिम्मत नही थी...

मूर्ख अरुण सेन अपनी सेना में मची भगदड़ को देख बिलबिरंभा हुआ चंद्रभान के सामने आ गया," क्यू रे? एक 'खेल' में विजयी क्या हो गया.. तूने तो बड़े बड़े खवाब देखने आरंभ कर दिए... युद्ध में आकर 'अरुण सेन' को ललकारने की जुर्रत तुझ जैसा कोई 'मूर्ख' ही कर सकता है... हमारी सेना को छिन्न भिन्न करके तू ये मत समझना कि तू 'योद्धा' हो गया है.. युद्ध में तो हमारे सामने तू नादान ही है.. 'मूर्ख' समझ कर मैं तुझे यह बता देना चाहता हूँ की मेरी लड़ाई तेरे राज्य के खिलाफ नही है... हमारा लक्ष्या सिर्फ़ राजकुमारी को हासिल करना है... और अगर तू हमारे रास्ते से हटकर अपनी जान बचाना चाहे तो हम तुम्हे अभयदान दे सकते हैं... जा 'चला' जा!"

"आपके चंद्रभान के चेहरे पर आत्मविश्वास से भरी मुस्कान तेर उठी..,"मेरी तरफ से दी गयी ये आख़िरी चेतावनी समझना राजकुमार... मैं भी आपका राज्य जीतने नही.. अपने राज्य की 'आन' जीतने के लिए यहाँ आया हूँ... मेरी तुमसे या युद्ध में हमारे खिलाफ लड़ रहे किसी सैनिक से कोई दुश्मनी नही है.... तुम्हारी सेना भाग रही है.. और तुम देख रहे हो कि हमारी सेना किसी की पीठ पर वार नही कर रही....तुम्हारे पास भी मौका है... तुम अभी भी वापस जा सकते हो.. !"

"अपनी हार सामने जान कर बौखलाया हुआ अरुण सेन चंद्रभान की ओर लपका.. और पलक झपकते ही चंद्रभान की सनसनाती हुई तलवार हवा में द्रुत गति से लहराई .. अभिषेक दिग्भ्रमित सा हो गया.. पगलाया हुआ सा वह अपने आपको बेबस सा जान कर

हवा में यूँही वार पर वार करने लगा.. जैसे ही वा चंद्रभान के नज़दीक आया.. उनकी तलवार लहराई और अरुण सेन का सिर उनके धड़ से दूर जा गिरा...." अरुण सेन

"उसके बाद तो बचे हुए सैनिक भी मैदान छोड़ कर भागने लगे.. और मैदान खाली होने से स्वत ही महाराज देवद्रत का सामना आपके चंद्रभान से हो गया.. महाराज ने एक बार चंद्रभान की 'खून' से सनी तलवार की ओर देखा और फिर चंद्रभान के 'रौद्रा' रूप धारण किए हुए चेहरे को.. अचानक उनकी नज़र नज़दीक ही अरुण सेन के 'सिर' कटे धड़ पर पड़ी और भय से वह काँपने सा लगा... अगले ही पल उसने 'सारथि' को उल्टी दिशा में भागने को बोल दिया... तभी किसी ने चंद्रभान को सूचना दी कि महाराज रुद्रयादव घायल हो गये हैं...

चंद्रभान सब कुछ छोड़ कर तुरंत महाराज के पास पहुँचे ही थे कि पूर्वा सेनापति 'अंशुमन' उनके सामने आकर क्षमा याचना करते हुए अपने प्राणो की भीख माँगने लगा....

"सेनापति चंद्रभान! हमें अच्छी तरह मालूम है कि हमारा गुनाह-ए-गद्दारी किसी सूरत में 'सज़ा-ए-मौत' से कम के लायक नही है.. फिर भी.. मैं आपके चरनो में गिरकर प्राण-रक्षा की भिक्षा माँगता हूँ.. मुझे अभयदान दें.." उसने अपने घोड़े से उतर कर चंद्रभान के चरण पकड़ लिए....

"माफी तुम्हे राज्य से माँगनी चाहिए अंशुमन.. मैं तो महाराज की ओजस्वी सेना का एक साधारण सा सैनिक हूँ.. और अपने राज्य का एक देशभक्त नागरिक.. तुम देश द्रोही हो.. राज्य ही तुम्हारे बारे में फ़ैसला करेगा..." चंद्रभान ने बेहोश पड़े महाराज को उठाने की कोशिश करते हुए कहा...

"तब भी.. मैं यहीं पश्चाताप करना चाहता हूँ सेनापति! मुझे आदेश दीजिए..." कुंवर चंद्रभान के चरणों में नतमस्तक सा हो चला था...

"हम्मम.. आप खुद सेना के सेनापति रहे हैं अंशुमन जी.. आपको आज्ञा लेने की आवश्यकता क्या है? दुश्मन सेना भाग रही है.. मुश्किल से 'वो' अपनी सेना के आधे ही अब बचे हैं.. आप जाकर सेना को संभालिए... मैं महाराज को राजमहल छोड़ कर आता हूँ..." कहकर चंद्रभान जैसे ही महाराज को संभालने के लिए मुड़ा.. कायर और कपटी 'अंशुमन' ने चंद्रभान की पीठ में खंजर भोंक दिया...

"अया...." राजकुमारी ने ऐसी प्रतिक्रिया दी जैसे खंजर चंद्रभान की नही.. उनकी पीठ में भोंका गया हो..," हां.. हमने देखा था उनका घाव... फिर क्या हुआ रंभा?" राजकुमारी असहाया सी होकर तड़प उठी....

"वो मामूली घाव नही था राजकुमारी.. उनके शरीर के आर पार हो गया था.. शायद उनको उसी वक़्त अहसास हो गया था की...." रंभा आगे ना बोल सकी...

"क्क्या.. बकवास कर रही है तू.. क्या अहसास हो गया था उनको.. ? मुझे तुझसे ये उम्मीद नही थी.. तू भी पिता श्री के दिए लालच में आख़िर आ ही गयी.... मैने कभी ना सोचा था कि चंद स्वर्ण मुद्राओं के लालच में तू भी मुझे दिग्भ्रमित करेगी.. मेरे चंद्रभान से मुझे दूर करने के लिए...." राजकुमारी विचलित और क्रोधित होते हुए बोली....

रंभा कुछ नही बोली.. बस उसकी आँखों से दो आँसू लुढ़क कर दुर्गावती की हथेली पर जा गिरे...

"हमें डराना चाहती है ना.. चंद्रभान आने ही वाला है ना.. देख... देख.. तू जल्दी से बोल दे.. वरना हम... हम महाराज से तेरी शिकायत करेंगे... हम... चंद्रभान को भी बता देंगे......"

"रंभा...! तू बोलती क्यू नही.. क्या हो गया है तुझे....?" दुर्गावती अचानक चिल्ला उठी....

"अब... अब बोलने को रह ही क्या गया है राजकुमारी... महाराज... नही रहे.. राजकुमार नही रहे... कुमार दीक्षित का पता नही चल रहा....महारानी ने ..... आत्मदाह कर लिया... " रंभा के आँसू थमने का नाम नही ले रहे थे.... वह बीच बीच में सिसकियाँ सी लेकर बोल रही थी,"चंद्रभान...."

"नही.. नही... चंद्रभान के बारे में हम तेरी कोई बकवास नही सुनेंगे... चंद्रभान को कोई नही हरा सकता... चंद्रभान को हमसे कोई नही छीन सकता.. चंद्रभान सिर्फ़ हमारा है... पिता श्री नही रहे तो क्या हुआ? अब चंद्रभान ही इस राज्य के राजा हैं... आने दो चंद्रभान को.. हम तेरी शिकायत उनसे करेंगे... " बोलते बोलते राजकुमारी थक गयी और कुछ रुक कर फिर बोलने लगी..,

" बता दे ना सखी.. तू हमें तडपा क्यू रही है.. अभी तो तू हमारे चंद्रभान के अद्वितीया शौर्या के बारे में सुना रही थी.. तू बता रही थी ना.. चंद्रभान युद्ध भूमि में इस तरह छाया हुआ था, मानो.. मानो सारी दुश्मन सेना को अकेले ही स्वाहा कर देगा.. तू ही बता रही थी ना कि कैसे दुश्मन देश का राजा उनके सामने आने से कतरा रहा था... और चंद्रभान के सामने आते ही भाग खड़ा हुआ था.... तूने ही तो बताया था कि दुष्ट अभिषेक का सिर किस तरह हमारे चंद्रभान के एक ही वार में कई गज दूर जाकर गिरा था.... चंद्रभान तो अपराजय है ना सखी... तू ही तो कल बता रही थी... उनका कोई कैसे सामना कर सकता है.. उनको कोई कैसे मार.....
नहियीईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईईई"

"संभलो.. अपने आपको.. राजकुमारी! सबसे पहले यहाँ से निकलो आप.. वो दुष्ट देवद्रत अब आपको अपनी रानी बनाने की लालसा लिए हुए है... आप यहाँ से निकलो जल्दी.." रंभा भी उसके साथ ही रो रही थी....

"हमारा विवाह तो हो चुका है रंभा... जनम जनम के लिए.. हमारे चंद्रभान के साथ! सुना है कि इस जीवन के उस पार भी जीवन होता है.. अगर ऐसा सच है तो चंद्रभान वहाँ हमारा इंतज़ार कर रहा होगा... मेरा तो कब से सब कुछ उनका हो चुका है रंभा! अगर वो अब इस दुनिया में नही हैं, तो मेरे प्राण अभी तक मेरे शरीर में कैसे हैं.. नही नही... तू झूठ बोल रही है.. वो अभी यहीं हैं.. ये देख.. उन्होने खुद को 'हमारे' हवाले कर दिया था..." दुर्गावती अपने गले से 'चंद्रभान' का दिया हुआ ताबीज़ निकलते हुए बोली...," ये देख.. ये रहा मेरा चंद्रभान.. चंद्रभान ने भगवान को अपना सब कुछ देकर हमें माँग लिया था... भगवान ऐसा निष्ठुर कैसे हो सकता है रंभा... भगवान हमें अलग अलग कैसे रख सकता है... कह दे की सब कुछ झूठ है.. कह दे ना सखी..." दुर्गावती के आलाप से राजमहल की दीवारें भी मानो भरभरा सी गयी हों.. उसका क्रंदान दूर दूर तक सुनाई पड़ रहा था....

तभी शयन कक्ष में अंशुमन ने तालियाँ बजाते हुए प्रवेश किया," वाह! क्या प्रेम है..? मृत्यु जैसे शाश्वत सत्य को भी स्वीकारने से इनकार कर रहा है प्यार! वाह..! तो 'ये है तुम्हारा चंद्रभान!"

अंशुमन ने पास आकर दुर्गावती के हाथों से ताबीज़ लगभग छीन ही लिया.....

"इसको अपने पापी हाथों से छू मत दरिंदे.. वरना इसके तेज की अग्नि से भस्म होते तुझे देर ना लगेगी... 'मेरा' चंद्रभान मुझे वापस कर.. मेरा चंद्रभान मुझे लौटा दे..." राजकुमारी

उससे ताबीज़ छीन'ने के प्रयास में जैसे ही शैया से उठी.. ज़मीन पर गिर गयी.. जान जैसे बची ही ना थी.. उसके शरीर में.. सिर्फ़ चंद आहें बची थी.. जो रह रह कर अपने 'चंद्रभान' को पुकार रही थी....

"अच्छा? ज़रा देखें 'तुम्हारे' चंद्रभान के 'तेज' की अग्नि को... देखें कितनी उष्मा सहन कर पता है ये....?" अट्टहास सा करता हुआ अंशुमन रसोई गृह की तरफ चल दिया जहाँ कल के सार्वजनिक शाही भोज के लिए एक विशालकाय भट्टी तैयार की गयी थी... दुर्गावती गिरते पड़ते उसके पिछे पिछे जा रही थी....

"ये ले! उष्मा को उष्मा में स्वाहा कर दिया... अब तो ये मुझे भस्म नही करेगा ना.. हा हा हा....." अंशुमन ने ताबीज़ को भट्टी में फैंक दिया...

पर दुर्गावती को तो जैसे उसकी बातों से सरोकार ही नही था.. उसका लक्ष तो सिर्फ़ 'उसका चंद्रभान था.. बाकी तो उसको कुछ दिखाई दे ही नही रहा था.. अब उसको भी चंद्रभान तक जाने का रास्ता मिल गया था... अब उसके कदम ना लड़खड़ाए.. ना डगमगाए.. और वो सीधी भट्टी में प्रवेश कर गयी..... स्वाहा!!!

अचानक ही रसोई गृह धधक कर चीत्कार उठी अग्नि की लपटों से दाहक उठा...

तनवी के पल पल रंग बदल रहे चेहरे पर अब अचानक अजीब सी शांति छा गयी थी.. रसोई गृह में लपटें शांत होने पर उसको भट्टी के बाहर भस्म हो चुकी एक लाश दिखाई दी.. अंशुमन की...!!!

# ४५

कुछ देर यूँही शांत लेटी रहने के बाद तनवी ने आँखें खोल दी.. सामने बैठा प्रतिक कब से उसके आँखें खोलने का इंतजार कर रहा था.. उसके आश्चर्य का ठिकाना ना रहा जब तनवी आँखें खोलने के बाद नम आँखों से उसकी और निरंतर देखती रही.. दर्दनाक सपने से लौट कर आई उसकी गीली आँखों में उतनी पीड़ा नही थी.. जितनी राजकुमारी दुर्गावती के रूप में कुछ देर पहले ही उसने महसूस की थी.. आख़िरकार दुर्गावती का चंद्रभान लौट आया था.. भगवान को उनके अनोखे प्यार की खातिर झुकना ही पड़ा.. और अब इस जनम में उनके मिलन में कोई बाधा शेष नही थी.... शायद!!!

"ऐसे क्या देख रही हो तनवी? हम एक घंटे से तुम्हारे जागने का इंतजार कर रहे हैं.. कुछ याद आया कि नही?" निहारिका ने उसको पकड़ कर हिला दिया...

"मुझे टीले पर जाना है!" तनवी बैठ गयी.. पर अब भी उसकी नज़रें प्रतिक पर ही जमी हुई थी...

"हां.. हां.. चलो! हमने कब मना किया है?" धीरज खुश होकर बोला...

"नही.. हम दोनो अकेले ही जाएँगे.. तुम यहीं रहना प्लीज़!" तनवी ने धीरज की ओर देख कर कहा....

"मैं नही जाऊंगी.. तेरे साथ अकेले टीले पर.. मुझे तो प्रतिक के मुँह से वहाँ की कहानी सुनते हुए ही डर लग रहा था.. हम दोनो लड़कियाँ हैं यार..." निहारिका ने तुनक कर कहा....

"मैं तुझे नही बोल रही निहारिका... मैं और चंद्रभान...स्स्सोररी... प्रतिक वहाँ जाएँगे.... सिर्फ़ हम दोनो!" प्रतिक को चंद्रभान कहने की भूल करने के बाद तनवी झिझक सी गयी और बाकी की बात उसने नज़रें झुका कर पूरी की....

तनवी के 'चंद्रभान' कहते ही वहाँ बैठे तीनों की नज़रें आपस में मिलकर चमक उठी.. खुश होकर निहारिका ने तनवी को अपनी बाहों में भर लिया.. तनवी नज़ाकत से मुस्कुराइ और शर्मकार दूसरी तरफ चेहरा कर लिया....

"मुबारक हो चंद्रभान साहब! आख़िर आपको भाभी जी मिल ही गयी.." धीरज ने प्रतिक को छेड़ते हुए उसका गाल पकड़ कर खींच लिया..

"क्या है यार?" प्रतिक उपरी मंन से गुस्सा दिखता हुआ बोला और फिर हँसने लगा.. दिल को मिले इस बेपनाह सुकून को भला कब तक छिपाता...

"क्या है? अबे लल्लू तेरा ब्याह है.. अब तो.. और क्या रह गया अब..? " धीरज खुश होकर बोला....

तनवी से ज़्यादा देर प्रतिक से नज़रें मिलाए बिना रहा ना गया.. वह फिर से सीधी होकर रह रह कर प्रतिक को देखने लगी...

"लेकिन भाभ.. सॉरी..." धीरज अपनी बात अधूरी छोड़ कर तनवी की प्रतिक्रिया का इंतजार करने लगा.. तनवी ने दो पल उसको घूर कर देखा और फिर खिलखिला कर हंस पड़ी... उसके हंसते ही मानो माहौल में मोती से बिखर गये हों.. सभी धीरज की और देख कर हँसने लगे...

"मतलब.. अब लाइन क्लियर है.. भाभी जी बोल सकता हूँ ना आपको..?" धीरज ने भी कह कर दाँत निकल दिए....

"हम्म.." तनवी ने इतना ही कहा और नज़रों को शरारती अंदाज में सिकोड कर प्रतिक की और देखने लगी," इनसे पूछ लो!"

"ये तो कब का इसी फिराक़ में धक्के खा रहा है भाभी जी.. इससे क्या पूछना.. पर अब टीले पर जाकर करना क्या है..? और आप अकेले क्यू जाओगे.. मैं भी चलूँगा.. मैं नही मानने वाला इस बार!" धीरज ने पहले तनवी को और फिर प्रतिक को देख कर कहा...

"नही.. जाना तो पड़ेगा ही.. प्रतिक के सपने में दुर्गावती ने क्या कहा है.. याद नही क्या?" तनवी ने सवाल किया....

"हां यार.. मेरी बेहन का दिल तो वहीं पर है.. यही बात है ना?" निहारिका ने तनवी से पूछा....

"ओह्ह हां.. पर अकेले क्यू? मैं भी साथ चलूँगा...!" धीरज ने कहा..

"पर पापा को इस बारे में पता नही चलना चाहिए कि हम टीले पर जा रहे हैं... वो हमें वहाँ नही जाने देंगे.. अकेले तो बिल्कुल भी नही.. मैं अपने आप उनको कुछ कह दूँगा.. तुम सब ध्यान रखना.. उनको खबर नही होनी चाहिए..." प्रतिक ने सबको चेतावनी दी....

"ठीक है यार.. देख लेंगे.. पर तनवी तुम पूरी कहानी सूनाओ ना.. मैं कब से सुनने को बेकरार हूँ....!" निहारिका मचल कर बोली...

"हां हां.. भाभी जी.. जो कुछ आपको याद आया है.. सब सूनाओ..!" धीरज ने कहा...

"सब कुछ याआद आ गया है.. बीच में मत बोलना!" तनवी ने कहा और सब शांत हो गये....

तनवी ने उनको चंद्रभान को पहली बार देखने से लेकर कहानी सुनानी शुरू कर दी....

सपने की कहानी पूरी होने के बाद काफ़ी देर तक चारों सन्न होकर बैठे रहे.. किसी की समझ में नही आ रहा था कि कैसी प्रतिक्रिया दें... प्रतिक को तो विश्वास ही नही हो रहा था कि वह कभी 'चंद्रभान' रहा होगा...

"कब चलें टीले पर..?" धीरज तनवी के चुप होने के बाद बोलने वालों में सबसे पहला था...

"तुम नही जा रहे हो! सिर्फ़ हम दोनो जाएँगे वहाँ.." तनवी ने ज़ोर देकर कहा...

"पर मैं क्यू नही भाभी जी? मुझे भी चलना है.. मैं भी देखूँगा कि आपको सब याद आ जाएगा तो आप क्या करोगे?" धीरज ने मचलते हुए कहा तो प्रतिक ने उसकी और घूर कर देखा.. शायद ग़लत मतलब निकल लिया था उसकी बात का...

"पर किसी ना किसी को तो लेकर जाना ही पड़ेगा... वैसे भी वहाँ रात को जाना है.. हमारा अकेले चलना ठीक नही है..." प्रतिक ने धीरज की बात का समर्थन किया...

"हां.. यही तो मैं कह रहा हूँ.." धीरज ने अपनी टाँग फँसाई...

"ओके.. तो फिर चारों चलते हैं... पर तुम दोनो टीले के पास बाहर खड़े हो जाना.. अंदर तो हम अकेले ही जाएँगे...." तनवी ने उनकी बात मान ही ली....

"तो आज ही चलें क्या? " धीरज ने खुश होकर कहा...

"और क्या? चलना है तो आज ही चलो.. फिर हमें वापस भी तो जाना है..." निहारिका ने भी धीरज की बात का समर्थन करते हुए कहा...

"हम्मम.. ठीक है.. मैं पापा को फोन करके गाड़ी मंगवा लेता हूँ.. उनको मैं यही बोलूँगा कि हम दोस्त के पास जा रहे हैं.. !"

# ४६

"क्या हुआ तुम्हे.. डर लग रहा है क्या? अभी तो गाँव में ही है यार.. तू ऐसा करेगा तो हमारा क्या हाल होगा..." धीरज ने प्रतिक की आँखों में आँसू देख कर पूछा...

प्रतिक ने कोई जवाब नही दिया.. वो उस वक़्त गीता के घर के सामने से गुज़रे थे... घर का बंद दरवाजा देख प्रतिक की आँखें नम हो गयी थी... गीता का मासूम चेहरा उसकी आँखों के सामने घूम गया था.. बेचारी!!!

"क्या हुआ?" पीछे बैठी तनवी ने धीरज की बात सुनकर कहा...

"कुछ नही.. वो.." प्रतिक ने रुक कर एक लंबी साँस ली," पीछे वाला घर गीता का था..."

"कौनसा?" तीनो ने एकदम पलट कर पिछे देखने की कोशिश की..," ये.. जो अभी गया है.. अकेला सा घर..!" निहारिका ने पूछा...

"हां!"

"हमें चलना चाहिए था वहाँ..." तनवी ने कहा...

"दिल तो मेरा भी कर रहा है.. पर हिम्मत नही हो रही..!" प्रतिक ने जवाब दिया...

"तुम तो पागल हो यार.. जो भी हुआ.. उसमें हमारी क्या ग़लती है...? फिर उसके बापू से मिलकर आना उसको अच्छा ही लगता..." धीरज ने कहा...

"हां.. हां.. चलो.. एक बार हो आते हैं..!" निहारिका ने कहा....

"अभी तो ग्यारह बजने वाले हैं.. आगे गाड़ी नही जाएगी.. पैदल चलने में घंटा भर लग जाएगा.. १२ बजे तक वहाँ पहुँचना है हमें... आते हुए देख लेंगे...!" प्रतिक ने कहा और गाड़ी चलाता रहा...

"क्या? इस सुनसान रास्ते पर पैदल चलना पड़ेगा? वो भी इतनी रात में..?" निहारिका सिहर सी गयी," मुझे तो तुम वहीं उतार देते.. गीता के घर..!"

"हा हा हा हा.. अब क्या हो गया...?" धीरज ने मज़ाक किया...

"तुम्हे कुछ कहा है मैने? अपना मुँह सीधा रखो..." निहारिका खिज कर बोली....

"कम से कम यहाँ तो मान जाओ! तुम्हारी तो कुत्ते बिल्ली जैसी दोस्ती है..." तनवी ने बीच बचाव करने की कोशिश की....

"हे हे हे... धीरज को कुत्ता बोला..." निहारिका ठहाका लगा कर हँसने लगी....

"नही.. नही.. मैने ये नही बोला.. मेरा ये मतलब नही था..." तनवी हड़बड़ा कर सफाई देने लगी....

"कोई बात नही भाभी जी.. यहाँ सब चरंभा है.. पर इसको बिल्ली की जगह कोई बढ़िया सा नाम देना चाहिए था.... जैसे छिपकली.. हा हा हा!"

"लो.. गाड़ी यहीं खड़ी करनी पड़ेगी.. आगे पैदल ही चलना है... टॉर्च लाया है ना?" प्रतिक ने गाड़ी को साइड में खड़ा करते हुए धीरज से पूछा....

"हां.. लाया हूँ..." धीरज ने कहा और सब गाड़ी से उतर गये....

रास्ता पिछली बार की तरह ही डरावना, बेढंगा और सुनसान था.. पर जाने क्यू प्रतिक को आज डर नही लग रहा था.. शायद वह खुद को आज चंद्रभान के रूप में ही देखना और दिखाना चाह रहा था... या फिर तनवी के साथ होने से उसको मानसिक मजबूती सी मिल रही थी... तनवी भी उसके पीछे पीछे ध्यान से चल रही थी.. तनवी के पीछे निहारिका और सबसे लास्ट में टॉर्च को हाथ में लिए धीरज था...

"इतनी तेज मत चल यार.. मैं पिछे रह जाती हूँ..." निहारिका ने तनवी का कमीज़ पकड़ कर खींच लिया....

"मैं क्या करूँ? यही भागा जा रहा है..." तनवी ने उसके साथ होकर कहा...

"ए भाई.. ज़रा आराम से चल ले... मैं पिछे रह गया तो वापस भाग जाऊंगा.. पहले बता रहा हूँ..." धीरज ने तनवी की बात सुनकर कहा....

"बोलो मत यार.. चुपचाप चलते रहो... हमें १२ बजे से पहले ही पहुँच लेना चाहिए..." प्रतिक ने अपनी चल धीमी नही की....

"बोलो मत बोल रहा है.. यहाँ मेरी जान सूख रही है.. किसी ने पिछे खींच लिया तो.. तुम तो समझोगे मैं वापस भाग गया... मैं गुम हो जाऊ तो मुझे ढूँढ लेना भाई... मुझे लग रहा है कि मेरे पिछे पिछे कोई चल रहा है...!" धीरज ने चलते चलते कहा...

"आईईईईईईईईईई..." निहारिका अचानक चीख कर तनवी से लिपट गयी....

सब अचानक चौंक कर खड़े हो गये," क्या हुआ निहारिका?" तनवी ने उसको संभालते हुए पूछा....

"कुछ नही... ये खंज़्वाह डरा क्यू रहा है मुझे..." निहारिका रुनवासी सी होकर बोली....

"लो.. आगे पिछे मैं ही हूँ तुम्हे कोसने को.. मैने क्या किया है..." धीरज ने पूछा...

"ये... ऐसे क्यू बोल रहा है कि इसके पिछे कोई है.. मेरी तो जान ही निकल गयी थी.." निहारिका ने धीरज के सवाल का जवाब तनवी को दिया... अब की बार उसने तनवी का हाथ नही छोड़ा....

" क्यू नही बोलूं? किसी ने कहा था क्या साथ आने को...? मुझे तो लग रहा है... ऐसे भी लग रहा है जैसे कोई मेरा कॉलर पकड़ कर खींच रहा है... और झाड़ियों में से बड़ी बड़ी आँखें भी चमकती हुई दिखाई दे रही हैं... तू तो गयी आज!" धीरज ने चटखारा लेकर कहा.... निहारिका ने एक बार फिर डर कर तनवी को कसकर पकड़ लिया...

"नही.. मुझे नही चलना आगे.. वापस चलो.. मुझे छोड़ कर आ जाना.." निहारिका सहम सी गयी थी...

"क्यू बकवास कर रहा है यार... अब तो पहुँच ही गये... वो देखो लाइट जल रही है..." प्रतिक ने हाथ से इशारा किया.. तभी अचानक तनवी चक्कर खा कर गिरने को हो गयी...

"क्क्या हुआ.. अक्षरा...? ये.. अक्षरा को क्या हो गया?" उसको अपनी बाहों में संभाल कर निहारिका डर के मारे रोने लगी....

"कुछ नही.. यूँही चक्कर सा आ गया था..." तनवी अपने माथे पर हाथ लगाकर बोली.. और फिर से खड़ी होकर रोशनी की और देखने लगी...," तुम यहीं रुक जाओ.. आगे हम अकेले जाएँगे.."

"नही.. मैं यहाँ नही रहूंगी.. इसके साथ तो बिल्कुल भी नही.. ये तो मुझे डरा डरा कर ही मार देगा....!" निहारिका ने धीरज की और अंधेरे में घूर कर कहा...

"पर ये क्यू नही चल सकते... मुझे तो... चलो ठीक है... धीरज भाई.. क्या कर रहा है यार.. ये कोई मज़ाक का टाइम है?" प्रतिक ने धीरज की ओर देख कर कहा....

"चलो ठीक है.. मैं कुछ नही कहूँगा.. पर अगर यहाँ पिछे से कोई आ गया तो....." धीरज ने कहा....

"देख लो.. देख लो इसको.. मैं इसके पास नही रहूंगी.. इससे अच्छा तो इसको भी ले जाओ अपने साथ.. मैं अकेली ही रह लूँगी....

"प्लीज़ धीरज! मान जाओ ना..." तनवी ने प्यार से कहा तो धीरज ने तुरंत अपनी दूम सीधी कर ली. ठीक है भाभी जी... आप लोग जाओ.. मैं इसकी अपनी जान से भी ज़्यादा हिफ़ाज़त करूँगा...."

तनवी मुस्कुरा दी... और फिर प्रतिक की और देख कर बोली...," चलो!"

धीरज और निहारिका को वहीं छोड़ कर वो दोनो आगे बढ़ गये......

"क्या हुआ? आप चुप क्यू हो?" तनवी ने चलते चलते प्रतिक को टोका...

"आ.. नही.. कुछ नही.. आगे कीचड़ है.. इसीलिए संभाल कर चल रहा हूँ..." प्रतिक ने तनवी के टोकने पर कहा.. ये पहली बार था जब वो दोनो अकेले थे.. और कोई नही था उनके साथ...

"नही आएगा.. आप आराम से चलते रहो!" तनवी ने चहकते हुए कहा...

"तुम्हे नही पता.. पिछली बार हमारी पैंट घुटनो तक कीचड़ में सन गयी थी... एक बात पूछूं...?" प्रतिक ने कहा...

"हम्मम.. कुछ भी पूछो.." तनवी उसी अंदाज में बोली...

"तुम्हे सच में डर नही लग रहा या तुम डर को छिपा रही हो...?" प्रतिक ने सवाल किया...

"नही.. डर नही लग रहा.. हमें डर क्यू लगेगा?" तनवी ने कहा...

" इतनी रात में हम यहाँ सुनसान रास्ते पर चल रहे हैं... तुम वैसे भी लड़की हो.. डर लगना तो लाजिमी है... अरे.. कीचड़ सच में नही मिला.. हम तालाब के पार पहुँच गये.." प्रतिक ने हैरत से कहा और अचानक उसको कुछ ध्यान आया..

वा तुरंत पिछे पलट कर खड़ा हो गया.. उसके रुकते ही तनवी भी एकदम वहीं खड़ी हो गयी...

"क्क्कऔन हो तुम?" प्रतिक उसको ग़ौर से देखता हुआ एक कदम पिछे हट गया...

तनवी मुस्कुराने लगी..," हम तनवी हैं.. और कौन? चलो भी अब!"

"नही.. क्कौनसी वाली तनवी? सच बताओ प्लीज़..." प्रतिक उसके मुँह से दो बार अपने लिए 'हम' शब्द सुन चुका था.. पहले तो तनवी ऐसे नही बोलती थी कभी... और उसने ये भी बता दिया कि कीचड़ नही मिलेगा... उसको अहसास हुआ शायद वो तनवी नही बल्कि 'दुर्गावती' है....

तनवी कुछ देर यूँही खड़ी मुस्कुराती रही फिर अचानक वह आगे बढ़ कर प्रतिक से लिपट गयी," हम आपकी तनवी हैं जान.. चंद्रभान की दुर्गावती... और कौन?"

"नही... मतलब.. तुम.. आइ मीन.. तुम इस जनम वाली तनवी हो या.. दुर्गावती.." प्रतिक तनवी की इस हरकत से एकदम हड़बड़ा सा गया....

तनवी प्रतिक से यूँही लिपटी खड़ी रही.. उसने प्रतिक के सवाल का जवाब कुछ यूँ दिया," आप कैसे समझोगे..सदियों बाद मिले हो आप... कितने तडपे हैं आपके लिए.. कैसे बतायें...? क्या क्या नही किया! कहाँ कहाँ नही ढूँढा आपको! इस दुनिया के भी नियम तोड़े और उस दुनिया के भी... पर देख लो जान.. आख़िरकार हम आपके हो कर ही रहे.. हमने कहा था ना..आपके रहेंगे जनम जनम..! आपके ही रहे... हर जनम.. आपके सिवाय किसी के बारे में सोचा तक नही.. प्यार क्या होता है? मेरे शरीर ने जाना तक नही कभी... हमारा दिल यहीं तड़पता रहा.. आपके लिए.. यहाँ.. इस तन्हा वीराने में.. " बोलते हुए तनवी फफक फफक कर रोने लगी...

प्रतिक का गला भर आया.. उसने झिझकते हुए तनवी को अपनी बाहों में भर लिया...," आइ लव यू जान!" उसने तनवी को कसकर अपनी बाहों में भींच लिया...," ये सब तुम्हारे ही प्यार की वजह से हो पाया... मुझे तो कुछ याद ही नही था.. हां.. सब कहते थे.. तुम खोए खोए से लगते हो.. पर.. मैं.. मुझे कभी अहसास नही था कि मेरा क्या गुम हो रखा है.... हां.. ऐसा लगता था कि कुछ ढूँढ रहा है मंन... आज जाकर मंन शांत हुआ है..."

दोनो ना जाने कितनी देर यूँही खड़े रहे.. खामोश... अब सिर्फ़ उनके दिल धड़क रहे थे.. साँसें बात कर रही थी.... और वक़्त मानो वहीं ठहर सा गया था...

"अब क्या करें? " प्रतिक ने कुछ देर बाद चुप्पी तोड़ी...

"कुछ मत बोलो अभी.. हमें सदियों बाद ऐसा सुकून मिला है.. इस लम्हे को अपनी साँसों में समेट लेने दो..." तनवी प्रतिक से यूँही चिपकी खड़ी रही...

कुछ देर बाद वह नज़रें झुकाए उससे दूर हटकर खड़ी हो गयी.. सिर्फ़ थोड़ी सी दूर...

"वापस चलें क्या?" प्रतिक ने पूछा...

"नही.. वो लॉकेट लाना है.. जो आप मुझे पहना कर गये थे.. इसीलिए तो आपको यहाँ बुलाया था...." तनवी ने जवाब दिया....

"पर.. तुम तो.. मतलब तनवी ने सपने में देखा था कि लॉकेट उस.. अंशुमन ने भट्टी में फैंक दिया था.. वो जला नही क्या?" प्रतिक ने पूछा...

"नही.. वो जल जाता तो हम यहाँ किसके सहारे रहते... वो तो सदियों से यूँही आसमान के सितारे की भाँति दमक रहा है... वो देखो.." तनवी ने रोशनी की ओर इशारा किया...

"क्या? वो.. लॉकेट है? वो तो किसी बल्ब की भाँति चमक रहा है.. और वो जगह तो हमें कभी मिली ही नही.... हमने उस दिन कितना ढूँढा था उसको...!" प्रतिक आश्चर्य से रोशनी की तरफ देखता हुआ बोला.....

"मिल जाएगा आज.. हम आपके साथ हैं ना.. चलो तो सही..." तनवी ने उसकी बाँह पकड़ी और आगे बढ़ गयी.....

उन्ही अंजानी सी गलियों से आगे बढ़ते हुए वो रोशनी की तरफ कुछ कदम आगे बढ़े थे कि प्रतिक को वही बच्चा खुशी से उछलता आता दिखाई दिया...

"दीदी.. मुझे ले चलो ना साथ!" उसने कहा और पास आकर खड़ा हो गया... उसके चेहरे पर वैसी ही मासूमियत थी.. वैसा ही सूनापन....

"ये कुमार था.. हमारा छोटा भाई.. आज इसकी मुक्ति का समय आ गया है... इसका हाथ पकड़ लो.. और दूसरे हाथ से मेरा हाथ थामे रहो..." तनवी ने कहा...

प्रतिक ने अचरज से उसकी और देखते हुए खुश होकर अपना हाथ उसकी और बढ़ा दिया... बच्चा भाग कर आया और प्रतिक से बोला," चलो.. आप भी हमारे साथ रहोगे क्या?"

प्रतिक मुस्कुरा दिया.. उसको अब लेशमात्रा का भी डर नही लग रहा था...," हाथ पकड़ लो मेरा....!"

"पकड़ा हुआ है इसने.." तनवी ने कहा और चलती रही...

पीपल के उस पेड़ तक पहुँचने में आज उनको उतना ही टाइम लगा जितना विपिन को दिन में आने पर उसके पास जाने में लगा था... प्रतिक आश्चर्य से पीपल की एक उँची शाखा पर किसी तारे की तरह चमक रहे लॉकेट को देखने लगा कि अचानक चौंक पड़ा..," वो.. बच्चा कहाँ गया... सॉरी.. तुम्हारा भाई..."

तनवी मुस्कुरकर बोली," चला गया वो.. उसको रास्ता मिल गया.. इस जहाँ से रुखसत होने का.. कितने सालों से भटक रहा था बेचारा... " तनवी आँखों से आँसू पोंछते हुए बोली...," जाओ.. उस लॉकेट को उतार कर ले आओ अब!"

"हम्मम. अभी चढ़ता हूँ..." प्रतिक का उत्साह देखते ही बन रहा था... वह बिना डरे पीपल के पेड़ पर चढ़ा और लॉकेट के पास जाकर उसको निहारने लगा... लॉकेट किसी हीरे की तरह लग रहा था... प्रतिक ने टहनियों में अटकी हुई उसकी डोर सुलझाई और उसको लेकर नीचे आ गया...," ले आया मैं.. अपना लॉकेट... अब इसको पहन लूँ क्या?"

तनवी हँसने लगी," इसको आप हमें भेंट कर चुके हो.. याद नही है क्या..?" तनवी ने कहा और लॉकेट को देखने लगी...

"तो क्या करूँ इसका ?" प्रतिक ने पूछा....

"हमें पहना दो.. और क्या करोगे....?" तनवी मुस्कुराती हुई बोली.. और फिर अचानक अपना हाथ उठा दिया....," हमें ले चलना यहाँ से.. कहीं यहाँ छोड़ कर भाग जाओ...!"

प्रतिक उसकी और देख कर प्यार से मुस्कुराया और किसी वरमाला की तरह उसके गले में लॉकेट पहना दिया.... लॉकेट पहनते ही पहले से ही उसके हाथ पकड़ कर खड़ी तनवी उसकी बाहहों में झूल गयी....

प्रतिक एक पल के लिए तो घबरा ही गया था... अचानक उसको तनवी की कही बात याद आ गयी.. प्रतिक ने उसको बाँहों में उठाया और वापस चल पड़ा....

तनवी को अपने कंधे पर उठाए जैसे ही प्रतिक धीरज और निहारिका को दिखाई दिया.. दोनों भय और आशंका के मारे उछल पड़े...," क्या हो गया?" दोनों के मुँह से एक साथ निकला....

प्रतिक के पास आने पर जब उन्होने उसको मुस्कुराता हुआ देखा तो दोनो की जान में जान आई...

"क्या हो गया भाई, भाभी जी को?" धीरज ने पूछा...

"कुछ नही.. ठीक है.. पर अब तक तो होश आ जाना चाहिए था..." प्रतिक ने कहा..," ज़रा बोलना इसको..."

"तनवी.. तनवी.. आए अक्षरा..." निहारिका ने उसके गालों को थपथपा कर देखा," क्या हो गया इसको?" निहारिका एक बार फिर घबरा गयी....

"कुछ नही.. हो जाएगी ठीक.." प्रतिक ने कहा.. पर अब उसको भी चिंता होने लगी थी," चलो.. जल्दी.. गाड़ी में चल कर देखेंगे..." प्रतिक उसको यूँही अपने कंधों पर डाले रहा.....

गाड़ी तक पहुँचते पहुँचते प्रतिक की साँस फूल गयी थी...," ज़रा अंदर की लाइट ऑन करना.. मैं इसको पिछे लिटाता हूं.." प्रतिक ने धीरज की तरफ चाबियाँ उछाल दी...

लॉक खुलते ही प्रतिक ने दरवाजा खोला और तनवी को अंदर लिटा दिया... चिंता में उसके चेहरे की ओर देखते हुए प्रतिक ने जैसे ही उसके गाल थपथपाए.. तनवी की हँसी छूट गयी और उसने बैठ कर अपना चेहरा छिपा लिया....

उसके हंसते ही सबके चेहरे खिल गये.. निहारिका भी दूसरी तरफ से दरवाजा खोल अंदर आ चुकी थी," तुम ठीक तो हो ना....!"

तनवी की रेशमी लटे प्रतिक से उसका चेहरा छुपाए हुए थी.. उसने शर्मकार निहारिका की तरफ देखा," हां.. ठीक हूँ.. मुझे क्या हुआ है....?"

"तुझे नही पता? तू बेहोश हो गयी थी... प्रतिक तुझे कंधे पर उठाकर यहाँ तक लाया है.. ४-५ किलोमीटर तो होगा ही..." निहारिका ने कहा....

"हां.. पता है..!" तनवी ने जवाब दिया...

"क्या पता है...?" निहारिका ने फिर पूछा....

तनवी उसके कान के पास अपने होठ लेकर गयी," यही कि ये मुझे इतनी दूर से उठाकर लाया है.. मुझे वहीं होश आ गया था.. " तनवी ने कहा और खिलखिला कर हंस पड़ी....

"हैं? पता था तो बोली क्यू नही? हम कितने डरे हुए थे.. तुझे पता है.. और प्रतिक बेचारा कितनी दूर से तुम्हे गोद में लेकर आया है... ये परेशान नही हुआ होगा क्या?" निहारिका ने राज बनाकर कान में कही गयी बात का खुल्लम खुल्ला ढिंढोरा पीट दिया... तनवी ने शर्मकार फिर से अपना मुँह छिपा लिया.. प्रतिक से!

"ले बेटा... अपने बड़े सही कहकर गये हैं.. आदमी शादी के बाद गधा बन जाता है.. हा हा हा.. तू तो पहले ही भाभी जी को ढोने लगा..." धीरज भला मिला हुआ मौका कैसे छोड़ता....

पर प्रतिक तो दूसरी ही दुनिया में खोया हुआ था... गाड़ी चलाते हुए वह सोच रहा था.. 'काश! गाड़ी थोड़ी और आगे खड़ी होती'

"तुम बोली क्यू नही पहले..? निहारिका ने बनावटी गुस्से से कहा और हँसने लगी...

"मुझे शर्म आ रही थी.. नीन्चे उतारने की कहते हुए..." तनवी ने ये बात भी उसके कान में कही....

"अब बताओ! क्या हुआ वहाँ?" धीरज ने पूछा...

"नही.. वो सब बाद में पूछेंगे.... गीता का घर आ गया है.. पहले उनके घर चलो..." निहारिका ने कहा.....

"पर इस वक़्त.. रात के १:३० बजे...?" धीरज ने कहा....

"हां हां.. क्या पता हमें कल ही वापस जाना पड़े.. तनवी के पापा आ रहे हैं ना...!" निहारिका ने कहा....

प्रतिक ने थोड़ी देर सोच कर गाड़ी गीता के घर के बाहर ही खड़ी कर दी... सब नीचे उतरे और दरवाजे पर जाकर खड़े हो गये....

प्रतिक सबसे आगे था.. उसने दरवाजा खटखटाया.. पर कोई जवाब नही मिला....

२ - ४ बार और दरवाजा खटखटने पर अंदर से गीता के पिता जी की आवाज़ आई," आता हूँ भाई.. कौन है?"

प्रतिक के मुँह से आवाज़ निकल ही नही पाई...

"नमस्ते अंकल जी!" जैसे ही छर्ररर की आवाज़ के साथ दरवाजा खुला.. सबने प्रणाम किया...

"कौन?" गीता के पिता जी ने ध्यान से देखा तो वह प्रतिक को पहचान गया," अरे आओ आओ.. बेटा.. आज फिर इतनी रात को...? आओ.. अंदर आ जाओ..."

प्रतिक को कुछ कहते सुनते ही नही बन रहा था.. अब कहे भी तो क्या कहे.. इतनी पुरानी बात को फिर से ताज़ा करके वह गीता के पिता जी के ज़ख़्मों पर नमक छिडकना नही चाहता था....

"ये.. बच्चियाँ कौन हैं..?" उन्होने पूछा और अंदर जाकर कमरे का दरवाजा खटखटा कर बोला," गीता बेटी.. ज़रा उठना एक बार !!!!!!!!!!!!

"गीता!" सबके मुँह से अचानक एकसाथ निकला....

"हां.. मेरी बेटी है.. ये..." अंकल जी ने नाम याद करते हुए कहा," प्रतिक तो जानता है..." अंकल जी ने शायद ध्यान ने दिया कि सबसे पहले आश्चर्य से उसी के मुँह से नाम निकला

था.....

तभी दरवाजा खुला और बला की हसीन गीता अंगड़ाई सी लेते हुए बाहर निकली.. पर २ लड़कों को सामने खड़ा देख शर्मा गयी और अचानक अपने हाथ नीचे कर लिए.. उनमें से एक को वा अच्छी तरह जानती थी......

प्रतिक और धीरज को तो जैसे अपनी आँखों पर विश्वास ही नही हुआ.... ," ययए.. यहाँ... कैसे आई....?"

गीता के साथ ही चौंक कर पिता जी ने भी धीरज को देखा..," सपना देख रहे हो क्या बेटा... रात को ये अपने घर पर नही तो कहाँ होगी... !" तुम अंदर बैठो.. मैं आता हूँ.. बेटा.. कुछ खाना वाना....?"

"जी बापू... अभी बना देती हूँ... " कहकर वो रसोई घर की ओर चल दी... निहारिका और तनवी भी हैरत से कुछ जाने को उत्सुक होकर उसके साथ ही चली गयी....

धीरज से अंदर बैठे ना रहा गया...," एक मिनिट अंकल जी... मैं अभी आता हूँ..." कहकर वो बाहर निकला और लड़कियों की आवाज़ सुनकर रसोई में ही घुस गया....

अब तक खिलखिला रही गीता धीरज को देखते ही एकदम चुप हो गयी... निहारिका और तनवी धीरज की ओर देखने लगी...

"एक मिनिट... तुम्हे छू कर देख लूँ क्या?" धीरज ने मरा सा मुँह बनाकर कह दिया....

गीता ने चौंक कर उसकी ओर देखा... वह उसकी बात का मतलब नही समझ पाई...

पर इतनी देर धीरज को शांति कहाँ होती... उसने उंगली से गीता के हाथ को छुआ और आश्चर्य से बोला..," तुम तो.. बतला....?" कहकर वो चुप हो गया...

"बतला? क्या कह रहा है ये?" गीता ने तनवी की ओर देख कर धीरे से पूछा....

"तुम जाओ.. हम बात कर लेंगे...!" निहारिका ने कहा और धीरज की ओर घूर कर देखा...

धीरज तो उसपर बतला से ही फिदा हो गया था...," तुम्हारी शादी हो चुकी है क्या?" उसने निहारिका की बात पर गौर नही किया....

गीता हंस पड़ी..,"क्या बोल रहे हो? मुझे कुछ नही पता...!"

"नही... मैं भी कुँवारा हूँ.. इसीलिए..." धीरज अपनी बात को पूरी कर भी नही पाया था कि निहारिका ने उसको धक्का देकर रसोई से बाहर निकाल दिया....

"ये मुझे हाथ लगाकर क्यू देख रहा था..?" गीता ने मुस्कुराते हुए पूछा....

"वो तो हमने भी लगाकर देखा था.. तुमने ध्यान नही दिया होगा..." निहारिका ने कहा," बहुत अजीब कहानी है .. तुम्हे विश्वास नही होगा....!"

"क्या? क्या हो गया?" गीता ने पूछा....

निहारिका को जितनी कहानी पता थी.. उसने गीता को सुना डाली... और फिर बोली," ज़रूर वो तुम्हारी कोई हमशकल होगी....."

निहारिका की आँखों से विपिन के साथ बिताई वो रात याद करके भर आई...," हां.. वो कमीना मुझे ज़बरदस्ती बतला ले जा रहा था, यही सब करवाने के लिए... और मजबूरी थी.. मुझे जाना भी था.. पर खुशकिस्मती से जाने कैसे वो मुझे नही ले गया.... उसने जहाँ मुझे बुलाया था.. वहाँ मैं १ घंटा इंतजार करके वापस आ गयी.... वो नही आया... मैं तो ३-४ दिन तक डरी डरी कॉलेज जाती रही.. कि कहीं वो हरामजादा फिर ना आ जाए....!" गीता ने अपने आँसू पौच्छे....

"तो.. तो फिर वो कौन थी...?" तनवी और निहारिका के मुँह आश्चर्य से खुले के खुले रह गये......

# ४७

"अंकल जी!" सुबह प्रतिक ने हिचकते हुए बात शुरू की....

"हां.. बेटा.. बोलो?"

"ववो... आप कह रहे थे मुझे... वो.. कि अगर गीता के लिए कोई अच्छा.. रिश्ता मिले तो बताऊं..." प्रतिक ने धीरज के ज़ोर डालने पर बात कह ही डाली....

"हां.. कोई हो तो ज़रूर बताओ बेटा.. अब तो गीता भी शादी करने को मान गयी है....

"मैं हूँ!" धीरज प्रतिक के सोच कर टुकूर टुकूर बोलने का इंतजार कर ही नही पाया...

"हम्म..." अंकल जी की समझ में नही आया कि अचानक दागे हुए इस गोले का जवाब कैसे दे..," मैं पूछ कर बताता हूँ बेटा......" कहा और बाहर चला गया...

अंकल जी के जाते ही प्रतिक ने खींच कर धीरज के कान के नीचे बजा डाला..," तुझे ये भी नही पता की कौनसी बात कब करते हैं.. मेरी भी इन्सल्ट करवा दी.. मैं बात कर रहा था ना....."

"अच्छा.. साले.. मतलब निकलते ही अपने आपको प्यार का पीएच.डी. मानने लग गया.. कल तक तो फट रही थी तेरी.... देख लेना.. वो जवाब हां में ही देगी......!" धीरज बत्तीसी निकाल कर बोला....

कुछ देर में गीता के पिता जी वापस आ गये...," बेटा.. हम ग़रीब लोग हैं.. लेने देने को तो कुछ खास होगा नही.. सिर्फ़ मेरी बेटी के अलावा...!"

"कैसी बात कर रहे हो पापा.. मेरा तो इसीमें जीवन धन्य हो जाएगा.... दहेज के तो मैं एकदम... बिल्कुल... पूरा खिलाफ हूँ.." धीरज चहक कर बोला.....

"ठीक है बेटा.. गीता को कोई ऐतराज नही है.. मैं तुम्हारे घर आ जाता हूँ रिश्ता लेकर.... वो मान तो जाएँगे ना..." अंकल जी ने पूछा...

"आप चिंता मत करो पापा.. उनको तो मैं आपके आने से पहले ही मना कर रखूँगा... कहो तो मैं ही आ जाऊ.. उनको लेकर..." धीरज भी धीरज था....

# ४८

"तुम्हे गाड़ी चलानी आती है क्या?" तनवी ने धीरज से पूछा...

"हां.. आपके शहर में ही सीखी है.. संकेत भाई से.... क्यू?" धीरज ने पूछा...

"तो तुम क्यू नही चलाते...." तनवी ने उसको कहा...

"ठीक है.. मैं चला लेता हूँ... नो प्राब्लम..." धीरज ने प्रतिक के हाथ से चाबी छीन ली....

"तुम्हे इसका पता नही है.. चलते हुए भी पिछे देखता रहेगा बात करते हुए.. कहीं भी घुसा देगा..." प्रतिक ने तनवी की तरफ देख कर कहा....

"तू चुपचाप बैठ जा.. भाभी जी ने क्या कहा है.. सुना नही क्या?" धीरज ने कहा और खिड़की खोल कर धम्म से ड्राइविंग सीट पर जा बैठा... बेचारा प्रतिक साथ वाली सीट पर बैठ गया... निहारिका और तनवी के बैठते ही वो गीता और अंकल जी को बाइ करके निकल लिए.....

कुछ ही दूर गये होंगे.. अचानक प्रतिक को अपनी शर्ट खींचती हुई महसूस हुई... उसने पिछे देखा.. तनवी उसकी शर्ट को पिछे खींच रही थी....

"हम्म..." प्रतिक ने प्यार से उसकी और देखते हुए पूछा....

तनवी ने उसको आँखों ही आँखों में कुछ इशारा किया..

"सॉरी मैं समझा नही..." प्रतिक ने जवाब दिया.....

तनवी के होठ धीरे से हीले.. पर वो बात भी प्रतिक के कानों के उपर से गुजर गयी....

"पता नही क्या कह रही हो.... ज़ोर से बोलो ना....!" प्रतिक ने थोड़ा तेज बोला.....

तनवी अंदर की बात को लीक होते देख गुस्सा हो गयी....," चुपचाप पिछे आ जाओ.. निहारिका बैठ जाएगी आगे...!"

तनवी की बात सुन सबके चेहरे पर मुस्कान खिल गई. प्रतिक चुपचाप पीछे वाली सीट पर बैठ गया और निहारिका आगे बैठ गई.तनवी और प्रतिक का यह हंसो का जोड़ा एक दूसरे के हाथ थामे अपने भविष्य के सपने देखते हुए नींद के आगोश में चले गए. मानो दोनों का सदियों का इंतजार आज खत्म हो गया था. मानो प्यासी हंसिनी की प्रेम की तृष्णा शांत हो गई हो. निहारिका भी कब नींद के आगोश में चली गई उसका पता भी धीरज को नहीं चला.वो अपनी ही मस्ती में गाड़ी चला रहा है.आज उसे भी तो अपना प्यार मिला है.यह सुबह मानो इन सबके लिए एक नई जिंदगी लेकर आयी है. और सुबह का उगता सूरज मानो इन लोगों की इस नई जिंदगी में रोशनी भरने का काम कर रहा है.

******* समाप्त *******